सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 09 अप्रैल, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 95, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 1089 अंकों की उछाल

कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और सेंसेक्स 1089 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई के निफ्टी में 374 अंक की बढ़त रही। } 14

संविधान में बढ़ा लोगों का भरोसा : अमित शाह

जम्मू-कश्मीर में अब तक 11 संगठन अलगाववाद से किनारा कर चुके हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यह कदम संविधान में लोगों के भरोसे को दर्शाता है। } 16

भारत-दुबई के बीच मजबूत होंगे रिश्ते

शहजादे शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की विशेष यात्रा

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दुबई के शहजादे शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की भारत की विशेष यात्रा ने मजबूत द्विपक्षीय सहयोग का मार्ग प्रशस्त किया है।

मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रभावशाली नेता से मुलाकात के बाद यह बात कही। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी दुबई के शहजादे के साथ अलग से बैठक की और बाद में कहा कि भारत सह-उत्पादन और सह-विकास परियोजनाओं सहित रक्षा क्षेत्र में खाड़ी देश के साथ मिलकर काम करने का इच्छुक है। मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि दुबई ने भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अल मकतूम आज सुबह दो-दिवसीय ...शेष पृष्ठ 14 पर

देश में लागू हुआ वक्फ संशोधन कानून, सुप्रीम कोर्ट में 15 को सुनवाई

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में (08 अप्रैल) वक्फ संशोधन अधिनियम लागू हो गया है। केंद्र सरकार ने इसको लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। जिसमें बताया कि वक्फ संशोधित कानून 8 अप्रैल से देश में प्रभावी कर दिया गया है। वक्फ संधोशन विधेयक को पिछले हफ्ते संसद के दोनों सदनों और राष्ट्रपति से मंजूरी मिल गई थी। जिसके बाद आज से यह नया कानून प्रभावी होगा। यह अधिसूचना भारत के राजपत्र में प्रकाशित की गई है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, केंद्र सरकार ने संविधान प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधिनियम की धारा 1 की उपधारा (2) के तहत 8 अप्रैल 2025 को वह तारीख घोषित की है जिस दिन से वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के सभी प्रावधान प्रभावी हो जाएंगे।

राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद वक्फ संशोधन विधेयक कानून बन चुका है। हालांकि, संसद के दोनों सदनों से पारित होते ही इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे दी गई है। अभी तक कई याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं जिनमें इसे संविधान के खिलाफ और धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन बताते चुनौती दी गई है। कानून के खिलाफ कोर्ट में याचिकाकताओं ने दलील दी है कि संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 में सभी को धार्मिक स्वतंत्रता और धार्मिक मामलों के प्रबंधन की आजादी मिली हुई है, जबकि इस नये कानून में मुसलमानों की इस आजादी में हस्तक्षेप होता है और सरकारी दखलंदाजी बढ़ती है। याचिकाओं में वक्फ बोर्ड के सदस्यों में गैर मुस्लिमों को शामिल करने का भी विरोध किया गया है।

वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में 15 अप्रैल को सुनवाई संभावित है। केंद्र सरकार ने मंगलवार को शीर्ष अदालत में कैविएट दाखिल की है, ताकि बिना उसकी दलीलें सुने कोई आदेश पारित न किया जा सके। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, संसद से पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 मंगलवार यानी 8 अप्रैल से प्रभाव में आ गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 5 अप्रैल को विधेयक को अपनी मंजूरी दी थी।

नये कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 10 से ज्यादा याचिकाएं दाखिल की गई हैं। याचिकाकताओं में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड जमीयत उलमा-ए-हिंद, नेता असदुद्दीन ओवैसी, कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी व मोहम्मद जावेद, आप विधायक अमानतुल्लाह खान, सांसद मनोज झा और फैज अहमद जैसे नाम शामिल हैं। याचिका में कहा गया है कि यह अधिनियम न सिर्फ मुस्लिम अल्पसंख्यकों को उनके धार्मिक ट्रस्ट व संपत्तियों के प्रशासन से वंचित करता है, बल्कि यह संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 के तहत दिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

ब्रह्माकुमारीज की प्रमुख प्रशासक दादी रतनमोहिनी का निधन



जयपुर। राजस्थान के सिरोही जिले के आबूरोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रमुख तथा ब्रह्माकुमारीज संस्था की मुख्य प्रशासक राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी का निधन हो गया है। वह 101 वर्ष की थीं। संस्थान के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। संस्थान के प्रवक्ता ने बताया, ब्रह्माकुमारीज की प्रमुख 101 वर्षीय राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी नहीं रहीं। उन्होंने अहमदाबाद के एक अस्पताल में सोमवार देर रात अंतिम सांस ली। प्रवक्ता ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार 10 अप्रैल को सुबह किया जाएगा।

दारोगा समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित

प्रयागराज। जिले के गंगा नगर में बहरिया थाना अंतर्गत सिकंदरा में स्थित एक मजार के द्वार पर रविवार को धार्मिक झंडा लहराने के मामले में एक दरोगा और दो कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है। अपर पुलिस उपायुक्त (गंगानगर) पुष्कर्म वर्मा की जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस उपायुक्त (गंगा नगर) कुलदीप सिंह गुनावत ने बहरिया चौकी प्रभारी रवि कटियार, कांस्टेबल अंशु कुमार और कांस्टेबल सुनील कुमार यादव को निलंबित कर दिया है। डीसीपी (गंगा नगर) कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि रविवार को इस घटना के संबंध में तीन नामजद और कई अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मनेंद्र सिंह नाम का युवक, दो ...शेष पृष्ठ 14 पर

पीआरडी स्वयंसेवकों का ड्यूटी भत्ता 26 प्रतिशत बढ़ा

योगी कैबिनेट ने 13 प्रस्तावों को दी मंजूरी, उप्र अधीनस्थ सहकारी समितियां व पंचायत लेखा परीक्षा सेवा नियमावली पुनर्गठन प्रस्ताव मंजूर

विशेष संवाददाता

- दोपहिआ व चार पहिया वाहनों पर लगने वाला वन टाइम टैक्स बढ़ा
- सीतापुर आई हॉस्पिटल की सरप्लस जमीन पर 300 बेड के हॉस्पिटल का होगा निर्माण
- हाथरस में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए सशुल्क भूमि का होगा हस्तांतरण
- अयोध्या में होगी मानसिक मंदित छात्रों के लिए बचपन डे केयर सेन्टर की स्थापना
- यमुना एवं ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे की क्रॉसिंग अफजलपुर में इंटरचेंज का एनएचएआई करेगा निर्माण
- अब हर पीआरडी स्वयंसेवक को 395 रुपए की बजाय 500 रुपए मिलेगा भत्ता,
- सरकार पर पड़ेगा 75 करोड़, 87 लाख, 50 हजार का अतिरित व्यय भार

लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश में पीआरडी स्वयंसेवकों को सौगात देते हुए इनके ड्यूटी भत्ते में लगभग 26 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी है। अब इन्हें ड्यूटी भत्ते के तौर पर 500 रुपये दिए जाएंगे। इसका लाभ प्रदेश के 35 हजार पीआरडी जवानों को मिल सकेगा। इसके अलावा यूपी में नई बाइक या कार खरीदने की तैयारी कर रहे लोगों को महंगाई का झटका लगा है। योगी सरकार ने दोपहिआ और चार पहिया वाहनों पर लगने वाले वन टाइम टैक्स को बढ़ा दिया है। टैक्स बढ़ाने के परिवहन विभाग के प्रस्ताव को मंगलवार को योगी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी।

योगी सरकार ने मंगलवार को कुल 13 प्रस्तावों को मंजूरी दी है। मंत्री परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि पीआरडी जवानों का भत्ता 395 रुपये से बढ़ाकर अब इसे 500 रुपये कर दिया गया है। मौजूदा समय में प्रदेश में 34 हजार से अधिक पीआरडी जवान तैनात हैं और इस बढ़ी हुई राशि का लाभ इन सभी जवानों को मिल सकेगा। सरकार के इस कदम से प्रदेश के पीआरडी जवानों में खुशी लहर है। इसके अलावा एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले के तहत टैक्स बढ़ाने के परिवहन विभाग के प्रस्ताव को मंगलवार को योगी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। 10 लाख से कम कीमत वाली चार पहिया नॉन एसी गाड़ियों पर अभी तक 7 प्रतिशत टैक्स लगता था। अब 8 प्रतिशत लगेगा। इसी तरह 10 लाख से कम कीमत वाली एसी कार पर अब 8 प्रतिशत से बढ़कर 9 प्रतिशत टैक्स लगेगा। वहीं 10 लाख से ज्यादा कीमत वाली गाड़ियों पर अब 10 की बजाय 11 प्रतिशत टैक्स लगेगा। दोपहिया वाहनो में 40 हजार से कम कीमत वाले दो पहिया वाहन यह पर टैक्स पहले की तरह 7 प्रतिशत ही लगेगा। लेकिन 40 हजार रुपए से ज्यादा कीमत वाले वाहनों पर अब 8 प्रतिशत की जगह 9 फीसदी टैक्स लगेगा। सरकार को इलेक्ट्रिक वाहन पर कई रियायते देने के कारण 1000 करोड़ रुपए तक नुकसान हो रहा था। टैक्स बढ़ाने से 412 करोड़ रुपये की आमदनी होगी। वहीं टैक्सी (चार पहिया) वाहनों पर परिवहन टैक्स में कमी की गई है। मंत्री परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि बैठक में कुल 15 प्रस्ताव रखे गए, जिसमें 13 को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा बैठक में वत्ति विभाग का भी प्रस्ताव रखा गया जिसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सहकारी समितियां और पंचायत लेखा परीक्षा सेवा नियमावली 2025 पुनर्गठन के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई। अभी तक जो प्रमोशन के पद थे वो ज्यादा थे और नीचे के पद कम थे। अब इस पिरामिड को ठीक किया गया है। इसके अंतर्गत अब नीचे वाले पद ज्यादा किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत कुल 1307 पदों में से 150 पदों को उच्चीकृत करते हुए सहायक लेखा परीक्षाधिकारी के पूर्व सृजित 255 पदों में सम्मिलित कर सहायक लेखा परीक्षाधिकारी के कुल 405 पद एवं 1307 पदों में से 464 पद नम्मिीकृत करते हुए लेखा परीक्षक के रूप में सृजित 436 पदों में सम्मिलित कर लिया गया है। यानी नीचे के पद कुल 900 हो गए। पुनर्गठन की प्रक्रिया के तहत नीचे के पद ज्यादा होंगे और ऊपर धीरे.धीरे कम होते चले जाएंगे।

अन्य प्रस्तावों में अयोध्या जिले में सीतापुर आई हॉस्पिटल की सरप्लस जमीन पर 300 बेड के हॉस्पिटल का निर्माण होगा। अस्पताल का निर्माण 12798 वर्ग मीटर भूमि पर होगा वहीं यमुना एवं ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे की क्रॉसिंग अफजलपुर में इंटरचेंज का निर्माण एनएचएआई द्वारा किया जाएगा। हाथरस में जिला अस्पताल के साथ मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए भूमि आवंटित की गई है। आगरा-अलीगढ़ मार्ग पर 6.675 हेक्टेयर भूमि 1987 वाले रेट पर दी गई है। अयोध्या में 3 से 7 आयु वर्ग के श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित एवं मानसिक मंदित छात्रों के लिए बचपन डे केयर सेन्टर की स्थापना के लिए कैबिनेट ने मंजूरी दी है। मंत्रिमंडल ने भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली 2025 के प्रख्यापन का प्रस्ताव स्वीकृत किया है।

जयपुर सीरियल ब्लास्ट में चार लोगों को उम्रकैद

जयपुर। जयपुर की एक विशेष अदालत ने शहर में 2008 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों से संबंधित एक मामले में चार लोगों को मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने इन आरोपियों को शुक्रवार को दोषी ठहराया था और सजा मंगलवार को सुनाई। यह मामला जयपुर सिलसिलेवार धमाकों के दौरान एक बम की बरामदगी से संबंधित है।

विशेष अदालत ने चार अप्रैल को इस मामले में चार आरोपियों - सरवर आजमी, शाहबाज, सैफुर्रहमान और मोहम्मद सैफ - को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत दोषी करार दिया था। मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायालय के न्यायाधीश रमेश कुमार जोशी ने कहा कि अभियुक्तों ने शहर में बम लगाए थे। इस स्थिति में उनके प्रति किसी तरह की नरमी बरतना सही नहीं है। विशेष लोक अभियोजक सागर तिवाड़ी ने संवाददाताओं को बताया," मोटे तौर पर इस मामले में सभी दोषियों को अदालत ने आज आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 14 पर

कबीर वाणी है सामाजिक चेतना की पुकार

गोला के कबीरधाम आश्रम में हो रहे सत्संग में शामिल हुए संघ प्रमुख

जिला संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जनपद के गोला तहसील स्थित कबीरधाम मुस्तफाबाद आश्रम में आयोजित सत्संग में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने कहा कि कबीर की वाणी केवल भक्ति नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना की पुकार है। उनका चिंतन आज के समाज को दिशा देने की क्षमता रखता है। संघ भी इसी चेतना को लेकर समाज में समरसता, संतुलन और संस्कारों का संचार कर रहा है।

भाषाएं, समस्याएं, जीवन सब अलग हैं। मगर हम एक हैं। हमारी एक माता हैं। उनका नाम है भारत माता। उस भारत माता की आत्मा को आगे रखना ही सबका धर्म है। सभी महापुरुषों ने भारतीय संस्कृति की रक्षा की है। मुस्तफाबाद गांव के प्रतिष्ठित कबीरधाम आश्रम में हुआ यह आयोजन धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणास्पद रहा। उन्होंने आगे कहा कि हमारे पास आज भी परम्परा है। भौतिक सुख को पाने के बाद भी हमने सबकुछ खोया नहीं। चित्त शुद्ध रखने के बाद भगवान आपके पास जरूर आएंगे। समाज की व्यवस्था आज भी परिवार की वजह से चल रही है। हर परिवार कुछ न कुछ कर रहा है। बाहर व्यक्ति को ही ईकाई मानते हैं और हमारे यहां परिवार को ही इकाई माना जाता है। इसीलिए यह कर्तव्य है कि उस इकाई को आगे बढ़ाना। अगला दायित्व है अपने देश की भलाई के लिये कार्य करना। हमारे यहां देने वाले को माता कहते हैं। इसीलिए गौ, नदी आदि जो हमें कुछ न कुछ देती हैं उन्हें हम माता कहते हैं। कृतज्ञता की यही भावना हमें अपने देश के प्रति भी रखनी चाहिये ताकि हम भी इसके लिये कुछ ...शेष पृष्ठ 14 पर

जालंधर में भाजपा नेता के आवास पर विस्फोट

चंडीगढ़। पंजाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता मनोरंजन कालिया के जालंधर स्थित आवास पर सोमवार देर रात अज्ञात लोगों ने हथगोला फेंका, लेकिन घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने कहा कि यह घटना राज्य में सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की आईएसआई और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्यों की साजिश थी। पुलिस ने बताया कि कालिया के आवास पर फेंके गए हथगोले के विस्फोट में एल्युमीनियम की दीवार (पार्टिशन), कांच की खिड़कियां, उनकी एसयूवी और एक मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। यह घटना उस वक्त हुई जब कालिया घर में थे। पुलिस ने बाद में इस घटना के संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया और कहा कि यह पंजाब में सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की ...शेष पृष्ठ 14 पर

चारधाम यात्रा से पहले पूर्ण करें सभी व्यवस्था : धामी

सीसीटीवी से होगी निगरानी, संवेदनशील स्थानों पर लगेंगे कैमरे

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। सुरक्षित, सुगम और सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा के लिए यात्रा शुरू होने से एक सप्ताह पहले सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। यात्रा मार्गों पर पार्किंग की व्यवस्था ऐसे स्थानों पर की जाए जिनके निकट, होटल, धर्मशाला, होमस्टे और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों।

यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा की तैयारियों के दृष्टिगत यातायात प्रबंधन की बैठक को सम्बोधित करते हुए दिए। उन्होंने कहा कि धामों के दर्शन के लिए स्लॉट मैनेजमेंट सिस्टम और बेहतर बनाया जाए। यात्रा मार्गों में संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। अधिक ट्रैफिक वाले क्षेत्रों की रियल टाइम निगरानी की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि यात्रा प्रबंधन में पिछले साल जो समस्याएं आई थी उनकी पुनरावृत्ति न हो। जाम की स्थिति वाले स्थानों की रियल टाइम जानकारी सोशल मीडिया पर और अन्य माध्यमों साझा की जाए। पुलिस व प्रशासन के सोशल मीडिया हैंडल्स पर यातायात और मौसम की जानकारी नियमित अपडेट की जाए। यात्रा मार्गों पर पार्किंग स्थलों की जानकारी श्रद्धालुओं को गूगल मैप से मिल जाए, इसकी व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि रजिस्ट्रेशन करने के बाद ही उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा पर आयें, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गयी है। चारधाम यात्रा के लिए 60 प्रतिशत ऑन लाइन और 40 प्रतिशत ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गयी। सुव्यवस्थित यात्रा संचालन के लिए यात्रा मार्गों से जुड़े सभी हितधारकों ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	39.06 डिसे.
न्यूनतम	:	24.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महामंदी का इशारा (पृष्ठ-02)
- चित्रकूट में विकसित होंगी पर्यटक सुविधाएं (पृष्ठ-02)
- स्मार्टफोन निर्यात दो लाख करोड़ से अधिक (पृष्ठ-14)
- निवेशकों की संपत्ति 7.32 लाख करोड़ बढ़ी (पृष्ठ-14)
- रुपया 50 पैसे टूटकर 86.26 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)

विशेष खबर

2024 में वैश्विक स्तर पर पवन व सौर ऊर्जा से 15 प्रतिशत बिजली उत्पादन हुआ, जिसमें भारत की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत रही

सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन में भारत तीसरे स्थान पर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत 2024 में पवन और सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन के मामले में जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है। वैश्विक ऊर्जा थिंक टैंक एम्बर्स ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी रिव्यू की छठी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में वैश्विक स्तर पर पवन और सौर ऊर्जा से 15 प्रतिशत बिजली उत्पादन किया गया, जिसमें भारत की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत रही। वहीं, कम-कार्बन स्रोतों (नवीकरणीय और परमाणु ऊर्जा) से 40.9 प्रतिशत कुल वैश्विक बिजली का उत्पादन हुआ, जो 1940 के बाद पहली बार 40 प्रतिशत के पार गया है। भारत में स्वच्छ स्रोतों से 22 प्रतिशत बिजली उत्पन्न हुई जिसमें आठ प्रतिशत जलविद्युत और 10 प्रतिशत पवन-सौर ऊर्जा का योगदान रहा। वैश्विक स्तर पर 2024 में रिकॉर्ड 858 टेरावाट स्वच्छ ऊर्जा जोड़ी गई, जो 2022 की तुलना में 49 प्रतिशत अधिक है। भारत में वर्ष 2024 में कुल बिजली का सात प्रतिशत सौर स्रोतों से आया, जो 2021 की तुलना में दोगुना है। इसके साथ ही भारत, चीन और अमेरिका के बाद तीसरा सबसे बड़ा सौर बाजार बन गया है। एम्बर के प्रबंध निदेशक फिल मैकडॉनल्ड ने कहा, बैटरी स्टोरेज के साथ सौर ऊर्जा वैश्विक ऊर्जा बदलाव की धुरी बन गई है। रिपोर्ट में शामिल 88 देश 93 प्रतिशत वैश्विक बिजली मांग का प्रतिनिधित्व करते हैं। एम्बर के एशिया कार्यक्रम निदेशक आदित्य लोला ने कहा कि एशिया में स्वच्छ ऊर्जा तेज़ी से बढ़ रहा है और इससे क्षेत्रीय ऊर्जा सुरक्षा व आर्थिक लचीलापन मजबूत होगा। वरिष्ठ ऊर्जा विश्लेषक नेश्विन रोड्रिग्ज ने कहा कि भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन अब उसके सामने ...शेष पृष्ठ 14 पर

फतेहपुर में भाकियू नेता समेत तीन लोगों की हत्या

जिला संवाददाता

- रास्ता बाधित करने को लेकर दो पक्षों में हुआ था विवाद

फतेहपुर (उप्र)। फतेहपुर जिले में रास्ता बाधित करने को लेकर दो पक्षों में विवाद के बाद मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेता, उनके बेटे और भाई की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

प्रयागराज रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) प्रेम कुमार गौतम ने बताया कि मृतकों की पहचान भाकियू की जिला इकाई के उपाध्यक्ष पप्पू सिंह (50), उनके बेटे अभय सिंह (22) और छोटे भाई पिंकू सिंह (45) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि घटना हथगांव थाना क्षेत्र के अखरी गांव की है जहां पप्पू सिंह और गांव के पूर्व प्रधान सुरेश कुमार के बीच सड़क पर ट्रैक्टर खड़ा करने और मोटरसाइकिल को रास्ता नहीं देने को लेकर बहस हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि तभी सुरेश का बेटा और उनके सहयोगी वहां पहुंचे और गोलीबारी शुरू कर दी जिससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुरेश कुमार और पप्पू सिंह के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता भी थी। आईजी ने बताया कि वह स्थिति का जायजा लेने के लिए मौके पर जायेंगे।

युवाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण, तैयार होंगे 'रेडी टू वर्क' दस्ते

जेवर एयरपोर्ट और फिल्मसिटी बनेंगे रोजगार के नये स्रोत, रोजगार की संभावनाओं वाले क्षेत्रों के लिए प्रशिक्षित युवाओं की फौज तैयार कर रही योगी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य कौशल विकास मिशन ने प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोल दिए हैं। प्रदेश में उभरते क्षेत्रों जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया, मनोरंजन, और नागरिक उड्डयन में रोजगार की अपार

- **इलेक्ट्रॉनिक्स तथा मीडिया एवं मनोरंजन जैसे उभरते हुए सेक्टर्स में रोजगार के लिए युवाओं को मिल रहा प्रशिक्षण**
- **नई परियोजनाओं से रोजगार के उत्पन्न होने वाली संभावनों के लिए रेडी टू वर्क युवा पर योगी सरकार का जोर**
- **युवाओं को कौशल प्रशिक्षण से रोजगार और अर्थव्यवस्था को गति देने में जुटी योगी**

संभावनाओं को देखते हुए सरकार ने इन सेक्टर्स में विशेष कौशल प्रशिक्षण योजनाओं की शुरूआत की है। इसके साथ ही, जेवर एयरपोर्ट और फिल्मसिटी जैसे मेगा प्रोजेक्ट्स में रोजगार के अवसरों को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित सेक्टर स्किल काउंसिल्स के माध्यम से युवाओं के प्रशिक्षण की कार्यवाही पूरी भी कर ली गई है। सीएम योगी की यह दूरदर्शी कदम युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और राज्य की आर्थिक प्रगति को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

उभरते सेक्टर्स में युवाओं को मिल रहा विशेष प्रशिक्षण : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने युवाओं के लिए एक नई क्रांति की शुरूआत की है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स, मीडिया और मनोरंजन जैसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में युवाओं के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। इन क्षेत्रों में मांग के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान कर सरकार युवाओं को ह्यरेडी टू वर्कह्न बनाने की दिशा में काम कर रही है। इसके अलावा, नागरिक उड्डयन क्षेत्र में भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जो प्रदेश में एयरपोर्ट के विकास के साथ रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा।

जेवर एयरपोर्ट और फिल्मसिटी बनेगा रोजगार का नया केंद्र : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शिता से जेवर एयरपोर्ट और फिल्मसिटी प्रोजेक्ट्स राज्य के विकास का आधार बन रहे हैं। इन

परियोजनाओं के लिए सेक्टर स्किल काउंसिल्स ने संभावित रोजगार क्षेत्रों की पहचान कर ली है, और अब प्रशिक्षित युवा इनके क्रियान्वयन के लिए तैयार किए जा रहे हैं। जेवर एयरपोर्ट से एक लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है, जबकि फिल्मसिटी नोएडा में मनोरंजन उद्योग को बढ़ावा देगी, जिससे मीडिया और प्रोडक्शन से जुड़े युवाओं को फायदा होगा। जेवर एयरपोर्ट और फिल्मसिटी से जुड़े प्रशिक्षण से युवा तकनीकी और रचनात्मक क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाएंगे। यह कदम राज्य की जीडीपी में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा और ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में पलायन को कम करेगा।

युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मिल रहा रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण : उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत 14 से 35 वर्ष की आयु के युवाओं को मुफ्त और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। योगी सरकार का लक्ष्य हर युवा को उसके कौशल के आधार पर रोजगार देना है। मिशन के तहत 2800 से अधिक प्रशिक्षण केंद्रों में हर साल तीन लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो राज्य की विकास यात्रा को गति देगा। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, मिशन द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 से मार्च 2025 तक बीते आठ वर्षों में कुल 14,13,716 युवाओं को प्रतिशित किया गया है। साथ ही मिशन दुलारा 5,66,483 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। यही नहीं उत्तर प्रदे कौशल विकास मिशन द्वारा बीते आठ वर्षों में उत्पादन और सेवा क्षेत्र से जुड़े 24 प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों को फ्लैक्सी प्रशिक्षण प्रदाताओं को अनुबंधित किया गया है। इसके अलावा 8 प्लेसमेंट एजेंसीज को भी अनुबंधित किया गया है।

7 दिन में 781 धार्मिक स्थलों पर लगाये गये 11047 पौधे

लखनऊ। चैत्र नवरात्रि में वन, वन्यजीव व पर्यावरण विभाग की तरफ से 'शक्ति वाटिका-आस्था व हरियाली' का आगाज किया था। यह अभियान पहली से 7 अप्रैल तक चला। पहली अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली के अटल आवासीय विद्यालय, नवाबगंज तहसील में रुद्राक्ष का पौधरोपण कर इसका शुभारंभ किया था। इस अभियान के तहत 7 दिन में 781 धार्मिक स्थलों पर 11, 047 पौधे लगाए गए। वहीं सर्वाधिक पौधे गोरखपुर मंडल में लगवाए गए। यहां 44 धार्मिक स्थलों पर कुल 1159 पौधे लगाए गए। राजधानी लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज आदि में भी पौधरोपण किए गए।

वन विभाग के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (योजना व कृषि वानिकी) दीपक कुमार ने बताया कि चैत्र नवरात्रि पर अप्रैल के प्रथम सप्ताह (एक से सात

- **चैत्र नवरात्रि में वन विभाग ने 'शक्ति वाटिका-आस्था व हरियाली' का किया था आगाज**
- **पहली से 7 अप्रैल तक चला अभियान, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहली अप्रैल को बरेली में रुद्राक्ष का पौधा लगाकर किया था शुभारंभ**

अप्रैल) तक प्रदेश के समस्त जनपदों में यह अभियान चलाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर, आश्रम, विद्यालयों आदि में शक्ति वाटिका की स्थापना की गई। प्रदेश में पहली से 7 अप्रैल तक समस्त जनपदों में कुल 781 धार्मिक स्थलों पर कुल 11,047 पौधों का रोपण किया गया।शक्ति वाटिका आस्था एवं हरियाली स्थापना कार्यक्रम में महिलाओं, जनप्रतिनिधियों, मंदिर परिसर के व्यवस्थापक/ पुजारी, ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, भक्तों, गैर सरकारी संस्थाओं, नगर पंचायत आदि ने प्रतिभाग किया। कई जगह त्रि-शक्ति वृक्षारोपण (मां दुर्गा हेतु नीम, मां सरस्वती हेतु आम, मां पार्वती हेतु कदंब) भी किया गया। इसके अलावा औषधीय, धार्मिक एवं पारिस्थितिकीय महत्व की प्रजातियों (आम, नीम, गुड़हल, अनार, अशोक, पीपल, बरगद, कदम, तुलसी आदि) का भी रोपण किया गया। की विद्यालयों में विद्यार्थियों ने पौधों को गोद लेकर उनकी देखभाल का संकल्प लिया।

संक्षेप

साइबर ठगी को लेकर लोगों में आयी जागरूकता: सीएस

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि साइबर ठगी को लेकर लोगों में जागरूकता आई हैए लेकिन इसके बावजूद भी ऐसी घटनाएं देखने को मिल रही हैं। ऐसी स्थिति में आवश्यक है कि इससे बचाव के लिए हर स्तर पर लोगों को जागरूक किया जाये और आम नागरिकों को फाइनेंशियल लिटरेसी के बारे में बताया जाये। मुख्य सचिव मंगलवार को भारतीय रिजर्व बैंक की राज्य स्तरीय समन्वय समिति की 18वीं बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अनियमित जमा लेने वाली कंपनियों, डिफॉल्ट करने वाली कंपनियों, गैर-निगमित संस्थाओं की अवैध गतिविधियों पर सख्त एक्शन लिया जाए। बैठक में सचिव वित्त श्रीमती मिनिस्ती एस, क्षेत्रीय निदेशक कानपुर ईशान शुक्ला, भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक पंकज कुमार, बैंक ऑफ बड़ौदा के जनरल मैनेजर एवं कनवेनर एसएलबीसी यूपी समीरा रंजन पांडा, बैंक ऑफ बड़ौदा के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर लाल सिंह सहित प्रमुख बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

एग्रो टूरिज्म सेंटर के लिए 1.50 करोड़ मंजूर

लखनऊ। प्रदेश सरकार द्वारा आचार्य नरेन्द्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या के मुख्य परिसर में एग्रो टूरिज्म सेंटर को बढ़ावा देने के लिए धनराशि 1.50 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति जारी की गयी है। एग्रो टूरिज्म सेंटर निर्माण प्रदेश सरकार की एक उल्लेखनीय पहल है। कृषि पर्यटन एक प्रकार का वाणिज्यिक उद्यम है जो कृषि उत्पादन तथा उसके प्रसंस्करण को पर्यटन से जोड़ता है। जिससे आगंतुकों को खेत या अन्य कृषि व्यवसाय की ओर आकर्षित किया जा सके। इसका उद्देश्य आगंतुकों को स्थानीय कृषि उत्पादों के विषय में शिक्षित करना है, साथ ही खेती से किसानों के लिए आय उत्पन्न करना है।

अप्रैल के पहले सप्ताह में एक लाख मीट्रिक टन से अधिक हुई गेहूं खरीद

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अन्नदाता किसानों के हित में योगी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। सरकार के कार्यों का ही परिणाम है कि पहली बार अप्रैल के

- **मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से गांवों में जाकर किसानों से हुई खरीद**
- **3.56 लाख से अधिक किसानों ने करा लिया है पंजीकरण**
- **अब तक 20409 किसानों से की जा चुकी है गेहूं खरीद, 15 जून तक होगी खरीद**
- **2425 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य**

पहले सप्ताह में ही एक लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं खरीद हुई। इस वर्ष मोबाइल केंद्र के माध्यम से गांवों में जाकर किसानों से गेहूं खरीद सुनिश्चित की गई। अब तक 20409 किसानों से

फाइल फोटो

गेहूं खरीद हो चुकी है। वहीं कुल 3.56 लाख से अधिक किसानों ने गेहूं बिक्री के लिए पंजीकरण भी करा लिया है। गेहूं खरीद 15 जून तक चलेगी।

गेहूं की अच्छी खरीद हो, इसके लिए कटाई के पहले से ही गांव गांव जाकर किसानों से संपर्क साधा गया और उन्हें सरकारी क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए प्रेरित किया गया। पंजीकरण एवं सत्यापन की व्यवस्था में व्यापक सुधार भी किया गया। खाद्य व रसद विभाग पहली बार मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से किसान के खेत तक पहुंचा। एक तरफ कटाई चल रही है तो वहीं गेहूं मौके पर तौला जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अवकाश के दिनों में भी केन्द्र खुले हैं, जिससे गेहूं बेचना अन्नदाता किसानों के लिए काफी आसान हो गया है। योगी सरकार ने व्यवस्था की कि पंजीकृत किसान सत्यापन के बिना 100 कुंतल तक गेहूं बेच सकता है। सत्यापन के बाद कुल उत्पादकता के आधार पर अगेंस्ट उत्पादन क्षमता के तीन गुना तक गेहूं बेचने की सुविधा है, जिससे सत्यापन अथवा अभिलेखों में त्रुटि के कारण किसान को उत्पादित गेहूं बेचने में असुविधा न हो। मुख्यमंत्री के निर्देश पर क्रय केंद्रों पर बैठने, शुद्ध पेयजल आदि की भी समुचित व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान कर दिए जाएं। गेहूं की बिक्री के लिए पहली मार्च से पंजीकरण प्रारंभ हो चुका है। अब तक प्रदेश के 3.56 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। गेहूं की बिक्री के लिए किसानों को खाद्य व रसद विभाग के पोर्टल या विभाग के मोबाइल ऐप पर पंजीकरण-नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। विभाग ने किसानों से अनुरोध किया है कि गेहूं को ओसाकर, मिट्टी, कंकड़, धूल आदि को साफकर अच्छी तरह से सुखाकर ही क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए लेकर आएं। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद प्रतिदिन सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक हो रही है। योगी सरकार ने निर्देश दिया है कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। किसी भी विषम परिस्थितियों के लिए खाद्य व रसद विभाग ने टोल फ्री नंबर 18001800150 जारी किया है। समस्या के समाधान के लिए किसान जिला खाद्य विपणन अधिकारी या तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लॉक के विपणन अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। केंद्र सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए 2425 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है। पिछले वर्ष यह मूल्य 2275 रुपये प्रति कुंतल था। इस बार सरकार ने 150 रुपये प्रति कुंतल में वृद्धि की है। खाद्य विभाग समेत आठ क्रय एजेंसियों के द्वारा कुल 5780 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। खाद्य व रसद विभाग ने गेहूं के मूल्य भुगतान सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के माध्यम से सीधे किसानों के आधार लिंक खाते में 48 घंटे के अंदर करने की व्यवस्था बनाई है।

'जनमनरेगा एप' दिखायेगा गांवों के विकास कार्यों का स्वरूप

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने जनमनरेगा एप विकसित किया है। इस एप को डाउनलोड करने के बाद कोई भी मनरेगा की परिसंपतियों को देख सकेगा। हो रहे विकास कार्यों में फीडबैक भी दे सकेगा। इसके अलावा श्रमिक, रोजगार सेवक और मनरेगा कर्मचारी एप से मानदेय के भुगतान की

स्थिति को देख पाएंगे। इसे गुगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इसमें खास बात यह है कि कोई भी श्रमिक एप डाउनलोड कर मजदूर सेवाओं पर जाकर जाबकार्ड नंबर डालकर पंजीकरण करा सकेगा। उपस्थिति के अलावा श्रमिक ने महीने में कितने दिन काम किया, भुगतान की क्या स्थिति है। मनरेगा मेट के लिए भी यह एप बहुत ही महत्वपूर्ण है। जनहित में एप को जीपीएस (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) से लिंक कर दिया गया है। जीपीएस खोलकर मनरेगा की सभी परिसंपत्तियों की जानकारी ली जा सकेगी। कहां पर मनरेगा कार्य किया गया, कितने मजदूर लगे थे, कितना खर्च हुआ, इसकी पूरी डिटेल ली जा सकेगी। मनरेगा से होने वाले विकास कार्यों को लोग जान सकेंगे और अपना फीडबैक भी दे सकेंगे। गुणवत्ता पर सुझाव और शिकायतें भी दर्ज करा पाएंगे। यह एप हिंदी, अंग्रेजी सहित 12 भाषाओं में तैयार किया गया है। मनरेगा योजना में पारदर्शिता के लिए यह ऐप विकसित किया गया है।

शेयर बाजार में गिरावट, भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महामंदी का इशारा : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा है कि शेयर बाजार में एक दिन में ही लगभग 19 लाख करोड़ रुपये की गिरावट, भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महामंदी का एक इशारा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने महंगाई और भ्रष्टाचार ही नहीं अब तो शेयर मार्केट के महापतन से भी देशवासियों की जेबें खाली कर दी है। जनता भूले नहीं कि ये वही लोग हैं जिन्होंने सांविधानिक पदों पर रहते हुए शेयर में पैसा लगाने के लिए, अवैधानिक तरीके से आम जनता को बहकाया-फुसलाया था। शेयर की हर खरीद-फरोख्त से पैसा कमाने वाले हृदयहीन बिचौलियों के दिल में निवेशकों के लिए रत्ती भर भी हमदर्दी नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने पहले भी आगाह किया था आज फिर कर रहे हैं कि आम निवेशक खास तौर से मध्यम वर्गीय और युवा वर्ग दिखावटी लालच का शिकार न हों, धैर्य रखें और अपनी मेहनत की कमाई का ध्यान भी।

अखिलेश यादव ने कहा कि अगर शेयर मार्केट में आम लोगों के पैसे डूबते हैं तो बाजार भी डूबता है और इकॉनमी भी। आज जब युवा वर्ग शेयर बाजार में अपनी जमा-पूंजी लगा रहा है तो वह भी बाजार की इस अनिश्चितता का भरपूर शिकार हो रहा है। देश के पूंजी बाजार के भविष्य के लिए ये एक बेहद खतरनाक स्थिति है। शेयर बाजार से युवाओं को जब हानि होगी तो वो शेयर व अन्य इंवेस्टमेंट से भी कतराएँगे, जो शेयर मार्केट के फ़्यूचर के लिए पॉजिटिव सिग्नल नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि दूसरी तरफ वे लोग हैं जिनके पास नोटबंदी और मंदी की मार के बाद न तो पैसे हैं और न ही नौकरी-रोजगार। भुखमरी और बेकारी झेल रहे ऐसे बेरोजगार-बेबस लोग अपनी कमाई के लिए बाजार की गतिविधियों और गतिशीलता के सहारे ही दो वक्त की रोटी कमाते हैं इसीलिए शेयर बाजार के गिरने का बहुत बुरा दूरगामी असर उनके जीवनयापन पर भी होता है। कड़वा सच ये है कि अगर एक प्रतिशत महाधनी लोगों को छोड़ दिया जाए तो देश के बाकी 99 प्रतिशत आम लोग अप्रत्यक्ष-प्रत्यक्ष रूप में शेयर बाजार की तबाही से तबाह हो रहे हैं।

माताओं को मिला प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया है। प्रदेश में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को स्वावलंबी बनाने, उनके सम्मान की रक्षा करने और उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के माध्यम से प्रदेश की 60 लाख से अधिक माताओं को लाभ पहुंचाया गया है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है जिससे उनके पोषण और स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। पीएम स्वनिधि योजना से प्रदेश की दो लाख से अधिक महिलाओं को लाभ मिला है। इस योजना के तहत महिलाओं को लोन और प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

सपा महिला सभा ने दिल्ली सीएम के खिलाफ किया प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह के नेतृत्व में समाजवादी महिला सभा की महिलाओं ने मंगलवार को हजरतगंज लखनऊ स्थित गांधी प्रतिमा पर काली पट्टी बांधकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के खिलाफ प्रदर्शन किया। रेखा गुप्ता ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए अपशब्दों का प्रयोग

- **राजधानी के गांधी प्रतिमा पर काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन**

किया था। महिलायें रेखा गुप्ता से मर्यादाहीन शब्दों का प्रयोग करने के लिए माफी मांगने के लिए विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि रेखा गुप्ता शर्म करो। रेखा गुप्ता इस्तीफा दो। रेखा गुप्ता माफी मांगों की तख्तियां हाथ में लेकर अखिलेश यादव के अपमान के विरोध में आज महिलाओं का सैलाब सड़कों पर उमड़ आया।

जूही सिंह ने कहा कि भाजपा का दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक विरोधी अलोकतांत्रिक चेहरा आज सभी के सामने स्पष्ट है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आज देश के सर्वाधिक लोकप्रिय, जनप्रिय नेता हैं। विकास के अनेक कीर्तिमान उन्होंने अपने कार्यकाल में स्थापित किए हैं। उनका अपमान जनता नहीं सहेगी। जूही सिंह ने प्रदर्शन कर रही महिलाओं की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए कहा कि पुलिस का यह अलोकतांत्रिक रवैया है। यह घोर निंदनीय है।

प्रदर्शन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. नेहा यादव, किन्नर पायल सिंह, सुमैया राणा, काजमीन जहां, जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव, नगर अध्यक्ष मुन्नी पाल, वंदना चतुर्वेदी, राजबाला रावत, रिंकी सिंह, उषा सेन, सुभांगी द्विवेदी, शर्मिला महाराज, फारूख जहां, महनाज खान, ममता सिंह, वीणा रावत, विजय लक्ष्मी, निकहत सिद्दीकी, जाह्नवी सिंह यादव, पूजा यादव बुंदेलखंडी, रमा यादव, शीला यादव, ममता शर्मा, अंजू यादव, अर्चना रावत, कालिंदी भारद्वाज, मनीशा साहा, लता जैसवार, सलमा, मीना यादव, अफसर जहां, सब्बू, शीबा खान आदि सैकड़ों महिलाओं ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया। इस मौके पर मणेन्द्र मिश्रा मशाल, फकरुल हसन चांद, अमरजीत यादव, राहुल वीर सिंह, प्रांजल यादव, आमिर तस्लीम, विदुर श्रीवास्तव, हर्ष श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सक्रिय सदस्यों के साथ भाजपा के चुनावी संगठन विस्तार पर चर्चा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भाजपा स्थापना दिवस अभियान के तहत मंगलवार से प्रदेश में विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्य अभिनंदन सम्मेलनों का शुभारम्भ हुआ और 238 विधानसभाओं में

- **भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने वर्चुअली किया सम्बोधित**

अभिनंदन सम्मेलन सम्पन्न हुए। अभिनंदन सम्मेलनों में प्रदेश सरकार के मंत्री, पार्टी पदाधिकारी तथा भाजपा नेताओं ने वक्ता के रूप में पहुंचकर जनसंवाद किया। अभियान के अन्तर्गत मंगलवार को राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में वर्चुअल माध्यम से प्रदेश एवं क्षेत्र की अभियान टीम के साथ संवाद भी किया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री व अभियान के प्रदेश संयोजक संजय राय ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में वर्चुअल माध्यम से प्रदेश एवं क्षेत्र की अभियान टीम के साथ संवाद करते हुए कहा कि अभियान के माध्यम से पार्टी की विचारधारा तथा भाजपा सरकार के ऐतिहासिक निर्णयों व जनकल्याण की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम करना है। विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ सभी को जोड़ने का काम करना है।

उन्होंने बताया कि भाजपा स्थापना दिवस अभियान के अन्तर्गत प्रदेश की 238 विधानसभाओं में मंगलवार को पार्टी के सक्रिय सदस्यों के अभिनंदन

सम्मेलन संपन्न हुए। बुधवार को शेष विधानसभाओं में अभिनंदन सम्मेलन आयोजित किये जाएगें। सम्मेलनों में जहां एक ओर पार्टी के सक्रिय सदस्यों का अभिनंदन किया जा रहा है। वहीं भाजपा के चुनावी संगठन विस्तार पर सक्रिय सदस्यों के बीच चर्चा की जा रही है। इसके साथ ही भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन तथा प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के 11 वर्षों में विकसित भारत की यात्रा पर संवाद भी हो रहा है। संजय राय ने बताया कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ जिले की कैंट विधानसभा के सक्रिय सदस्य अभिनंदन सम्मेलन को सम्बोधित किया।

पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापति राम त्रिपाठी ने देवरिया जिले की रामपुर कारखाना विधानसभा में सक्रिय सदस्यों को सम्बोधित किया। प्रदेश सरकार के मंत्रियों में शाहजहांपुर नगर विधानसभा में सुरेश खन्ना, कानपुर देहात के रनिया अकबरपुर विधानसभा में प्रतिभा शुक्ला, बांदा जिले के तिंदवारी विधानसभा में रामकेश निषाद, देवरिया जिले की सलेमपुर विधानसभा में विजयलक्ष्मी गौतम, अमेठी जिले की तिलोई विधानसभा में मंयकेश्वर शरण सिंह, हरदोई सदर विधानसभा में नितिन अग्रवाल, बाराबंकी जिले की दरियाबाद विधानसभा में सतीश चन्द्र शर्मा, रायबरेली जिले की बछरावां विधानसभा में दिनेश प्रताप सिंह तथा रामपुर जिले की विलासपुर विधानसभा में बलदेव सिंह ओलख ने सक्रिय सदस्यों के अभिनंदन सम्मेलन को सम्बोधित किया। इसके साथ ही प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, आयोग-निगम-बोर्ड के अध्यक्ष/सदस्य, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि तथा पार्टी के पदाधिकारी व वरिष्ठ नेता सम्मेलनों में संवाद के लिए पहुंचे।

चित्रकूट में 50 करोड़ से विकसित होंगी पर्यटक सुविधाएं

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के वनवास के प्रमुख पड़ाव चित्रकूट में लगभग 50 करोड़ रुपए से पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। हाल ही में पर्यटन विभाग की तीन योजनाओं की स्वीकृति मिली है। इनमें राम वन गमन पथ के मुख्य पड़ाव पर टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर, हवाई अड्डा के समीप देवांगना घाटी के बॉर्डर पर पर्यटक सुविधा केंद्र और डॉर्मिटरी का निर्माण तथा कामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर विकास कार्य कराए जाएंगे।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि चित्रकूट शहरी क्षेत्र में राम वन गमन पथ के मुख्य पड़ाव स्थल पर टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर में इनडोर बैठक सहित रेस्टोरेंट, सत्संग हॉल, बहुउद्देश्यीय हॉल, मीटिंग रूम, कार्यालय कक्ष, शौचालय, डॉर्मिटरी (आवासीय कक्ष) सहित अन्य विकास कार्य किए जाएंगे। इसके लिए लगभग 11.93 करोड़ की धनराशि स्वीकृत हुई है, जिसमें 50 लाख रुपए

जारी किए जा चुके हैं। मंत्री ने बताया कि हवाई अड्डे के समीप देवांगना में लगभग 17.56 करोड़ रुपए से पर्यटक सुविधा केंद्र बनाए जाएंगे। इसमें 70 लाख रुपए जारी किए जा चुके हैं। परियोजना के तहत टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर में इनडोर सीटिंग युक्त रेस्टोरेंट, सत्संग हॉल, बहुउद्देशीय हॉल, रिटेल स्पेस, कार्यालय कक्ष, शौचालय और डॉर्मिटरीज आदि का निर्माण किया जाएगा। जयवीर सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं के सुविधार्थ कामदगिरी परिक्रमा मार्ग का सांस्कृतिक एवं अवस्थापना संबंधी पर्यटन विकास 20.45 करोड़ रुपए से कराया जाएगा। इसमें 75 लाख रुपए जारी किए जा चुके हैं। परियोजना के तहत फर्श की स्थापना, जल निकासी समाधान, संकेतक, साइन बोर्ड की स्थापना, दुकानों के मुखौटे की स्थापना, बाड़, फेंसिंग की स्थापना, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली की स्थापना की सहित अन्य कार्य कराए जाएंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि चित्रकूट एक अत्यंत पावन और ऐतिहासिक स्थल है, जिसका धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से अत्यधिक महत्व है।

हनुमान सेतु से समतामूलक चौराहे तक तीन महीने में तैयार होगा ग्रीन कॉरिडोर

हनुमान सेतु 2-लेन ब्रिज, निशातगंज ब्रिज पर 4-लेन, कुकरैल नदी पर 4-लेन ब्रिज व निशातगंज से कुकरैल बंधा चौड़ीकरण जून तक होगा पूरा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के दूसरे चरण के काम जल्द पूरे होंगे। इसके बाद हनुमान सेतु से समतामूलक चौराहे तक आवागमन आसान हो सकेगा। बिना किसी ट्रैफिक के वाहन सीधे फरार्टा भर सकेंगे। जिलाधिकारी विशाख जी ने ग्रीन कॉरिडोर व राष्ट्र प्रेरणा स्थल का मंगलवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समस्त कार्यों को मानकों के अनुरूप यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस मौके पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार व प्रभारी मुख्य अभियंता संजीव कुमार गुप्ता समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने सबसे पहले ग्रीन कॉरिडोर का निरीक्षण किया। इसमें पक्कापुल से डालीगंज तक 1.8 किलोमीटर की लंबाई में बनाये जा रहे आरओबी कम फ्लाई ओवर का कार्य देखा। उन्हें अवगत कराया गया कि 67 पियर में से 37 पियर तथा 343 पाइल में से 316 पाइल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। वहीं, 210 मीटर लंबे हनुमान सेतु 2-लेन ब्रिज का कार्य जून, 2025 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। इसी तरह निशातगंज ब्रिज पर 240 मीटर लंबे चार लेन का निर्माण कार्य भी जून, 2025 तक पूरा हो जाएगा। परियोजना के अंतर्गत हनुमान सेतु से निशातगंज तक बंधा चौड़ीकरण को लेकर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि स्थल पर अस्थाई निर्माण को हटाते हुए समयान्तर्गत कार्य पूर्ण कराया जाए। इसके बाद जिलाधिकारी ने कुकरैल नदी पर 240 मीटर लंबाई में निर्मित किये जा रहे चार लेन ब्रिज का काम देखा। अवगत कराया गया कि 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है, शेष कार्य जून, 2025 तक पूर्ण करा लिया जाएगा। साथ ही कुकरैल ब्रिज के मर्जिंग प्वाइंट पर रोटरी का भी निर्माण कराया जाएगा। इससे ट्रैफिक का आवागमन सुचारू रूप से हो सकेगा।

नींबू पार्क रोड से चरक चौराहे तक चौड़ी होगी सड़क

■ नींबू पार्क से चरक चौराहे तक चौड़ी होगी सड़क : जिलाधिकारी विशाख जी ने हेरिटेज जोन में यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से नींबू पार्क रोड से चरक चौराहे तक जाने वाले मार्ग का भी निरीक्षण किया। मार्ग के बायें तरफ हुसैनाबाद ट्रस्ट की रिक्त भूमि है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि उक्त रिक्त भूमि को लेते हुए सड़क चौड़ीकरण का कार्य कराया जाए। इसके लिए नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जल्द से जल्द अनापत्ति प्राप्त की जाए।

■ राष्ट्र प्रेरणा स्थल दिसंबर तक तैयार होगा : लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से बसंतकुंज योजना के सेक्टर-जे में 65 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित किये जा रहे राष्ट्र प्रेरणा स्थल का भी जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने अवगत कराया कि कैफेटेरिया, 5 ट्वायलेट ब्लॉक, 06 गेट, 3 हैलीपैड आदि विकास कार्य पूर्ण हो गये हैं। म्यूजियम ब्लॉक में क्लैडिंग का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण कराया जा चुका है तथा म्यूजियम क्यूरेशन के लिए निविदा आमंत्रित की गयी है। उक्त समस्त कार्य दिसम्बर, 2025 तक पूर्ण करा लिया जाएगा।

सुशांत गोल्फ सिटी में अवैध पॉम रेजीडेंसी के निर्माण तोड़े

दुबग्गा व ठाकुरगंज में 3 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को चार अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई की। प्राधिकरण लगातार अभियान चलाकर बिना स्वीकृत प्लाटिंग के निर्माणों को तोड़ रहा है। इसके बाद भी भू माफियाओं पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र में लगभग 60 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग कर विकसित की जा रही पॉम रेजीडेंसी को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि पंकज जायसवाल व अन्य की ओर से सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र के ग्राम-बक्कास में लगभग 60 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए पॉम रेजीडेंसी नाम से अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इस अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये थे। मंगलवार को सहायक अभियंता अनूप श्रीवास्तव के नेतृत्व में अवर अभियंता सुरेन्द्र द्विवेदी, विपिन बिहारी राय व विभोर श्रीवास्तव ने प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी। इस दौरान डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल, साइट ऑफिस आदि को ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-7 की टीम ने दुबग्गा व ठाकुरगंज क्षेत्र में कार्यवाही की। इस दौरान लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 03 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि महावीर, रघुनाथ व अन्य की ओर से दुबग्गा के ग्राम-कटौली में काकोरी रोड पर लगभग 03 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी।

गाड़ियों की अवैध पार्किंग पर हाईकोर्ट सख्त

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने हाईकोर्ट के गेट नंबर 7 की ओर आने वाली सड़क पर अवैध रूप से गाड़ियों की पार्किंग होने पर कड़ा रूख अपनाया है। कोर्ट ने नगर आयुक्त और डीएसपी ट्रैफिक को इस मामले में कार्यवाही का आदेश दिया है। वहीं जब कोर्ट के संज्ञान में यह लाया गया कि उसी रोड पर बार भी प्रस्तावित है तो कोर्ट ने दोनों अफसरों को इससे आने वाली समस्या पर भी ध्यान देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवायी 25 अप्रैल को नियत किया है। यह आदेश जस्टिस ए आर मसूदी व जस्टिस अजय कुमार श्रीवास्तव प्रथम की पीठ ने कुंवर धनंजय सिंह की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया है। याचिका में कहा गया है कि हाईकोर्ट के गेट नंबर 7 की ओर आने वाली रोड पर दिनभर अधिवक्ताओं व अगल बगल की मल्टी स्टोरीज बिल्डिगों में आने जाने वाले लोगों की गाड़ियां पार्क कर दी जाती हैं जिससे रास्ता बाधित हो जाता है और आने जाने में बड़ी समस्या होती है। इस पर पूर्व आदेश के अनुपालन में नगर आयुक्त व डीएसपी ट्रैफिक ने कोर्ट में पेश होकर उचित कार्यवाही का भरोसा दिया।

परिचालक ने बैग किया वापस, एमडी ने दी बधाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि एक यात्री का खोया हुआ बैग परिवहन निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों की मदद से उसे वापस दिलाया गया। उन्होंने बताया कि बैग में नगदी रखा था। उन्होंने परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर एवं उनकी टीम को बधाई दी। कहा कि यह एक बेहद सराहनीय कार्य है और इससे परिवहन निगम की छवि भी बेहतर होती है। एसएम आगरा तुलाराम वर्मा ने बताया कि कल रात 21:22 बजे मेरे फोन पर आशीष शर्मा यात्री का फोन आया। शर्मा ने बताया कि मेरा बैग अलीगढ़ डिपो की बस में हाथरस में छूट गया है जिसमें मेरा ढाई लाख रुपए भी रखा है। कृपया दिलाने की मदद करें। मैंने तुरंत सेवा प्रबंधक अलीगढ़ को बताया उन्होंने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अलीगढ़ से बात की और उनसे मैंने भी बात की उनके द्वारा बस के चालक परिचालक से बात की। बस आगरा आईएसबीटी बस स्टेशन आगरा पर पहुंच चुकी थी। यात्री को उनका बैग सुग्रीव कुमार संविदा चालक एवं विजय सिंह परिचालक द्वारा यात्री का बैग पूरी धनराशि सहित रात 23 बजे दे दिया गया।

एचएसजे में अक्षय तृतीया पर आकर्षक ऑफर्स

लखनऊ। प्रतिष्ठित आभूषण ब्रांड हरसहायमल श्यामलाल ज्वैलर्स (एचएसजे) ने अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर विशेष ऑफर के साथ अपने नए भाग्यश्री कलेक्शन की भी घोषणा की है। एचएसजे ज्वैलर्स के डायरेक्टर अंकुर आनंद ने कहा भाग्यश्री कलेक्शन वाले आभूषण का वजन 10 ग्राम से शुरू होता है। मेकिंग चार्ज पर 25% की छूट और हीरे के आभूषणों के कुल मूल्य पर विशेष छूट दी जा रही है। प्री-बुकिंग ऑफर भी शुरू किया गया है, जिसमें सिर्फ 20% एडवांस भुगतान करके बुकिंग कर सकते हैं और उन्हें बुकिंग या बिलिंग डेट में से किसी भी दिन की न्यूनतम दर पर प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही, यदि कोई ग्राहक 50,000 तक हीरे के आभूषणों की खरीद करता है या 10 ग्राम सोने के आभूषण खरीदता है, तो उसे एक फ्री गोल्ड कॉइन दिया जाएगा।

एसिड अटैक सर्वाइवर्स की हुई स्वास्थ्य जांच

लखनऊ। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सपनों की उडान फाउंडेशन ने सुएज फाउंडेशन इंडिया के सहयोग से एसिड अटैक सर्वाइवर्स की स्वास्थ्य जांच करवाई। यह आयोजन न केवल एक चिकित्सा शिविर था, बल्कि इन बहादुर महिलाओं के सम्मान और उनके बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास भी था। एसिड अटैक सर्वाइवर्स अक्सर शारीरिक और मानसिक रूप से कई तरह की जटिलताओं का सामना करती हैं। चेहरे और शरीर पर गहरे घावों के साथ-साथ उन्हें दीर्घकालिक उपचार की भी आवश्यकता होती है। नियमित स्वास्थ्य जांच न केवल उनकी सेहत को ट्रैक करने में मदद करती है, बल्कि उन्हें यह विश्वास भी दिलाती है कि वे अकेली नहीं हैं। समय-समय पर होने वाली मेडिकल जांचों से उनकी जीवनशैली में सुधार आता है और आगे के उपचार के लिए भी मार्गदर्शन मिलता है। फाउंडेशन की संस्थापक खुशी पांडेय ने कहा, सभी के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना बेहद आवश्यक है।

अब सदन से पहले शुरू हुई जंग, कार्यकारिणी के फैसले पर रार

- **सात माह से नहीं हुई सदन की बैठक, सपा पार्षद ने मेयर को लिखा पत्र**

लखनऊ। नगर निगम बजट की विशेष कार्यकारिणी की बैठक के बाद अब सदन को लेकर विवाद शुरू हो गया है। महापौर व पार्षदों के बीच चल रही रार अभी थमी नहीं हैं। हालांकि सदन की बैठक प्रस्तावित है मगर तीन बाद तारीख में बदलाव हो चुका है। अब पार्षदों की ओर से जनता की समस्याओं व विकास कायों के नाम पर सदन की बैठक बुलाने की मांग की जा रही है जिससे सभी 110 पार्षद एकजुट होकर सदन में अपनी आवाज बुलंद कर सकें। सपा पार्षद सैय्यद यावर हुसैन रेशू ने महापौर को पत्र लिखा है, उन्होंने कहा है कि 2 सितंबर 2024 से अब तक करीब 7 महीने बीत चुके हैं, लेकिन नगर निगम का सदन नहीं बुलाया गया है। हालांकि 9 अप्रैल को सदन होना था मगर अब 11 अप्रैल को प्रस्तावित तारीख बतायी जा रही है। साथ ही अगली तारीख भी संभावित बतायी जा रही है। पार्षद रेशू के अनुसार, जनता की समस्याओं का अंबार लग चुका है। वार्डों में सड़कों की हालत बदतर है, सीवर उफना रहे हैं, कूड़ा गलियों में पटा पड़ा है, और पीने का पानी नसीब नहीं हो रहा है। पत्र में रेशू ने कहा है जनता का काम ही नहीं होगा, तो सदन की तारीखें बढ़ाने का क्या औचित्य? उन्होंने महापौर से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द सदन बुलाया जाए, जिससे नगर की समस्याओं का निदान हो सके।

पार्षदों का कहना है कि विशेष कार्यकारिणी की बैठक में वार्ड विकास प्राथमिकता निधि(पार्षद कोटा) को 1.75 करोड़ जीएसटी छोड़कर किए जाने का फैसला लिया गया था। मगर बैठक के बाद महापौर सुषमा खर्कवाल की ओर से मीडिया को जानकारी दी गई कि उन्होंने व नगर आयुक्त ने अपनी निधि से 10-10 करोड़ रुपये कम कर दिए हैं।

अंसल टाउनशिप व गर्व बिल्डटेक के घर खरीदारों को देना होगा हाउस टैक्स

विशेष संवाददाता (vol)

- **टाउनशिप में बने फ्लैटों का हुआ 40 करोड़ रुपये कर निर्धारण**
- **हाइटेक टाउनशिप में टैक्स वसूली की नई पॉलिसी को मिली मंजूरी**

लखनऊ। राजधानी में विकसित हाइटेक टाउनशिप सुशांत गोल्फ सिटी, अंसल टाउनशिप, गर्व बिल्डटेक समेत अन्य हाईटेक व इंटीग्रेटेड टाउनशिप में बने फ्लैटों और पेंटहाउस में रहने वाले लाखों लोगों को हाउस टैक्स, वाटर व सीवर टैक्स देना होगा। इससे सम्बंधित नई पॉलिसी को मंजूरी के लिए प्रस्ताव बनाकर यूपी कैबिनेट को भेजा गया था जिसे पास कर दिया गया है। इस फैसले से लखनऊ नगर निगम को करीब 40 करोड़ रुपये का फायदा होगा।

वर्तमान में अंसल टाउनशिप के आवंटी केवल बिल्डर को मेंटेनेंस चार्ज दे रहे हैं। यह विवाद सामने आया था कि अगर निगम हाइटेक सिटी के निवासियों से टैक्स वसूलता है तो निवासियों पर रखरखाव शुल्क के अलावा यह दोहरी मार होगी। इस मामले में नई नीति बनाने के लिए शासन की उच्च स्तरीय समिति ने छह सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। विशेष सचिव शहरी एवं आवास विभाग को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया था।

इस कमेटी में नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव के अलावा गाजियाबाद और लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के अलावा दोनों महानगरों के नगर आयुक्त और निदेशक आवास बंधु शामिल थे। अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव ने बताया कि हाइटेक टाउनशिप से कर वसूली के लिए नई पॉलिसी को मंजूरी मिलने से नगर निगम का दायरा बढ़ेगा। अंसल में करीब 1500 फ्लैट्स हैं। इसके साथ ही बड़े पांच होटल और छोटे-बड़े 300 व्यापारिक प्रतिष्ठान हैं। नगर निगम के दायरे में आने के बाद अंसल टाउनशिप से 25 से 30 करोड़ प्रति वर्ष हाउस टैक्स मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि अंसल टाउनशिप में अभी 5 से 6 हजार परिवार रहते हैं। आने वाले दिनों में इनकी संख्या और तेजी के साथ बढ़ने वाली है। डीएम सर्कल रेट के हिसाब से इन सभी परिवार को हाउस टैक्स जमा करवाना पड़ेगा। अभी यहां पर बिल्डर की ओर से ग्रुप हाउसिंग के लिए 2 रुपये प्रति फीट लिया जाता है और भूखंड पर 10 रुपये प्रति गज के हिसाब से रखरखाव शुल्क वसूला जाता है।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अल्पकालिक निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी एवं जी.एस.टी. मे पंजीकृत आपूर्तिकताओं/कार्य हेतु अनुभवी ठेकेदारों से दो भागों में ई.निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के प्रथम भाग में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से जमा की गई निविदा मूल्य व धरोहर राशि के रसीद की छायाप्रति, वाणिज्यिक, तकनीकी, अनुभव आदि प्रपत्र (मात्र निविदा प्रपत्र पर ही) तथा द्वितीय-भाग में केवल मूल्य/दरें ई-पोर्टल etender.up.nic.in पर दिनांक 23.04.2025 समय 12.00 बजे तक अपलोड की जानी है। ई-निविदा का प्रथम भाग दिनांक 23.04.2025 समय 15.00 बजे अथवा उसके उपरान्त खोली जायेंगी। निविदाओं के प्रथम भाग में (1) धरोहर राशि जो EE,EUDD (Residency) के खाते में जमा आर.टी.जी.एस. का विवरण (2) जी.एस.टी. में पंजीयन की प्रति (3) अनुभव संबंधी प्रमाण पत्रों /अनुबन्धों /आदेशों की छायाप्रतियां (4) शाख की पृष्टि हेतु अन्य प्रपत्र की स्कैण्ड प्रतियां निविदा के प्रथम भाग मे अपलोड करनी होंगी जिनके मूल्यांकन/संबंधित बैंक से पुष्टि के बाद उपयुक्त पायी गई निविदाओं के ही भाग-दो खोले जायेगें। निविदा प्रपत्र मूल्य एवं, धरोहर राशि की धनराशि आर.टी.जी.एस./ एन.ई.एफ.टी. द्वारा अधिशासी अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-रेजीडेन्सी, लेसा, लखनऊ के बैंक खाता संख्या-1444100377, आई.एफ.सी. कोड संख्या. CBIN 0280139, Central Bank of India, Hazratganj Lucknow के पक्ष में जमा होनी चाहिये। बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या पे-इन-स्लिप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई-निविदा के प्रपत्रो के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। निविदा संबंधी समस्त जानकारी www.mvwnl.in पर भी अवलोकित की जा सकती है, परन्तु निविदा का प्रथम व द्वितीय-भाग www.etender.up.nic.in पर ही अपलोड किया जाएगा। निविदा के पुर्नप्रकाशन, अवधि विस्तारण, शुद्धिपत्र, संशोधन अथवा निरस्तीकरण की सूचना www.mvwnl.in एवं www.etender.up.nic.in पर ही प्रकाशित होगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बतायें किसी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने/संशोधन करने/विभिन्न फर्मों के मध्य विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है। 1. निविदा सं. 01/वि.न.वि.मं.(चौक) /2025-26 :- विद्युत नगरीय वितरण खण्ड रेजीडेन्सी के अधीन आने वाले लेसा भवन में समस्त कक्षों, शौचालयों एवं प्रागंण की साफ-सफाई के कार्य हेतु। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 1180.00/- एवं धरोहर धनराशि रू. 6000.00। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-चौक लखनऊ। ''राष्ट्रहित मे बिजली बचायें'' (पत्रांक : 1582, दिनांक : 08.04.2025)**

लविवि कुलपति ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने विभिन्न महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का लोकार्पण मंगलवार को किया। यह आयोजन विश्वविद्यालय की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाने एवं विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त शिक्षण वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

कुलपति ने सर्वप्रथम द्वितीय परिसर में नव-निर्मित बाउंड्री वाल का लोकार्पण किया। इसके बाद गंगा छात्रावास के निकट स्थित नवीन जलापूर्ति व्यवस्था के लिए स्थापित डीप बोर नलकूप का लोकार्पण किया, जो परिसर में स्वच्छ एवं सतत जलापूर्ति सुनिश्चित करेगा। साथ ही द्वितीय परिसर में ही स्वचालित सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइट्स का लोकार्पण किया, जो विश्वविद्यालय के हरित ऊर्जा के प्रति संकल्प को दर्शाता है। अगले चरण में अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में निर्मित अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रयोगशाला और एप्पल आईमैक प्रयोगशाला का उद्घाटन भी किया।

रेडियंस इंटरनेशनल में आईबी बोर्ड शुरू करने वाला पहला स्कूल

लखनऊ। रेडियन्स इंटरनेशनल स्कूल के तत्वावधान में मंगलवार को स्थानीय होटल में आईबी (इंटरनेशनल बैकलॉरिएट) पर एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर महेश बालकृष्णन, वरिष्ठ विकास और मान्यता प्रबंधक, दक्षिण एशिया और इंटरनेशनल बैकलॉरिएट (आईबी) शिक्षा विशेषज्ञ ने अतिथि वक्ता के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ायी और एक विशिष्ट सभा को आईबी कार्यक्रम से परिचित कराया। महेश बालकृष्णन ने इंटरनेशनल बैकलॉरिएट (आईबी) के बारे में बात की, जो एक वैश्विक बोर्ड है और छात्र केंद्रित शिक्षा प्रणाली पर आधारित है। यह एक ऐसा कार्यक्रम है जो वैश्विक रुझानों के साथ विकसित होता रहता है और छात्रों को रटने की आदत से दूर ले जाकर वैचारिक और प्रासंगिक शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करता है। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज ने भी आईबी दसवीं और बाहरवीं बोर्ड के लिए समकक्षता प्रदान की है। रेडिएंस इंटरनेशनल के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर एस. हलवासिया ने कहा कि आईएससी शोध के अनुसार, वर्तमान में 972 अंतर्राष्ट्रीय विद्यालयों के साथ भारत अंतर्राष्ट्रीय विद्यालयों का दूसरा सबसे बड़ा मेजबान है, जो चीन के 1124 विद्यालयों के बाद दूसरे स्थान पर है।

देश के विकास में शिक्षा की महती भूमिका : रजनी तिवारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के राजनीतिशास्त्र विभाग और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन समारोह मंगलवार को संपन्न हुआ। संगोष्ठी का विषय राज्य, समाज और राष्ट्र के बीच अंतसंबंधः भारतीय परिपेक्ष्य था, जिसमें देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए विद्वानों ने भाग लिया।

समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी उपस्थित रहीं। उनके साथ लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संजय गुप्ता और संगोष्ठी के संयोजक डॉ. जितेंद्र कुमार भी मंच पर मौजूद थे। मुख्य अतिथि रजनी तिवारी ने अपने संबोधन में देश के विकास में शिक्षा की महती भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना 'अंत्योदय से सर्वोदय' पर आधारित है, जिसका लक्ष्य समाज के हर वर्ग तक शिक्षा और विकास की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह नीति शिक्षा में भारतीय मूल्यों और संस्कृति को प्राथमिकता देती है, जो राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने संगोष्ठी की सफलता पर खुशी जताई और विशेष रूप से राजनीति विज्ञान विभाग के नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई दी।

एफपीओ बिजनेस मॉडल से किसानो को फायदा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। ग्रीटेक सॉल्यूशन सेक्टर की तेजी से बढ़ती कंपनी, एर्डे एग्रो इकोसिस्टम, ने उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए एक नई दिशा खोलने की पहल की है। कंपनी ने बैठक किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने एर्डे एग्रो इकोसिस्टम जैसी कंपनियों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ये संस्थाएं एफपीओ के माध्यम से गौ-आधारित खेती और उसकी उपज को सही दाम दिलाने के साथ-साथ प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उत्तर प्रदेश पिछड़ा आयोग के सदस्य सतेन्द्र बारी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अंधाधुंध रासायनिक दवाओं के इस्तेमाल से खेतों की उपजाऊ शक्ति घट रही है, जिससे छोटे और पिछड़े किसान सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। अनाज भंडारण के लिए गोदाम इस्तेमाल में सुधार के लिए एफपीसी के लिए स्थानीय गोदामों की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। किसानों के लिए वेयरहाउस रसीद फाइनेंस और उनकी होल्डिंग क्षमता और संभावित आय में वृद्धि की जाएगी। अप्रूवल लेटर में एर्डे एग्रो इकोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड की विशेषज्ञता के आधार पर प्रत्यक्ष बाजार संपर्क और किसानों व एफपीसी के लिए आपूर्ति श्रृंखला में राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीकृति प्रदान की गई है। यह भी उल्लेख किया गया है कि संगठन ने आत्मा और स्मार्ट स्कीम, अमूल फेडरेशन की दूधसागर डेयरी, ग्रिफिथ फूड बायर टेरोवा और किसान संघ महास्वराज्य जैसी विभिन्न एजेंसियों के साथ सफलतापूर्वक साझेदारी की है। राज्यों से यह अपेक्षा की गई है कि वे अपने स्तर की गाइडलाइन के अनुसार एफपीओ और किसानों के लाभ के लिए एर्डे एग्रो इकोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के इस मॉडल को लागू करें।

किसानो के पूर्व भारतीय बीज सहकारी समिति, भारत सरकार के एमडी डॉ. बीके तोमर ने कहा कि एर्डे एग्रो इकोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के माध्यम से किसान सीधे उपभोक्ता से जुड़कर अपनी उपज का उचित दाम प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह कंपनी किसानों को बेहतर सेवाएं प्रदान करेगी और एफपीओ इससे जुड़कर किसानों के लिए मार्गदर्शक बनकर अच्छी सेवाएं दे सकते हैं और अपनी एक अलग पहचान बना सकते हैं। इंडिया टुडे किसान तक के सलाहकार जेपी सिंह ने किसानों की उभरती समस्याओं और आय बढ़ाने में एर्डे एग्रो इकोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड और एफपीओ की भूमिका पर अपने अनुभव साझा किए।

गेहूं क्रय केंद्रों का हुआ निरीक्षण

लखनऊ। मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मंगलवार को गेहूं क्रय केंद्रों का किया औचक निरीक्षण। उन्होंने राजकीय गेहूं क्रय केंद्र बंथरा (मोहनलालगंज) व कृषक सेवा केंद्र मऊ (मोहनलालगंज) का निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने गेहू क्रय केंद्र का निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों का गेहूं क्रय का भुगतान बिना किसी विलम्ब के ससमय कराया जाये। उन्होंने कहा कि गेहूं क्रय के उपरान्त 48 घण्टे में किसानों का भुकतान सभी संबंधित संस्थाएं करना सुनिश्चित करे। छोटे और मध्यम वर्गी किसानों से प्राथमिकता के आधार पर गेहूं क्रय किया जाये। सभी गेहू क्रय केन्द्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संचालन किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि सम्बन्धित अधिकारी प्रत्येक सप्ताह गेहूं क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करते रहे और प्रतिदिन क्रय सेन्टरों का फीडबैक लेते रहे। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न होने पाये।

100 केवीए से अधिक का ट्रांसफार्मर फूंकने पर जिम्मेदारी तय

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन ने ट्रांसफार्मर फूंकने की जिम्मेदारी तय कर दिया है। निर्देश में लिखा है कि 100 केवीए से लेकर 250 केवीए का ट्रांसफार्मर फूंकने पर मुख्यरुप से अवर अभियंता जिम्मेदार होगा। वहीं समय पर देखरेख नही करने वाले उपखण्ड अधिकारी को उत्तरदायित्व का जिम्मा दिया गया है जबकी प्रशासनिक उत्तरदायित्व अधिशासी अभियंता का होगा।

उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन के चेयरमैन आषीश गोयल ने ट्रांसफार्मर फूंकने पर विभाग के अवर अभियंता, उपखण्ड अधिकारी, अधिशासी अभियंता और अधीक्षण अभियंता की जिम्मेदारी तय कर दिया है। 400 केवीए से लेकर 1000 केवीए तक का ट्रांसफार्मर फूंकने पर मुख्यरुप से उपखण्ड अधिकारी और पर्यवेक्षणीय उत्तरदायित्व अधिशासी अभियंता जबकी प्रशासनिक उत्तरदायित्व अधीक्षण अभियंता का होगा। चेयरमैन ने निर्देश दिया है कि विभाग के तरफ से सभी बिजली अधिकारियों को समाग्री दिया जा चुका है और गर्मी का मौसम आने में अभी समय है इसलिए अभी से गर्मी की तैयारी कर लिया जाना चाहिए। गर्मी के मौसम में जहां भी बिजली फाल्ट सुनने में आयेगा उस अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई और विभागीय कार्रवाई भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिस डिवीजन में 60 प्रतिशत से ज्यादा ट्रांसफार्मर फूंकने की शिकायत आ रही है वहां पर तत्काल ट्रांसफर्मर की क्षमता बढ़ाया जाय। उन्होंने कहा कि लाईनो पर पेड़ की टहनियां लटक रही है तो उसे हटाया जाय, जहां पर बिजली खंम्भा टेड़ा है वहां पर तत्काल सीधा किया जाना चाहिए, सड़क के बीच में ऊपर से लाईन के तार गये है तो उसे सही कराया जाना चाहिए। सड़क के ऊपर से तार गया है तो उसमें गार्ड लगाया जाना चाहिए।

पत्नी से विवाद कर रहा पति गिरफ्तार

लखनऊ। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों का शांति भंग में चालान किया। पहला मामला विंध्यवासिनी मंदिर के पास का है। यहां विजय नगर सेक्टर बी निलमथा निवासी अमित कुमार सिंह अपनी पत्नी से विवाद कर रहा था। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक अंकुर कुमार ने उसे समझाने की कोशिश की।

नीलामी हेतु निविदा

अपर मुख्य सचिव उ.प्र. शासन के शासनादेश संख्या 1503/68-5-2023-178-2021 दिनांक-04 अगस्त 2023 एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जर्जर प्रा. वि. केवलहार विकासखण्ड मलिहाबाद के ध्वस्तीकरण हेतु अनुमति प्रदान की गयी है। जिसके क्रम में दिनांक-15.04.2025 तक सायं 05.00 बजे तक डाक अथवा स्वयं के माध्यम से बन्द लिफाफे में कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी/ब्लॉक संसाधन केंद्र चौधराना मलिहाबाद पर प्राप्त किये जायेंगे। दिनांक-16.04.2025 की नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न की जायेगी। आवेदन एवं नियम शर्ते कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी/ब्लॉक संसाधन केंद्र चौधराना मलिहाबाद से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है ।

(पदम शेखर मौर्य)
खण्ड शिक्षा अधिकारी
मलिहाबाद, लखनऊ

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

गर्भवती महिला की हत्या शव छोड़कर भागा परिवार



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कमिश्नरेट के तालकटोरा में गर्भवती की हत्या कर दी गई। ससुराल वालों ने उसे पीट-पीटकर मार डाला। उसके मुंह-नाक से झाग और खून निकल रहा था। ससुराल वालों ने मायके वालों को फोन लगाकर अस्पताल बुलाया फिर उनके पहुंचने से पहले शव छोड़कर भाग गए। घटना सोमवार रात की है।

मृतका के मायके वालों ने बताया है कि दहेज के लिए रोज विवाद होता था। सोमवार को समझौता कराया गया था। उसके बावजूद उसे मार डाला गया। मृतका की बहन की शिकायत पर दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच एसीपी बाजारखाला कर रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

तालकटोरा के सज्जादिया कॉलोनी निवासी असद नकवी की पत्नी खुशनुमा (25) की सोमवार रात संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजन ऐरा अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। खुशनुमा के मायकेवाले अस्पताल पहुंचे। उन्हें देखकर पति असद नकवी परिजनों के साथ शव को छोड़कर भाग गया। मृतका के शरीर पर चोट के निशान मिले। नाक और मुंह से झाग निकल रहा था। इस पर मायके वालों ने पीट-पीट कर हत्या का आरोप लगाया।

दहेज के लिए करते थे परेशान: खुशनुमा की बहन इलमा हुसैन ने कहा कि फरवरी 2023 में खुशनुमा का निकाह हुआ था। निकाह के कुछ ही दिन बाद बहनोई असद नकवी और उसके परिजन दहेज के लिए ताना मारने लगे। कई बार मारपीट भी कि जिससे बहन के सिर में गंभीर चोट आई। बहन ने कहा कि खुशनुमा पर उसके ससुरालवाले बच्चे पैदा करने का भी दबाव बनाते थे। लोकलाज के चलते घर वाले चुप रहे। लगातार मारपीट और विवाद का समझौता कराने के लिए सभी लोग सोमवार को खुशनुमा के घर पहुंचे। हम लोगों के घर से लौटते ही खुशनुमा को ससुरालवालों ने बुरी तरह से पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतका की बहन का आरोप है कि समझौते के बाद घर लौटकर खुशनुमा को फोन किया। उसका मोबाइल बंद जाने पर बहनोई को फोन किया। तब उन्होंने कहा कि खुशनुमा ने खुद को कमरे में बंद कर लिया है। बेहोश पड़ी है। हम लोग ऐरा अस्पताल ले जा रहे हैं। जब हम लोग अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि खुशनुमा को मृत अवस्था में लाया गया था। बहन डेढ़ माह की गर्भवती थी। इंस्पेक्टर तालकटोरा ने बताया कि मृतका की बहन इलमा हुसैन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीएम रिपोर्ट और साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शादी के डेढ़ महीने बाद विवाहिता की मौत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नव विवाहिता की हत्या कर दी गई। उसकी डेढ़ महीने पहले ही शादी हुई थी। मृतका के पिता ने कहा है कि ससुराल वाले दहेज के लिए परेशान करते थे। उन लोगों ने ही उसे तब तक मारा जब तक कि वह मर नहीं गई। उसके गले और शरीर पर चोट के बड़े निशान मिले हैं।

मृतका की पहचान उपासना सिंह (27) के रूप में हुई है। पिता कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि बेटी की शादी बीते फरवरी में सैरपुर थाना क्षेत्र के दुग्गौर गांव निवासी अभय सिंह के साथ की थी। सोमवार शाम को ससुराल वालों ने फोन किया कि उनकी बेटी की तबीयत खराब है। पिता कृष्ण कुमार सिंह को सोमवार शाम 5:30 बजे बेटी के ससुरालवालों ने फोन किया। बताया उनकी बेटी की तबीयत खराब है। इस पर वह हरदोई के अतरौली थाना क्षेत्र स्थित अपने गांव से निकल पड़े। देर शाम बेटी के गांव पहुंचे। यहां पता चला कि उनकी बेटी का शव बीकेटी क्षेत्र स्थित रामसागर मिश्र सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय के शव गृह में रखा है।

गले और शरीर पर चोट के निशान मिले: मृतका उपासना के गले पर फंदे का निशान था। पिता ने बताया कि ससुराल वालों ने बेटी को इतना मारा कि उसकी मौत हो गई। बाद में आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे से लटका दिया। उसके शरीर पर चोट के निशान हैं। सैरपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पति अभय सिंह, जेठ आशीष सिंह उर्फ अंशू सिंह, ससुर रामकरन सिंह, जेठानी सोनम सिंह और ममिया ससुर को नामजद किया है। घटना के बाद से ये लोग घर से फरार हैं।

उपासना की शादी 18 फरवरी को हुई थी। 4 अप्रैल को वह अपने जेठ के साथ मायके आई थी। उसने परिवार को दहेज प्रताड़ना की जानकारी दी थी। सोमवार दोपहर 12:30 बजे पिता उससे मिलने ससुराल गए थे। उसके बाद लौट आए। शाम को सूचना मिली कि उनकी बेटी की तबीयत खराब है। सोमवार 3:30 बजे उपासना ने अपनी बहन सोनी को फोन कर ससुराल में परेशान किए जाने की बात बताई थी। 5:30 बजे उसकी तबीयत खराब होने की सूचना मायके वालों को मिली। वे लोग उसकी ससुराल पहुंचे तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। थानाध्यक्ष मनोज कुमार कोरी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना के बाद से मृतका के ससुराल वाले फरार हैं। उनकी तलाश में टीमें लगाई गई हैं। फिलहाल मामले की जांच जारी है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद केस में धाराएं बढ़ाई जाएंगी।

कबाड़ गोदाम में लगी भीषण आग, आधा दर्जन गाड़ियों ने पाया काबू

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बिजनौर क्षेत्र में एसडीआरएफ केंद्र के पास स्थित एक कबाड़ गोदाम में सोमवार देर रात आग लग गई। गोदाम के मालिक वाहिद अली हैं। आग इतनी भयंकर थी कि सरोजनी नगर फायर स्टेशन की दमकल गाड़ियां काफी देर तक काबू नहीं पा सकीं। बाद में आलमबाग, हजरतगंज और पीजीआई फायर स्टेशनों से भी दमकल गाड़ियां बुलानी पड़ीं।

फायर स्टेशन अधिकारी सुमित प्रताप सिंह ने बताया कि गोदाम के बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर पर बड़ी मात्रा में प्लास्टिक और कबाड़ रखा था। गोदाम के पीछे लगभग पांच मजदूर अपने परिवारों के साथ झुग्गी-झोपड़ियों में रहते हैं। रात करीब 2 बजे अचानक गोदाम से धुआं और आग की लपटें उठीं। आग की चपेट में झोपड़ियां भी आ गईं, जिससे वहां रह रहे 40-50 लोगों को भागकर अपनी जान बचानी पड़ी। मजदूरों ने तुरंत फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। छह दमकल गाड़ियों की मदद से पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन गोदाम मालिक को भारी नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। फायर अधिकारी के अनुसार, अगर समय पर दमकल गाड़ियां नहीं पहुंचती तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। दमकल टीम ने सभी मजदूरों और उनके परिवारों को सुरक्षित बचा लिया।

आर्मी में तैनात जवान ने जान से मारने की दी धमकी ,मुकदमा दर्ज

लखनऊ । थाना बिजनौर इलाके में एक आर्मी में तैनात जवान बिना किसी वजह के ही गाली गलौज करते हुए मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी ।इससे परेशान होकर पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर जवान के खिलाफ मारने पीटने और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। थाना बिजनौर के न्यू गुदौरा निवासी अजय कुमार राय पुत्र स्वर्गीय बद्री नारायण ने पुलिस को बताया कि 6 अप्रैल 25 को शाम करीब 5,55 बजे अपने पालतू कुत्ते के साथ घर पर बैठा था ।तभी मेरे घर से कुछ दूर रहने वाले आर्मी में तैनात जवान अजय प्रताप सिंह जो को आर्मी में तैनात है। अचानक मेरे पास आए और कहा कि आप क्या चाहते है और गाली गलौज करने लगे ।जब तक मैं कुछ समझ पाता तब तक ही जान लेवा हमला कर दिया ।हमे जमीन पर पटकने की कोशिश की लेकिन पास में लगी एक पाइप को पकड़ लिया ।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम संजीव कुमार अग्रवाल पुत्र श्री अशोक कुमार अग्रवाल था अब मैंने अपना नाम बदलकर संजीव अग्रवाल पुत्र श्री अशोक कुमार अग्रवाल कर लिया है। भविष्य में मुझे संजीव अग्रवाल के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। संजीव अग्रवाल। **निवासी 139/3 अग्रसेन बिहार विजयलक्ष्मी नगर सीतापुर**

सूचना

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र अनुक्रमांक नं. 3181991 वर्ष 2023 व प्रमाण पत्र कहीं खो गया है। **सोनू चौहान पुत्र श्री रामानन्द नि.- बिझला, भिटौली, बाराबंकी।**

सूचना

प्रार्थी के ओरिजिनल डॉक्यूमेंट निशातगंज चौराहे के पास खो गये है जिसमे हमारा parsvnath की पेमेंट रिसीप्ट खो गई है। Receipt no LK200204 Amt. 165000 कृपया करके अगर मिले तो बताने का कष्ट करें। deep sikha singh.

न्यायालय सूचना

न्यायालय श्रीमान जिला कलेक्टर/ जिलाधिकारी महोदय लखनऊ।
वाद संख्या- डी-202310460004885
अं. धारा - 128 राजस्व संहिता 2006
नियत तिथि -09/04/2025

सकटू पुत्र स्व. मोती निवासी-मुड़ियारा पोस्ट खर्सरा, तहसील मलिहाबाद, जनपद लखनऊ। ....**वादी**

बनाम

1. चंद्रपाल पुत्र मोहकम निवासी-ग्राम महिमाखेड़ा मजरा मुड़ियारा पोस्ट खर्सरा, तहसील मलिहाबाद, जनपद लखनऊ।
2. अध्यक्ष, प्रबंध समिति ग्राम मुड़ियारा पोस्ट खर्सरा, तहसील मलिहाबाद, जनपद लखनऊ।
3. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जिलाधिकारी लखनऊ महोदय लखनऊ

............**प्रतिवादीगण**

उपरोक्त वर्णित वाद अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में विचाराधीन है। वाद में संलग्न सम्मन में अंकित पक्षकार न्यायालय में सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं हो रहे हैं।

अपर कलेक्टर (प्रशासन) लखनऊ

सूचना

मैं चरन सिंह पुत्र स्वर्गीय राम सिंह उम्र करीब 65 साल निवासी नाले की पुलिया के पास लज्जा राम की चक्की वाली गली हिमायूपुर थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद मैं शपथ पत्र लिखकर बयान करता हूं कि मेरा लड़का रिंकू राठौर व पुत्र बधू रिंकी राठौर मेरे कहने सुनने से बाहर हैं व बुरी संगत का शिकार है इसलिए मैं दोनों को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं, उनके किसी भी प्रकार के लेनदेन व उनके द्वारा किए गए कृत्य के लिए मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

सिपाही ने सर्विस पिस्टल से खुद को मारी गोली

- घरेलू कलह से आहत होकर मौत को लगाया गले
- गोमतीनगर विस्तार थाना क्षेत्र का मामला

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोमतीनगर विस्तार जनेश्वर मिश्र पार्क गेट नम्बर छह के पास मंगलवार दोपहर सिपाही ने सर्विस पिस्टल से खुद को गोली मार ली। खून से लथपथ सिपाही काफी देर तक सड़क पर पड़ा रहा। राहगीरों ने सिपाही के घायल होने की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद गोमतीनगर विस्तार इंस्पेक्टर टीम के साथ पहुंचे। नेमप्लेट से सिपाही की पहचान करते हुए परिवार को सूचना दी। पुलिस को मौके से सर्विस पिस्टल और एक खोखा मिला है।

गोरखपुर सहजनवा निवासी दिनेश कुमार गिरी (36) रहीमनगर में पत्नी अनीता, बेटे अंबेश (12) और अमय (6) के साथ रहता था। मौजूदा तैनात रिजर्व पुलिस लाइन में थी। जहां से ड्यूटी के लिए मंगलवार को आईपीएस आकाश कुलहरि के बटलर पैलेस कॉलोनी स्थित आवास पर जा रहा था। करीब 10 बजे दिनेश बाइक लेकर घर से निकला था। दोपहर करीब 11.40 बजे सिपाही बाइक से जनेश्वर मिश्र पार्क गेट नम्बर छह के पास पहुंचा। इस बीच सिपाही के मोबाइल पर कॉल आई। वीडियो कॉल पर पत्नी से बात हुई। कुछ देर बाद सिपाही तेज आवाज में बात करने लगा। झगड़े के बाद सिपाही ने मोबाइल सड़क पर फेंकने के बाद सर्विस पिस्टल से खुद को गोली मार ली।

पत्नी से झगड़े के बाद खुद को गोली से उड़ाया: दोपहर करीब 1.17 बजे पुलिस को राहगीरों से गेट नम्बर छह से कुछ दूर सड़क पर सिपाही के घायल पड़ा होने की सूचना मिली। इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी ने बताया कि वर्दी पर लगे बैज के जरिए सिपाही की पहचान दिनेश कुमार गिरी के तौर पर हुई। मौके से 9 एमएम का खोखा मिला। पास में ही सर्विस पिस्टल पड़ी थी। जो लोड थी। सिपाही दिनेश को इलाज के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेजा गया था। जहां डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी। सिपाही के गोली मार कर खुदकुशी करने के बाद पुलिस ने छानबीन करना शुरू किया। सीसी फुटेज चेक करने पर सिपाही बाइक से अकेले आता हुआ दिखाई पड़ा। इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी ने बताया कि दिनेश ने सड़क किनारे बाइक खड़ी करने के बाद कॉल रिसीव की थी। फुटेज में सिपाही वीडियो कॉल करते हुए नजर आ रहा है। कॉल डिटेल चेक करने पर आखिरी नम्बर पत्नी अनीता का निकला। जिन्हें सूचना देकर राम मनोहर लोहिया अस्पताल बुलाया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक नवीन अरोड़ा स्कॉच अवार्ड से सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश के पुलिस मुखिया प्रशान्त कुमार ने मंगलवार को नवीन अरोरा अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें द्वारा प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड का सर्टिफिकेट भेंट किया गया।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पुलिस की तकनीकी सेवाएँ इकाई द्वारा 'इन्वेस्टिगेशन, प्रॉसिक्यूशन एंड कन्विक्शन पोर्टल माफिया पासको, 0 बलात्कार एवं अन्य गंभीर और संवेदनशील अपराधों की पहचान कर मामलों की समयबद्ध विवेचना और चार्जशीट दाखिल करने की प्रक्रिया की लगातार निगरानी करता है। साथ ही, यह मुकदमों के कोर्ट में ट्रायल की प्रभावी मॉनिटरिंग के जरिए त्वरित न्याय सुनिश्चित करता है। उक्त पोर्टल के माध्यम से अब तक लगभग 85,000 दोषसिद्धियाँ प्राप्त की जा चुकी हैं और पांच वर्ष से अधिक पुराने 40,000 से अधिक लंबित मामलों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया है। इस पहल ने जनता के बीच कानून व्यवस्था में विश्वास और भरोसे को मजबूत किया है। इस पोर्टल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सदस्यों श्रीमती तरु माथुर एवं अंकित प्रताप यादव को भी विशेष रूप से सराहा गया। राष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान उत्तर प्रदेश पुलिस की नवाचार-युक्त पुलिसिंग, व्यावसायिक दक्षता और निष्पक्ष न्याय के प्रति समर्पण को दशार्ता है।

अल्पकालीन निविदा सूचना (ई - निविदा) संख्या 02 / विजाखं (वि.)/ एल/ई-टेन्डर/2025-26 अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निविदाओं के समक्ष उनके सम्मुख अंकित कार्यों को सम्पादित कराने हेतु अनुभवी एवं दक्ष ठेकेदारों से दो भागों में अलग-अलग निविदायें ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदायें उत्तर प्रदेश सरकार की ई-टेण्डर वेबसाईट http://etender.up.nic.in से देखें एवं डाउनलोड किये जा सकते है निविदा का प्रथम भाग में नियम व शर्ते संलग्न PQC में देखें। जिसके परीक्षणोपरान्त उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के वित्तीय भाग (भाग-द्वितीय) बाद में खोले जायेगें। इसके अतिरिक्त म.वि.वि.नि.लि. के निदेशक मंडल के दिनांक 28.03.18 के आदेशानुसार अव्यवहारिक दरों पर सेक्योरिटी /परफारमेंस गारेन्टी लिये जाने का प्राविधान है। आर्हयता न पूर्ण करने की स्थिति में निविदादाताओं के भाग-2 पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित Executive Engineer, Electricity Civil Division (Distribution) Lucknow के पंजाब नेशनल बैंक, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ के खाता संख्या 0294002100078232 आई.एफ.एस.सी. कोड-PUNB0586900 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से सीधे जमा की जायेगी तथा धरोहर धनराशि e-BG के रूप में अधिशासी अभियन्ता विद्युत जानपद खण्ड (वितरण) लखनऊ के नाम बन्धक होगी एवं अपलोड की जायेगी। निविदा का भाग-1 व 2 (प्राइस विड) केवल बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा प्रस्ताव एक साथ ही जमा करना होगा, निविदा मूल्य की आर.टी.जी.एस. साक्ष्य (रसीद) को ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रथम भाग के साथ जमा करना आवश्यक होगा एवं किसी भी प्रकार की हार्ड कापी स्वीकार नहीं होगी, निविदा के प्रथम भाग प्राप्त/ खोलने की तिथि के दिन सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में या इन्टरनेट/तकनीकी बाधित होने पर निविदा अगले कार्य दिवस को खोला जायेगा। भविष्य में इस निविदा में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार होता है तो उसकी सूचना उपरोक्त अंकित बेवसाइटों पर उपलब्ध कराई जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करना अथवा दो या दो से अधिक ठेकेदारों में विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। **(1) निविदा विशिष्ट सं0 18/ विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2025-26 I** कार्य का नामः- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अमीनाबाद लखनऊ में एक अदद महिला शौचालय का निर्माण कार्य। **II** निविदा अपलोड करने की तिथिः- 18.04.2025 सांय 5:00 बजे तक **III** निविदा खुलने की तिथिः- 19.04.2025 अपरान्ह 3.30 बजे तक **IV** धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V** समयावधि :- एक माह। **VI** निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(2) निविदा विशिष्ट सं0 19/विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2025-26 I** कार्य का नामः- 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र मेडिकल कॉलेज पर स्थापित बिल्डिंग के प्रथम तल कक्षों की मरम्मत के सम्बन्ध में। **II** निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.04.2025 सांय 5:00 बजे तक **III** निविदा खुलने की तिथिः- 19.04.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV** धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V** समयावधि :- एक माह। **VI** निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(3) निविदा विशिष्ट सं0 20/ विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2025-26 I** कार्य का नामः- परिक्षेत्रीय लेखा कार्यालय लखनऊ सेन्ट्रल के अन्तर्गत जनसुविधा से सम्बन्धित आवश्यक जानपदीय कार्य। **II** निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.04.2025 सांय 5:00 बजे तक **III** निविदा खुलने की तिथिः-19.04.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV** धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V** समयावधि :-एक माह। **VI** निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(4) निविदा विशिष्ट सं0 21 / विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2025-26 I** कार्य का नामः- 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र लौलाई पर जनसुविधा के बैठने हेतु टीन शेड कक्ष का निर्माण। **II** निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.04.2025 सांय 5:00 बजे तक **III** निविदा खुलने की तिथिः- 19.04.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV** धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V** समयावधि :- एक माह। **VI** निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(5) निविदा विशिष्ट सं. 22 / विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2025-26 I** कार्य का नामः- 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र लखनऊ मध्य क्षेत्र पर जनुसविधा हेतु आवश्यक जानपदीय कार्य। **II** निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.04.2025 सांय 5:00 बजे तक **III** निविदा खुलने की तिथिः- 19.04.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV** धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V** समयावधि :- एक माह। **VI** निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(6) निविदा विशिष्ट सं. 23 / विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2025-26 I** कार्य का नामः- विद्युत वितरण खण्ड कार्यालय अमीनाबाद में कमरा न. 05/07/08 कमरों की मरम्मत सम्बन्धी कार्य एवं जनसुविधा से सम्बन्धित कार्य। **II** निविदा अपलोड करने की तिथिः- 18.04.2025 सांय 5:00 बजे तक **III** निविदा खुलने की तिथिः-19.04.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV** धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V** समयावधि :-एक माह। **VI** निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(7) निविदा विशिष्ट सं. 24/ विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2025-26 I** कार्य का नामः- सहायक अभियन्ता मीटर विद्युत नगरीय परीक्षण शाला-रहीमनगर कार्यालय में जनुसविधा से सम्बन्धित कार्य। **II** निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.04.2025 सांय 5:00 बजे तक **III** निविदा खुलने की तिथिः-19.04.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV** धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V** समयावधि :-एक माह। **VI** निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(8) निविदा विशिष्ट सं. 25/ विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2025-26 I** कार्य का नामः- कार्यालय मुख्य अभियन्ता (जानपद) के कक्ष में वॉल पैनलिंग एवं अन्य विविध जानपदीय कार्य एवं प्रबन्ध निदेशक, म.वि.वि.नि.लि. के कार्यालय एल्यूमिनियम पार्टीशन से सम्बन्धित जनपदीय कार्य। **II** निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.04.2025 सांय 5:00 बजे तक **III** निविदा खुलने की तिथिः-19.04.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV** धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V** समयावधि :-एक माह। **VI** निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(9) निविदा विशिष्ट सं. 26/ विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2025-26 I** कार्य का नामः- कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, चौक अमीनाबाद के कार्यालय की रंगाई-पुताई एवं अन्य आवश्यक जानपदीय कार्य। **II** निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.04.2025 सांय 5:00 बजे तक **III** निविदा खुलने की तिथिः-19.04.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV** धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V** समयावधि :-एक माह। **VI** निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(10) निविदा विशिष्ट सं. 27/विजाखं (वि.)/एल/टेन्डर/ 2025-26 I** कार्य का नामः- 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र उतरेठिया पर महिला शौचालय का निर्माण एवं अन्य विविध जानपदीय कार्य। **II** निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.04.2025 सांय 5:00 बजे तक **III** निविदा खुलने की तिथिः-19.04.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV** धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V** समयावधि :-एक माह। **VI** निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(11) निविदा विशिष्ट सं. 28/ विजाखं (वि.)/एल/टेन्डर/2025-26 I** कार्य का नाम :- मध्यांचल मुख्यालय पर न्यू बिल्डिंग व लेसा बिल्डिंग के मध्य कॉरिडोर सीलन रोधी सम्बन्धी जानपदीय कार्य। **II** निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.04.2025 सांय 5:00 बजे तक **III** निविदा खुलने की तिथिः-19.04.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV** धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V** समयावधि :-एक माह। **VI** निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(12) निविदा विशिष्ट सं. 29/विजाखं (वि.) /एल/टेन्डर/ 2025-26 I** कार्य का नामः- 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र सेक्टर-4 गोमती नगर विस्तार पर जनसुविधा के बैठने हेतु टीन शेड कक्ष का निर्माण। **II** निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.04.2025 सांय 5:00 बजे तक **III** निविदा खुलने की तिथिः-19.04.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV** धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V** समयावधि :-एक माह। **VI** निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(13) निविदा विशिष्ट सं. 30/ विजाखं (वि.)/एल/टेन्डर/2025-26 I** कार्य का नामः- उपखण्ड अधिकारी, विद्युत नगरीय वितरण उपखण्ड निरालानगर पर चोक सीवर लाइन को जोड़ने का कार्य एवं अन्य जनसुविधा से सम्बन्धित कार्य। **II** निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.04.2025 सांय 5:00 बजे तक **III** निविदा खुलने की तिथिः-19.04.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV** धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V** समयावधि :-एक माह। **VI** निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(14) निविदा विशिष्ट सं. 31/ विजाखं (वि.)/एल / टेन्डर / 2025-26 I** कार्य का नामः- 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र भीखमपुर पर जनसुविधा से सम्बन्धित कार्य। **II** निविदा अपलोड करने की तिथिः- 18.04.2025 सांय 5:00 बजे तक **III** निविदा खुलने की तिथिः-19.04.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV** धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V** समयावधि :-एक माह। **VI** निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(15) निविदा विशिष्ट सं0 32/ विजाखं (वि०) / एल / टेन्डर / 2025-26 I** कार्य का नामः- विद्युत नगरीय वितरण खण्ड न्यू जी.आईएस. स्टेशन पर कन्ट्रोल रूम पर लोहे का गेट स्थापित करने एवं जनसुविधा से सम्बन्धित कार्य। **II** निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.04.2025 सांय 5:00 बजे तक **III** निविदा खुलने की तिथिः- 19.04.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV** धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V** समयावधि :- एक माह। **VI** निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(16) निविदा विशिष्ट सं. 33/ विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2025-26 I** कार्य का नामः- 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र नूरबाड़ी न्यू के स्विचयार्ड में इण्टरलॉकिंग एवं जनुसविधा से सम्बन्धित कार्य। **II** निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.04.2025 सांय 5:00 बजे तक **III** निविदा खुलने की तिथिः-19.04.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV** धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V** समयावधि :-एक माह। **VI** निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(17) निविदा विशिष्ट सं. 34 / विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2025-26 I** कार्य का नामः- 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र स्काडा भवन पर पार्किंग हेतु शेड, इण्टरलॉकिंग टाइल्स एवं उपकेन्द्र का गेट लगाने का कार्य । **II** निविदा अपलोड करने की तिथिः- 18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक **III** निविदा खुलने की तिथिः- 19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV** धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V** समयावधि :-एक माह। **VI** निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(18) निविदा विशिष्ट सं. 35/ विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2025-26 I** कार्य का नामः- 33/11 के.वी. स्विचिंग स्टेशन पर बाउन्ड्रीवॉल एवं मेन गेट लगाने का कार्य एंव जनसुविधा से सम्बन्धित कार्य। **II** निविदा अपलोड करने की तिथिः- 18.04.2025 सांय 5:00 बजे तक **III** निविदा खुलने की तिथिः- 19.04.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV** धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V** समयावधि :-एक माह। **VI** निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(19) निविदा विशिष्ट सं. 36/ विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2025-26 I** कार्य का नामः- सी.जी.आर.एफ. म.वि.वि.नि.लि. कार्यालय के प्रयोगार्थ हेतु एक शौचालय का निर्माण कार्य। **II** निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.04.2025 सांय 5:00 बजे तक **III** निविदा खुलने की तिथिः-19.04.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV** धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V** समयावधि :-एक माह। **VI** निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(20) निविदा विशिष्ट सं. 37/ विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2025-26 I** कार्य का नामः- 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र इंजीनियरिंग कॉलेज सेक्टर-आई पर उपखण्ड कार्यालय के शौचालय की मरम्मत एवं जनुसविधा से सम्बन्धित कार्य। **II** निविदा अपलोड करने की तिथिः- 18.04.2025 सांय 5:00 बजे तक **III** निविदा खुलने की तिथिः-19.04.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV** धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V** समयावधि :-एक माह। **VI** निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(21) निविदा विशिष्ट सं. 38/ विजाखं (वि.)/एल/टेन्डर/2025-26 I** कार्य का नामः- 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र विकास नगर पर उपखण्ड कार्यालय के शौचालय की मरम्मत एवं जनुसविधा से सम्बन्धित कार्य। **II** निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.04.2025 सांय 5:00 बजे तक **III** निविदा खुलने की तिथिः-19.04.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV** धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V** समयावधि :-एक माह। **VI** निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(22) निविदा विशिष्ट सं. 39/ विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2025-26 I** कार्य का नामः- विद्युत वितरण खण्ड-जानकीपुरम कार्यालय पर जनुसविधा हेतु टीन शेड का निमार्ण कार्य। **II** निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.04.2025 सांय 5:00 बजे तक **III** निविदा खुलने की तिथिः- 19.04.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV** धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V** समयावधि :- एक माह। **VI** निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित)

अधिशासी अभियन्ता, विद्युत जानपद खण्ड (वितरण), 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र,(प्रथम तल) सेक्टर-5, गोमतीनगर (विस्तार), लखनऊ।
हेल्पलाईन नम्बर - 18001800440
''राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्व की जगह एल.ई.डी. लगायें''
(पत्रांक 363 / दि. 07.04.2025)

चैती महोत्सव : फूलों की होली संग नृत्य नाटिका ने समां बांधा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मंगलवार को ऐशबाग रामलीला मैदान में चल रहे चैती महोत्सव के तुलसी रंगमंच पर भरतनाट्यम्‌ की विश्व प्रसिद्ध गुरु डॉ. सरोजा वैद्यनाथन के शिष्य कलाश्री सय्यद शमशुर रहमान (नावेद) ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं पर आधारित नृत्य नाटिकाओं का मंचन किया जिसमे भगवन कृष्ण जन्म, बाल रूप, और युवा अवस्था को दर्शाया गया साथ ही राधा कृष्ण के प्रेम का अलौकिक दर्शन भी कराया गया। कृष्ण मधुरम हैं शीर्षक नामक इस नृत्य नाटिका को शमशुर रहमान नावेद के साथ आकृति भारद्वाज, अश्वनी श्रीवास्तव, पंकज पांडेय, अनुष्का प्रकाश, अभिलाषा सिंह, खुशी मौर्या, अनुष्का श्रीवास्त्व, अरुणिमा

सिंह, व्रती सक्सेना, दिया चंद्र, अकषरा भारद्वाज, अलका पांडेय, आरणा और तरुशी भारद्वाज ने अपने नृत्य कौशल से खूबसूरती के साथ सजाया।

दस दिवसीय कृष्णलीला के समापन दिवस पर महाभारत के युद्धभूमि के बीच खड़े होकर भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को अपने विराट स्वरूप के दर्शन और गीता का उपदेश दिया। इसके बाद भास्कर ग्रुप के कलाकारों द्वारा पकड़ लो हाथ बनवारी और क्यों भूल गए श्यामा गीतों के साथ मंच पर श्रीकृष्ण के बाल सखा रहे सुदामा का द्वारिका में आगमन और संवाद मंचन के साथ ही मंच पर तिरुपति बालाजी, श्रीनाथ जी और बांकेबिहारी के सजीव दर्शन का कलाकारों द्वारा सुंदर प्रस्तुतिकरण किया जाता है। इसके उपरांत चैती महोत्सव 2025 के मंच का समापन कलाकारों द्वारा होरी खेल रहे बांके बिहारी गीत पर हर्षोल्लास से मनी फूल और गुलाल से खेली गई होली और आकाशीय अतिशबाजी के बीच किया गया। कार्यक्रम में उत्तरप्रदेश सरकार के सांस्कृतिक एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह भी उपस्थित हुए कमेटी द्वारा अंगवस्त्र श्रीमदभगवद्गीता और स्मृति चिन्ह देकर मंत्री जी का सम्मान किया गया। समापन अवसर पर रामलीला समिति के अध्यक्ष हरिशचन्द्र अग्रवाल ने कहा की अगले वर्ष होने वाले चैती महोत्सव में पुनः श्रीकृष्ण लीला का मंचन और बेहतर तरीके से करने का प्रयास किया जाएगा जो आने वाले वर्षों में अनवरत जारी रहेगा इसी के साथ कृष्णलीला से प्रतिदिन जुड़े रहने वाले दर्शकों को और कलाकारों को धन्यवाद ज्ञापित कर उन्होंने भारतीय नववर्ष मेला एवं चैती महोत्सव 2025 के समापन की घोषणा की।

51 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ संपन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शांतिकुंज की ब्रह्मवादिनी टोली की अगुआई में यहां एमबी गार्डेन इंदौराबाग बक्शी का तालाब में पांच अप्रैल से चल रहा 51 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ नेत्र जांच शिविर, विद्यारंभ, मुण्डन व दीक्षा आदि विभिन्न संस्कारों के साथ संपन्न हो गया।

इस शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ और जनस्वास्थ्य जागरूकता अभियान ने ग्रामीण लखनऊ में स्वास्थ्य, सेवा और धर्म को एक साझा मंच पर लाकर अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। ग्राम समुदायों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने और युवाओं को सेवा के लिए प्रेरित करने के मकसद से धर्मप्रेरित संस्थाओं के इस साझा प्रयास में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में नेत्र जांच शिविर लगाया गया। नेत्र जांच, आयुष परामर्श और टेलीमेडिसिन शिविरों में चार सौ से ज्यादा ग्रामीण लाभान्वित हुए।साथ ही नेत्र परीक्षण मोबाइल वैन भी दूरस्थ गांवों में भेजी गयीं। युवा स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता, नेत्र दान जागरूकता और योग प्रदर्शन किया गया। विवेकानंद पालीक्लीनिक नेत्र विभाग के डॉ.जिमी मित्तल ने धर्मप्रेरित संस्थाओं की भूमिका पर कहा कि ऐसी संस्थाओं के सेवा कार्य स्वास्थ्य और शिक्षा के लोकतंत्रीकरण की भी रीढ़ हैं। इनकी गहराई से जुड़ी जन-संवेदना, निःस्वार्थ सेवा और युवा सहभागिता, उन्हें जनस्वास्थ्य सुधार में प्रभावशाली बना देती है। रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानंद महाराज ने कहा कि सेवा तभी सार्थक होती है जब वह श्रद्धा, समरसता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से युक्त हो। गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सामाजिक न्याय की दिशा में उठाया गया कदम है। अध्यक्षीय वक्तव्य में वरिष्ठ गायत्री साधक मेजर वीके खरे ने दोनों संगठनों की आध्यात्मिक एकरूपता पर चर्चा करते हुए स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी साथ-साथ सहयोग और कार्य करने का आश्वासन दिया। नेत्र शिविर संयोजक संयोजक ऋषभ रस्तोगी ने बताया कि गायत्री परिवार, श्रीराम आयुष केंद्र, अरुणोदय नेत्र केंद्र और रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के संयुक्त प्रयास से आगे ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी टेलीमेडिसिन केंद्रों की स्थापना की जायेगी। यहां उपस्थित जनसमूह को ब्रह्मवादिनी टोली ने वंदनीया माताजी तथा अखंड दीप की जन्म शताब्दी पर सेवा कार्य में जुट पड़ने का संकल्प दिलाया। गायत्री महायज्ञ में सैकड़ों स्थानीय श्रद्धालुओं और युवाओं ने भाग लिया।

मुश्किलों से लड़ते हुए जीने का नाम ही जिंदगी

- तीन दिवसीय नाट्य समारोह के दूसरे दिन नाटक आत्महत्या का मंचन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आस्था नाट्य कला रंगमंडल समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नाट्य समारोह का आयोजन एसएनए के वाल्मीकि रंगशाला में किया गया। नाट्य समारोह के दूसरे दिन नाटक आत्महत्या का मंचन किया गया। नाटक का लेखन येरम शट्टि साईं और निर्देशन निशा बेगम ने किया।

जिंदगी में आज हर किसी को कोई ना कोई दिक्कत है, परेशानी है और इन्हीं मुश्किलों से लड़ते हुए जीने का नाम ही जिंदगी है, एक आम आदमी बस इतना ही चाहता है कि उसका जीवन बस आराम से व्यतित हो, उसकी बातों को कोई सुनने वाला हो, उसके दुख को कोई बांटने वाला हो और अगर ऐसा परिवार आपके पास हो तो आप कुछ भी कर सकते हैं, ये नाटक भी एक ऐसा ही व्यक्तित्व के बारे में है चिरंजीवी जिसके पास सब कुछ है, बस अपना कोई परिवार नहीं है और ये अकेलापन जब बर्दाश्त के बाहर हो जाता है, तो वो अपने जीवन को खत्म करने का निर्णय कर लेता है और आत्माहत्या करने के लिए एक पुल पर पहुंच जाता है, लेकिन वो कहते हैं ना जब तक भगवान की मर्जी ना हो तब तक आप कुछ भी नहीं कर सकते हैं और इस नाटक में चिरंजीवी के साथ भी कुछ ऐसा ही होता। नाटक में अहम भूमिका शोभित वर्मा, अर्पित श्रीवास्तव, सौरभ सिंह, मोसिन सिद्दकी, तारिक इकबाल, दीपा यादव और मोहित यादव ने निभायी।

समाज सेवा ही सबसे बड़ी पूजा : डॉ. दिनेश शर्मा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रोटी कपड़ा फाउंडेशन का 11 वां स्थापना दिवस आज बौद्ध शोध संस्थान में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा ने कहा की रोटी कपड़ा फाउंडेशन समाज के लिए बहुत अच्छा काम कर रहा है सच माने में यही भगवान की पूजा है। फाउंडेशन के कार्यक्रम में वर्षा फाउंडेशन के कैंसर पीड़ित बच्चे, रेनबो समिति के दिव्यांग बच्चों ने, हनुमत पाठशाला के बच्चे एवं संकल्प परिवार के स्लम में रहने वाले बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुतियां दी, जिससे उपस्थित लोग इन बच्चों की प्रतिभा देखकर आश्चर्यचकित हो गए। रायबरेली से आए शबाब अली

ने अपने भजनों से सबको मंत्र मुक्त कर दिया। अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश आनंद सचिव रिद्धि किशोर गौड़, उपाध्यक्ष अजय मेहरोत्रा, आकांक्षा आनंद, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, शिप्रा अग्रवाल, निरा गर्ग के साथ सांसद ने समाज में योगदान दे रहे स्वाति शर्मा, कृष्णानंद राय, माधवी बाजपेई, नेत्रहीन सबाब अली, अरविंद सिंह, समाजसेवी टीपी पांडे, को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। फाउंडेशन के कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को तुलसी का पौधा देकर उसके पालन पोषण का संकल्प दिलाया गया। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ पंकज सिंह भदोरिया एवं लेटे हुए हनुमान जी मंदिर के मुख्य सेवादार डॉ विवेक टंगड़ी ने कैंसर वाले बच्चों को म्यूजिक सिस्टम भेट किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मान्यता प्राप्त पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष हेमंत तिवारी, लक्ष्मीकांत पांडे, मोहित शर्मा, हेमा पांडे, सरिता सिंह, रूबी राज, सोनी वर्मा, अनीता सिंह, संदीप तिवारी, सौरभ शुक्ला, अमित शर्मा, अमित गौड़, कुशल गौड़, यश अग्रवाल शाहिद बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

शिक्षाप्रद फिल्मों के प्रति बच्चों में दिखा भारी उत्साह

- फिल्म अभिनेता रूमी सिद्दीकी, अनिल पाण्डेय एवं आरव शुक्ला ने बढाई फिल्मोत्सव की रौनक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरिम में चल रहे सात-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव (आई.सी.एफ.एफ.-2025) के दूसरे दिन आज शिक्षात्मक बाल फिल्में देखने का भारी उत्साह छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों में दिखाई दिया और सी.एम.एस. कानपुर रोड का समस्त परिसर बड़ी संख्या में उपस्थित बच्चों एवं अभिभावकों से दिन भर खचाखच भरा रहा।

बाल फिल्मोत्सव के दूसरे दिन फिल्म अभिनेता रूमी सिद्दीकी, अनिल पाण्डेय एवं आरव शुक्ला ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया। अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव के दूसरे दिन का शुभारम्भ आज दीप प्रज्वलन एवं सर्व-धर्म प्रार्थना की अनूठी प्रस्तुति से हुआ। विदित हो कि यह सात दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव सभी के लिए पूर्णतया निःशुल्क है। बाल फिल्मोत्सव में 102 देशों की लगभग 400 बाल फिल्में प्रदर्शित की जा रही हैं। फिल्म फेस्टिवल में प्रथम शो प्रातः 9.00 बजे से एवं दूसरा शो दोपहर 12.00 बजे से आयोजित किया जा रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव के अन्तर्गत आज लगभग दस हजार से अधिक बच्चों ने 102 देशों की शैक्षिक बाल फिल्मों से प्रेरणा ग्रहण की, जिनमें थ्रेड ऑफ होप, घर किसका है, स्कूल इज ए लाइट हाउस ऑफ सोसाइटी, क्या देखें हम, लाइफ इज ब्यूटीफुल, स्टिचेज ऑफ ड्रीम, ए ब्रेथ ऑफ माइंडफुलनेस, अनोखा पिटारा, आई वान्ट टु फिक्स एवरीथिंग, मेमोरीज फॉर सेल, ब्लैक रेन इन माई आइज, साइंस विद खलीफ, बिग लिटिल ब्रदर, अनकंडीशनल

फ्रेण्डशिप, हर घर तिरंगा, ए थीफ केम टु ऑवर हाउस, कीपर ऑफ द नाइअ स्काई, एनीथिंग इज पॉसिबल, द परफेक्ट रेसिपी, आओ दोस्ती करें, फेलिक्स द फॉक्स, द बैलून इज माइन आदि प्रमुख रहीं। बाल फिल्मोत्सव में पधारे छात्रों के चेहरों पर छाया उल्लास महोत्सव की सफलता की कहानी अपने आप बयां कर रहा था। फिल्म देखने के बाद अधिकांश छात्रों की प्रतिक्रिया थी कि मनोरंजन के साथ ही जीवन मूल्यों का ज्ञान देने का यह तरीका अत्यन्त प्रशंसनीय है। एक छात्र का कहना था कि यह फिल्म फेस्टिवल अत्यन्त मनोरंजक व शिक्षाप्रद है। फिल्म से उन्होंने सीखा कि हमें प्रकृति व सभी जीव-जंतुओ से प्यार करना चाहिए। इसी प्रकार, कई अन्य छात्रों ने भी अपने विचार व्यक्त किये एवं बाल फिल्मोत्सव के आयोजन हेतु सी.एम.एस. का आभार व्यक्त किया। ह्यअन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव में आज हजारों बच्चों के साथ ही भारी संख्या में पधारे शिक्षकों व अभिभावकों ने भी बाल फिल्मों का आनन्द उठाया। इस अवसर पर आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में फिल्म हस्तियों ने पत्रकारों से मुलाकात की और अपने विचार व्यक्त किए। पत्रकारों से बातचीत करते हुए फिल्म अभिनेता रूमी सिद्दीकी ने कहा कि बच्चों के लिए शिक्षात्मक फिल्मों का आज अभाव है, ऐसे में यह फिल्म फेस्टिवल बहुत ही अच्छा प्रयास है। इस शुभ कार्य के लिए सी.एम.एस. बधाई का पात्र हैं। वरिष्ठ अभिनेता श्री अनिल पाण्डेय का कहना था कि सिनेमा हमें बहुत सी अच्छी बुरी चीजें सिखाता है परन्तु इस बाल फिल्मोत्सव के माध्यम से सी.एम.एस. ने बच्चों को अच्छे विचार देने का बीड़ा उठाया है, जो वास्तव में प्रशंसनीय है। इसी प्रकार, बाल कलाकार आरव शुक्ला ने कहा कि यह फिल्म फेस्टिवल सभी बच्चों के लिए एक स्वर्णिम अवसर है, जहाँ वे कई देशों की फिल्मों एक मंच पर देख सकते हैं।

छापा कला और मूर्तिकला के छात्रों की कलाकृतियां प्रदर्शित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। कला का हमारे जीवन और समाज से एक गहरा संबंध है। जीवन में सुलभ और सहज बनाने के लिए ना जाने क्या क्या चीजें इंसान ने बना ली है। ऐसे ही प्रचार प्रसार के लिए कला के विभिन्न माध्यमों का भी विकास किया जिसमें छपाई एक महत्वपूर्ण रहा है। एक से अधिक लोगों तक पहुंचने के लिए आज छपाई के अनेक माध्यम हैं। छापाकला जहां मात्र छपाई का माध्यम था आज न केवल कलात्मक माध्यम है बल्कि जनसंचार का भी शक्तिशाली साधन भी है। यह दुनिया के विभिन्न संस्कृतियों में किसी न किसी रूप में समाहित है। भारत में इसका एक समृद्धशाली इतिहास रहा है। जिसकी शुरूआत लकड़ी के ब्लॉक, स्टेंसिल, पत्थर के छपाई थी। आजकाल एक प्रयोगात्मक स्वरूप में है।

इसी छपाई पद्धति को छापा कला जो सर्जनात्मक विकास में सहयोगी बना। इसी छापा कला और मूर्तिकला की एक प्रदर्शनी इन दिनों लखनऊ के कला स्रोत आर्ट गैलरी में चल रही है। यह प्रदर्शनी कला महाविद्यालय के छापा कला और मूर्तिकला के छात्रों के कलाकृतियों की है। जिसमें छात्रों ने अपने कला अध्यापकों के मार्गदर्शन में अनेक प्रयोग किए हैं। आप इनके प्रयोग इनकी कृतियों में देख सकते हैं। यह खासतौर पर छापा कला की महत्वपूर्ण प्रदर्शनी है। इस प्रदर्शनी में छापा कला के 35 के 69 प्रिंट्स और मूर्तिकला के 11 छात्रों के 15 मूर्तिशिल्प प्रदर्शित किए गए हैं। छापा कला के छात्र सुहानी सिंह, ऊषा मोदी, मयंक कुमार, वैशाली सेंगर, श्वेता सिंह, दिव्या सिंह, दीपांजलि, आदित्य कुमार गौतम, साक्षी मौर्या, अनामिका तिवारी, नीता कुमारी, श्रेया गोस्वामी, वंदना, प्राची पटेल, अभिनय सिंह, विवेकानंद रजक, चन्दन, ऋषभ, ऋषि, सिमरन, अंजली यादव, गौरव, आकाश कुमार, ज्योत्सना, मारिया खातून, रीतू कुशवाहा, अंशिका चौधरी, दिव्यांशी, आरेंद्र चौधरी, हर्षिका सिंह, सृष्टि कुशवाहा, साधना राजपूत, कोमल देवी, वंदना गुप्ता, श्रेयांसी सिंह मूर्तिकला के छात्र में कमल, कपिल शर्मा, अनिकेत पटेल, ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, श्रेष्ठ मिश्रा, वंशिका सिंह, दृश्या अग्रवाल, हेमंत, कौशिकी द्विवेदी, जय नारायण हैं। इस प्रदर्शनी का संयोजन छापा कलाकार रवि अग्रहरि जो वर्तमान में कला महाविद्यालय में कला अध्यापक हैं, ने किया है। आइए इस कला महाविद्यालय में छापा कला के स्थापना और विकास के इतिहास से रूबरू होते हैं। छपाई का प्रचलन उत्तर प्रदेश में अंग्रेजों के समय से ही शुरू हुआ था। साथ ही तकनीक के साथ छापा को और विकसित किया गया। उत्तर प्रदेश के कई नगरों के साथ लखनऊ में भी बड़े बड़े छापेखाने थे। प्रायः इनमें प्रकाशन सामग्री की ही छपाई होती थी। लेकिन तब यह छपाई लिथो और ब्लॉक प्रिंटिंग प्रोसेस के माध्यम से ज्यादा थी।

कार्यालय ग्राम पंचायत खपिया विकास खंड पिपरौली गोरखपुर

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत खपिया विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग,स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल. डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा- चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 09.04.2025 से 12.04.2025 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते हैं। निविदा दिनांक 12.04.2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 01.00 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी।

नियम एवं शर्ते:-

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी.एस.टी. तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

विमला सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खपिया
वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर

अजय कुमार जायसवाल
सचिव
ग्राम पंचायत खपिया
वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत नन्दापार विकास खंड पिपरौली गोरखपुर

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत नन्दापार विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग,स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल. डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा- चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 09.04.2025 से 12.04.2025 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते हैं। निविदा दिनांक 12.04.2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 01.00 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी।

नियम एवं शर्ते:-

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी.एस.टी. तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

अनिल यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत नन्दापार
वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर

अजय कुमार जायसवाल
सचिव
ग्राम पंचायत नन्दापार
वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत जैतपुर विकास खंड पिपरौली गोरखपुर

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत जैतपुर विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग,स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल. डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा- चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 09.04.2025 से 12.04.2025 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते हैं। निविदा दिनांक 12.04.2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 01.00 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी।

नियम एवं शर्ते:-

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी.एस.टी. तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

श्रीमती उर्मिला देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत जैतपुर
वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर

अजय कुमार जायसवाल
सचिव
ग्राम पंचायत जैतपुर
वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत नगवां विकास खंड पिपरौली गोरखपुर

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत नगवां विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग,स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल. डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा- चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 09.04.2025 से 12.04.2025 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते हैं। निविदा दिनांक 12.04.2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 01.00 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी।

नियम एवं शर्ते:-

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी.एस.टी. तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

भगवान सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत नगवां
वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर

अजय कुमार जायसवाल
सचिव
ग्राम पंचायत नगवां
वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर

वैष्णो देवी, चंडीगढ़, आनंद विहार और बरौनी के लिए चलेंगी विशेष ट्रेनें

ग्रीष्मकालीन छुट्टी में यात्रियों को मिलेगी राहत, राजगीर-हरिद्वार और लखनऊ-छपरा के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु लखनऊ मंडल से होकर गुजरने वाली निम्न ग्रीष्मकाल विशेष ट्रेनों का संचालन करने का निर्णय लिया गया है।

गाड़ी संख्या 04604/04603: श्री माता वैष्णो देवी कटरा- वाराणसी-श्री माता वैष्णो देवी कटरा ग्रीष्मकालीन आरक्षित त्योहार विशेष गाड़ी का संचालन किया जा रहा है। यह गाड़ी दोनों दिशाओं में 12-12 फेरे लगाएगी। इस गाड़ी में सामान्य, स्लीपर, वातानुकूलित सहित कुल 22 कोच रहेंगे। गाड़ी संख्या 04604 श्री माता वैष्णो देवी कटरा से वाराणसी के लिए यह विशेष ट्रेन 20 अप्रैल से 6 जुलाई तक प्रत्येक रविवार को चलाई जाएगी। यह ट्रेन श्री माता वैष्णो देवी कटरा से शाम 18:15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन शाम 19:00 बजे वाराणसी पहुंचेगी। इस ट्रेन का लखनऊ स्टेशन पर आगमन समय 12:25 प्रस्थान 12:35 बजे रायबरेली स्टेशन पर आगमन समय आगमन 14:10 प्रस्थान 14:12 माँ बेल्हा देवी धाम पर आगमन समय 15:40 व प्रस्थान 15:45 बजे रहेगा

गाड़ी संख्या 04603 वाराणसी से श्री माता वैष्णो देवी कटरा के लिए यह ट्रेन 22 अप्रैलसे 8 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार को चलाई जाएगी। यह वाराणसी से सुबह 05:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 06:00 बजे श्री माता वैष्णो देवी कटरा पहुंचेगी। इस ट्रेन का माँ बेल्हा देवी धाम स्टेशन पर आगमन समय सुबह 6:40 प्रस्थान 06:42 रायबरेली स्टेशन पर आगमन समय सुबह 08:20 प्रस्थान 08:22 लखनऊ स्टेशन पर आगमन समय सुबह 10:20 व प्रस्थान 10:30 बजे रहेगा यात्रा के दौरान इस ट्रेन का श्री माता वैष्णो देवी कटरा ,शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, पठानकोट कैंट, जालंधर कैंट, लुधियाना, अंबाला कैंट, सहारनपुर ,मुरादाबाद, बरेली ,लखनऊ ,रायबरेली जंक्शन, माँ बेल्हा देवी धाम पर ठहराव रहेगा।

गाड़ी संख्या 04206/04205 वाराणसी-चंडीगढ़-वाराणसी आरक्षित सुपरफास्ट विशेष गाड़ी का संचालन किया जा रहा है। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में 12-12 फेरे लगाएगी। इस गाड़ी में सामान्य, स्लीपर, वातानुकूलित सहित कुल 22 कोच रहेगे। गाड़ी संख्या 04206 वाराणसी से चंडीगढ़ के लिए यह विशेष ट्रेन 19 अप्रैल से 5 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को वाराणसी से समय दोपहर 14:50 बजे चलाई जाएगी। इस ट्रेन का माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन पर आगमनः 16 :50 बजे, प्रस्थानः 16:55 बजे, रायबरेली जंक्शन आगमनः 18 :25 बजे, प्रस्थानः 18:30 बजे, लखनऊ जंक्शन आगमनः रात्रि 20 :20 बजे, प्रस्थानः 20:30 बजे रहेगा एवं समय सुबह 07:45 बजे चंडीगढ़ पहुचेगी।

गाड़ी संख्या 04205 चंडीगढ़ से वाराणसी के लिए विशेष ट्रेन 20 अप्रैल से 6 जुलाई तक प्रत्येक रविवार को चंडीगढ़ से समय सुबह 09:30 बजे चलाई जाएगी। इस ट्रेन का लखनऊ आगमनः रात 08:05 बजे, प्रस्थानः 08:15 बजे, रायबरेली जंक्शन आगमनः रात 09:30 बजे, प्रस्थानः 09:35 बजे, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन आगमनः रात्रि 11:00 बजे, प्रस्थानः 11:05 बजे व वाराणसी जंक्शन आगमनः मध्य रात्रि 01:20 बजे रहेगा। इस ट्रेन को दोनों दिशाओं मे चंडीगढ़, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली जंक्शन, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन, वाराणसी जंक्शन पर ठहराव रहेगा।

गाड़ी संख्या 04018/04017 आनंद विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर-आनंद विहार टर्मिनल आरक्षित त्योहार विशेष गाड़ी का संचालन किया जा रहा है। यह विशेष गाड़ी दोनों दिशाओं में कुल 6-6 फेरों में संचालित होगी तथा यात्रा के दौरान आनंद विहार टर्मिनल गाज़ियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर सिटी,जौनपुर जंक्शन, औंरीहार जंक्शन, गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, हाजीपुर जंक्शन, मुजफ्फरपुर जंक्शन पर ठहराव रहेगा।

गाड़ी संख्या 04018 आनंद विहार टर्मिनल से मुजफ्फरपुर के लिए प्रत्येक गुरुवार को 24 अप्रैल से 29 मई तक चलेगी। यह ट्रेन आनंद विहार टर्मिनल से सुबह 09:00 प्रस्थान करेगी एवं इस ट्रेन का लखनऊ झ आगमन शाम 17:35, प्रस्थान 17:45, सुल्तानपुर झ आगमन शाम 19:30, प्रस्थान 19:35, जौनपुर सिटी झ आगमन रात्रि 20:50, प्रस्थान 20:52, जौनपुर जं. झ आगमन रात्रि 21:10 व प्रस्थान 21:15 बजे रहेगा तथा यह गाड़ी प्रातः 04:30 बजे मुजफ्फरपुर पहुचेगी।

गाड़ी संख्या 04017 मुजफ्फरपुर से आनंद विहार टर्मिनल के लिए प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 25 अप्रैल 2025 से 30 मई 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन से प्रस्थान सुबह 07 :30 प्रस्थान करेगी एवं इस ट्रेन का जौनपुर जं. झ आगमन दोपहर 14:45, प्रस्थान 14:50, जौनपुर सिटी झ आगमन दोपहर 15:08, प्रस्थान 15:10, सुल्तानपुर झ आगमन शाम 16:25, प्रस्थान 16:30, लखनऊ झ आगमन शाम 18:30 व प्रस्थान 18:40 बजे रहेगा तथा यह गाड़ी प्रातः 03:10 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुचेगी।

यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 04020/04019 आनंद विहार टर्मिनल-बरौनी-आनंद विहार टर्मिनल आरक्षित त्योहार विशेष रेलगाड़ी का संचालन किया जा रहा है। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में कुल 12 फेरे लगाएगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित श्रेणी के कोच रहेंगे।

गाड़ी संख्या 04020 आनंद विहार टर्मिनल से बरौनी के लिए अप्रैल माह में 20, 27 तारीख को, मई माह में 4, 11, 18 व 25 तारीख को, तथा जून माह में 1, 8, 15, 22, 29 और जुलाई माह में 6 तारीख को प्रत्येक रविवार को चलाई जाएगी। यह विशेष ट्रेन आनंद विहार टर्मिनल से रात 07:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन शाम 06:00 बजे बरौनी पहुंचेगी। यात्रा के दौरान इस गाड़ी का गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, आलमनगर, लखनऊ (आगमन रात्रि 03:30, प्रस्थान 03:40), रायबरेली (आगमन प्रातः 04:55/ प्रस्थान प्रातः 04:57), माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ (आगमन प्रातः 06:40/ प्रस्थान प्रातः 06:45), वाराणसी (आगमन प्रातः 09:30/ प्रस्थान प्रातः 09:40), औरीहार, गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, हाजीपुर आदि प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव रहेगा।

गाड़ी संख्या 04019 बरौनी से आनंद विहार टर्मिनल के लिए अप्रैल माह में 21, 28 तारीख को, मई माह में 5, 12, 19 व 26 तारीख को, तथा जून माह में 2, 9, 16, 23, 30 और जुलाई माह में 7 तारीख को प्रत्येक सोमवार को चलाई जाएगी। यह ट्रेन रात 08:00 बजे बरौनी से प्रस्थान करेगी और अगले दिन रात 07:00 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में गाड़ी हाजीपुर, छपरा, सुरेमनपुर, बलिया, गाजीपुर सिटी, औरीहार, वाराणसी (आगमन प्रातः 04:10/ प्रस्थान प्रातः 04:20), माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ (आगमन प्रातः 06:50/ प्रस्थान प्रातः 06:55), रायबरेली (आगमन प्रातः 07:18/ प्रस्थान प्रातः 07:20), लखनऊ (आगमन प्रातः 09:15, प्रस्थान प्रातः 09:25), आलमनगर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद जैसे प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। गाड़ी संख्या 03224/03223 हरिद्वार-राजगीर - हरिद्वार मेल/एक्सप्रेस ग्रीष्मकालीन आरक्षित विशेष ट्रेन यह ट्रेन दोनों दिशाओं में कुल 12 फेरे लगाएगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित, शयनयान, सामान्य श्रेणी सहित कुल 24 कोच लगाए जाएंगे। गाड़ी संख्या 03223 राजगीर-हरिद्वार स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को 11 अप्रैल से 27 जून तक राजगीर से प्रातः 06:05 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन नालंदा, पावापुरी रोड, बिहारशरीफ, वेना, हरनौत, बख्तियारपुर, फतुहा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी (दोपहर 02.05/दोपहर 02.15), जौनपुर (दोपहर 03.15/दोपहर 03.17), अयोध्या धाम (शाम 05.20/शाम 05.25), लखनऊ (रात्रि 09:00/09:10), शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद, लक्सर होते हुए हरिद्वार पर प्रातः 06:05 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 03224 हरिद्वार-राजगीर स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार को 12 अप्रैल से 28 जून तक हरिद्वार से प्रातः 07:20 बजे प्रस्थान करेगी।

गोमतीनगर रेलवे कोचिंग डिपो में हो रही रेल कोचों की मरम्मत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मण्डल यॉत्रिक इंजीनियर/समन्वय सत्य प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में गोमतीनगर स्थित कोचिंग डिपो/सिकलाइन का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

जिसमें अक्षम यानों को अनुरक्षण हेतु गोमतीनगर डिपो द्वारा स्वयं फिट किया जा रहा है, जो कि पूर्व में कोचिंग डिपो/ऐशबाग में भेजे जाते थे। वर्तमान में कोचिंग डिपो/गोमतीनगर की होल्डिंग क्षमता 140 यानों की है, जिसके परिणामस्वरूप लखनऊ मण्डल की यान होल्डिंग क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इस सिकलाइन के अंतर्गत प्रायमरी अनुरक्षण हेतु निर्धारित ट्रेनों के यानों का शॉप शेड्यूल-1/आईओएच अनुरक्षण कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है।

कोचिंग डिपो/गोमतीनगर ने न केवल अपने नियमित कार्यों को सुचारु रूप से संचालित किया, बल्कि विशेष परियोजनाओं और आपातकालीन आवश्यकताओं को भी प्रभावी ढंग से पूरा किया।

मण्डल रेल प्रबन्धक ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह टीम वर्क और समर्पण का परिणाम है, जो रेल सेवा की गुणवत्ता और विश्वसनीयता को और सुदृढ़ करता है। लखनऊ मण्डल रेल प्रशासन यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर मजबूत करने के लिए ऐसे प्रयासों को आगे भी जारी रखेगा।

हाल ही में कुंभ मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए संचालित विशेष कुंभ स्पेशल ट्रेनों के रेकों का अनुरक्षण कार्य भी इस डिपो में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इसके अतिरिक्त भारत गौरव ट्रेन के सभी 15 यानों का शॉप शेड्यूल-1 अनुरक्षण कार्य भी कुशलतापूर्वक पूरा किया गया।

पूर्व शिक्षक शिव नरायन मिश्रा का निधन

नगराम। नगराम के जवाहर लाल नेहरू इंटर कालेज के निवर्तमान शिक्षक 77 वर्षीय पंडित शिव नरायन मिश्रा का मंगलवार सुबह उनके आवास पर निधन हो गया । बेहद मिलनसार व मृदु भाषी कवि एस एन मिश्रा द्वारा अपने जीवन काल में ही मेडिकल छात्रों के शोध कार्यों के लिए अपना शरीर व नेत्र दान कर दिया गया था ।एस एन मिश्रा के लड़के द्वारा दी गई मौत की सूचना पर पहुंची डाक्टरों की टीम द्वारा एंबुलेंस से शव लखनऊ स्थित मेडिकल कालेज ले जाया गया । जवाहर लाल नेहरू इंटर कालेज के पूर्व शिक्षक शिव नरायन मिश्रा शिक्षण के क्षेत्र में 62 वर्ष की आयु में सन् 2010 में रिटायर हुए थे ।शिक्षण काल से ही कविता में रूचि के कारण कवि सम्मेलन में शिरकत किया करते थे उन्होंने अपने जीवन में 14 किताबें लिखी हैं । इन्हें उत्तर प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री द्वारा साहित्य के क्षेत्र में सर्जन पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

योगी से मिले मंत्री अनिल व कई रालोद नेता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, रालोद के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे और विधायक अशरफ अली ने मंगलवार को शिष्टाचार भेंट की।इस अवसर पर व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल व प्रदेश महासचिव ठाकुर बलराम सिंह भी उपस्थित रहे।इस अवसर पर प्रदेश की राजनीति व जनहित के विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

लविवि में समर्थ से होगा दाखिला

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय सत्र 2025-26 की स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं के लिए प्रवेश प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से सम्पादित होगी। लखनऊ विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से शीघ्र ही आनलाइन प्रवेश प्रक्रिया एवं LURN पंजीकरण प्रारम्भ कर दिया जाएगा।

वार्षिक परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले मेधावी हुए सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ।सेंट जोसेफ विद्यालय समूह की रूचिखण्ड स्थित शाखा के मेधावियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वर्ष 2024-25 में विभिन्न परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले एवं वार्षिक परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले वाले छात्र-छात्राओं को मेडल, सर्टिफिकेट और उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।वार्षिक परीक्षा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को शिक्षा में सर्वश्रेष्ठ, ऑल राउंडर, फुल अटेंडेंस, बेस्ट इंप्रूवमेंट आदि में सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्री-प्राईमरी, प्राइमरी, जूनियर व सीनियर के छात्र-छात्राओं में टॉप परफार्मर में पलक द्विवेदी , नीति द्विवेदी, अमोघ शुक्ला, माधवी त्रिपाठी, श्रेया मौर्य, अनंत सिन्हा, आदित्य राज सिंह, आरव गुप्ता, ऋत्विक दीक्षित, भव्या सिंह, सात्विक सिंह, आर. अमायरा, मोही शुक्ला, विवान मिश्रा प्रमुख थे। पूरे वर्ष भर बिना एक भी छुट्टी लिये विद्यालय आने वाले शत प्रतिशत उपस्थिति के लिये शिवांश, शगुन, शताक्षी, प्रतिष्ठा, निष्ठा, आदित्य, परी, अविका, अधिश्री, विनायक, उर्जित, चित्रा, अर्णव को सम्मानित किया गया। वही अपनी परफार्मेंस में सुधार करने पर बेस्ट इंप्रूवमेंट का पुरस्कार रेयांश कुमार राव और कनिका शर्मा को प्रदान कर दूसरों को भी बेहतर करने की प्रेरणा दी गयी। जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ राकेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किये। उन्होंने बच्चों की इस उपलब्धि के लिए माता-पिता को बधाई दी और कहा कि वह इसी प्रकार अपने बच्चों को सही दिशा एवं मार्गदर्शन देते रहे। निकट भविष्य में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में स्थान प्राप्त कर यही छात्र-छात्राएं अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में रुचि खंड शाखा की प्रधानाचार्य चारु खरबंदा, प्रशासनिक अधिकारी पल्लवी उपाध्याय, कोऑर्डिनेटर एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के माता-पिता उपस्थित रहे।

महाराणा सांगा पर टिप्पणी को लेकर क्षत्रियों ने धरना कर गिरफ्तारी दी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी सांसद रामजीलाल सुमन के द्वारा दिए गए महाराणा सांगा के प्रति अपमानजनक टिप्पणी को लेकर उत्तर प्रदेश क्षत्रिय समन्वय समिति के आह्वान पर प्रदेश के सभी क्षत्रिय संगठनों ने लखनऊ के 1090 चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया।

महासंग्राम यात्रा निकालने पर अडिग क्षत्रिय संगठनों के हजारों कार्यकताओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिसमें प्रदीप सिंह बब्बू, अवनीश सिंह, भूपेन्द्र सिंह, राकेश रघुवंशी, उमाशंकर सिंह रमेश रघुवंशी अजय त्रिपाठी मुन्ना, कृष्ण प्रताप सिंह, धनंजय सिंह राणा, विकास शाही, अमित राजपूत सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

उत्तर प्रदेश क्षत्रिय समन्वय समिति के संयोजक प्रदीप सिंह बब्बू ने कहा कि क्षत्रिय महासभा और करणी सेना के सभी 25 से अधिक संगठनों ने इस विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। प्रदीप सिंह बब्बू ने कहा कि सपा सांसद रामजी लाल सुमन के विरोध को दलित बनाम राजपूत बनाने का कुचक्र समाजवादी पार्टी द्वारा किया जा रहा है,जबकि राणा सांगा सिर्फ.एक जाति के नहीं वरन पूरे राष्ट्र के गौरव हैं। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवनीश सिंह ने कहा कि बताया कि विरोध का यह क्रम पूरे प्रदेश में अनवरत चलता रहेगा जब तक रामजी लाल सुमन माफी नहीं माँगेंगे। विरोध प्रदर्शन में प्रदीप सिंह बब्बू,अवनीश सिंह के अलावा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमाशंकर सिंह कुशवाह, प्रदेश अध्यक्ष युवा भूपेन्द्र सिंह,राजपूताना शौर्य फाउंडेशन के राम मूर्ति सिंह, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी, भारतीय क्षत्रिय समाज के प्रमुख अनिल सिंह,प्रदेश अध्यक्ष पंकज भदौरिया, अखंड राष्ट्रवादी पार्टी के लालजी सिंह, माँ करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष संदीप सिंह,श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष श्याम सिंह राठौर,करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरू सिंह,क्षत्रिय महासभा के राघवेंद्र सिंह राजू, राजपूताना महासभा के अध्यक्ष एके सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह अध्यक्ष क्षत्रिय कल्याण सेवा समिति, सर्वेश सिंह,संजीव सिंह,सूरज सिंह,अभिराज सिंह चौहान,बी एल सिंह सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

फॉर्मेसी के छात्र सीखेंगे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

एमओयू के तहत कंपनी छात्रों को नई तकनीकी के निःशुल्क कोर्स करायेगी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के फॉर्मेसी सहित इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट के छात्र क्लाउड सिक्योरिटी एनालिस्ट, फार्मा कोविजिलेंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन फॉर्मेसी के निःशुल्क कोर्स करेंगे। छात्रों को यह कोर्स नई तकनीकी के कोर्स कराने वाली नेमी एजुकेशन करायेगी। इसके लिए मंगलवार को कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की उपस्थिति में नेमी एजुकेशन के साथ एमओयू किया गया।एमओयू के तहत कंपनी तकनीकी छात्रों को स्किल्ड बनायेगी। खासकर फॉर्मेसी की पढ़ाई कर रहे छात्रों को नई तकनीकी के प्रयोग और फार्मा इंडस्ट्री की जरूरतों के मुताबिक प्रशिक्षित किया जाएगा। फॉर्मेसी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रयोग से काफी कुछ बदलाव की गुंजाइश है। साथ ही फार्मा कंपनियां एआई प्रशिक्षित छात्रों को रोजगार देने में प्राथमिकता भी दे रही हैं। ऐसे में छात्रों को नेमी एजुकेशन एआई इन फॉमेर्सी का कोर्स करायेगी। इसके अलावा फार्मा कोविजिलेंस के बारे में भी छात्र जानेंगे। जिससे उन्हें रोजगार मिलने में आसानी होगी। इसके अलावा क्लाउड सिक्योरिटी का भी कोर्स सभी पाठ्यक्रमों के छात्रों को कराया जाएगा। जल्द ही नेमी एजुकेशन ऑफलाइन एवं ऑनलाइन मोड पर कार्यशाला का आयोजन करेगी। जिसमें कंपनी के विशेषज्ञ छात्रों को प्रशिक्षित करेंगे। एमओयू के दौरान कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने कंपनी से जल्द ही कार्यशाला आयोजित कर छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए कहा। डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो. नीलम श्रीवास्तव एवं नेमी एजुकेशन के फाउंडर अक्षत वाजपेयी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये। इस मौके पर वित्त अधिकारी केशव सिंह, प्रतिभा शुक्ला, शिशिर द्विवेदी मौजूद रहे।

● एकेटीयू और नेमी एजुकेशन के बीच हुआ एमओयू

एकेटीयू के 11 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। एकेटीयू के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक के के 11 छात्रों का चयन फ्यूचर गुरूकुल्स एजुटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कोडिंग एंड रोबोटिक्स ट्रेनर के पद पर हुआ है। कंपनी की ओर से आयोजित विभिन्न स्तर की परीक्षा के बाद इन छात्रों को अंतिम रूप से चयनित किया गया है। इन छात्रों को कंपनी की ओर से करीब तीन लाख रुपए सालाना पैकेज दिया जाएगा। इसके अलावा अन्य सुविधाएं भी मुहैया करायी जाएंगी। चयनित छात्रों को कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

कार्यालय ग्राम पंचायत कुड़ीना विकासखंड फतेहपुर चौरासी उन्नाव

पत्रांकः मेमो/निविदा/आमंत्रण/मनरेगा/2025-26

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुडीना विकासखण्ड फतेहपुर चौरासी उन्नाव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति किए जाने हेतु इच्छुक पंजीकृत फमोर्से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा फर्म ग्राम पंचायत कार्यालय में दिनांक 08.04.2025 से दिनांक 14.04.2025 तक किसी भी कार्यदिवस में निधार्रित निविदा धनराशि जमा कर फार्म प्राप्त किए जा सकेंगे। मुहरबंद निविदाएं दिनांक 14.04.2025 तक निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जाएंगी तथा उसी दिन सम्बन्धित निविदादाताओं के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे खोली जाएंगी तथा उसी दिन सम्बन्धित निविदादाताओं के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे खोली जाएंगी।

क्रमांक	कार्य का नाम	प्राक्कलन की धनराशि	सामग्री का विवरण
1	अवधेश सिंह के घर से मेन सडक तक इंटरलाकिंग व पक्की नाली निर्माण कार्य	583817 रुपए	इंटरलॉकिंग ईट, सीमेण्ट, मौरंग इत्यादि।

नियम व शर्तेः
1 निधार्रित समय सीमा के पश्चात प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जाएगा।
2 निविदा फर्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नही है।
3 बिना कारण बताए किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4 अन्य जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकेगी।
5 किसी भी प्रकार का वाद पूर्णतया अस्वीकार होगा।

ग्राम प्रधान — वि.खं. फतेहपुरचौरासी उन्नाव।
ग्राम विकास अधिकारी — वि.खं. फतेहपुरचौरासी उन्नाव।

कार्यालय ग्राम पंचायत खानिमपुर विकास खंड पिपरौली गोरखपुर

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत खानिमपुर विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल. डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा- चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 09.04.2025 से 12.04.2025 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते हैं। निविदा दिनांक 12.04.2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 01.00 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी।

नियम एवं शर्तेः-
1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी.एस.टी. तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

सर्वजीत साहनी, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत खानिमपुर, वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर
अजय कुमार जायसवाल, सचिव, ग्राम पंचायत खानिमपुर, वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत सिहाईजपार विकास खंड गगहा, गोरखपुर

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत सिहाईजपार विकास खंड गगहा जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा, पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल.डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा-चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 10-04-2025 से 17-04-2025 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते, हैं। निविदा दिनांक 18-04-2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 12 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी नियम एवं शर्तेः-
1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो ।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी०एस०टी० तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

राजकुमार, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सिहाईजपार, वि.खं. गगहा, गोरखपुर
मनीष जायसवाल, सचिव, ग्राम पंचायत सिहाईजपार, वि.खं. गगहा, गोरखपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत डिहुलपार विकास खंड गगहा, गोरखपुर

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत डिहुलपार विकास खंड गगहा जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा, पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल.डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा-चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 10-04-2025 से 17-04-2025 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते, हैं। निविदा दिनांक 18-04-2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 12 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी नियम एवं शर्तेः-
1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो ।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी०एस०टी० तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

अनिल शाही, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत डिहुलपार, वि.खं. गगहा, गोरखपुर
मनीष जायसवाल, सचिव, ग्राम पंचायत डिहुलपार, वि.खं. गगहा, गोरखपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत अतायर विकास खंड गगहा, गोरखपुर

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत अतायर विकास खंड गगहा जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा, पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल.डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा-चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 10-04-2025 से 17-04-2025 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते, हैं। निविदा दिनांक 18-04-2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 12 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी नियम एवं शर्तेः-
1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो ।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी०एस०टी० तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

प्रतिमा यादव, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अतायर, वि.खं. गगहा, गोरखपुर
मनीष जायसवाल, सचिव, ग्राम पंचायत अतायर, वि.खं. गगहा, गोरखपुर

संक्षेप

पारिवारिक मामलों को चिह्नित कर निपटायें

देवरिया। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी द्वारा प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बद्री विशाल पाण्डेय की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में पारिवारिक वादों के अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण हेतु प्री-ट्रायल बैठक आहूत की गई। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय देवरिया बद्री विशाल पाण्डेय द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 10.मई की सफलता हेतु प्री-ट्रायल बैठक में परिवार न्यायालयों में अधिक से अधिक संख्या में पारिवारिक वादों को चिन्हित कर निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया। उनके द्वारा पारिवारिक वादों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा कर, उनके निस्तारण पर बल दिया गया है, जिससे पत्रावलियों को संबंधित न्यायालय में प्रार्थना पत्र के माध्यम से लगवाकर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण कर लाभ उठाया जा सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वादों का निस्तारण पक्षकारों के आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जाएगा।

ग्रामीण पत्रकार एसो. के प्रदेश उपाध्यक्ष के निधन पर शोक



देवरिया। ग्रामीण पत्रकार एसो. के प्रदेश उपाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश सेल्फ फाइनेंस महाविद्यालय संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण कुमार द्विवेदी के निधन पर पत्रकारों महाविद्यालयों के प्रबंधकों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे श्री द्विवेदी का आज उरई मेडिकल कालेज में निधन हो गया। उनके निधन पर ग्रामीण पत्रकार एसो.के जिला अध्यक्ष पौहारी शरण राय प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन वीरेंद्र सिंह जिला महामंत्री प्रेमचंद मिश्र, मंडल उपाध्यक्ष नागेंद्र नाथ शर्मा जिला मंत्री डॉ हरिशचंद्र मिश्रा सहित प्रबंधक संघ के प्रमुख कुमार, उमाशंकर राय अजय कुमार अजित कुमार सिंह आदि ने गहरा दुख व्यक्त किया है ग्रापए के कैंप कार्यालय पर 2 मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।

कुष्ठ रोगियों को दी गयी दवा

कुशीनगर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएचसी कसया पर मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। जहाँ कुष्ठ रोगियों के बच्चों की काउंसिलिंग की गयी तथा छह कुष्ठ रोगियों को दवा व एमसीआर चप्पल वितरित किया गया। शिविर में छह कुष्ठ रोगियों के बीच दवा व एमसीआर चप्पल वितरित किया गया। पीएचसी सुकरौली पर तैनात एनएमएस रमेश प्रसाद त्रिपाठी द्वारा उपस्थित सभी कुष्ठ रोगियों को गमछा भी दिया गया। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ.विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि शिविर में काउंसिलिंग के जरिए कुष्ठ रोगियों के दो बच्चे को पढाई करने के लिए तथा एक कुष्ठ रोगी को सर्जरी कराने के लिए चिन्हित किया गया। अब दो बच्चों को आईटीआई की पढ़ाई तथा एक व्यक्ति के घाव की सर्जरी कराने के लिए एक स्वयं सेवी संस्था के माध्यम से फैजाबाद भेजा जाएगा।

50 लाख से अधिक की परियोजनाओं की हुई समीक्षा

लक्ष्य के सापेक्ष कार्य में प्रगति लाने व अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का डीएम ने दिये निर्देश

कुशीनगर। डीएम की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत के महत्वपूर्ण परियोजनाओं की मासिक प्रगति समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में पीडब्ल्यूडी, यूपी पीसीएल, सी एंड डीएस, यूपी सीएलडीएफ, यूपी आर एन एस एस, द्वारा कराए जा रहे कार्यों की विधिवत समीक्षा की गई। बैठक दौरान डीएम ने सभी निर्माण कार्यों में लागत धनराशि के सापेक्ष परियोजना हेतु अवमुक्त अभी तक धनराशि की समीक्षा की तथा अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष कराए गए कार्यों, भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी कार्यदायी संस्था के सहायक अभियंता एवं अन्य अधिकारियों से ली गई। सर्व प्रथम पीडब्ल्यूडी के निगरानी में कार्यदायी संस्था द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की अद्यतन जानकारी ली गई, तत्पश्चात महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा भी की गई। जिसके क्रम में कार्यवाही संस्था के संबंधित अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में ड्राइंग एवं डिजाइन इंफ्रास्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण है तथा पायलिंग का कार्य प्रगति पर है। जिला कारागार के निर्माण कार्यों के अंतर्गत बैठक, प्रशासनिक भवन, मल्टीपरपज हॉल आदि प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी गई।

कार्यदाई संस्था यूपी पीसीएल द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय विशुनपुरा परिसर में छात्रावास का निर्माण कार्य समीक्षा दौरान बताया गया कि अप्रैल माह तक पूर्ण कर लिया जाना था, फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर है तथा अभी कुछ कार्य अवशेष हैं जिसे शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। इसी प्रकार बौद्ध विहारों पर पर्यटन सुविधाओं के सृजन कार्यों की जानकारी दी गई। इसी प्रकार थाना तरया सुजान व सेवरही के कार्य की भी जानकारी संबंधित द्वारा दी गई। पर्यटन विकास योजना अंतर्गत हाटा स्थित कर्महा मठ, दिग्जम्बर जैन मंदिर फाजिलनगर, रामकोला स्थित चेड़ामाई मंदिर परिसर में मेडिटेशन हाल, खिरकियां एवं शिव मंदिर में पर्यटन विकास कार्य, रामपुर सोहरौना स्थित ताल के ईको पर्यटन विकास कार्य, रामाभार स्तूप के सन्निकट बुद्धा घाट पर पर्यटक सुविधाओं के दृष्टिगत पर्यटन विकास एवं सौंदरीकरण कार्य, बुद्धा थीम पार्क का निर्माण/सौंदर्यीकरण का समस्त कार्य, बौद्ध विहार पर पर्यटन सुविधाओं के सृजन कार्यों अंतर्गत कार्य में प्रगति की जानकारी संबंधित द्वारा दी गई। इसके अतिरिक्त रामपुर सोहरौना स्थित पर्यटन विकास कार्य, बनकटा बाजार स्थित काली मंदिर का कार्य साइनेज का कार्य, हाटा बस स्टैंड के नव निर्माण कार्य, कुशीनगर के अंतर्गत 50 बेड क्रिटिकल केयर सेंटर भवन के निर्माण कार्य, राम जानकी मंदिर कसया के कथा मंडप, धर्मशाला एवं अतिथि गृह, गो संरक्षण केन्द्र कोहरवालिया, पशुचिकिसालय कप्तानगंज, नेबुआ नौरंगिया की प्रगति की जानकारी दी गई। स्पोर्ट्स स्टेडियम में बाल तरन ताल के निर्माण कार्यों को जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए । जिलाधिकारी द्वारा कार्यों में तेजी लाने सहित टाइमलाइन का ध्यान रखने तथा पेंटिंग आदि शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। रामाभार स्तूप के सन्निकट बुद्धा घाट पर पर्यटक सुविधाओं के दृष्टिगत पर्यटन विकास एवं सौंदरीकरण कार्य के अंतर्गत उन्होने जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। समीक्षा दौरान जनपद न्यायालय स्थित कोर्ट के निर्माण कार्यों, पडरौना बस स्टेशन का जीर्णोद्वार/आधुनिकरण का कार्य, बुद्धा पार्क रविंद्रनगर के निर्माण कार्य, जल निगम नगरीय अंतर्गत पाइप लाइन का कार्य, इसके अलावे नई सड़कों/ चौड़ीकरण के समस्त कार्यों की समीक्षा दौरान जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष कार्य की प्रगति जानी व कार्य प्रगति को बढ़ाए जाने तथा जिन निर्माण कार्य में सभी कार्य पूर्ण हो गए हैं उसे तत्काल हस्तांतरित/ हैंडओवर करने हेतु संबंधित कार्यदायीं संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी लंबित कार्य और अवशेष कार्य जल्द से जल्द पूरा कर लिए जाए। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं हेतु धनराशि अवमुक्त की गई है उनका उपयोग कर कार्य प्रगति में कर तेजी लाएं। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी श्रवण कुमार सिंह, सहायक पर्यटन अधिकारी प्राण रंजन , अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यू डी निर्माण खंड/प्रांतीय खंड, सभी कार्यदाई संस्थाओं के एक्स इएन सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

अपर जिला जज ने दंपति के मनमुटाव को दूर कर, मंगल कामना के साथ दी विदाई

देवरिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्री-लिटिगेशन स्तर पर एक प्रार्थना पत्र का निस्तारण जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया देवेन्द सिंह के कुशल मार्गदर्शन में व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी के नेतृत्व में मध्यस्थ अरविन्द कुमार पाण्डेय के सहयोग से कराया गया। सिमरन खातुन बनाम अरबाज खान, साकिन-रामपुर धौताल, थाना, तरकुलवा, जिला देवरिया का प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के कार्यालय के माध्यम से सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया मनोज कुमार तिवारी के समक्ष प्रस्तुत हुआ।

प्रकरण में सिमरन खातुन की शादी अरबाज खान पुत्र फेकु निवासी ग्राम विरछा पत्ती, थाना तरकुलवा, जिला देवरिया के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुई थी। सिमरन खातुन व अरबाज से तीन बच्चे पैदा हुए। बच्चों के पैदा होने के कुछ समय बाद दोनों दंपत्ति के बीच शंका व मनमुटाव हो जाने के कारण दोनों अलग-अलग जीवन व्यतीत करने लगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के विधिक जागरूकता/साक्षरता कार्यक्रम से प्रेरित होकर थाने के माध्यम से दिनांक 05.04.2025 को सिमरन खातुन बनाम अरबाज खान का प्रार्थना पत्र थानाध्यक्ष तरकुलवा के द्वारा कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया को भेजा गया। जिसे सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी के कुशल नेतृत्व में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मध्यस्थ अरविन्द कुमार पाण्डेय के सहयोग से उभय पक्षों को बुलाकर वार्ता कराई गई। दोनों पक्षों को उनके बच्चों के प्रति जिम्मेदारियों, कर्तव्यों व वैवाहिक जीवन के वचनों का बोध कराकर उनके बीच के मनमुटाव को दूर किया गया। सचिव ने कहा कि परिवार के साथ हर खुशी दुगनी हो जाती है। सबसे बड़ा धन है परिवार, सबसे अमूल्य धन है माँ-बाप। दोनों पक्षकारों को एक साथ वार्ता कराने के उपरांत उन्होंने स्वेच्छा से साथ-साथ रहने पर सहमति जताई और उन्हें फिर से नई जिंदगी शुरू करने की मंगल कामना के साथ विदाई दी गई।

पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश कुतुबुद्दीन सहित दो घायल

- बदमाश कुतुबुद्दीन ने बिहार राज्य के गोपालगंज जिले में पुलिस होमगार्ड पर चलायी थी गोली

कुशीनगर। जिले के रामकोला थाना क्षेत्रान्तर्गत पुलिस मुठभेड़ हुई है, जिसमें एक 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश कुतुबुद्दीन उर्फ छोटू पुत्र इस्लाम निवासी सोहरौना थाना को0 पडरौना व उसका साथी जावेद अख्तर उर्फ लड्डन पुत्र मो0 सबूर निवासी परसौनी थाना रामकोला घायल हुआ।

पुलिस के अनुसार कुतुबुद्दीन उपरोक्त एक शातिर बदमाश है, जिसके ऊपर कई मुकदमें है, जो हाल ही में थाना कुचायकोट गोपालगंज राज्य बिहार में पुलिस के ऊपर गोली चलाई थी। जिसमें एक होमगार्ड के पेट मे गोली लगी थी। ये अन्य शराब तस्करी व गोतस्करी में मामलों में ये वांछित था और थाना सेवरही के गैगेस्टर सहित थाना तमकुहीराज के मुकदमें में वांछित चल रहा था। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को इसके परसौनी में होने के सूचना प्राप्त हुई, जिसपर तत्काल पुलिस टीमों का गठन किया गया। जिसमें थाना को0 पडरौना, थाना रामकोला, थाना कप्तानगंज , थाना रविन्द्रनगर धूस, थाना नेबुआ नौरंगिया, साइबर सेल व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी की गयी। इस दौरान बदमाशों द्वारा लक्ष्य साध कर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम के द्वारा फायर किया गया जिसमें दोनों अभियुक्तों को घायल/गिरफ्तार किया गया। जनपद कुशीनगर में ऐसे जो भी अपराधी अपराध कारित करने की कोशिश करेगें, कुशीनगर पुलिस द्वारा उनके साथ सख्ती से कार्यवाही की जायेगी। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

ईश्वर रूपी धन जितना खर्च होगा उतना ही बढ़ेगा : पं. श्रीकांत शर्मा

देवरिया। देवरिया कसया मार्ग स्थित अग्रवाल वाटिका में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण के पांचवे दिन कथा व्यास पूज्य श्री श्रीकांत शर्मा जी ने कहा कि ईश्वर रुपी धन को जितना अधिक खर्च किया जाएगा। वह उतना ही बढेगा। साँसारिक धन खर्च करने पर काम होता है। लेकिन ईश्वर रूपी धन जितना खर्च होता हैं, उतना ही बढता जाता हैं। साँसारिक धन भी सद् कार्यों में इस्तेमाल किया जाय तो वह बढता है। धन के साथ भक्ति होनी जरूरी है। क्योंकि भक्ति रहित धन विनाश की ओर ले जाता है। कोई व्यक्ति जवान हो और उसके पास काफी धन हो, लेकिन उसे सत्सग नही मिले तो वह बिगड़ जाऐगा। यह मानी हुई बात हैं। दुनिया के अन्य कामों में भी हो सकता है। लेकिन ईश्वर का नाम लेने पर लाभ होता है। इस लिए भगवान का नाम जपते रहना चाहिए। सही अर्थों में धनवान वही है, जो धन से समाज और राष्ट्र की सेवा करता है। बाल व्यास जी ने कहा कि गोधन को सबसे श्रेष्ठ कहा गया है। गाय जितना देती है उतना कोई भी नहीं दे सकता है। नंद बाबा के यहां नौ लाख गायें थी। जब उन्होंने पुत्र होने की खबर सुनी तो दो लाख गायें दान कर दी। भारत ऋषि और कृषि प्रधान देश है। जब तक गाये हैं, तब तक भारत है। गाय नहीं रहेगी तो भारत भी नहीं रहेगा। गायों के खत्म होने पर यह देश भी खत्म हो जाएगा। किसान के अन्न और ऋषि के तप से ही खुशहाली आती है। भगवान को पाना हो या सही अर्थों में बड़ा आदमी बनना हो तो मन को बड़ा बनाएं। छोटे से तालाब में पत्थर का टुकड़ा फेका जाता है तो हलचल मच जाती है। लेकिन वही पत्थर का टुकड़ा जब विशाल समुद्र मे फेंका जाता है। तो उसमें ऐसा समा जाता है जैसे कुछ हुआ ही नहीं हो। ईश्वर का आह्वान भी छोटे मन से नहीं हो सकता है। ईश्वर को मनाना है तो खुद को बड़े मन वाला बनाए। नंद बाबा महा मना है। वे गो की सेवा करते है। शास्त्रों में कहा गया है कि गो की सेवा करने वाला निरवंश नहीं रह सकता है। महाराज दिलीप ने नंदिनी गाय की सेवा की तो उन्हे रघु जैसा प्रतापी पुत्र प्राप्त हुआ। माताऐ अपने बच्चों को विदेश भेजती है। तो कहती है कि बेटे खाने-पीने का ध्यान रखना। यही वे भूल जाती है। विदेश जाने वाले पुत्र से कहना चाहिए कि बेटे अपने मन का ख्याल रखना। मन वश में रहेगा तो सब कुछ वश में रहेगा। मन को वश में रखने वाले व्यक्ति को किसी प्रकार की तकलीफ नहीं होती है। कृष्ण बाल लीला एवं छप्पन भोग की कथाओं में देवराज इंद्र की अहंकार को भगवान श्री कृष्ण ने तोड़कर समस्त ब्रिज वासियों को गिरिराज जी की महिमा को ऊपर रखते हुए कहा कि इनसे बड़ा हमारे लिए कलिकाल में गिरिराज सबसे बड़ा देवता है। मनुष्य को अपनी औधे का कभी गुमान नहीं करना चाहिए। कथा में यजमान मंजू देवी कनोडिया, संजय जी कनोडिया, विशाल जी, गौतम जी, अमर जी, कैलाश जी, खुशबू जी, स्वामी जी, मधु जी चहाड़िया, वाराणसी विश्वनाथ जी कनोडिया, राहुल पोद्दार, जेपी अग्रवाल, प्रदीप जी चहाड़िया, सज्जन केजरीवाल, पुरुषोत्तम मरोड़िया, आनंद अग्रवाल, प्रभु जायसवाल, हरेंद्र जायसवाल, नित्या पाण्डेय, उपेन्द्र शाही सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

मखाना खेती को प्रोत्साहित कर रही सरकार

देवरिया। भाजपा सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर उत्कर्ष के 8 वर्ष कार्यक्रम के तहत गांव चलो अभियान में भाजपा किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं ने देवरिया विधानसभा के पिपरपाती गांव में घर-घर सरकार की उपलब्धियों की पुस्तिका वितरित किया। इस अवसर पर लोगो के घरों पर भाजपा का झंडा भी लगाया गया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 8 वर्षों में किसानों की उन्नति के लिए कई कार्य किये हैए सरकार मखाना की खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहित कर प्रति हेक्टेयर 40 हजार रुपये का अनुदान दे रही हैए सरकार के इस पहल में अग्रणी भूमिका निभाते हुए देवरिया के किसानों ने सबसे आगे आकर पिछले साल से ही जनपद में मखाना की खेती शुरू कर दिया है उन्होंने कहा कि मखाना की खेती से किसानों की आय दुगुनी होगी और किसान समृद्ध होंगे।

प्लेटफार्म श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य

देवरिया। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार जनपद में प्लेटफार्म श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित कराने हेतु विशेष प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा। इस क्रम में विभिन्न स्थानों पर कैम्प आयोजित कर श्रमिकों को पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा, ताकि वे केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित श्रम कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि देश में ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध कराने वाले जैसे जोमैटो, स्वीगी, ब्लू डार्ट, अमेजन, फ्लिपकार्ट, फेसबुक आदि डिजिटल प्लेटफार्म से जुड़े कार्यरत श्रमिकों को 'प्लेटफार्म वर्कर' अथवा 'गीग वर्कर' की श्रेणी में रखा गया है। ये श्रमिक अपने-अपने प्लेटफार्म के साथ अनुबंध के अधीन कार्य करते हैं और पारिश्रमिक प्राप्त करते हैं, परंतु इनका अपने नियोक्ता से परंपरागत कर्मचारी-सेवायोजक संबंध नहीं होता। ऐसे श्रमिकों से अपील की गई है कि वे श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित ई-श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराएं, जिससे उन्हें श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

सपाइयों ने बाबा साहब भीम राव के सम्मान का चलाया अभियान

देवरिया। समाजवादी पार्ट की अगुवाई में रामगुलाम टोला में बाबा साहब भीम राव आंबेडकर के सम्मान में उनकी प्रतिमा स्थल पर स्वाभिमान स्वमान अभियान समारोह की शुरूआत हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि बीजेपी सरकार बाबा साहब के संविधान को खत्म करने पर तुली हैं संविधान के रचयिता बाबा साहब का अपमान उसी का हिस्सा है जब तक संविधान जिंदा है तब तक हम सभी का सम्मान है ! संविधान बचाने के लिए हम सभी को एकजुट होना पड़ेगा हमारी एकता ही संविधान को सुरक्षित करेगा ! संविधान हम सभी को सुरक्षित करेगा ! इस दौरान विजय प्रताप यादव, हृदयानारायण जायसवाल, बेचूलाल चौधरी, जयराम राजभर, राजवंशी राजभर, शतीश बौद्ध, विंध्याचल बौद्ध, रमेश यादव, हंसनाथ यादव, हरेंद्र सिंह त्यागी, देवेन्द्र यादव, दीनानाथ चौधरी, रामनारायण यादव, राजनाथ यादव, गिरीश जायसवाल, देवदार सहित आदि लोग मौजूद रहे।

आगरा-ग्वालियर नेशनल हाईवे पर टक्कर लगते ही जलने लगा डंपर, जिंदा जला ड्राइवर

आगरा। सैंया क्षेत्र में टक्कर लगने के बाद डंपर में आग लग गई। ड्राइवर जब तक खुद को बचा पाताए तब तक आग ने उसे चपेट में ले लिया। ड्राइवर की जिंदा जलकर मौत हो गई। आगरा.ग्वालियर हाईवे पर सैंया बिजलीघर के पास मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। तेज रफ्तार डंपर ने आगे चल रहे कैंटर में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कैंटर में आग लग गई। चालक का पैर सीट में फंस गया। जब तक वो बाहर निकलताए तब तक आग ने पूरी तरह घेर लिया। चालक की डंपर के अंदर जिंदा जलकर मौत हो गई। मृतक का नाम निशांत हैए जो राजस्थान के मनिया जिला का रहने वाला था। डंपर चालक लोकेंद्र ने बताया कि निशांत को गाड़ी कम चलाना आथी थी। सिखाने के उद्देश्य से उसने ड्राइविंग सीट पर उसे बिठा दिया था। सैयां बिजलीघर के पास आगे चल रहे कैंटर ने अचानक ब्रेक मार दिए। निशांत डंपर को संभाल नहीं पाया और कैंटर से टकरा गया। टक्कर लगते ही डंपर में आग लग गई। वो तो बच निकलाए लेकिन निशांत का पैर फंस गया। वो चाहते हुए भी उसे नहीं बचा सका। तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गईए लेकिन तब तक निशांत की जिंदा जलकर मौत हो गई।

प्रेमी ने लगायी आग, बचाने में प्रेमिका भी झुलसी

आगरा। शहर के एक होटल में युवक और युवती ने खुद को आग लगाकर जान देने का प्रयास किया। समय रहते दोनों को बचा लिया गया। दोनों को गंभीर जली अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना हरीपर्वत क्षेत्र स्थित होटल के कमरे में युवक.युवती ने खुद को आग लग ली। आग से घिरने के बाद जब दोनों चीखने चिल्लाने लगेए तब होटल कर्मचारियों को जानकारी हो सकी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों को गंभीर जली अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना हरीपर्वत क्षेत्र स्थित होटल पार्क एवेंन्यू की ये घटना है। मंगलवार को यहां एक कमरे में ठहरे युवक और युवती ने खुद को आग लगा ली। पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने बताया कि टेढ़ी बगिया के सैनिक नगर का रहने वाले चंद्रशेखर की कुबेरपुर की रहने वाली महिला से दोस्ती थी। पिछले करीब डेढ़ साल से दोनों एक.दूसरे से बात करते थे। महिला ने बताया कि उसका तलाक हो चुका है। अब घरवालों ने उसकी शादी तय कर दी थी। उसने चंद्रशेखर से बात करना बंद कर दिया था। चंद्रशेखर ने उसे बात करने के लिए बुलाया था। वो उसको लेकर हरीपर्वत क्षेत्र के होटल में लेकर गया। 12 बजे वो होटल के रूम में गए। इसके 5 मिनट बाद ही लड़का चीखता हुआ बाहर आया। उसके आग लगी हुई थी। युवक आग की लपटों में घिरा दिखा होटल मैनेजर अंकित ने बताया. युवक और युवती दोपहर 12 बजे होटल में कमरा लेने आए थे। दोनों से आईडी लेकर कमरे दिए गए थे। थोड़ी ही देर बाद 12 बजकर 5 मिनट पर युवक कमरे से बाहर आता दिखाई दिया। युवक आग की लपटों में घिरा हुआ था। स्टाफ ने देखते ही तुरंत फायर हाइड्रेंट खोलकर आग बुझाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस को युवती ने बताया कि उसने युवक से कहा था कि अगर कोई बात करनी है तो मेरे घर पर आकर बात करो। बस इतना कहते ही उसने मिट्टी का तेल डालकर आग लगा ली।

भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को मजबूती से उठाऊंगा : सत्यम पांडेय

सलेमपुर, देवरिया। भाजपा सरकार के क्रिया कलापों से देश व प्रदेश की जनता परेशान हो गई है। इनके जनविरोधी नीतियों को जनता के बीच मजबूती से उठाने का कार्य करूँगा। उक्त बातें कांग्रेस कार्यालय पर युवा कांग्रेस के पूर्वी जोन के सोशल मीडिया विभाग के नवनियुक्त प्रदेश संयोजक सत्यम पांडेय ने अपने स्वागत कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा, उन्होंने कहा कि आज युवा वर्ग की पीड़ा को यह सरकार नही समझ रही है। अब बिना कांग्रेस के आम जनता का भला नहीं होने वाला है। संगठन ने जिस आशा व विश्वास से हमें यह जिम्मेदारी सौंपी है उसको पूरा करने का काम करूंगा। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गोविन्द मिश्र ने कहा कि कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व नें एक साधारण कार्यकर्ता को यह जिम्मेदारी सौंप कर यह साबित कर दिया कि कांग्रेस में ही नौजवानों का सम्मान है। कांग्रेस के निवर्तमान जिला महासचिव डॉ धर्मेन्द्र पांडेय ने कहा कि युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब व सोशल मीडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनु जैन व प्रदेश अध्यक्ष विशाल सिंह, प्रभारी शांतनु सिंह ने जो भार सौंपा है उस पर निश्चित ही सत्यम पांडेय खरा उतरेंगे।

स्कूल में शिक्षक मैनुद्दीन का मुंह काला करते हुए वीडियो वायरल, गिरफ्तार

कुशीनगर। शिक्षा के मंदिर में मैनुद्दीन अंसारी नामक शिक्षक द्वारा अपने ही स्कूल की एक छात्रा के साथ मुंह काला करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वीडियो मे मैनुद्दीन पोर्न वीडियो की तरह अश्लीलता की सारी हदें पार करते हुए दिखाई दे रहा है। ऐसी चर्चा है कि इससे पहले भी मैनुद्दीन अंसारी ने अपने विद्यालय के तमाम छात्राओं को उत्तीर्ण कराने और अच्छे नम्बर दिलाने का झासा देकर अपने हवस शिकार बनाया जा चुका है। बताया जाता है कि सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों नें मैनुद्दीन की कुटाई कर उसकी बर्खास्तगी की मांग करते हुए विद्यालय गेट पर प्रर्दशन किया। इधर मामले की जानकारी होने के बाद कसया पुलिस ने मैनुद्दीन को गिरफ्तार कर विभिन धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

मामला जनपद के कसया थाना क्षेत्र के मल्लूडीह स्थित कृषक इंटरमीडिएट कालेज का है जहा के सहायक अध्यापक प्रधानाचार्य मैनुद्दीन अंसारी, विद्यालय की एक छात्रा के साथ शिक्षा के मंदिर मे मुंह काला कर रहा था। ग्रामीणों का कहना मैनुद्दीन अंसारी के कुकर्म का यह पहली घटना नही है बल्कि विद्यालय की तमाम छात्राओं को क्लास मे पास कराने व अच्छे नम्बर दिलाने का दावा कर मैनुद्दीन द्वारा तमाम छात्राओं को अपना शिकार बनाया जाता रहा है। मैनुद्दीन अंसारी के खिलाफ कार्रवाई व बर्खास्तगी की मांग को लेकर विद्यालय पर प्रर्दशन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व मे भी मैनुद्दीन को इस तरह के कुकर्म करते हुए लोगो ने पकडा था। उस समय चेतावनी देकर छोड दिया गया था, बीच मे कई बार लोगो ने उसको अपने आदत मे सुधार लाने के लिए हिदायत भी दिया। किन्तु इस घृणित व्यक्ति में कोई सुधार नही हुआ।

ईश्वर सब देख रहा है: वायरल वीडियो मे साफ दिख रहा है कि कृषक इंटरमीडिएट कालेज के सहायक अध्यापक मैनुद्दीन अंसारी विद्यालय के स्काउट गाइड कक्ष में स्कूली छात्रा के साथ जब मुंह काला कर रहा था उस समय उस कक्ष के दीवार पर स्पष्ट लिखा हुआ दिखाई दे रहा है कि " ईश्वर सब देख रहा है " इस वाक्य को भले ही मैनुद्दीन ने नजर अंदाज कर दिया हो, किन्तु यह वाक्य चरितार्थ हो गया जिसकी मैनुद्दीन को तनिक भी भान नही था।

पुलिस ने वायरल वीडियो को लिया संज्ञान, मैनुद्दीन गिरफ्तार: पुलिस के मीडिया सेल से जारी खबरो की माने तो पुलिस को सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियों संज्ञान में आया जिसमें एक व्यक्ति के द्वारा एक लड़की के साथ गलत एवं अश्लील हरकत किया जा रहा है। पुलिस ने वीडियों की जाँच की, जाँच के दौरान यह ज्ञात हुआ कि वीडियों कृषक इंटर कालेज मल्लूडीह थाना कसया जनपद कुशीनगर का है और वीडियों में दिखने वाला व्यक्ति उस विद्यालय मे सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत मैनुद्दीन अंसारी पुत्र हदीश अंसारी निवासी धनहा उर्फ मल्लूडीह थाना कसया जनपद कुशीनगर का है। सीओ कसया कुन्दन सिंह का कहना है कि प्रकरण में लड़की के परिजनों की तहरीर के आधार पर कसया थाने मे धारा धारा 68(2), 351(3), 3/4 पास्को एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर आरोपी मैनुद्दीन अंसारी को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है।

मैनुद्दीन और कार्यवाह प्रधानाचार्य निलंबित

मैनुद्दीन अंसारी के कुकर्म का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ग्रामीणों ने जब विद्यालय परिसर मेंपहुंचकर मैनुद्दीन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन शुरू किया तो जिला विद्यालय निरीक्षक सहित विद्यालय के प्रबंधक हरकत में आ गये। नतीजतन प्रबंधक ने तत्काल प्रभाव से मैनुद्दीन अंसारी को निलंबित कर दिया जबकि मंगलवार को विद्यालय में पहुंचे जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त ने कार्यवाहक प्रधानाचार्य को भी निलंबित करने का घोषणा की।

स्कूल चलो अभियान और प्रतिभा सम्मान

बरहज (देवरिया)। नगर पंचायत भलुअनी के अंतर्गत स्थित प्राथमिक विद्यालय चकरा भार्गव में आज स्कूल चलो अभियान तथा वर्ष 2024 -25 में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को अंक पत्र वितरण तथा प्रतिभा सम्मान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भलुअनी के ब्लॉक प्रमुख श्री छट्ठू यादव जी एवं विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत वार्ड 8 गोविंद बल्लभ पंतनगर के सभासद प्रतिनिधि व समाजसेवी मनोज तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रणव दुबे जी, भलुअनी ब्लॉक के भूतपूर्व उप ज्येष्ठ प्रमुख श्री विनोद सिंह जी, राघवेंद्र प्रताप सिंह जी, अमर उजाला पत्रकार पवन पाठक जी, आर एस एस के जिला व्यवस्था प्रमुख श्री विनोद मद्धेशिया जी, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश कुशवाहा जी, मृत्युंजय सर जी, एस एम सी अध्यक्ष रवींद्र पाठक जी, कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी चंद्रभूषण सिंह उर्फ चंदू सिंह जी ने की।

ब्लॉक प्रमुख द्वारा अपने संबोधन में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत अभिभावकों से अधिक से अधिक विद्यालय में नामांकन कराने हेतु जोर दिया गया तथा प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय में भेजने हेतु प्रेरित किया गया तथा छात्रों को भी मन लगाकर अध्ययन करने के लिए कहा गया। तथा विद्यालय को हर प्रकार से सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। छात्राओं द्वारा स्कूल चलो अभियान पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। परीक्षाफल में कक्षा 5 में अनुज गुप्ता प्रथम, दीपांशु द्वितीय व साहिल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कक्षा 4 में अनामिका प्रथम, छेमा द्वितीय व खुशबू यादव को तीसरा स्थान, कक्षा 3 में आकांक्षा प्रथम, शाहिद द्वितीय व अनन्या तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 2 में अनुष्का प्रजापति प्रथम अनुष्का राजभर द्वितीय सौम्या को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कक्षा 1 में विक्रांत प्रथम आदित्य द्वितीय अनूप को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति आभार एवम्धन्यवाद प्रकट किया।

कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश कांदू ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक अभिषेक पांडेय, संजीव गौतम जी, दीपिका तिवारी, कौशिल्या देवी, पूनम सिंह, श्याम सुंदर सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे ।

संक्षेप

गेहूं के खेत में आग लगने से फसल जलकर राख

लहरपुर /सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नौवापुर में मंगलवार को गेहूं के खेत में आग लगने से गेहूं की फसल जलकर राख। किसानों और दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत कर आग पर पाया काबू। जानकारी के अनुसार महमूद खां पुत्र रऊफ खान के गेहूं के खेत में ट्रांसफार्मर लगा है, पीड़ित किसान का आरोप है कि ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से उसकी गेहूं की दो बीघा फसल जलकर राख हो गई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह गेहूं की फसल को जलते हुए देखकर ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और आग बुझाने के प्रयासों के साथ सूचना दमकल विभाग को दी, मौके पर प्रभारी अग्निशमन हंस कुमार सिंह व दमकल विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक किसान की लगभग दो बीघा जल कर नष्ट हो गई। पीड़ित किसान महमूद खां ने बताया कि आग लगने की सूचना बिजली विभाग व राजस्व विभाग को भी दे दी गई है।

शिक्षित और जागरूक महिलाएं प्रेरक बन सकती हैं

सीतापुर। महिलाओं के उत्थान के लिए शिक्षा की उत्कृष्ट व्यवस्था के साथ-साथ उनकी सुरक्षा के लिए समुचित प्रबंध जरूरी है। शिक्षा से ही जागरूकता आती है। जागरूक महिलाएं ही अनेक प्रकार के शोषण से अपना बचाव कर सकती हैं। महमूदाबाद विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बघाइन में बेसिक शिक्षा विभाग और पुलिस विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित किये गए कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं और उनकी माताओं-बहिनों को संबोधित करते हुए पुलिस उपाधीक्षक वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षित और जागरूक महिलाएं समाज के लिए प्रेरक बन सकती हैं। मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी देते हुए उपनिरीक्षक प्रेमावती ने बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि कोई पुरुष गलत हरकत करे तो उसकी जानकारी अपने माता-पिता को अवश्य दें। महिलाओं को घरेलू हिंसा और शोषण से बचने के लिए समझदार बनना पड़ेगा। मुसीबत आने पर 112 और 1090 नम्बर डायल करके पुलिस की मदद ली जा सकती है। इस मौके पर एसएसआई अरविंद कटियार, आरक्षी कविता, शालिनी, मोना मौजूद रहीं। प्रधान प्रेमचन्द्र वर्मा, प्रधानाध्यापिका अर्चना वर्मा, शिक्षक उमेश वर्मा, पवन वर्मा, शिवेंद्र प्रताप, ऊषा वर्मा ने पुलिस टीम का स्वागत किया।

बैठक कर अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के निर्देशानुसार आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम की अध्यक्षता में दो पालियों में कार्यशाला आयोजित की गयी। जिसमें प्रथम पाली अपरान्ह 1 बजे से 2 बजे एवं द्वितीय पाली 2 बजे से 3 बजे तक आयोजित की गयी। कार्यशाला में आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त शिकायतों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी, जिसमें गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारण हेतु संबंधित संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला में बताया गया कि आईजीआरएस पर कोई भी शिकायत प्राप्त होती है, उसको प्रतिदिन देखा जाये तथा शिकायतकर्ता द्वारा आईजीआरएस शिकायत करी गयी है और वह आपके विभाग से संबंधित नही है तो उसे 03 दिवस के भीतर वापस कर दी जाये, जिससे वह डिफाल्टर न होने पाये। यदि कोई शिकायत संबंधित विभाग से संबंधित है तो उस पर सही आख्या प्रस्तुत करते हुये शिकायतकर्ता से फीडबैक अवश्य प्राप्त कर लें, जिससे बाद में कोई परेशानी न होने पाये तथा जो भी आख्या अपलोड की जाये, वह स्पष्ट होनी चाहिये। आईजीआरएस का एप मोबाइल पर लॉगिन रखे तथा प्रतिदिन संबंधित द्वारा उसको देखाजाये। जिससे जनपद रैंकिंग में सबसे अच्छा प्रदर्शन कर सके। कार्यशाला में उपजिलाधिकारियों, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारो, क्षेत्राधिकारियों एवं जनपद स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

हिन्दू भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में एक

सीतापुर। हिन्दू भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में एक है। भारतीय हिन्दू सभ्यता के सनातन धर्म में विक्रमी संवत्सर के अनुसार चैत्र माह प्रकृति के नवसृजन का प्रथम माह माना जाता है। इसी माह में नवमी तिथि को मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म हुआ। जिन्होंने संपूर्ण समाज को नयी दिशा दिखाते हुए दानवों का विनाश कर समाज को भयमुक्त मर्यादित जीवन जीना सिखाया। यह बात विधायक आशा मौर्या ने संकटा देवी धाम से निकलने वाली भगवान राम की भव्य शोभायात्रा में शामिल रामभक्तों को संबोधित करते हुये कही।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंगदल के प्रांत मंत्री कृतार्थ मिश्र की अगुवाई में महमूदाबाद इकाई द्वारा रामोत्सव के अवसर पर मंगलवार को मां संकटा देवी धाम से आधा दर्जन झांकियों से सुसज्जित भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आकर्षक रथ पर सवार श्रीराम दरबार का विधिवत पूजन-अर्चन कर शोभायात्रा का शुभारंभ विधायक आशा मौर्या व धाम समिति अध्यक्ष आरके वाजपेयी द्वारा किया गया। पूजन कर कार्यक्रम पुजारी पुरूषोत्तम मिश्र ने सम्पन्न कराया। शोभायात्रा संकटा देवी धाम से स्टेट बैंक, तहसील, बजाजा चैराहा से रामकुंड चैराहा स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में भक्तों ने हनुमान मंदिर में पूजन-अर्चन किया। यहां से यात्रा कोतवाली मार्ग होते हुये बस स्टेशन पहुंची। शोभायात्रा बस स्टाप से चिकमंडी मार्ग से होती हुयी कायस्थी टोला, पुरानी बाजार, खुदागंज, रेलवे स्टेशन, अमीरगंज होकर संकटा देवी धाम पहुंचकर पूर्ण हुई। शोभायात्रा में बडी संख्या में संघ, कार्यकर्ता केसरिया ध्वज लहराने के साथ जय श्री राम के गगनबेदी नारे लगाते चल रहे थे। पूर्व चेयरमैन सुरेश वर्मा व अतुल वर्मा के द्वारा कोतवाली मार्ग स्थित अपने आवास के सामने शोभायात्रा में शामिल झाकियों व लोगों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। नगर पालिका द्वारा शोभायात्रा पर गर्मी से बचाव के लिए पूरे रास्ते पानी के टैंकर से फुहारें बरसाई गईं। सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव, कोतवाल अनिल सिंह भारी पुलिसबल के साथ शोभायात्रा में मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को किया सम्मानित

लहरपुर /सीतापुर। नगर के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट प्रथम के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को उनकी शैक्षिक सेवाओं के लिए किया गया सम्मानित। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला मिश्रपुर निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य अशोक कुमार अवस्थी को सोमवार को उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक एवं प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह के द्वारा उन्हें अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने उनकी शैक्षिक सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक कभी भी सेवानिवृत्ति नहीं होता है, अब आप बच्चों को संस्कारित शिक्षा व अच्छे संस्कार देकर उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। अशोक कुमार अवस्थी के सेवानिवृत होने के उपरांत उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा सम्मानित किए जाने पर क्षेत्र के कमलेश मेहरोत्रा, हसीन अंसारी, विपिन अवस्थी, रवि शाक्य, विवेक शुक्ला, ज्ञानेंद्र पाण्डेय, दिनेश पटेल, निर्मल पाण्डेय, अंकित अवस्थी, अनिल मिश्रा, अंशू द्विवेदी, मोहम्मद रफी, रईस खां, शानू खां आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

महाविद्यालय के बच्चों ने पुलिस एक्सपेरिमेंटल लर्निंग प्रोग्राम में दिया योगदान

पाटन, उन्नाव। बाबू जय शंकर गया प्रसाद महाविद्यालय, समेरपुर उन्नाव के छात्रों ने एक बार फिर जनपद का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई के छात्र-छात्राओं ने शासन द्वारा प्रायोजित स्टूडेंट पुलिस एक्सपेरिमेंटल लर्निंग प्रोग्राम के अंतर्गत उल्लेखनीय योगदान दिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को कानून व्यवस्था, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली के प्रति जागरूक बनाना है।

कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्रों ने पुलिस विभाग के सहयोग से विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता की। इनमें यातायात नियंत्रण, महिला सुरक्षा जागरूकता, साइबर अपराध विषयक जानकारी का प्रचार-प्रसार और सामुदायिक सुरक्षा से जुड़े कार्य शामिल रहे। प्रदेश स्तर पर हुए मूल्यांकन में जनपद उन्नाव से महाविद्यालय के छात्र प्रवीन तिवारी एवं प्रज्ञा अवस्थी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए चयनित किया गया। पुलिस अधीक्षक उन्नाव द्वारा इन दोनों छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार सहित समस्त क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। प्राचार्य, शिक्षकगण, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने सम्मानित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्षेत्रवासियों ने भी इसे गर्व का क्षण बताते हुए छात्रों की सफलता को प्रेरणादायक बताया।

गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संचालकों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई : बीएसए

जिला संवाददाता(vol)

पुरवा-उन्नाव। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विकास खण्ड असोहा में संचालित गैरमान्यता प्राप्त स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। बेसिक शिक्षा अधिकारी उन्नाव संगीता सिंह, मुख्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय यादव, खण्ड शिक्षा अधिकारी असोहा आंचल सिंह, डीसी निर्माण उन्नाव और वरिष्ठ लिपिक रामबाबू ने सबसे पहले के डी एस किंगडम पब्लिक स्कूल विलौरा का औचक निरीक्षण किया।

विद्यालय बंद पाया गया। तत्पश्चात द गुड हार्वेस्ट स्कूल जबरेला का स्थलीय निरीक्षण किया गया, उक्त विद्यालय भी बंद पाया गया। उपरोक्त दोनों विद्यालयों में कक्षाएं संचालित नहीं पाई गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी विकास खण्डों में गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है। उन्नाव के किसी भी विकास खण्ड में गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को संचालित नहीं होने दिया जाएगा यदि कोई भी गैर मान्यता प्राप्त अमान्य विद्यालय संचालित पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कठोर से कठोर कार्यवाही की जाएगी। खण्ड शिक्षा अधिकारी असोहा आंचल सिंह ने बताया कि जिले से प्राप्त गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों की सूची में चिंहित विद्यालयों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। उसी क्रम में आज विद्यालयों का स्थलीय निरीक्षण किया गया है। बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए किसी भी गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय को संचालित नहीं होने दिया जाएगा। गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों को सख्त निर्देश दिया गया है कि अमान्य कक्षाओं का संचालन बंद करें और नामांकित छात्र-छात्राओं का निकट के परिषदीय विद्यालयों में नामांकन करना सुनिश्चित करें। गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों का निरीक्षण लगातार जारी रहेगा। यदि कोई भी गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालित पाया गया तो नियमानुसार विधिक करवाई प्रस्तावित कर दी जाएगी।

नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

सीतापुर जिला उद्योग व्यापार मंडल सीतापुर के जिला अध्यक्ष विभु पूरी ने आज अपनी कार्यकारणी की बैठक आहूत की जिसमें व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई और व्यापारियों के लिए सरकार क्या क्या योजनाएं बना रही है उसके क्या क्या लाभ व्यापारियों को है और क्या हानि इसकी चर्चा हुई ।व्यापारियों की समस्याओं को उद्योग व्यापार मंडल शासन और प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाने का कार्य करेगा ।इसी बीच कार्यक्रम में सीतापुर में भारतीय जनता पार्टी के सीतापुर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ल का उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ल ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार सबका साथ सबका विकास करने वाली एक मात्र सरकार है ।एक समय था जब व्यापारी वर्ग अपना व्यापार करने में भयभीत होता था आए दिन लूट की घटनाएं सुनने को मिलती थी आज कानून व्यवस्था इतनी मजबूत है कि पूरे प्रदेश में माफियों का राज मिट्टी में मिला देने का कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है ।आज महिलाएं और बच्चे आधी रात को भी आपको घूमते फिरते नजर आ जाएंगे व्यापारी वर्ग की पूरी सुरक्षा की गारंटी भारतीय जनता पार्टी की सरकार दे रही है आज प्रदेश में व्यापारी अपना निवेश कर रहे है उनको पता है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में उनका बाल भी बका नहीं होगा। श्री शुक्ला अपने स्वागत से अभिभूत हुए उन्होंने हर व्यापारी के साथ हर हाल में खड़े रहने का वादा किया। इस मौके धीरेन्द्र शुक्ला अजीज गौरी आलोक गुप्ता अभिषेक अग्रवाल धीरेन्द्र मिश्रा के के बाजपेई सहित राजू सूरी तरुण कोहली डाक्टर अख्तर चरनजीत सिंह नीरज वर्मा झल्लर सहित सैकड़ो की संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन सरस गुप्ता ने किया और जिलाअध्यक्ष विभू पुरी ने सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त किया।

संचारी रोगों को लेकर हुई गोष्ठी

लहरपुर /सीतापुर। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत महुवाताल में संचारी रोगों को लेकर कृषि विभाग द्वारा आयोजित की गई जागरूकता गोष्ठी। जानकारी के अनुसार मंगलवार को ग्राम महुआ लाल के प्राथमिक विद्यालय में कृषि विभाग द्वारा एक जन जागरूकता गोष्ठी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार की उपस्थिति में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत आयोजित की गई जिसमें सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा पंकज कुमार वर्मा ने उपस्थित किसानों को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरुक करते हुए चूहा छछूंदर से फैलने वाले रोग जैसे स्क्रब टायफास एवं लेप्टोस्पायरोसिस के बारे में जागरूक किया और उनसे बचाव के उपाय बताये उन्होंने कहा कि चूहों को अपने घरों में व घरों के आस पास न रहने दें, हल्के सूती वस्त्रो का प्रयोग करें, उन्होंने इस मौके पर चूहा नियंत्रण के लिए चूहेदानी का प्रयोग करने व रासायनिक नियंत्रण के लिए जिंक फास्फाइड 80ः की 1 ग्राम मात्रा, 1 ग्राम सरसों का तेल व 48 भाग भुना दाना मिलाकर रखने की सलाह दी ।बैठक में आशीष मिश्रा खण्ड तकनीकी प्रबंधक के द्वारा प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूक किया गया ।कार्यक्रम में राकेश कुमार, शिवपूजन, मुन्ना, महेश कुमार, रामकुमार, रामसनेही सहित भारी संख्या में कृषक व कृषि कर्मी उपस्थित थे।

नलकूप किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम-शशांक त्रिवेदी

महोली/सीतापुर। योगी सरकार जहां एक तरफ किसानों को मुक्त सिंचाई की सुविधा दे रही है वहीं दूसरी तरफ किसानों के खेतो में पानी पहुंचाने के लिए नए सरकारी ट्यूबवेल की व्यवस्था भी कर रही है। विकासखंड पिसावां के अंतर्गत ग्राम बरगावां में विधायक शशांक त्रिवेदी ने नलकूप संख्या 359 एमजी का फीता काट कर व बटन दबाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि महोली विधानसभा के विकास में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा। मैं सदैव जनता के बीच में रहकर विकास कार्य करवाएंगे। भाजपा सरकार द्वारा किसान हितों के लिए आज नलकूप का शुभारंभ किया गया है। यह नलकूप किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस नलकूप के लगने से किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी इस दौरान विधायक ने आम का पौधा लगाया। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता हिमांशु विक्रम सिंह, प्रमुख पिसावां मिथिलेश यादव, एलिया प्रतिनिधि संजीव सिंह, सहायक अभियंता अनुराग भारती,अवर अभियंता अजय, अवरअभियंता विद्युत लक्ष्मी नारायण, धर्मेंद्र सिंह, प्रशांत मौर्य, नलकूप चालक विनोद शुक्ला राम बक्श सिंह सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

स्कूल चलो रैली निकाली

पुरवा, उन्नाव। हिलौली विकास खण्ड के कंपोजिट विद्यालय भवानीगंज के अध्यापकों और बच्चों ने मंगलवार को स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली। एक भी बच्चा छूटा, संकल्प हमारा टूटा। आधी रोटी खाना, पर स्कूल पढ़ने जाना- जैसे तमाम प्रेरक नारे लगाते हुए शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने अभिभावकों को जागरूक करने का प्रयास किया। स्कूल के अध्यापक अभिभावकों से अपील करते हुए समझा रहे थे कि हर हाल में अपने बच्चे का नाम स्कूल में अवश्य लिखाए। शिक्षा का अधिकार बच्चों का मौलिक अधिकार है। इसलिए हर माता-पिता की जिम्मेदारी है कि अपने बच्चे को स्कूल पढ़ने भेजे। प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार, वंदना शर्मा, पल्लवी मिश्रा, सतीश कुमार यादव, शिवम चौरसिया, शलमा, ममता, अर्चना, संगीता, प्रदीप समेत समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राओं ने रैली में हिस्सा लिया।

गुणवत्तापूर्ण व मानकों के अनुसार निर्माण कार्य करायें

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने जिला चिकित्सालय के नए भवन हेतु स्वीकृत स्थल का निरीक्षण कर लेआउट प्लान की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय के नए भवन के निर्माण हेतु समस्त मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ले आउट प्लान बनाया जाये। आवागमन हेतु पर्याप्त चौड़ाई के मार्गों के साथ वैकल्पिक मार्गों का भी प्रबंध किया जाये।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर को निर्देश दिए कि इस सम्बन्ध में सर्वे कर प्रस्ताव प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों के वाहनों, एम्बुलेंस, चिकित्सा सेवा के अन्य वाहनों आदि की पार्किंग हेतु पर्याप्त व्यवस्था की जाये, जिससे सड़कों के किनारे वाहनों के पार्किंग की समस्या न रहे। इसके साथ ही आवश्यकता एवं उपयोगिता के दृष्टिगत मल्टीस्टोरी पार्किंग के विकल्प पर भी विचार करते हुए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वाह्य रोगी विभाग ओपीडी हेतु भी पर्याप्त स्थान चिह्नित किया जाये। मरीजों एवं उनके तीमारदारों के बैठने, ठहरने आदि हेतु प्रस्तावित स्थलों को भी जिलाधिकारी ने देखा तथा गुणवत्तापूर्ण एवं मानकों के अनुसार निर्माण कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आवासीय भवनों, ट्रामा सेंटर आदि के लिए प्रस्तावित स्थलों को भी देखा। इसके साथ ही परशुराम चौक से जिला चिकित्सालय के नए भवन को जोड़ने वाले वैकल्पिक मार्ग से सम्बन्धित स्थलों का भी जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने आज दिए गए निर्देशों के अनुसार संशोधित लेआउट प्लान एक सप्ताह में प्रस्तुत किए जाने के निर्देश संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को दिए।

वार्षिकोत्सव व सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह

- कार्यक्रम में मोहान विधायक बीएसए सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे

उन्नाव। कम्पोजिट विद्यालय महतवानी विकास क्षेत्र नवाबगंज में वार्षिकोत्सव, सेवानिवृत शिक्षक सम्मान, एआरपी विदाई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष दिलीप अवस्थी के संयोजन में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहान विधायक बृजेश रावत, विशिष्ट अतिथि प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज रवि प्रताप सिंह, बीएसए संगीता सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज दीपेश कुमार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान जनसार पवन शर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कंपोजिट विद्यालय महतवानी के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों ने उपस्थित सभी मेहमानों का मन मोह लिया। मोहन विधायक बृजेश रावत ने उन्नाव क्षेत्र की विशिष्टता के विषय में विस्तृत जानकारी दी तथा शिक्षकों के कर्तव्यों का बोध कराया। बीएसए संगीता सिंह ने विभाग द्वारा चलाई रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा विद्यालय परिवार की प्रशंसा की। प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज रवि प्रताप सिंह ने विकास क्षेत्र के समस्त विदयालयों के लिए हर समय उपस्थित रहने की बात कही।

कार्यक्रम में उपस्थित अन्य विशिष्ट लोगों में प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश संजय कनौजिया, मंडल अध्यक्ष लखनऊ गजेंद्र सिंह सेंगर, जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण शंकर मिश्रा, कोषाध्यक्ष दीपक वर्मा पटेल, संयुक्त मंत्री अनिल वर्मा, सहकारी समिति के डायरेक्टर मदन गोपाल, पूर्व एआरपी बृजेश, ब्लॉक अध्यक्ष पुरवा वीरेंद्र सैनी, महामंत्री पुरवा पवन पांडेय तथा विभिन्न समाचार पत्रों से आये स्थानीय पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक दिलीप अवस्थी ने सभी आये हुए आगंतुकों का आभार प्रकट किया। विद्यालय परिवार में इंचार्ज शिक्षिका महतवानी शशि किरन, सहायक शिक्षक अमित शर्मा, चंद्र प्रकाश दीक्षित आदि शिक्षक-शिक्षिका रहे।

19 उपभोक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी की दर्ज

मीरजापुर। जनपद में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों की जांच के बाद प्राप्त रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए विद्युत निगम ने 19 उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। वाराणसी से आई टीम ने जिले में 350 स्मार्ट मीटरों की जांच की थी। इसमें कुछ मीटरों में छेड़छाड़ की बात सामने आई थी। नगर क्षेत्र में कुल 40000 स्मार्ट मीटर लगवाने का लक्ष्य रखा गया था। जिसमें से 27500 स्मार्ट मीटर लगवाए जा चुके हैं। इसके बाद जब शिकायतें आने लगी तो अन्य जिलों के साथ ही मीरजापुर में भी लगाए गए स्मार्ट मीटरों की जांच के लिए वाराणसी से टीम आई थी ।एक दिन वाणिज्य निदेशक ने भी टीम के साथ नगर का भ्रमण किया था। जांच के बाद टीम ने अपनी रिपोर्ट स्मार्ट मीटरों के नोडल अभियंता वाराणसी को सौंपी। उसमें कुछ में टेंपरिंग यानी छेड़छाड़ की बात कही गई थी। इस बात को लेकर अब कार्यदायी संस्था संदेह के घेरे में है। विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता मनीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि टीम आई थी और 350 स्मार्ट मीटरों की जांच भी हुई थी। प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर 19 उपभोक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जांच हो रही है।

अमर शहीद की पुण्यतिथि पर काव्य गोष्ठी का आयोजन

पाटन, उन्नाव। अमर शहीद धर्मराज स्वास्थ्य स्मारक समिति द्वारा सोमवार को ग्राम आकमपुर में अमर शहीद, नायक धर्म राज अवस्थी की 56 वीं पुण्यतिथि शहीद श्रद्धांजलि एवं काव्य गोष्ठी के साथ समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित काव्य गोष्ठी में जनपद व गैर जनपद के वाणी पुत्रों ने उपस्थित होकर काव्य की अधिष्ठात्री मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर काव्य पाठ किया और ओज श्रृंगार करुण हास्य व व्यंग्य के माध्यम से श्रोताओं को गुदगुदाया और राष्ट्र धर्म व सनातन धर्म चलने का संदेश दिया।

कविता पाठ का शुभारंभ कवियत्री व्यंजन शुक्ला ने मां सरस्वती की वाणी वंदना से किया। लखनऊ से आय का प्रमोद द्विवेदी ने कब सम्मेलन को गद्य प्रदान करते हुए कविता पाठ किया और कहा कि पाई पाई का हिसाब लो, सबको सबक सिखाना है, एकमात्र संकल्प यही अब, भारत नया बनाना है। बाराबंकी के कवि संदीप अनुरागी ने कहां मारिन डुबकी ऐसि दूरि लौ दे खानी नहीं, संगी साथी परेशान चली गई तरका रायबरेली के कवि सतीश कुमार सिंह ने गीत और गजलों के माध्यम से कविता पाठ कर लोगों को खूब हसाया कविता वाह-वाह कर सराही गई,ष्संतानों से ज्यादा जब-जब सुंदरता हो जाएगी, शिशुओं से उनके शैशव की कोमलता खो जाएगी। कवि बलदेव सिंह सागर रायबरेली ने कविता पाठ करते हुए कहा ष्चरण रज हो तुम्हारी, और सुचिता राम जैसी हो। कभी-कवि यात्री व्यंजन शुक्ला लखनऊ ने कविता पाठ करते हुए कहा जब यह देखा मेरे बेटे चिर निद्रा में सोए हैं आंचल कम पड़ गया तो मैंने उस पर तिरंगा उढा दिया। डॉक्टर शशी रंजन शिवानी ने कुछ इस तरह कविता पाठ किया और कहा कि सौंधी सौंधी महक उठ रही अब भी नीम की छांव में, ढूंढने बचपन की यादों को फिर आई हूं गांव में संतोष कुमार शुक्ला बसंत ने कविता पाठ करते हुए कहा कि आए थे जहां से वहां को चले गए, आंसू जो पोंछते थे रुला कर चले गएष्उन्नाव से आए बनी पुत्र सूर्यकांत मौर्य अंगारा ने कविता पाठ करते हुए कहा ष्रोज जद्दो जेहाद से बात हुआ करती है, जूझने वालों की निजात हुआ करती है। गौ रक्षा समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी अखिलेश अवस्थी ने कविता पाठ करते हुए कहा कि ष्यदि बदलना तुम्हें यह दशा है तब तो प्रतिदान देने पड़ेंगे, देके सम्मान सबको स्वयं तुमको अपमान लेने पड़ेंगे। जनपद रायबरेली से पधारे मां सरस्वती के वरद पुत्र कुमार मयंक मिश्रा ने कविता पाठ करते हुए कहा कि ष्हर घड़ी आज माती रही जिंदगी, कुछ न कुछ तो सिखाती रही जिंदगीष्स्वास्थ्य स्मारक समिति की ओर से आए हुए कवियों व अतिथियों का वीर नारी विमला देवी पुत्र परीक्षित राज अवस्थी पूर्व सैनिक ने अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सभी को सम्मानित किया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता महर्षि स्वामी जी व संचालन कवि हरिमोहन माधव ने किया तथा आए हुए लोगों के प्रति परीक्षित राज अवस्थी ने आभार ज्ञापित कर सभी के सहयोग को अपने माथे पर लेकर अभिवादन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अमर शहीद को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

संक्षेप

गैर इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

बांदा। थाना बबेरू पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया है। बीते 6 अप्रैल को बबेरू क्षेत्र के सिमौनी गांव में दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश के चलते महुआ बीनने को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। झगड़े के दौरान रहीम बक्श पुत्र करीम को जाकिर उर्फ जग्गा पुत्र रफीवा निवासी सिमौनी थाना बबेरू ने डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जबकि बेटा कल्लू 30 और फखरूद्दीन भी गंभीर रूप से घायल हो गये थे। लेकिन इलाज के दौरान रहीम बक्श की मृत्यु हो गयी थी। इस मामले पर तहरीर मिलने के बाद थाना बबेरू में रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। मंगलवार को थाना बबेरू पुलिस ने मामले के एक आरोपी को सिमौनी सब्जी मंडी के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयोग किया गया डंडा भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक प्रदीप कुमार, कां0 अभिनव सिंह व विकास कुमार रहे।

संदिग्ध परिस्थिति में दो युवक घायल

बांदा। शहर के मर्दननाका क्षेत्र में अज्ञात हमलावरों ने दो युवकों पर गोली चलाई इसमें नईम और सुनील नाम के युवकों को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। गोली एक युवक के बाएं हांथ की उंगली और दूसरे के पैर में लगी है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी नगर, कोतवाली प्रभारी पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने दोनो घायल युवकों के बयान दर्ज किए। सीओ सिटी राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि दोनो के बयानों में विरोधाभास मिला। ऐसा प्रतीत होता है कि इनके तमंचे से ही फायर हुआ है जिससे दोनो को छर्रे लगे हैं। घटनास्थल पर जानकारी करने पर लोगो ने ऐसे किसी घटना के बारे में अनभिज्ञता जताई है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। संदिग्ध परिस्थितियों में और विरोधाभास को देखते हुए पुलिस सभी पहलुओं की जांच करने में जुट गई है। घायल दोनो युवकों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

विद्यालय का समय बदलने की मांग

ललितपुर। जनपद में हीट वेव अलर्ट को दृष्टिगत रखते हुए परिषदीय विद्यालयों के समय परिवर्तन के संबंध में उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बीएसए रणवीर सिंह से मिला। जिसमें ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया की जनपद में पड रही अत्यधिक भीषण गर्मी एवं हीट वेव के कारण परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीण परिवेश में सुचारू रूप से विद्युत व्यवस्था एवं विद्युत उपकरणों की अनुपलब्धता है एवं उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा निर्देशों के क्रम में निर्गत ललितपुर उप जिलाधिकारी द्वारा जारी निर्देशों में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि दोपहर 12 बजे से 4 तक धूप में बाहर जाने से बचें प्राधिकरण द्वारा जारी हारेगी गर्मी, जीतेगा प्रदेश स्लोगन की मूल भावना भी समय परिवर्तन न होने के कारण प्रभावित हो रही है। नौनिहालों के स्वास्थ्य एवं बुंदेलखंड क्षेत्र की विषम परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में संचालित समस्त मान्यता प्राप्त कक्षा एक से आठ एवं परिषदीय विद्यालयों को अन्य जनपदों की भांति सुबह 07 बजे से अपराह्न 12 बजे तक संचालित करने की मांग की है।

ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ चला सघन चेकिंग अभियान

ललितपुर। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेश, एएसपी अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी यातायात के संयुक्त पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने ड्रिंक एण्ड ड्राईव के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि वह नियमों का पालन करें, जिसमें प्रमुख रूप से वैध लाइसेंस, वैध फिटनेस, प्रदूषण, बीमा के वाहन चलाना, मादक पदार्थों का सेवन न करना, भारी वाहन, कंटेनर सदैव बाएं दिशा में चलाना, लेन ड्राइविंग, हाई बीम, लो बीम का उचित प्रयोग, कोहरे को दृष्टिगत रखते हुए फाग लाइट, रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप आदि के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के तीन आधार- नशा, नींद और तेज रफ्तार। इस पर प्रभावी तरीके से रोक लगाने के लिए लगातार सघन चेकिंग अभियान संचालित कर लोगों को जागरूक करें।

पीस कमेटी की शिकायतों का समय से करें निस्तारण

अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन ने समीक्षा बैठक कर दिये गये दिशा- निर्देश

ललितपुर। अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन कानपुर आलोक सिंह मंगलवार को जनपद में भ्रमण कार्यक्रम के तहत आये। उनके आगमन पर पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र झांसी केशव कुमार चौधरी व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया और गार्द सलामी दी गयी।

एडीजी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर के सभागार कक्ष में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों व थानाध्यक्षों के साथ जनपदीय अपराध एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये। एडीजी ने आगामी त्योहार, जयंती, महावीर जयंती, हनुमान जयंती को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित कर प्राप्त होने वाली शिकायतों का समय से उचित निस्तारण कराते हुये आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। एडीजी ने बाबा साहब डा0 बी0आर0अम्बेडकर की जयंती के दृष्टिगत मूर्तियों की सुरक्षा के सम्बन्ध में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाने व इस अवसर पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजको से वार्ता कर सुरक्षा के दृष्टिगत उचित मात्रा में सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु निर्देशित किया गया। महिला सम्बन्धी,एससी, एसटी एक्ट के अपराधों में पीड़िता-पीड़ित का आर्थिक प्रस्ताव समय से सम्बन्धित को भेजने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारियोंध्थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। मिशन-शक्ति अभियानद्ध को स्कूल, कॉलेज, बाजार, रेलवे स्टेशन आदि सार्वजनिक स्थानों पर चलाकर बच्चियों, महिलाओं से बातचीत कर, अपराधियों, शरारती तत्वों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। डायल -112 थाना स्तर पर किसी भी प्रकार की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचने हेतु सभी क्षेत्राधिकारियोंध्थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। जनपद के समस्त ई-रिक्शा चालकों का भौतिक सत्यापन करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है । जनपद में गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अन्तर्गत सम्पति जब्तीकरण की कार्यवाही व इस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत अभियोगों में वांछित, वारन्टी टॉप टेन अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही, करना सुनिश्चित करें। जनपद के समस्त थानों को अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु प्रतिदिन पैदल गस्त कर संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने लम्बित विवेचनाओं, पाक्सो एक्ट की लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण के आदेश दिये। जनपद के भू-माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। तीन नये कानून का उचित व गुणवत्ता प्रशिक्षण समस्त अधि0, कर्मचारियों को देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों को वॉडी वार्न कैमरा पहनने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए आग की घटना घटित होने पर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करने हेतु मुख्य अग्निशमन अधिकारी, थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया ।

उन्होंने सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखने, डायल-112 से प्राप्त होने वाली सूचनाओं के सम्बन्ध में फीडबैक लेने प्राप्त इवेन्ट की क्लोजर रिपोर्ट का यथाशीघ्र निस्तारण करने हेतु तथा प्राप्त होने वाली सूचनाओं पर पीआरवी को तत्काल पहुंचने व रिस्पान्स टाईम को न्यूनतम करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया है। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 के दृष्टिगत जनपद में शांतिध्कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिये सतर्क दृष्टि रखने हेतु निर्देशित किया गया। एडीजी द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन्स, ललितपुर में स्थित जीणोर्धार किये गये स्टोर रूम का उद्घाटन किया गया तथा उसमें रखे हुए उपकरण, सामान आदि का निरीक्षण किया गया।

पुलिस कर्मी पर महिला ने लगाये गंभीर आरोप

- फिर जारी किया समझौता पत्र
- फिल्मी स्टाइल में आरोपों के बाद हो गया समझौता

ललितपुर। कोतवाली अंतर्गत निकटवर्ती ग्राम में रहने वाली महिला ने पुलिस अधीक्षक को संबोधित एक शिकायती पत्र भेजकर कोतवाली में तैनात एक पुलिस कांस्टेबिल पर नाजायज रूप से प्रताड़ित करने, शारिरिक सम्बन्ध बनाने का प्रयास किया गया और ब्लैकमेल करने के उद्देश्य से झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देते हुये 50 हजार रुपये ले लेने, जिसमें फोन-पे इत्यादि से रुपये देने के स्क्रीन शॉटर्स भी जारी किये गये हैं, जैसे गंभीर आरोप लगाये है। हालांकि इस शिकायती पत्र के साथ एक ऑडियो रिकॉर्डिंग और वीडियो जिसमें आवाजें सुनाई पड़ रही हैं भी खूब वायरल हुयीं, जो कि कई लोगों के पास पहुंची। इसके कुछ घण्टे बाद एक स्टाम्प के दो पेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हुये, जिसमें उक्त महिला द्वारा पुलिस कांस्टेबिल से कभी-कभार बात करने और कांस्टेबिल के विरूद्ध कुछ लोगों के बहकावे में आकर शिकायती पत्र देने की बात कही जा रही है। हालांकि पूरे प्रकरण को लेकर शहर में चर्चाओं का विषय बना हुआ है। इस प्रकरण में महिला को बहकाने वाले लोगों को भी प्रकाश में लाये जाने की आवश्यकता है। महिला ने एसपी को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि वह गांव में परचूनी की दुकान संचालित करती है। बताया कि कोतवाली में तैनात एक पुलिस कांस्टेबिल जिसका नाम वह जानती है का आना-जाना उसकी दुकान पर था। दुकान से आये दिन गुटखा-सिगरेट इत्यादि खरीदी जाती थी। करीब 6-7 माह पहले उक्त कांस्टेबिल द्वारा उसका फोन लेकर एक रिकॉर्डिंग अपने फोन में डाल ली और इसे लेकर उसे नाजायज रूप से प्रताड़ित किया गया। बड़ा आरोप लगाया कि उक्त द्वारा उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध भी बनाने का प्रयास किया गया, जब वह इसके लिए तैयार नहीं हुयी तो उसे ब्लैकमेल करते हुये झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी गयी।

रुपये देने के विवाद में की गई थी बृजेश की हत्या

- हत्या के प्रकरण में वांछित दो अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार
- हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल पत्थर किया गया बरामद

ललितपुर। जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना नाराहट पुलिस व स्वाट, सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा थाना नाराहट एवं पंजीकृत हत्या एवं एससीएसटी एक्ट के मामले में वांछित अभियुक्तों को धर दबोचा है। पुलिस ने विवेश पुत्र गनेश कुशवाहा उम्र करीब 20 वर्ष निवासी कस्बा व थाना नाराहट, कमलू उर्फ कमलेश पुत्र इमरत सहरिया उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम गौना थाना नाराहट को अमझरा घाटी के जंगल से मंगलवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तगण की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त एक बडा पत्थर व एक प्लेटिना मोबाइक भी बरामद की गयी है।

ज्ञातव्य है कि रविवार 06 अप्रैल को थाना नाराहट जनपद ललितपुर पर हाईवे (एनएच -44)के किनारे ग्राम गौना के पास एक अज्ञात व्यक्ति के शव मिलने की सूचना सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर थाना नाराहट पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर, अज्ञात मृतक के शव को कब्जा पुलिस लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर वास्ते पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी,ललितपुर भेज दिया गया था। फील्ड यूनिट टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर, घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किये गये थे। उच्चाधिकारियों द्वारा घटना स्थल का गहनता से निरीक्षण किया गया था। थाना नाराहट पुलिस द्वारा अज्ञात मृतक के शव के शिनाख्त के प्रयास किये गये, जिसमें अज्ञात मृतक की शिनाख्त ब्रजेश सहरिया पुत्र स्व0 सुरेश सहरिया उम्र करीब 24 वर्ष नि0 ग्राम गौना थाना नाराहट जनपद ललितपुर के रूप में हुई थी। मृतक बृजेश की मां के द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर पुलिस ने अभियुक्तगण- विवेश, कमलू उर्फ कमलेश उपरोक्त के विरूद्ध थाना नाराहट पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी पाली के नेतृत्व में 04 पुलिस टीमों का गठन किया गया था, जिसमें थाना नाराहट पुलिस, स्वाट, सर्विलांस टीम, जनपद ललितपुर व जनपद के अन्य थाना, चौकी इन्चार्जो को भी लगाया गया था। हत्यारोपियों ने बताया कि बृजेश हम दोनों का दोस्त था 15 अप्रैल को हम लोगों ने शराब पी थी और फिर उसके बाद हम तीनों लोगो ने ढाबा पर खाना खाया था। खाना, खाने के बाद ढाबे वाले को रुपए देने को लेकर हम दोनों का बृजेश से झगडा हो गया था। हमारा विवाद बृजेश से ज्यादा बढ गया था। क्योंकि वह हमे लगातार गाली दे रहा था इसके कारण गुस्से में आकर हम लोगो ने पत्थर मारकर उसकी हत्या कर दी और वहाँ से भाग गये थे।

विकलांगों की समस्याओं का हर सप्ताह हो रहा समाधान

बिजनौर। विकलांग एवं दिव्यांगों की गंभीर समस्या उनके सर्टिफिकेट के शत प्रतिशत समाधान को लेकर सीएमओ के गठित बोर्ड बाखूबी अपना फर्ज निभा रहा है। हर सोमवार को लगने वाले विक्लांग बोर्ड कक्षा में सैकड़ो की संख्या में आने वाले विक्लांग एवं दिव्यांगो के न केवल निःशुल्क सर्टिफिकेट बनाए जा रहे हैं, बल्कि निःशुल्क स्वास्थ्य की जांच कर प्रदेश भर को यह संदेश भी दिया जा रहा है कि शासन की मंशा के अनुसार विक्लांग एवं दिव्यांगों को मिलने वाली सभी सरकारी सुविधा उन तक शत प्रतिशत पहुंचे।

जानकारी के अनुसार सीएमओ कार्यालय परिसर में मौजूद विक्लांग बोर्ड कक्षा में सीएमओ के द्वारा गठित किए गए बोर्ड के व्यवहार कुशल वरिष्ठ परामर्श हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ याघवेंन्द्र सिंह अपनी टीम के फिजिशियन चिकित्सक डॉक्टर आरके डाबरे, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दीपा गोयल, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनीष कुमार पांडेय, बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर इंद्र राज सिंह, सहित वार्ड बॉय कार्यालय सहायक रविंद्र कुमार, आकाश कुमार, मोहम्मद आसिफ द्वारा जिले भर के दूर दराज गांव व कस्बों से आने वाले सैकड़ो विक्लांग/दिव्यांगो की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व उनके सर्टिफिकेट को लेकर गठित बोर्ड टीम बाखूबी अपने फर्ज को अंजाम दे रही है, इतना ही नहीं गठित बोर्ड इस मामले को लेकर अतिसंवेदनशील तो है ही साथ ही साथ डॉ याघवेंन्द्र सिंह की यही कोशिश बनी हुई है कि शासन से मिलने वाली विकलांग/दिव्यांगों को सुविधा शतप्रतिशत उन तक पहुंचे, इसी संकल्प के साथ डॉक्टर याघवेन्द्र सिंह न केवल अपने सराहनीय फर्ज को अंजाम दे रहे हैं, बल्कि शासन की उस मंशा को भी अपनी ड्यूटी के माध्यम से अदा कर रहे हैं, जहां विक्लांगों एवंम दिव्यागो को लेकर सरकार बेहद गंभीर है।

पोषण पखवाड़ा रैली को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने पोषण अभियान के अर्न्तगत (पोषण पखवाड़ा) पोषण रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि पोषण पखवाड़ा के प्रभावी क्रियान्वयन एंव जन-जागरूकता के लिए जनपद स्तरीय पोषण रैली निकाली गयी है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंगलवार को पोषण रैली को रवाना करते हुए बताया कि राज्य पोषण मिशन के अर्न्तगत बच्चों, किशोरी बालिकाओं एंव महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार के लिए प्रत्येक वर्ष पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जाता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पोषण अभियान के अर्न्तगत पोषण पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यकारी में को पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, शीतल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज 08 अप्रैल से आगामी 22 अप्रैल 2025 तक पोषण अभियान के अर्न्तगत पोषण पखवाड़ा मनाया जाएगा। पोषण पखवाड़े के दौरान विकास खण्ड स्तर/ग्राम स्तर एंव आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर तिथिवार विभिन्न गतिविधियाँ कन्वर्जेन्स विभागों के समन्वय से आयोजित की जाएंगी। इस अवसर जिला कार्यक्रम अधिकारी शीतल वर्मा, सीडीपीओ एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद थी।

120 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किये गए नियुक्ति पत्र

ललितपुर। जनपद के बच्चों, किशोरों और महिलाओं को कुपोषण मुक्त, स्वस्थ और मजबूत करने के लिए बाल विकास सेवा व पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत जनपद में 120 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां चयनित हुईं हैं, जिनमें से 109 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आज 8 अप्रैल मंगलवार को विकास भवन सभागार में एक कार्यक्रम के दौरान जनपद के जनप्रतिनिधि राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उ0प्र0 मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, एमएलसी प्रतिनिधि कैदारनाथ तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए, जिन्हें पाकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के चेहरे खिल उठे

कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने अपने सम्बोधन में कहा कि नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपने दायित्वों को अच्छे से निर्वहन करें, उन्होंने कार्यकत्रियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि जो सबसे अच्छा कार्य करेंगी, उनको अलग से पुरस्कृत किया जाएगा। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन एवं जिलाध्यक्ष भाजपा ने अपने सम्बोधन में नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शुभकामनाएं देते हुए अपने दायित्वों का बोध कराते हुए पूरी ईमानदारी व बिना किसी भेदभाव से कार्य करने को कहा उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने देश स्वस्थ व कुपोषण मुक्त बनाने के लिए पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी से यह नियुक्ति की है। कार्यक्रम के दौरान सभी को हाथ उठाकर पोषण शपथ दिलायी गई, जिसमें पोषण पखवाड़े के दौरान हर घर तक सही पोषण का संदेष पहुंचाने, जिसमें सही पोषण का अर्थ पौष्टिक आहार, साफ पानी और सही पृथाएं बतायी गईं।

यात्रियों को लू से बचाने का करें प्रबंध

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बिजनौर के अंतर्गत गर्म हवा व लू-प्रकोप से बचाव के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंगलवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बिजनौर के अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यशाला कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण लखनऊ के निदेशों के क्रम में जिला स्तर पर लू-प्रकोप (भ्मंज ॅअम) से बचाव एवं राहत कार्य सुनिश्चित किए जाने के लिए इस एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने उक्त संबंध में सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहे मौसम (गर्मी) में बदलाव से होने वाले नुकसान व बचाव एवं राहत कार्य को समय-समय पर मॉनिटर किये जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी कार्यालय/विभागाध्यक्षों को अपने विभागों में नोडल अधिकारी नामित करते हुए विभागवार अपनी-अपनी ैजंदकमतमक व्चमतंजपदह च्तवबमकनतमे (ैव्च) तैयार कर शासन को उपलब्ध करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि लू-प्रकोप के प्रति जागरूकता के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं ग्रामीण स्तर के कार्यकताओं को हीट वेव के संबंध में अलर्ट जारी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अस्पतालों एवं हेल्थ सेंटर में पावर सप्लाई की व्यवस्था सुचारू तथा हीट वेव से संबंधित सभी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध रखें। उन्होंने परिवहन विभाग को सभी बस स्टैंड स्टैंड एवं सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षित परिवहन के लिए स्वास्थ्य टीमों की तैयारी एवं पीने के पानी तथा यात्रियों के लिए लू से बचाओ की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार सिंह ने पंचायत राज विभाग को ग्रामीण क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों, चैराहा एवं ग्रामीण श्रेत्रों में आवश्यकता अनुसार स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बच्चों का कुपोषण दूर करने को करें नियमित निगरानी

बांदा। पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल तक आयोजित किये जाने को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने आंगनबाडी कार्यकत्रियों एवं सुपरवाइजरों को निर्देश दिये कि पोषण पखवाड़ा के अन्तर्गत बच्चों में कुपोषण खत्म करने के लिए कुपोषण प्रबन्धन के माड्यूलर का क्रियान्वयन सही रूप से किया जाए तथा कुपोषित बच्चों को पोषाहार वितरण के साथ उनके स्वास्थ्य लाभ की निगरानी नियमित रूप से की जाए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की सभी जांचे कराये जाने के साथ बच्चों का टीकाकरण कराये जाने एवं बीएचएनडी सत्र में आने वाली गर्भवती महिलाओं की जांच का कार्य करने एवं उनके कार्ड में अंकित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने आंगनवाड़ी एवं सुपरवाइजरों को निर्देश दिये कि आंगनवाड़ी केन्द्र नियमित रूप से समय पर खुले रखने के साथ पंजीकृत बच्चों की उपस्थिति भी रखें तथा पोषण टैज्कर ऐप में आवश्यक फीडिंग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने आशाओं के साथ बच्चों के टीकाकरण कार्य में सहयोग करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था से लेकर जन्म के दो वर्ष तक बच्चों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। जिससे बच्चों का कुपोषण से बचाव हो सके। इसके पश्चात आंगनबाडी कार्यकत्रियों एवं सुपरवाइजरों की पोषण पखवाड़ा की जागरूकता रैली को भी उन्होने कलेक्टेज्ट से रवाना किया। जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं को फल एवं पोषाहार किट का वितरण किया तथा छोटे बच्चों का अन्नप्रासन भी कराया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जयप्रकाश, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पाण्डेय, सीडीपीओ, सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

कर वसूली बढ़ायें जाने के डीएम ने दिए निर्देश

बांदा। कर वसूली, राजस्व कार्यों और मासिक स्टॉफ बैठक हुई। जिलाधिकारी ने जीएसटी व जन संस्थान को कर वसूली बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान आबकारी, परिवहन, विद्युत करों की वसूली संतोषजनक मिली। उन्होने बबेरू, तिंदवारी, अतर्रा में मंडी की वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए साथ ही उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को वसूली की समीक्षा के भी निर्देश दिए। उन्होने खनन कर में वृद्धि करने और प्रवर्तन कार्य में तेजी लाने के निर्देश के साथ ही ओवरलोड वाहनों की सघन चेकिंग, रोड टैक्स मामलों की चेकिंग करने के निर्देश पुलिस व परिवहन अधिकारियों को दिए। डीएम जे0 रीभा ने बड़े बकायदारों से वसूली की कार्रवाई, आरसी वसूली पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होने आईजीआरएस में प्राप्त शिकायतों का समय से निस्तारण करने के निर्देश एसडीएम और तहसीलदारों को दिए। डीएम ने ऑडिट आपत्तियों का समय से निस्तारण, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देयकों और पेंशन मामलों को न रखते हुए शीघ्र कार्रवाई कर पेंशन दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, अमिताभ यादव, उप जिलाधिकारी तहसीलदार, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

ग्राम प्रधान व उसके परिजनो ने घर में घुसकर की मारपीट, गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

बिजनौर। गुंडई दिखाकर गांव का माहौल खराब करने वाले ग्राम प्रधान व उसके परिजनों के खिलाफ पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी प्रधान व उसके परिजनों की तलाश शुरू कर दी है। गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होने से चर्चित ग्राम प्रधान देवराज उर्फ सोनू की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रामठेरा गांव निवासी ओमप्रकाश सिंह प्रजापति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रविवार की सुबह अपने घर पर अकेला था तभी ग्राम प्रधान देवराज उर्फ सोनू व उसका भाई निपेंद्र, पिता हरि सिंह, भतीजा कार्तिक उर्फ लक्की, संतोष देवी लाठी, डंडे, तमंचा व धारदार हथियार लेकर उनके घर में घुस आए। ओमप्रकाश सिंह का आरोप है कि आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की, फिर जान से मारने की नीयत से उन पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने उन्हें बुरी तरह पीटा जिससे उनका एक हाथ टूट गया। शोर सुनकर जब ओमप्रकाश सिंह की पत्नी उन्हें बचाने आई तो उसके साथ भी मारपीट करते हुए उसकी पत्नी के कपडे फाड दिये। पीडिंतों के शोर मचाने पर परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह हमलावरों से बचाया। घटना को अंजाम देकर ग्राम प्रधान देवराज उर्फ सोनू तमंचा लहराते हुए अन्या आरोपियों के साथ फरार हो गया। धामपुर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी ग्राम प्रधान देवराज उर्फ सोनू, निपेंद्र हरि सिंह, कार्तिक उर्फ लक्की व संतोष देवी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पेंशनरों ने जिला प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा

महोबा। पेंशनरों, वृद्धों की समस्याओं का समयावधि के अन्तर्गत निराकरण न होने तथा वरिष्ठ नागरिक पेंशनरर्स सेवा संस्थान महोबा द्वारा संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर विधि संबद्ध समस्याओं के निराकरण किये जाने बाबत की गयी याचनाओं को भी संज्ञान में न लेने पर मंगलवार के दिन पेंशनर भवन में 5 पंडितों द्वारा सदबुद्धि हवन कराकर ईश्वर से जिला प्रशासन को सदबुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की गई। सदबुद्धि हवन पूजन में सैकड़ों पेंशनर, वृद्ध और पत्रकार उपस्थित रहे। विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारणों के साथ पेंशनरों ने सदबुद्धि आहूतियां हवन कुंड में देकर ईश्वर से जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को बुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की। सदबुद्धि हवन समारोह के बाद वरिष्ठ नागरिक पेंशनर सेवा संस्थान के जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं पेंशनर और वृद्धों के हितार्थ संचालित की जा रही हैं। शासन की संचालित योजनाओं में प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ की मंशा वृद्धों की दीघार्यु सुनिश्चित करने के साथ साथ उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का गौरव प्रदान करना है परंतु जिले में शासन की संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर जिले के जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारियों की उदासीनता के चलते हितगृही संचालित योजनाओं के लाभ से वंचित किये जा रहे हैं। प्रदेश सरकार की संचालित योजनाएं जरूरतमंदों तक पहुंचें इस बाबत पेंशनर संगठन द्वारा सदबुद्धि महायज्ञ का आयोजन 5 पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया गया ताकि उसकी सुगंध से प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों की बुद्धि का शुद्धिकरण हो सके और शासन से संचालित योजनाएं जरूरतमंदों तक समयावधि में पहुंच सकें। शासन से दिशा निदेर्शों के बावजूद प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पिछले दो वर्षों से पेंशनरों की बैठक का आयोजन नही कर रहे है जिस कारण पेंशनरों की तमाम समस्याओं का निराकरण अधर में लटका हुआ है।

वोट बैंक की सियासत

सनातन धर्म दुनिया का सबसे प्राचीन धर्म है। आज हम जिन धर्मों के बारे में जानते-समझते हैं, पालन करते हैं। वे सभी सनातन के बाद आये। सनातन धर्म को कुचलने, खत्म करने और सनातनियों की आस्था पर बार-बार हमला किया गया। इसे खत्म करने का प्रयास किया गया, इसके बावजूद आज दुनिया में एक अरब से अधिक लोग सनातन धर्म में आस्था रखते हैं। संख्या के जिहाज से तीसरा सबसे बड़ा धर्म और सबसे प्राचीन है। भारत हिन्दू धर्म और हिन्दुओं की मातृभूमि है। इसके बावजूद जिस तरह यहां सियासी स्वार्थ के लिए पार्टियां और सरकारें सनातन धर्म और हिन्दू आस्था के साथ खिलवाड़ करती हैं, यह गंभीर चिंता का विषय है। यह आश्चर्य की बात है कि राम नवमी जैसे पावन पर्व पर पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं को शोभायात्रा निकालने और शांतिपूर्ण ढंग से इस पावन पर्व को मनाने में अनेक बाधा डाली जाती है। सबसे पहले तो पश्चिम बंगाल की सरकार इसकी अनुमति नहीं देती। कोर्ट जाकर अनुमति लेनी पड़ती है और जब कोर्ट से अनुमति मिल जाती है, तो सरारती तत्व राम नवमी के अवसर पर होने वाली शोभा यात्राओं पर कहीं पत्थर फेंकते हैं, कहीं हिंसा करके तरह-तरह से बाधा डालते हैं। आखिर हम राम नवमी सहज और सौहार्द के साथ क्यों नहीं मना सकते? राम नवमी की शोभायात्रा और अन्य आयोजनों के लिए उच्च न्यायालय से अनुमति लेने की नौबत क्यों आती है? पश्चिम बंगाल की सरकार राम नवमी पर रोड़े क्यों बिछाती रही हैं? ममता भी हिंदू हैं। राम उनके भी हैं। राम सबके हैं और सबमें हैं। राम अवतरित पुरुष हैं। ममता बनर्जी मां काली और दुर्गा की तो पूजा करती रही हैं। फिर 'जय श्रीराम' के प्रति उनमें सम्मान का भाव क्यों नहीं? साल-दर-साल राम नवमी के आयोजनों पर सरकारी प्रतिबंध क्यों लगाए जाते रहे हैं? संविधान ने धार्मिक स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार हिंदुओं को भी दिया है। क्या राम की शोभायात्रा आयोजित करना और आस्थाओं के साथ त्योहार मनाना भी गुनाह है? ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री हैं, लिहाजा प्रत्येक नागरिक की जन-प्रतिनिधि हैं, संवैधानिक अभिभावक हैं। सरकार के नाते यह उनका दायित्व है कि सभी नागरिक उल्लास और उमंग के साथ अपने पर्व को मना सकें, लेकिन बंगाल ही नहीं, बिहार, झारखंड सरीखे राज्यों में भी, राम नवमी के दिन, राम के नाम पर ही तनाव पसरा रहा। वहां सुरक्षा की पहरेदारियां बिठाई गईं। उप्र के तो 42 जिलों और बंगाल के 10 संवेदनशील जिलों में हाई अलर्ट घोषित करना पड़ा। बंगाल के हावड़ा इलाके और उप्र के कई शहरों में सुरक्षा बलों, पुलिस को फ्लैग मार्च निकाले गये। रामनवमी के पर्व पर बंगाल में अराजकता फैलाने की कोशिश की गयी। झारखंड में भी बाधा डाली गयी, बिहार, यूपी में भी कई जगहों पर तनाव जैसी स्थिति बनी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। हिन्दुओं को अपने ही देश में अपने आराध्य की पूजा-अर्जना करने, उनका पर्व मनाने में इतनी बाधाएं सामने आती है। राम नवमी के मौके पर पुलिस सुरक्षा बढ़ाई गयी, संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरती गयी और कई जगहों पर ड्रोन से निगरानी रखी गयी। यह सब आखिर क्यों करना पड़ता है? कौन है भारत में सनातन धर्म के सामने इतनी चुनौतियां पैदा करना चाहता है? ये सुरक्षा-घेरे सहज नहीं लगते हैं। आखिर इतने व्यापक तनाव के कारण क्या थे? क्या देश में धार्मिक सहिष्णुता समाप्त हो चुकी है? होली बनाम अलविदा जुमा, नवरात्रि बनाम ईद जैसे सांप्रदायिक टकराव के हालात क्यों बन रहे हैं? क्या सरकारें ही नाकाम हैं? या सरकारें ही दंगेनुमा स्थितियां पैदा करवा रही हैं? आखिर देश में यह कब तक चलता रहेगा? बंगाल में ममता सरकार बीते सालों में भी राम नवमी, दुर्गा पूजा, हनुमान जयंती जैसे पर्वों पर बाधाएं थोपती रही है। अंततः अदालत की शरण में जाना पड़ता है। आखिर इसके पीछे मंशा क्या है? देश की जनता को इसे समझना होगा और पूरी एकजुटता के साथ इस वोट बैंक की सियासत को ध्वस्त करना होगा जिसमें सनातनियों को अपने धार्मिक उत्सवों में इतनी बाधा का सामना करना पड़े।

राम नवमी पर जिस तरह पं. बंगाल में शोभा यात्राओं के आयोजन में सरकारी बाधा डाली गयी वह चिंताजनक है।

विचार

ब्रह्माण्ड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं। वो हमी हैं, जो अपनी आंख पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। करेगा।

-स्वामी विवेकानन्द.

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्ज्वल करती हैं।

-महात्मा गांधी.

वह शासक अत्याचारी है जो स्वेच्छा के अतिरिक्त कोई नियम नहीं जानता।

-वाल्टेयर.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

-गेटे.

आर्थिक सहयोग बढ़ायें बिम्सटेक के देश

अरविन्द जयतिलक

बिम्सटेक के सदस्य देशों को समझना होगा कि इस क्षेत्र में चीन की उपस्थिति शांति व सुरक्षा के लिए ठीक नहीं है। इससे बिमटेस्क के सदस्य देशों की संप्रभुता प्रभावित होगी। पूंजी प्रवाह में उतार-चढ़ाव और विकसित देशों की मौद्रिक नीतियों में बदलाव के इस दौर में बिम्सटेक देशों के लिए आवश्यक है कि वे आपसी मतभेद भुलाकर आर्थिक प्रगति के लिए मिलकर काम करें।

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में दक्षिण पूर्व एशियाई देशों को एक मंच पर लाने वाला 'बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल' (बिम्सटेक) शिखर सम्मेलन संपन्न हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिखर सम्मेलन के जरिए क्षेत्र में सहयोग और समन्वय बढ़ाने की पहल के साथ बैंकॉक विजन 2030 तक का रोडमैप खींच दिया। उन्होंने आर्थिक एकीकरण और कनेक्टिविटी पर जोर देते हुए व्यापार बाधाओं को कम करने, डिजिटल व्यापार एवं ई-कॉमर्स का विस्तार करने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने सीमा पार लेन-देन को सुव्यवस्थित करने के लिए बिम्सटेक डिजिटल व्यापार मंच की सार्थकता को भी रेखांकित किया। अगर सदस्य देश इसमें दिलचस्पी दिखाते हैं तो निःसंदेह इस क्षेत्र में व्यापार, व्यवसाय और पर्यटन को पंख लगना तय है।

जिस तरह दुनिया भर में व्यापारिक तनाव बढ़ रहा है और टैरिफ वार चल रहा है उस परिप्रेक्ष्य में बिम्सटेक क्षेत्र में स्थानीय मुद्रा में व्यापार की संभावनाएं अर्थव्यवस्था को नई गति दे सकती है। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी व्यवहारिकता को समझने-परखने के लिए एक अध्ययन का प्रस्ताव रखा। उन्होंने आतंकवाद निरोध और समुद्री सुरक्षा पर बल देते हुए मानव संसाधन अवसंरचना के संगठित विकास के लिए बिम्सटेक (बोधि) पहल का भी एलान किया। इसका उद्देश्य भारत में प्रत्येक वर्ष तीन सैकड़ा युवाओं को प्रशिक्षित करना है। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस के साथ बैठक कर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का भी सवाल उठाया। देखना दिलचस्प होगा कि मुहम्मद यूनुस इसे कितनी गंभीरता से लेते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पड़ोसी देश म्यांमार को भी आश्वस्त किया कि वहां आए भीषण भूकंप से निपटने में भारत का सहयोग जारी रहेगा। गौर करें तो इस शिखर सम्मेलन के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक को प्रभावी बनाने की हर संभव पहल की है। ध्यान देना होगा कि मौजूदा समय में वैश्विक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। ऐसे में बिम्सटेक को प्रभावी बनाना न सिर्फ दक्षिण व पूर्वी एशिया के हित में है बल्कि यह क्षेत्रीय मंच समूचे विश्व के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन सकता है। शिखर सम्मेलन में बनी सहमति के इन प्रभावी सुझावों को मूर्त रूप दिया जाता है तो निःसंदेह बिम्सटेक की उपादेयता बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि बिम्सटेक यानी बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग उपक्रम की स्थापना 1997 में हुई। यह बंगाल की खाड़ी से तटवर्ती या समीपी देशों का एक अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग संगठन है।

चिंतन

अच्छी बात है कि बिम्सटेक ने अपने हर सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय लिए हैं। इन निर्णयों का ही प्रतिफल है कि आज बिम्सटेक देशों के बीच आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं। आज बंगलादेश भारत की सबसे गतिशील मंडियों में से एक है। भारत ने बंगलादेश के हित के लिए कई सेक्टरों की वस्तुओं के आयात पर टैरिफ रियायतें दी है। इसी तरह भारत-नेपाल आर्थिक-तकनीकी संबंधों में भी प्रगाढ़ता आयी है। नेपाल के विकास कार्यों में सबसे अधिक धन भारत लगा रहा है। दोनों देश चीनी, कागज, सीमेंट जैसे औद्योगिक साझा उद्यम में मिलकर काम कर रहे हैं। आज नेपाल के कुल पूंजी निवेश में लगभग 36 फीसद पूंजी निवेश भारत करता है। भारत सरकार औसतन वार्षिक बजट का लगभग 60 से 75 करोड़ रुपए नेपाल को पर्याप्त सहायता पैकेज के रुप में देती है। बिम्सटेक के सदस्य देश भूटान की कृषि, सिंचाई, सड़क परियोजनाओं में भारत निरंतर सहयोग कर रहा है। भूटान की चुक्ख हाईडिल परियोजना एवं पेनडेना सीमेंट संयंत्र खोलने के लिए भारत ने बड़ी धनराशि मुहैया करायी है। भूटान के सचिवालय के निर्माण तथा पुराने मठों तथा विहारों के जीर्णोद्धार में भी भारत मदद कर रहा है। इसके अलावा भारत उसे केरोसिन और तेल की सब्सिडी भी देता है। बिम्सटेक के अन्य सदस्य देश म्यांमार, श्रीलंका और थाइलैंड के साथ भी भारत के गहरे रिश्ते हैं। म्यांमार में लोकतंत्र के उदय में भारत की अहम भूमिका रही है। वह इन देशों के साथ कृषि, वानिकी, पर्यटन, होटल, दूरसंचार जैसे अनगिनत परियोजनाओं पर मिलकर काम कर रहा है। लेकिन इसके बावजूद भी बिम्सटेक क्षेत्र में रुकावटें और चुनौतियां बनी हुई है जिससे बिम्सटेक को अपना लक्ष्य साधने में कठिनाई हो रही है। बिम्सटेक क्षेत्र में आतंकवाद एक महत्वपूर्ण समस्या है। गोवा के शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भी था कि आतंकवाद से निपटने के लिए सभी सदस्य देशों को मिलकर काम करने की जरुरत है।

31 जुलाई 2004 को बैंकाक में संपन्न बिम्सटेक की पहली शिखर बैठक और 19 दिसंबर 2005 को ढाका में संपन्न बिम्सटेक मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में भी आतंकवाद का मुद्दा उठा था। सभी सदस्य देशों ने इस चुनौती से मिलकर मुकाबला करने का संकल्प व्यक्त किया। लेकिन सच तो यह है कि इस दिशा में अभी तक सफलता नहीं मिली है। सच तो यह है कि बिम्सटेक क्षेत्र में आतंकी गतिविधियों पहले से भी सघन हुई है। भारत का कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्य आतंकियों के निशाने पर है। इसी तरह बंगलादेश में हूजी, जमातुल मुजाहिदीन बंगलादेश, द जाग्रत मुस्लिम बंगलादेश, इस्लामी छात्र शिविर यानी आइसीएस जैसे आतंकी संगठन पहले से मजबूत हुए है। नेपाल के रास्ते पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद भारत के लिए सिरदर्द बना हुआ है। बंगलादेश और नेपाल के रास्ते भारत में नशीले पदार्थों की तस्करी और नकली नोटों का प्रवाह जारी है। इसी तरह थाईलैंड, श्रीलंका और म्यांमार वाह्य और अंदरुनी आतंकवाद के अलावा जातीय संघर्षों से झुलस रहे हैं। जब तक इन अराजक गतिविधियों पर लगाम नहीं लगेगा बिम्सटेक क्षेत्र में शांति और अर्थव्यवस्था को मजबूती नहीं मिलने वाली। बिम्सटेक के सदस्य देशों को उन आपसी मतभेदों को भी सुलझाना होगा जो आर्थिक प्रगति की राह में बाधा बना हुआ है। मसलन गंगाा-ब्रह्मपुत्र नहर बनाने के मसले पर आज भी भारत और बंगलादेश के बीच विवाद ज्यों का त्यों बना हुआ है।

बांग्लादेश इसके लिए नेपाल में बड़े-बड़े जलाशय के निर्माण पर बल देकर नेपाल को इस समस्या से जोड़ना चाहता है। हर वर्ष लाखों बांग्लादेशी शरणार्थी गैर-कानूनी तरीके से भारत में प्रवेश करते हैं। ऐसा माना जाता है कि बांग्लादेशी शरणार्थी ही असम समस्या की जड़ हैं। इसे लेकर भारत बाग्लादेश से लगातार आपत्ति जताता है लेकिन बंगलादेश अपनी आंख बंद किए हुए है। कांटेदार बाड़ का मुद्दा भी दोनों देशों के बीच विवाद का कारण है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा भी अब बड़ी चुनौती बन गई है। भारत-श्रीलंका के बीच भी कई मसलों पर मतभेद है। इसमें तमिल समस्या और श्रीलंका में चीन की बढ़ती भूमिका महत्वपूर्ण है। भारत श्रीलंका में तमिलों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ है। साथ ही श्रीलंका की अर्थव्यवस्था में चीन की बढ़ती भागीदारी भी कई तरह की आशंकाओं को जन्म दे रही है। चीन की मंशा श्रीलंका को व्यस्त समुद्री मार्ग का हिस्सा बनाकर हिंद महासागर में अपना ठिकाना जमाना है।

सोशल मीडिया

सपा अपने सियासी लाभ के लिए अपने दलित नेताओं को आगे करके जो घिनौनी राजनीति कर रही है, अर्थात उनको नुकसान पहुंचा रही है, यह उचित नहीं है। मायावती.

प्रदेश के ग्रामीण अंचल में आधारभूत परिवर्तन आये हैं, भाजपा सरकार ने अपने संकल्प से जन कल्याण की योजनाओं दर दराज के गांवों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचाया। केशव प्र. मौर्य.

ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की प्रशासनित प्रमुख दादी रतनमोहिनीजी के निधन की सूचना से गहरा दुख हुआ, उन्होंने अपने दिव्य ज्ञान से लाखों का मार्ग दर्शन किया। जेपी नड्डा.

भौतिक सफलताएं

अंतर्दृष्टि

भगवान से मांगने योग्य वस्तुएं श्रद्धा, हिम्मत, श्रमनिष्ठा, सच्चरित्रता, करुणा, ममता, पवित्रता और विवेकशीलता जैसी वे सद्भावना एवं सत्प्रवृत्तियां हैं जो विपन्नता को सम्पन्नता में बदल देती हैं और अभाव रहते हुए जिनके कारण विपुल सम्पन्नता का सुख अनुभव होता रहता है। प्रगति और सफलता का सारा आधार सद्गुणों पर अवलम्बित है। उनके बिना अकस्मात् किसी प्रकार कोई लाभ मिल भी जाये तो उसे संभालना और स्थिर रखना संभव न होगा। सदुपयोग केवल उस वस्तु का किया जा सकता है जो उचित मूल्य देकर उपार्जित की गयी है। अनायास बिना परिश्रम के मिली हुई सम्पत्ति का उपव्यय ही होता है और उससे अनेक व्यसन और उद्वेग पैदा होते हैं जिनके कारण वह उपलब्धि सुखदायक न होकर अनेक विपत्तियां और विकृतियां उत्पन्न करने का कारण बन जाती है। भगवान जिा पर प्रसन्न होते हैं उस सद्गुणों का उपहार देते हैं क्योंकि वे अपने आप में इतने महान हैं कि यदि साधन सम्पन्ता न भी हो, तो भी केवल उन सद्गुणों की सम्पदा के आधर पर मनुष्य सुखी समुन्नत और सम्मानित जीवन जी सकता है। यही दिव्य संपदाएं भगवान से मांगनी चाहिए। यही हैं वे विभूतियां जिन्हें वे अपने भक्तों को दिया करते हैं। भौतिक सफलताएं हमें अपनी भुजाओं और कलाइयों से मांगनी चाहिए। अपनी अकल को तेज करना चाहिए और सूझ बूझ से काम लेना चाहिए। अवरोध उत्पन्न करने वाली त्रुटियों को सुधारना चाहिए। सफलता का द्वारा खुल जायेगा। भगवान स्वयं अपनी विधि व्यवस्था में बंधे हुए हैं। उन्होंने इस संबंध में अपने आपके साथ तक कोई रियायत नहीं की, अपने सगे संबंधियों तक को छूट नहीं दी। कर्मफल की व्यवस्था को ही सर्वत्र प्रधान रखा। ऐसा न होता तो कोई पुरुषार्थ करने के लिए ही क्यों होता और कुकर्मों से बचने के लिए किसी को आवश्यकता ही क्या पड़ती? प्रार्थना मात्र से सारी सुविधाएं मिल जाती तों फिर कठोर, कर्मठता के लिए कठिबद्ध होने की इच्छा ही क्यों होती? जिन मनुष्यों की वासनाएं शांत हो गयी हैं, उनके मन मंदिर में आठोयम प्रेम ज्योति प्रज्जवलित है। वे इन्द्रियों के दास नहीं, इन्द्रियां स्वयं उनकी दासता में रहती हैं। सांसारिक प्रपंच किसे कहते हैं, इससे उन्हें कोई प्रयोजन नहीं। वे समय पर धर्म की बेदी पर प्राण न्यौछावर करने के लिए तत्पर रहते हैं और धर्म संस्थापन के लिए ही जीवन है। सरलता, नम्रता, सहनशीलता, सम्प्रति ही उनके जीवन के मुख्य साधन हैं। उनमें अहं का भाव नाम-मात्र भी नहीं होता। ऐसे मनुष्य सत्य की शीतल छाया में जीवन व्यतीत करते हैं।

बाथरूम के बड़े फायदे हैं...

व्यंग्यलोक

आजकल लगभग मैं बाथरूम में ही पाया जाता हूँ। मैंने बाथरूम से बाहर रूम में रहकर देख लिया, सिवाय परेशानियों के और कुछ नहीं है। बाथरूम के बड़े फायदे हैं। पत्नी का यह तकिया कलाम स्थायी हो गया है कि मैं बाथरूम में हूँ। मेरे कई भय है। जिनके कारण मुझे इसमें जाना पड़ा है। खासतौर से जब से फोन लगा है, तब से मैं इसमें समाहित हो गया हूँ। सुबह-सुबह मेरे एक प्रकाशक मित्र का फोन आता है, जिनसे सिवाय वाहियात वार्तालाप के अलावा कुछ हासिल नहीं हो पाता। रायल्टी का हिसाब-किताब करीब-करीब क्लीयर-सा है, ऐसी स्थिति में मेरा बाथरूम में चले जाना ही श्रेष्ठ है-सो से मिलते हैं तो यही शिकायत प्रमुखता से करते हैं कि मैं बाथरूम में क्यों चला गया हूँ। उनसे तो असलियत क्या बताऊँ, यही कह पाता हूँ कि डॉक्टर ने साफ-सफाई के प्रति जागरूक रहने को कहा है, सो ज्यादा समय वहीं रहना पड़ता है। वे रहस्यमयी मुस्कान के साथ कहते हैं- थोड़ा लिखना-पढ़ना रेगुलर करो। इस तरह कैसे चलेगा। इस तरह तो आपका लेखक मर जायेगा।

पूरन सरमा

मैं मन में सोचता हूँ कि उनकी बकवास से मरने की एवज बिना लिखे-पढ़े मर जाना ज्यादा बेहतर है। उधार माँगने वालों से पूरी तरह सुरक्षित हूँ। वे फोन पर ही -चिल्लाते हैं-उन्हें निकालिये बाथरूम से। पूरा एक साल गुजर गया-कब देंगे हमारी उधारी? पत्नी घाघ हो गयी है, कहती है-उन्हें पहले बाथरूम से बाहर आने दो, पता करती हूँ कि उन्होंने आप जैसे अव्यावहारिक आदमी से उधार क्यों ली? उधार ली है तो मर थोड़े ही रहे हैं हम। एक-एक पाई चुका देंगे, लेकिन बातचीत ढंग से किया करो। थोड़ी तमीज सीखो। उधार उगाहने वाले दुर्जन ठण्डे पड़ जाते हैं-वह क्या था? जब भी फोन करता हूँ, तब वे बाथरूम में होते हैं। कभी बाहर भी तो मिलें। पत्नी कह देती है-अब आप फोन ही तब करते हैं, जब वे बाथरूम में होते हैं। वे कहते हैं- अच्छा थोड़ी देर बाद में फोन कर लूँगा। वे पुनः फोन करते हैं, तब तक मैं ऑफिस चला जाता हूँ। कुछ लोग मुझे मेरे दफ्तर के काम से फोन करते हैं। उन्हें भी मैं बाथरूम में मिलता हूँ। उनकी माँग होती है कि उन्हें जरूरी काम था। पत्नी कहती है कि जरूर होगा आपको जरूरी काम अन्यथा आप टेलिफोन करते ही क्यों। वे कहते हैं-कब तक बाहर आयेंगे वे। पत्नी कहती है कि बाहर आ गये तो बीमार हो जायेंगे तथा ऑफिस नहीं जायेंगे। इस तरह की पहेलीबाजी से मैं इनसे बचा रहता हूँ। यही क्यों और भी शुभचिंतक हैं, जो मुझे कुछ लिखवाना चाहते हैं, माँगना चाहते हैं, सलाह मशविरा करना चाहते हैं अथवा यों ही गप्प मारकर समय जाया करना चाहते हैं। उन सबके लिए मैं बाथरूम मैं हूँ।

बहुलतावादी संस्कृति के पैरोकार स्वामी महावीर



जयंती (10 अप्रैल) पर विशेष

जैन महाधर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर अनेकांतवाद दर्शन के प्रवर्तक हैं, जिसका सार यह है कि सत्य को एक ही दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता, बल्कि उसे देखने और जानने के अलग-अलग अनेक दृष्टिकोण हो सकते हैं। उसकी अलग अलग व्याख्या हो सकती है। वास्तव में भारत की बहुलवादी सहिष्णु संस्कृति की नींव में भगवान महावीर का यही दर्शन है। विश्व को भारतीय समाज की दो सबसे महान देनों में से एक अहिंसा का समग्र दर्शन है और दूसरा अनेकांतवाद का विचार और ये दोनों हमें जैन धर्म और भगवान महावीर ने दिया है। भारतीय समाज अगर दुनिया में सबसे ज्यादा बहुलवादी और सहिष्णु समाज रहा है तो उसमें इन दोनों ही विचारों की केन्द्रीय भूमिका है। यही वजह है कि भगवान महावीर का भारतीय धर्म और संस्कृति में एक अनूठा और अपरिवर्तनीय स्थान है, जिसकी जगह कोई दूसरा नहीं ले सकता।

अहिंसा सर्वोच्च आदर्श

भगवान महावीर ने अहिंसा के विचार को सिर्फ शारीरिक हिंसा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि विचारों, शब्दों और कर्मों से भी हिंसा न करने पर जोर दिया। उन्होंने इसे एक व्यापक जीवन-दर्शन बना दिया, जिसका प्रभाव आगे चलकर बौद्ध धर्म, गांधीजी के अहिंसा आंदोलन और भारतीय समाज की सहिष्णुता पर बहुत गहराई से पड़ा।

तपस्या जीवन का आदर्श

भारत के अन्य संतों और धर्म-प्रवर्तकों ने भी त्याग और तपस्या की शिक्षा दी है, लेकिन भगवान महावीर इसके स्वयं चरम उदाहरण बने हैं। उन्होंने 12 वर्षों तक कठोर तपस्या कर सिद्ध किया कि आत्मा को शुद्ध करने के लिए कठोर तप आवश्यक है। भगवान महावीर ने आत्मसंयम, इच्छाओं पर नियंत्रण, और आत्मशुद्धि को मोक्ष प्राप्ति का मार्ग बताया। यह भारतीय सन्यास परंपरा और योग साधना के मूलभूत सिद्धांतों से मेल खाता है।

वर्ग और जातिहीन समाज

भगवान महावीर ने जाति, वर्ग और लिंग के भेदभाव को नकारा और यह स्थापित किया कि मोक्ष प्राप्ति के लिए सभी समान हैं। उनकी यह विचारधारा बाद में भारतीय समाज में सामाजिक सुधार आंदोलनों के लिए प्रेरणास्रोत बनी।

करुणा के सागर

भगवान महावीर के सिद्धांत केवल मनुष्य तक सीमित नहीं थे, बल्कि उन्होंने समस्त जीव-जंतुओं के प्रति करुणा रखने का संदेश दिया। भगवान महावीर केवल जैन धर्म के नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा के अनिवार्य स्तंभ हैं। उन्होंने जिन सिद्धांतों को प्रतिपादित किया, उनकी भरपाई न कोई और कर सका और न ही भविष्य में कर सकेगा। उनका योगदान न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक, दार्शनिक और नैतिक स्तर पर भी अतुलनीय है।

अहिंसा का अनंत आयाम

धरती में अहिंसा का विचार यूं तो भगवान महावीर से भी पहले से मौजूद था, ऋग्वैदिक काल की वैदिक परंपरा में भी कुछ हद तक अहिंसा का उल्लेख मिलता है, विशेष रूप से यजुर्वेद और अथर्ववेद में, जहाँ सभी प्राणियों के प्रति करुणा और दयाभाव की बातें कही गई हैं। कठोपनिषद और छांदोग्य उपनिषद में भी अहिंसा को आध्यात्मिक उन्नति के लिए आवश्यक बताया गया है। यही नहीं भगवान महावीर से पहले के तीर्थंकर, भगवान ऋषभदेव (प्रथम तीर्थंकर) से लेकर पाश्र्वनाथ (तेइसवें तीर्थंकर) तक ने भी अहिंसा का उपदेश दिया है। बौद्ध परंपरा में गौतम बुद्ध (जिनका काल महावीर के लगभग समकालीन था) ने भी अहिंसा का प्रचार किया, लेकिन यह पहले से ही एक स्थापित सिद्धांत था। लेकिन अहिंसा के विचार को अनंत आयाम दिया है भगवान महावीर ने। उन्होंने इसे सबसे स्पष्ट, व्यापक और व्यवस्थित रूप से प्रस्तुत किया है। उन्होंने इसे एक संपूर्ण जीवनशैली और दर्शन के रूप में विकसित किया। भगवान महावीर ने अहिंसा को सार्वभौमिक बनाया। उन्होंने अहिंसा को केवल मनुष्यों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि सभी जीवों तक विस्तारित किया। विचार, शब्द और कर्म में अहिंसारू उन्होंने ही सिखाया। उन्होंने ही यह कहा कि अहिंसा केवल शारीरिक हिंसा से बचना नहीं है, बल्कि विचारों, वाणी और व्यवहार में भी इसे अपनाना चाहिए। उन्होंने अहिंसा और कर्म सिद्धांत का गहरा संबंध बताया। उनके मुताबिक किसी भी प्राणी को हानि पहुंचाना बुरे कर्मों को जन्म देता है, जो मोक्ष की राह में बाधा बनता है। भगवान महावीर ने अहिंसा का विचार सबसे पहले नहीं दिया। उन्होंने इसे उच्चतम, व्यावहारिक और सार्वभौमिक रूप में प्रस्तुत किया।

आरसी शर्मा.

आपकी बात

महिलाओं की सुरक्षा

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। झारखण्ड में एक स्कूल में ऐसा मामला एक साल पहले सामने आया जिसमें एक नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल के प्रिंसीपल, शिक्षक के साथ दर्जन भर छात्रों ने भी दुराचार की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। बिहार में आश्रय गृहों में रह रही बेटियों के साथ जो शर्मकांड हुआ उसको याद करने से ही मन सिहर जाता है। उत्तराखण्ड में एक स्कूल में नाबालिग छात्रा से स्कूल कर्मियों के साथ करीब एक दर्जन छात्रों ने भी गैंगरेप का शर्मनाक कृत्य किया। समझ में नहीं आता है कि ये आश्रयगृह, ये स्कूल शिक्षा एवं संरक्षण के आश्रय हैं या यातना एवं उत्पीड़न गृह। जिस तरह आज बेटियों के लिए, महिलाओं के लिए हर जगह खतरनाक होती जा रही है उसमें एक सभ्य परिवार के पुरुषों को अपने ही घर में, अपने ही मां, बहन व बेटियों के सामने शर्मसार होना पड़ता है। कुछ गुंडों, अपराधियों के कारण पूरा पुरुष समाज शर्मिंदगी का दंश झेलने के लिए अभिशप्त है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि बेटियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी? रेप पर फांसी की सजाएं भी दी जा रही हैं लेकिन अपराधी इतने डीठ हो गये हैं कि उनके मन में दहशत का भाव कभी आता ही नहीं है। हैदराबाद में एनकाउंटर कांड के बाद जिस तरह से देश में हर्ष का माहौल देखने को मिला वह दरअसल न्याय न मिलने की कुंठा ही थी। अन्यथा ऐसे न्याय को कौन बर्दाश्त करता। हाथरस, उन्नाव, अमेठी की घटनाएं यह साबित करती हैं कि अपराधियों में अभी भी कानून का डर नहीं है।

मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.

सरकारी योजनाओं का लाभ

प्रदेश सरकार अनेक योजनाएं चला रही है लेकिन प्रायः जिनको जरूरत है उनको योजना का लाभ नहीं मिलता है। सरकार एक करोड़ से अधिक स्मार्ट फोन व टैबलेट बांट नहीं है लेकिन जहां कालेज छात्रों को सबको दिया जा रहा है वहीं गरीबों के बच्चे स्कूलों में इससे वंचित रहेंगे जबकि कोरोना काल में सबकी हालत खस्ता हो गयी है। इसलिए जिन लोगों की आय कम है उनके बच्चों को भी स्मार्टफोन या टेबलेट देना चाहिए। प्रधानमंत्री जनआरोग्य अभियान अर्थात आयुष्मान भारत योजना को लागू हुए कई साल हो गये हैं। लेकिन इसका लाभ अभी बहुत सीमित लोगों को ही मिला है। पीएम-जय से आच्छादित परिवार गंभीर बीमारियों में सरकारी या सूचीबद्ध निजी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज करा सकेंगे। कैंसर सहित 1350 बीमारियों में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने वाली आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है। योजना में तमाम तैयारियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि बहुत सी खामियां सामने आयेंगी। अस्पताल अनेक गड़बड़ियां करेंगे। फर्जी बिल बाउचर से भुगतान लेने की घटनाएं सामने आयेंगी, जैसा कि सरकारी कामों में होता है। बहुत से पात्र योजना में छूट जायेंगे और अपात्र लाभान्वित होंगे। इन तमाम तथ्यों के बावजूद भी सरकार कोई सत्यापन करने के बजाय यों ही योजना लागू कर देती है इससे सही लोगों को लाभ नहीं मिल पाता।

प्रमोद कुमार वर्मा, बाराबंकी.

संक्षेप

घर के बेडरूम में निकला कोबरा, मचा हड़कंप

मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत खिहारन में मंगलवार को एक घर में जहरीले कोबरा सांप निकलने से हड़कंप मच गया। सुबह 11 बजे लाल बहादुर मौर्य के घर के अंदर बेडरूम में कोबरा दिखाई दिया। इसकी जानकारी मिलते ही मोहल्ले के लोग वहां जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत गांव के निवासी सर्पमित्र राज मिश्रा को सूचना दी। राज मिश्रा अपनी नाग स्टिक को लेकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने सावधानीपूर्वक रेस्क्यू करते हुए बेडरूम से कोबरा को पकड़ा। रेस्क्यू करने के बाद सर्पमित्र ने कोबरा को गांव के बाहर स्थित जंगल में ले जाकर सुरक्षित छोड़ दिया। बताते चलें कि खिहारन गांव के निवासी राज मिश्रा और राजू मिश्रा दो सगे भाई हैं, दोनों सांप को पकड़ने का कार्य करते हैं और सोशल मीडिया पर सर्पमित्र के रूप में मशहूर हैं।

महोली में चोरों ने नकदी सहित जेवर किया पार

सोहावल-अयोध्या। सोमवार की रात भाजपा विधायक डाक्टर अमित सिंह चैहान के गांव महोली में चोरों ने पेट्रोल पंप की सी सी टी वी के सामने बने घर को अपना निशाना बनाया। छत के रास्ते दरवाजा तोड़ घर में घुसे चोरों ने कमरों में सो रहे परिजनों को बाहर से कुंडी लगा कर बंद कर दिया। पूरे घर की तलाशी ली। बक्शा और लाकर तोड़कर गांव निवासी अनूप कुमार दुबे के घर घुसे चोरों ने लगभग 30 हजार की नकदी, आभूषण सहित दस लाख से ज्यादा का माल पार कर दिया। चोरी की भनक पर परिवार ने गुहार की लेकिन चोर निकल भागने में सफल रहे। एक माह के भीतर रौनाही थाना क्षेत्र की यह आठवीं और सत्ती चैरा पुलिस चैकी की पांचवीं वारदात है जो पुलिस को शर्मिंदा कर रही है। इससे पहले इब्राहिम पुर कँदई निवासी भाजपा नेता शिव पूजन सिंह, बरई बरेसर में चार घर, कांटा चैराहे पर मां वैष्णो मोबाइल एवं आभूषण भंडार लाल जी सोनी की दुकान, सोहावल चैराहा स्थित रजिस्ट्री आफिस के सामने सहित एक सर्विस सेंटर को चोर अपना निशाना बना चुका है। हर घटना में चोरों ने छत के रास्ते या दीवाल तोड़ कर चोरी की है। लाखों का माल साफ किया है। एक दिन पहले अवकाश के लिए सम्मानित हुए प्रभारी निरीक्षक सुमित श्रीवास्तव के सम्मान को धक्का लगाने वाली इस वारदात का मौका मुआयना पिछले घटनाओं की तरह पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, सीओ सहित डॉग स्क्वायड टीम आदि सब ने किया है। देखना यह है कि वारदात के बाद चोरों के पीछे लकीर पीट रही पुलिस इन्हें पकड़ने में कारगर होती है या फिर अभी और अगली घटना का इंतजार करती है।

भारतीय शिक्षण मंडल का 56वां स्थापना दिवस मना

अयोध्या। भारतीय शिक्षण मंडल की स्थापना शिक्षा के क्षेत्र में पुनरुत्थान हेतु सन 1969 में चैत्र रामनवमी के शुभ दिवस पर किया गया था भारतीय शिक्षा मंडल का लक्ष्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति पाठ्यक्रम शिक्षा तंत्र एवं शिक्षण पद्धति का भारतीय मूल्यों के आधार पर विकास करना है भारतीय शिक्षा व्यवस्था परंपरा एवं संस्कृति के बारे में राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता लाने हेतु कई शैक्षणिक बौद्धिक एवं व्यवहारिक गतिविधियों का संचालन भारतीय शिक्षण मंडल द्वारा किया जाता है, उक्त विचार भारतीय शिक्षण मंडल के 56 स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर श्री गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ के ह्नविवेकानंद सभागारह्न में आयोजित समारोह में में भारतीय शिक्षण मंडल अवध प्रांत के प्रांत मंत्री माधव सर्वोदय इंटर कॉलेज के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार पाठक ने व्यक्त किया, कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु श्री राम, भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुआ, कार्यक्रम में गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ के छात्रों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना प्रभु श्री राम पर प्रस्तुत भजन उपस्थित शिक्षाविदों को आकर्षित कर रहा, कार्यक्रम का संचालन शिक्षण मंडल अवध प्रांत के प्रांत सह मंत्री पूर्व प्रधानाचार्य राजेश कुमार सिंह ने किया इस अवसर पर भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांत कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, जिला मंत्री अजय कुमार वर्मा, गुरुकुल के सह प्रबंधक आदर्श सिंह ह्नव्यवस्थापकह्न गुरुकुल की कोषाध्यक्ष प्रोफेसर आरके सिंह निदेशक डॉ दिलीप सिंह शिक्षण मंडल के महानगर मंत्री अंकुर कुमार मिश्रा सहित भारतीय शिक्षण मंडल, गुरुकुल, से जुड़े पदाधिकारी, गुरुकुल के आचार्य, नगर के शिक्षा विद संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

त्रिलोदकी गंगा को मिलेगा न्याय !

- एनजीटी ने फिर से खोला मामला
- प्रशासन पर बढ़ा दबाव, धार्मिक आस्था और विकास के टकराव की कहानी

करुणाकर दूबे

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या की एक प्राचीन और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नदी त्रिलोदकी गंगा को लेकर एक बार फिर न्याय की उम्मीद जगी है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने इस बहुचर्चित केस को फिर से खोलते हुए 9 अप्रैल को सुनवाई की तारीख तय की है। इस निर्णय ने प्रशासन से लेकर धार्मिक संगठनों और पर्यावरणविदों तक को सक्रिय कर दिया है। गौरतलब है कि त्रिलोदकी गंगा कोई साधारण जलधारा नहीं है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यह नदी त्रेतायुग से जुड़ी हुई मानी जाती है और इसका वर्णन अयोध्या के कई धार्मिक ग्रंथों में किया गया है। यह नदी गुप्त गंगा के नाम से भी जानी जाती रही है, जहां साधु-संत स्नान और ध्यान किया करते थे। स्थानीय जनमानस की आस्था इस नदी से गहराई से जुड़ी हुई है। उक्त मामले को लेकर दुर्गा प्रसाद यादव पिछले कई वर्षों से इस मुद्दे पर आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने बार-बार छळज्में याचिकाएं दायर कर यह साबित करने की कोशिश की कि त्रिलोदकी गंगा सिर्फ एक नाला नहीं, बल्कि धार्मिक और पर्यावरणीय महत्व की नदी है। दुर्गा प्रसाद का कहना है कि प्रशासन और कुछ औद्योगिक समूहों ने इसे नाले में तब्दील करने का षड्यंत्र रचा। लेकिन अब एनजीटी के फैसले से फिर उम्मीद जगी है। पूर्व में एनजीटी के निर्देश के बाद त्रिलोदकी गंगा के पुनरुद्धार के लिए 65 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे। लेकिन ग्राउंड रियलिटी यह है कि न तो नदी की सफाई हुई, न प्रवाह बहाल हुआ और न ही धार्मिक महत्त्व को मान्यता मिली। हाल ही में वायरल हुए एक वीडियो में त्रिलोदकी गंगा के वर्तमान स्वरूप को देख जनता आक्रोशित हो गई कृ उसमें गंदगी, प्लास्टिक कचरा और अतिक्रमण साफ नजर आ रहे हैं। दुर्गा प्रसाद यादव और अन्य शिकायतकताओं का आरोप है कि अमृत बॉटलर्स नामक कंपनी, जो नदी के पास अपना प्लांट चला रही है, ने पर्यावरण नियमों की अनदेखी करते हुए नदी को प्रदूषित किया। वहीं, प्रशासन पर भी आरोप है कि उसने मामले को नाले का दर्जा देकर फाइल बंद कर दी थी।

मामले के दोबारा खुलने के बाद स्थानीय नागरिकों और संत समाज में एक नई ऊर्जा आई है। संत महंतों ने चेतावनी दी है कि अगर त्रिलोदकी गंगा को पुनर्जीवित नहीं किया गया, तो बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। कई धार्मिक संस्थाएं और छळे इस मुहिम में दुर्गा प्रसाद के साथ खड़ी हैं। 9 अप्रैल को एनजीटी की सुनवाई बेहद अहम मानी जा रही है। इसमें यह तय होगा कि प्रशासन को नए सिरे से काम शुरू करना होगा या नहीं। अगर एनजीटी ने शिकायतकताओं के पक्ष में फैसला दिया, तो सरकार को न सिर्फ फंड का सही उपयोग सुनिश्चित करना पड़ेगा, बल्कि धार्मिक भावनाओं का सम्मान भी करना होगा। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि त्रिलोदकी गंगा का मामला पुराना है। हमने अमृत बॉटलर्स और अन्य हितधारकों से जवाब मांगा है। यदि यह जलधारा वास्तव में धार्मिक महत्व की है, तो हम नए सिरे से सर्वे कराकर जीर्णोद्धार योजना पर काम करेंगे। अभी तक की रिपोर्ट में यह ह्नबारहमासी नालाह्न दशार्या गया है, लेकिन नई वैज्ञानिक और पौराणिक पड़ताल की जा रही है। हालांकि प्रशासन ने अब तक कोई आधिकारिक प्रेस नोट जारी नहीं किया है। अमृत बॉटलर्स के जनसंपर्क अधिकारी से ईमेल द्वारा प्राप्त बयान में कहा गया है कि ह्नहम स्थानीय कानून और पर्यावरणीय दिशानिर्देशों का पालन करते हैं। हमारी यूनिट का त्रिलोदकी गंगा जलधारा से कोई प्रत्यक्ष जुड़ाव नहीं है। हमने अपने अपशिष्ट प्रबंधन और डिस्चार्ज की प्रक्रिया की पर्यावरण विभाग से ली हुई है। हम के आदेश का सम्मान करते हैं और जांच में पूरा सहयोग करेंगे। वहीं स्थानीय निवासी शिवाकांत त्रिपाठी कहते हैं कि ये नदी नहीं नाला बनी है। पहले यहां स्नान होता था, अब कोई पास तक नहीं जाता। शासन सिर्फ कागज पर काम करता है। संत गणेश दास कहते हैं कि त्रिलोदकी गंगा रामायण काल से जुड़ी है। इसे बचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। अगर जरूरत पड़ी तो बड़ा आंदोलन होगा।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

मिल्कीपुर-अयोध्या। इनायत नगर के कोटवा गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां 32 वर्षीय मनोज कुमार विश्वकर्मा का शव सोमवार की रात घर में पंखे से लटका मिला। परिजन उसे तुरंत सीएचसी मिल्कीपुर ले गए। डॉक्टर प्रदीप कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार, मृतक शराब का आदी था। वह रोज शराब पीकर घर आता था। पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट करता था। उसकी पत्नी मजदूरी करके परिवार का पेट पालती थी। मनोज ने इससे पहले भी कई बार आत्महत्या का प्रयास किया था। कभी फांसी लगाने की कोशिश की, तो कभी मिट्टी का तेल डालकर जान देने की कोशिश की। मृतक के तीन नाबालिग बच्चे हैं। घटना की सूचना मिलते ही इनायत नगर थाने के उपनिरीक्षक रवीन्द्र कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

विभिन्न मार्गो पर चेकिंग के दौरान सीज किये 18 ई-रिक्शा

बाराबंकी। 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक बिना फिटेनस व लाइसेन्स के अपंजीकृत ई-रिक्शा व ऑटो के विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे विशेष संघन चेकिग अभियान मे आज मंगलवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला व यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने बाराबंकी-गोण्डा-बहराइच समेत विभिन्न मार्गो पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सड़को पर बिना रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस, एचएसआरपी नम्बर प्लेट की जांच कर कुल 10 ई-रिक्शा को सीज किया गया। तथा दर्जनो के चालान किये गये। तो वही यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने लखनऊ-बाराबंकी हाइवे पर चेकिंग के दौरान पत्रावलियो की जांच कर 8 ई-रिक्शा को माती चैकी पर बंद किया।

परमिट शर्तो का उल्लंघन करती मिली डबल टेकर बस, एआरटीओ ने की सीज

बाराबंकी। नियमों की अनदेखी एवं परमिट शर्तों का उल्लंघन कर मार्गों पर दौड़ने वाली अनाधिकृत डग्गामार बसों के विरुद्ध परिवहन विभाग ने अभियान चलायाद्य परमिट शर्तों का उल्लंघन एवं क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने वाले बस संचालकों के विरुद्ध सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने आज सुबह मंगलवार को लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर चेकिंग के दौरान हैदराबाद से रूपेडिहा (नेपाल बार्डर) की ओर जा रही डबल डेकर बस यू0पी 53 जीटी 2897 को परमिट शर्तों का उल्लंघन एवं क्षमता से अधिक सवारी मिलने पर नवीन बस अड्डा में सीज किया। तथा सवारियों को दूसरे वाहन से अपने गतव्य की ओर रवाना करवाया। अभियान के दौरान बस स्टेशन इंचार्ज ए0के अवस्थी मौजूद रहे।

बाबा साहेब के संविधान से चलेगा देश: श्यामलाल पाल

पीडीए पंचायत में भाजपा पर जमकर बरसे सपा प्रदेश अध्यक्ष

अयोध्या। मंगलवार को समाजवादी पार्टी द्वारा बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के कोटसराय बाजार स्थित सेठ रामदयाल मैरिज लॉन विशाल पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता त्रस्त आ चुकी है जनता उम्मीद भरी निगाहों से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की तरफ देख रही है। पीडीए का कारवां अब रुकने वाला नहीं है। आने वाला कल समाजवादियों का होगा। अयोध्या के लोग इतिहास लिखने वाले नहीं बल्कि इतिहास रचने वाले लोग हैं। भगवान श्री राम की पावन धरती पर भगवान श्री राम ने गर्भगृह से खुद कहा कि देश में लुटेरे, छलने वाले व नफरत पैदा करने वाले लोगों का शासन हो गया है तब प्रभु श्री राम ने सामाजिक न्याय के एक ऐसे योद्धा अवधेश प्रसाद जिन्हें समाजवादी पार्टी ने लोकसभा का टिकट दिया। और प्रभु श्री राम के आशीर्वाद से अयोध्या की महान जनता ने उन्हें सांसद बनाया। जब से अवधेश प्रसाद सांसद बने हैं भाजपा की केंद्र में सरकार लंगडी हो गई है और सरकार चलने के काबिल नहीं है। जब सदन में भाजपा के लोगों की निगाह सांसद अवधेश प्रसाद पर जाती है तो वह लोग दंग रह जाते हैं। इसलिए भाजपा के लोग बाबा साहब के संविधान को खत्म करना चाहते हैं।

वक्फ की जमीनें कब्जाने वाले ही इस बिल का विरोध कर रहे: वसीम राईन

बाराबंकी। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने वक्फ संशोधन बिल का समर्थन किया है। महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने बिल का विरोध करने वालों को वक्फ संपत्तियों का डकैत बताते हुए कहा कि वक्फ की जमीनों पर अवैध कब्जा करने वाले ही इस बिल का विरोध कर रहे हैं। इनमें अरसद मदनी, महमूद मदनी और ओवैसी समेत पर्सनल लॉ बोर्ड के लोग शामिल हैं। क्योंकि बिल लागू हो गया हैं। अब सरकार कब्जा करने वाले मदनी ओवैसी सहित जो भी लोग सम्पत्ति पर कब्जा किए हुए हैं उनका सार्वजनिक करे ताकि भोले भाले गरीब मुसलमानों को भी इन डकैतों के बारे में जानकारी हो जाए। वक्फ की जमीनें खाली करवाई जाएं और कब्जा करने वालों पर कार्रवाई हो। श्री राईन ने स्पष्ट किया कि इस बिल से पसमांदा और आम मुसलमानों को कोई नुकसान नहीं हैं। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सांसद मोहम्मद अदीब बिल का समर्थन करने वाले पसमांदा मुसलमानों का हुक्का-पानी बंद करने की धमकी तक दे चुके हैं। इस तरह की धमकी देने वाले लोगो के खिलाफ कार्रवाई हो। उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह बहादुर शाह ने 1857 को आखिरी लड़ाई बताकर अच्छे खून वालों का साथ मांगा था। उसी तरह सांसद अदीब जैसे लोग भी इसे आखिरी लड़ाई बता रहे हैं। पसमांदा मुसलमानों का उत्पीड़न और इस्तेमाल करने की मानसिकता दशार्ता है। कांग्रेस ने भी वक्फ बिल में संशोधन किया था। अपनी सरकार में या आर्टिकल 341 पर धार्मिक पाबंदी लगाई थी कोई विरोध प्रदर्शन नहीं किया था।

नगरपंचायत कुमारगंज में बनेगा कल्याण मंडपम

मिल्कीपुर-अयोध्या। नगर पंचायत कुमारगंज के पिठला गांव में जल्द ही एक कल्याण मंडपम का निर्माण शुरू होने जा रहा है, जो स्थानीय निवासियों के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगा, इसके बनने से शादी विवाह सहित सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों के लिए एक उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा, जिसकी लंबे समय से नगर पंचायत क्षेत्र में कमी महसूस की जा रही थी, अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री नगर वैश्विक विकास योजना के अंतर्गत सरकार से इस परियोजना को मंजूरी मिल चुकी है, इसे कार्यदाई संस्था सी, एण्ड, डीएस बनाएगी। इसके लिए एक करोड़ 29 लाख का बजट भी आवंटित कर दिया गया है, कल्याण मंडपम का निर्माण आधुनिक सुविधाओं के साथ किया जाएगा जिसमें बैठने की व्यवस्था, प्रकाश, शुद्ध पेयजल, शौचालय और पार्किंग की सुविधा शामिल होगी यह मंडप शादी विवाह सामुदायिक समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य महत्वपूर्ण योजना के लिए उपयोगी होगा।

कर और करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक सम्पन्न

बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली की मदवार समीक्षा के दौरान पाया गया कि माह मार्च 2025 के लिए भू-राजस्व मद के लिए निर्धारित लक्ष्य 24.99 लाख के सापेक्ष 4.43 लाख रू. की वसूली की गयी है जो कि लक्ष्य का 17.73 प्रतिशत है। वाणिज्य कर के लिए निर्धारित मासिक लक्ष्य रू. 2461.39 लाख के सापेक्ष 1302.43 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 52.91 प्रतिशत, स्टाम्प तथा निबन्धन मद में लक्ष्य रू. 1960.00 लाख के सापेक्ष 1600.42 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 81.65 प्रतिशत, आबकारी मद में लक्ष्य रू. 4452.00 लाख के सापेक्ष 3876.95 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 87.08 प्रतिशत, बैंक देय मद में लक्ष्य रू. 462.28 लाख के सापेक्ष 810.70 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 175.37 प्रतिशत तथा विद्युत मद में लक्ष्य रू. 4700.00 लाख के सापेक्ष 4044.00 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 86.04 प्रतिशत है।

इसी प्रकार परिवहन मद में लक्ष्य रू. 717.82 लाख के सापेक्ष 567.06 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 79.00 प्रतिशत, वानिकी मद में लक्ष्य रू. 180.00 लाख के सापेक्ष 105.94 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 58.86 प्रति., अलौह खनन मद में लक्ष्य रू. 176.00 लाख के सापेक्ष 549.50 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 312.22 प्रति., मण्डी समिति मद में लक्ष्य रू. 160.76 लाख के सापेक्ष 189.27 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 117.73 प्रति., स्थानीय निकाय मद में लक्ष्य रू. 55.61 लाख के सापेक्ष 209.01 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 375.85 प्रति. तथा बांट माप में मद में लक्ष्य रू. 7.81 लाख के सापेक्ष 7.94 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 101.66 प्रति., श्रम प्रवर्तन मद में लक्ष्य रू. 1.44 लाख के सापेक्ष 3.99 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 277.08 तथा सिंचाई में लक्ष्य रू. 383.71 लाख के सापेक्ष 22.49 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 5.86 प्रतिशत है। इस प्रकार कुल मासिक लक्ष्य रू. 15743.81 लाख के सापेक्ष 13294.13 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 84.44 प्रतिशत है।

प्रवर्तन कार्य की समीक्षा के दौरान ज्ञात हुआ कि मासान्त मार्च तक वाणिज्य कर विभाग द्वारा 352 कर अपवंचन के मामले पकड़े गये जिसकी निहित धनराशि रू. 295.83 लाख, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन 464 के सापेक्ष रू. 704.95 लाख, आबकारी द्वारा 1447 प्रकरण, परिवहन द्वारा 1122 के सापेक्ष रू. 139.87 लाख, विद्युत विभाग द्वारा 551 के सापेक्ष 337 में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई।

छात्रों को मिलेगी मुफ्त कोचिंग की सुविधा

बहराइच। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जनपद में सिविल सेवा परीक्षा, पीसीएस, जेईई, नीट एवं एनडीए/सीडीएस, यूपीएसआई, एसएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु जनपद के विभिन्न केन्द्रों में निःशुल्क प्रशिक्षण कक्षायें संचालित की जा रहीं हैं। उक्त प्रशिक्षण कक्षाओं के शैक्षिक सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु आफलाइन/ऑनलाइन पंजीकरण हेतु इच्छुक छात्र-छात्राएं 07 मई 2025 .तक किसी भी कार्य दिवस में गेंदघर स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में अपने समस्त शैक्षिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों के साथ ऑफलाइन अथवा अभ्युदय डाट वन पोर्टल पर आनलाईन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये कोर्स कोआर्डिनेटर अवनीश सिंह के मो.न. 6394085751 पर सम्पर्क किया जा सकता है। यह जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय ने बताया कि अभ्यर्थियों का चयन प्रवेश परीक्षा/काउंसलिंग के आधार पर किया जायेगा। प्रवेश परीक्षा काउंसलिंग का आयोजन माह जून, 2025 के प्रथम सप्ताह में किया जाना प्रस्तावित है।

सिंचाई बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न

बहराइच। उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कल्पीपारा कालोनी स्थित आफीसर्स फील्ड हॉस्टल में जनपद स्तरीय सिंचाई बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान पूर्व सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड द्वारा सरयू लिंक चैनल का सीमांकन कराने एवं विभिन्न स्थानों पर मरम्मत कराने के निर्देश दिये गये। सांसद श्री गोंड ने सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि मरम्मत एवं अनुरक्षण के कार्यों में वन विभाग द्वारा लगाई जाने वाली आपत्तियों को उच्च स्तर पर प्रेषित किया जाय। उपाध्यक्ष श्री सिंह ने ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए मवेशियो को पीने का पानी तथा आगजनी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नहरों का संचालन करा कर तालाब एवं पोखरों को भरने का निर्देश दिया। विद्युत विभाग की ओर से किसी अधिकारी द्वारा बैठक में प्रतिभाग न करने पर उपाध्यक्ष द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। इस अवसर पर अधि.अभि. सरयू नहर खण्ड-5 दिनेश कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

बहराइच। पशुपालन विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा हेतु विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर निदेशक, पशुपालन विभाग देवीपाटन मण्डल गोण्डा डॉ. मदनपाल सिंह ने समस्त उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी एवं पशुचिकित्साधिकारियों को दिशा दिया कि जिले में संचालित गो-आश्रय स्थलों का पशुचिकित्साधिकारी द्वारा प्रतिदिन निरीक्षण कर पोर्टल पर अपलोड किया जाय। डॉ. सिंह निर्देश दिया कि पशुचिकित्सालयों पर उपलब्ध निष्प्रोज्य उपकरणों एवं फर्नीचर इत्यादि का नियमानुसार निस्तारण कराते हुए चिकित्सालय भवन व परिसर की साफह्न-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय। अपर निदेशक डॉ. सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस पोर्टल सहित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों का समयबद्धता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से पैरावेट के मानदेय के भुगतान की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि कृत्रिम गभार्धान की सूचना को भारत पशुधन एप पर अपलोड कराया जाय। डॉ. सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक चिकित्सालय पर भूमि-भवन पंजिका को अद्यतन रखने का निर्देश दिया। अपर निदेशक ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि एफ.एम.डी. कार्यक्रम के साथ-साथ विभागीय योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जाय।

सऊदी हुकूमत के खिलाफ शिया समुदायों ने धरना देकर किया प्रदर्शन

बाराबंकी। सऊदी अरब में मुसलमानों के आखिरी पैगम्बर मोहम्मद साहब की पुत्री बीबी फातिमा जहरा व नवासों की कब्रो को सऊदी हुकूमत ने 1925 में ध्वस्त कर दिये जाने के विरोध मे सऊदी हुकूमत मुदार्बाद, आतंकवाद मुदार्बाद के नारो के साथ मौलाना इमामे जुमा मोहम्मद रजा रिजवी जैदपुरी के नेतृत्व में शिया समुदायों ने धरना प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन नायाब तहसीलदार रामजीत सिंह को सौपा। ज्ञापन मे कहा गया है कि जन्नतुल बकी जो इस्लाम के इतिहास में एक पवित्र स्थल है। वहां 21 अप्रैल 1925 को तत्कालीन राजशाही सरकार द्वारा इन कब्रों को नष्ट कर समतल कर दिया गया था। इस घटना से भारत के शिया और गैर-वहाबी सुन्नी समुदाय समुदाय की धार्मिक भावनाएं लंबे समय से आहत हैं। मौलाना मोहम्मद रजा ने भारत सरकार के अतिरिक्त सऊदी अरब के राजदूत से मदीना में जन्नतुल बकी कब्रिस्तान के जीर्णोद्धार और सम्मानजनक पुनर्निर्माण और तीर्थयात्रा की मांग की है। इस अवसर पर मौलाना काशिफ रिजवी जैदपुरी, मौलाना ताजदार जैदी, मौलाना हिलाल अब्बास, मौलाना मोहम्मद राहिम, हाजी दिलकश रिजवी, मोहम्मद अब्बास जैदी, डॉ0 रजा मोरांवी, शब्बर रिजवी आदि मौजूद रहे।

जिला पुस्तकालय समिति की बैठक सम्पन्न

बाराबंकी। कलेक्टेज्ट स्थित लोकसभागार मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद स्तर पर गठित जिला पुस्तकालय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे पुस्तकालय के विकास, उन्नयन, संवर्धन एवं उसे और अधिक लोकप्रिय उपयोगी बनाने पर चर्चा की गई। बैठक मे जिलाधिकारी ने राजकीय जिला पुस्तकालय के मुख्य भवन (संग्रहालय) की छत एवं 65 मीटर लगभग चाहरदीवारी की मरम्मत हेतु बजट की व्यवस्था के निमित्त वर्तमान वित्तीय वर्ष में निर्माण एजेंसी से पुनः आगणन तैयार कराकर पैरवी करने, मुख्य भवन से पृथक निर्मित दो वाचनालय कक्ष हेतु ऑफग्रिड सोलर सिस्टम की आवश्यकता पर पुर्नविचार करते हुए बजट प्राप्ति हेतु विभाग से सम्पर्क कर आवश्यक कार्यवाही करने, आवश्यक अग्निशमन सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था, कॅरियर काउंसिलिंग एवं तनाव प्रबंधन तथा अन्य कार्यक्रमों को सम्पन्न कराने के लिए साउन्ड सिस्टम डाइस की सुविधा उपलब्ध कराने, अभ्युदय कक्षाएं संग्रहालय के साथ बने पाठक कक्ष में स्थानांतरित किये जाने, फर्नीचर मेज-कुर्सी एवं वाटर कूलर की व्यवस्था के अभ्युदय योजनांतर्गत आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने, ब्लॉक में खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्थापित बंद पुस्तकालयों को दस दिनों के अन्दर संचालित करने, संग्रहालय में रखी सभी मरम्मत लायक बुक केस, अलमारी की मरम्मत पाठक सदस्यता शुल्क के माध्यम से करवाने या जो बुक केस, अलमारी मरम्मत योग्य नहीं हैं, उन्हें नीलाम किये जाने को लेकर सम्बधितो को निर्देशित किया। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी अ0 सुदन, राजकीय जिला पुस्तकालय अध्यक्षा डॉ0 पूनम सिंह, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गनेशपुर, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

संक्षेप

स्वच्छता अभियान का फरमान हवा-हवाई

बाजार शुकुल, अमेठी। विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत किशनी के गांव पूरे ख्वाजा की एक नाली सफाई कराने के लिए कई बार फोन के माध्यम तथा समाचार पत्रों के माध्यम से एडीओ पंचायत को दी गई जानकारी, जहां विकासखंड शुकुल बाजार में मेहरबान एडीओ पंचायत महोदय जी द्वारा 4 महीने से आश्वासन दिया जा रहा है कि नाली की सफाई करवा दी जाएगी। वहीं माह फरवरी 2025 को दो कर्मचारी मौके पर गये और नाली का झांप अधिक वजन (नही उठने) होने की समस्या बताकर तत्काल वापस चले गये। एक सप्ताह बाद एडीओ साहब के नंबर पर 91190 22200 पुनः एक बार बात की गई उन्होंने कहा कि मैं खुद आऊंगा और प्रधान जी के सहयोग से आठ से दस दिन में नाली सफाई करवा देंगे परंतु एक महीना से अधिक समय बीत गया अभी तक कोई कर्मचारी देखने तक नहीं आया, वही ग्रामीणों का कहना है की नाली में मिट्टी पट्टी होने से पानी निकालने में समस्या होती है जल भराव होता है, स्वच्छता अभियान का फरमान दिखावा मात्र।

वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्रों को किया गया सम्मानित

सुलतानपुर (वीओएल)। उच्च प्राथमिक विद्यालय बरसड़ा में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई भदैया के कोषाध्यक्ष प्रमेंद्र विक्रम सिंह ने कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कार और अंक पत्र देकर सम्मानित किया। कक्षा 6 में प्रथम स्थान पर काजल, द्वितीय स्थान पर सौरभ तथा तृतीय स्थान पर सुशील, कक्षा- 7 में प्रथम स्थान पर आदित्य द्वितीय राजन तथा तृतीय स्थान पर यश एवं कक्षा 8 में प्रथम स्थान आकांक्षा द्वितीय पर दीपिका तथा तृतीय स्थान पर साक्षी को इंचार्ज प्रधानाध्यापक प्रमेन्द्र विक्रम सिंह और सहायक अध्यापक रजिया बानो ने बच्चों को सम्मानित किया। प्रवेश सर्व 2025 में विद्यालय में कक्षा- 6 में नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर फूल मालाओं के साथ बैग एवं कापी किट सहित दिया गया।

श्री ठाकुर कल्पवृक्ष जी की महाआरती का हुआ भव्य आयोजन

सुलतानपुर (वीओएल)। मंगलवार को शाम 06:00 बजे कामदा एकादशी के पावन अवसर पर श्री ठाकुर कल्पवृक्ष (पारिजात वृक्ष) जी की भव्य महाआरती का आयोजन श्री कल्पवृक्ष सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में और कल्पवृक्ष सेवा समिति के द्वारा किया गया। यह पावन आयोजन श्री कल्पवृक्ष धाम पर विगत कई वर्षों से प्रत्येक एकादशी को श्रद्धा भाव से आयोजित किया जाता है, जिसमें श्रद्धालुओं का अपार स्नेह और समर्थन मिलता है। महाआरती में मुख्य यजमान के रूप में अभिनव सिंह ने अपनी उपस्थिति से इस आयोजन को गौरवान्वित किया। साथ ही, गोकुल प्रसाद, सीताराम यादव, विकास चैरसिया, नितिन राव लिप्ती, आशीष चतुर्वेदी, राजू संजय, अंकित सहित सैकड़ों श्रद्धालु भक्तगण ने उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक अवसर को और भी पावन बना दिया। आरती के दौरान भक्तों ने परम श्रद्धा और भक्ति भाव से श्री ठाकुर जी के चरणों में पूजा अर्पित की और भजन-कीर्तन के साथ आध्यात्मिक माहौल को गरिमा प्रदान की।

बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन

निर्धारित शेड्यूल के अनुसार बिजली सप्लाई कराने की मांग की

जगतपुर रायबरेली। बिजली कटौती से त्रस्त उपभोक्ताओं ने जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना के नेतृत्व में बिजली उपकेंद्र जगतपुर पर धरना प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में एकत्र उपभोक्ताओं ने, विद्युत केंद्र पर प्रदर्शन के करके बिजली विभाग खिलाफ जमकर नारे बाजी की, और अवर अभियंता को ज्ञापन सौंप कर, निर्धारित शेड्यूल के अनुसार बिजली सप्लाई कराए जाने की मांग की।

जगतपुर में पिछले दस दिनों से खेतों और मिलने वाली व टाउन की बिजली सप्लाई में भारी कटौती की जा रही है। भीषण गर्मी में जारी अघोषित बिजली कटौती से आम नागरिक दुकानदार स्कूली बच्चे, हॉस्पिटल में मरीज जिसे लेकर क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। किसानों और दुकानदारों का आरोप है कि दिन में सिर्फ दो घंटे की बिजली सप्लाई मिल रही है। उसमें भी हर दस मिनट में कट लग जाता है। जिससे किसानों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को गुस्साए लोग जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना के साथ विद्युत उपकेंद्र पहुंचे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने कहा कि दोपहर में हवा का बहाना बनाकर के 5 घंटे की कटौती की जाती है जो तत्काल बंद की जाए रोस्टिंग के नाम पर लोगों को परेशान किया जा रहा है। जगतपुर के लोगों को परेशान किया जाना बंद होना चाहिए नहीं तो धरना दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि कस्बा जगतपुर सीएचसी की लाइन अलग की जाए वर्तमान में कस्बा झकरसी फीडर से चल रहा है जो बहुत बड़ा फीडर है जरा सी फॉल्ट में पूरा दिन पूरा कस्बा बंद रहता है। इस संबंध में अभियंता चंद्रेश पटेल ने कहा कि ज्ञापन मिला है शीघ्र व्यवस्था में सुधार किया जाएगा।। इस अवसर पर छत्रपाल यादव विश्वनाथ त्रिवेदी जगदीश कुरील, अभय शुक्ल, राघवेंद्र सिंह, त्रिलोकी सिंह, सोनू सिंह मोनू सिंह, प्रिंस कौशल, सौरभ सिंह, शुभम सिंह रामप्रकाश, पुष्पेंद्र सिंह, हिमांशु आदि लोग मौजूद रहे।

प्राथमिक शिक्षा को पुनः वैभव दिलाना शिक्षकों की जिम्मेदारी : राकेश सिंह

● आईएएस की नर्सरी होते थे प्राथमिक विद्यालय

रायबरेली। पूर्व माध्यमिक विद्यालय हमीरमऊ जगतपुर में मेधावी छात्रों का सम्मान एवं परीक्षाफल वितरण एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुनील कुमार और हरिकेश बहादुर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि बीईओ सत्य प्रकाश सिंह और विशिष्ट अतिथि राकेश सिंह राना जिला पंचायत सदस्य जगतपुर थे। मेधावी छात्रों एवं संकुल के सभी शिक्षकों को सम्मानित करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को रिपोर्ट कार्ड देकर विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया। सभी नवप्रवेशी बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें एवं नोटबुक देकर स्वागत किया है। आर्थिक रुप से कमजोर, अति पिछड़े और दिव्यांग बच्चों को सभी आवश्यक कापियों का सेट प्रदान करते हुए उत्साह वर्धन किया गया। कक्षा 8 उत्तीर्ण एवं विभिन्न श्रेणियों में चयनित छात्र छात्राओं को स्टेशनरी का पैकेट देते हुए सम्मानित किया गया।

विद्यालय परिवार की ओर से समस्त अभिभावकों के सभी पदाधिकारियों एवं संकुल धमधमा सहित उपस्थित सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया। ब्लाक के मुखिया खण्ड षिक्षा अधिकारी और राकेश सिंह राना जिला पंचायत सदस्य जगतपुर ने अपने प्रेरक उद्बोधन से सभी का उत्साह वर्धन करते हुए छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर साथी शिक्षक वीरेंद्र कुमार, रजनीश कुमार मिश्र एवं अन्य गणमान्य शिक्षक उपस्थित रहे।

आरेडिका में संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली पर कार्यशाला आयोजित

रायबरेली। आरेडिका में राजभाषा विभाग के तत्वावधान में तथा प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी व बनारस रेल इंजन कारखाना के डॉ. संजय कुमार सिंह ने संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली पर विस्तृत चर्चा की एवं बताया कि समिति के प्रश्नों का जवाब कैसे दिया जाय। जिससे समिति के सदस्यों के सामने अपने राजभाषा विभाग एवं संस्था प्रमुख की सकारात्मक छवि बने। आरेडिका के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र ने प्रगति पत्रिका के सितम्बर व दिसम्बर अंक में प्रकाशित कविता, कहानियाँ, संस्मरण, प्रेरक लेख इत्यादि के रचनाकारों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यशाला में आरेडिका के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अष्टानन्द पाठक, राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन व नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य कार्यालय, बैंक ऑफ बड़ौदा सहित उच्च अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

बच्चों को साइबर अटैक से बचाव की दी जानकारी

अमेठी। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि महिला कल्याण विभाग की संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव ने आज कंपोजिट विद्यालय भादर में छात्र-छात्राओं को साइबर अटैक से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को बताया कि किसी अनजान व्यक्ति को ऑनलाइन व्यक्तिगत जानकारी पासवर्ड व ईमेल संबंधित जानकारी साझा ना करें ना ही ऑनलाइन बात करें, स्टूडेंट सोशल साइट पर अपनी निजी तस्वीर डालने से बचे, बच्चे बदले की भावना के चलते दूसरों की आपत्तिजनक फोटो व सूचना पोस्ट करके खतरे में पड़ सकते हैं इससे बचना चाहिए, रुचि सिंह ने 1098 टोलफ्री नम्बर के बारे में बताया कि ये साल के 365 दिन 24 घंटे रात दिन की सेवा है जिस पर आप निशुल्क कॉल कर सकते हैं।

मोदी-योगी सरकार के फैसले से बदल गई लोगों की जिंदगी

● सतावं विकास क्षेत्र के चिलौला भंगरिया, पुरवापिंडोर, देदानी, पडरी गणेशपुर व रेतीखुर्द गांवों का सदर विधायक ने किया दौरा

रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने विकास क्षेत्र सतावं के आधा दर्जन गांवों का दौराकर लोगों की समस्याओं से रूबरू होकर उनके निजात के लिए जन संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। विकास क्षेत्र के चिलौला भंगरिया पुरवापिंडोर देदानी, पडरी गणेशपुर एवं रेतीखुर्द आदि गांवों में समस्याओं को सुनकर जन जन के कल्याणकारी नीति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार और केंद्र की मोदी सरकार ने अपने बड़े फैसले से लोगों की जिंदगी सुधारने का काम किया है जिससे बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य शिक्षा पर सरकार अपने वादों पर कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी को लेकर सरकार ने कई योजनाएं चला रखी है जिससे युवाओं को रोजगार और वृद्धों को सहारा मिलेगा। सरकार की नीतियों में बड़े फैसले आने से जनहित में कल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिल रहा है जो आम जनता के लिए सुखद परिणाम है। इस मौके पर ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान एवं सैकड़ों नागरिक गण मौजूद रहे।

इंदिरा गार्डन में बनेगा ओपन जिम

● स्नातक एमएलसी ने लिखा कार्यदायी संस्था को पत्र

रायबरेली। सबसे पुराने इंदिरा गार्डन में सुबह लोग चहल कदमी के लिए जाते हैं उनको व्यायाम करने में आवश्यक सामग्री उपलब्ध हो इसके लिए स्नातक एमएलसी ने ओपन जिम खोले जाने के लिए निधि उपलब्ध करा दी है। विगत दिनों में रायबरेली के प्रवास पर पहुंचे स्नातक एमएलसी अवनीश कुमार सिंह भाजपा नेता विजय रस्तोगी के साथ सुबह इंदिरा उद्यान पहुंचे वहां पर जिले के वरिष्ठजनों से उनकी मुलाकात हुई। वहां मौजूद लोगों को उन्होंने स्वास्थ्य लाभ के लिए व्यायाम करते हुए देखा। इसके बाद लोगों की मांग पर विचार विमर्श करके ओपन जिम के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई। एमएलसी अवनीश कुमार सिंह ने इसके लिए परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को पत्र लिखा जिसमें कार्यदायी संस्था यूपीसिडीको को उन्होंने ओपन जिम के लिए आवश्यक धन विधान मंडल विकास निधि से उपलब्ध कराकर शीघ्र काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि उनके द्वारा इंदिरा उद्यान में देखा गया कि बुजुर्ग और युवा दोनों ही वर्ग के लोग वहां व्यायाम करने आते हैं लेकिन बहुत से ऐसी वर्जिस हैं जो बिना संसाधन के नहीं हो सकती है। ऐसे में बुजुर्गों का जिम में जाना संभव नहीं हो पता है इसके लिए गार्डन के अंदर ही वर्जिश के लिए आवश्यक सामान उपलब्ध कराया जाएगा जिसका उपयोग निशुल्क लोग कर सकेंगे। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ अतुल अग्रवाल व ऑटोमोबाइल यूनियन के जिला अध्यक्ष हरिहर सिंह ने बताया कि सुबह अचानक भाजपा नेता विजय रस्तोगी के साथ एमएलसी अवनीश कुमार सिंह गार्डन पहुंचे और उन्होंने यह उपहार शहर के लोगों को उपलब्ध कराया इसके लिए एमएलसी व इंजीनियर विजय रस्तोगी धन्यवाद के पात्र है।

अग्नि वीर भर्ती के लिए पंजीकरण की तिथि बढ़ी

अमेठी। सेना भर्ती कार्यालय अमेठी के एआरओ कर्नल एसके मोर ने बताया कि भारतीय सेना द्वारा अग्निवीरों की भर्ती के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोला गया है जिसमें पंजीकरण की प्रक्रिया 12 मार्च से प्रारम्भ होकर 10 अप्रैल तक अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि निर्धारित की गई थी जिसे अब बढ़ाकर 25 अप्रैल 2025 कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थी को जेआईए में अकाउण्ट बनाए/मौजूदा आईडी से लॉग इन कर रैली नोटिफिकेशन के निदेर्शानुसार 30 दिन की पंजीकरण अवधि के दौरान जेआईए पर उचित श्रेणी में ऑनलाइन सीईई के लिए रु. 250 प्रति आवेदन भुगतान कर अभ्यर्थी को ऑनलाइन सीईई का प्रवेश पत्र डाउनलोड कर निर्धारित तिथि व समय पर नामित केन्द्र पर ऑनलाइन सीईई देते हुए मेरिट लिस्ट में अपना रिजल्ट देख सकते है। इस क्रम में ऑनलाइन पंजीकरण के लिए अभ्यर्थियों को आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर, दसवीं उत्तीर्ण की मार्कशीट, उच्चतम शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ की स्कैन कॉपी (साइज 5 से 20 केबी), हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी, वर्तमान ईमेल आईडी को भरना होगा। भारतीय सेना द्वारा सैनिक तकनीकी नर्सिंग सहायक, अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं पास, अग्निवीर ट्रेड्समैन 8वीं पास आदि पदों पर भर्ती की जाएगी। उपरोक्त सेना में भर्ती बिल्कुल पारदर्शी एवं निशुल्क है व पूर्णतया कंप्यूटर सृजित होने से कोई भी मानवीय हस्तक्षेप संभव नहीं है एवं कोई भी शारीरिक, लिखित या चिकित्सा परीक्षा में किसी प्रकार की मदद नहीं कर सकता, खुद की काबिलियत से ही पास हो सकते हैं तथा सिर्फ भर्ती कार्यालय ही आपको सेना में शामिल होने से संबंधित कागजात प्रदान करेगा अन्यथा अगर कोई और प्रदान करता है तो वह कागजात जाली होंगे किसी भी बिचौलिया या दलाल को कोई पैसा न दें भर्ती प्रक्रिया में उनकी कोई भूमिका नहीं है भर्ती प्रक्रिया पूर्णतया पारदर्शी एवं निष्पक्ष है।

बीडीओ और बीईओ ने हरी झंडी दिखाकर स्कूल चलो अभियान की शुरूआत की

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। मंगलवार को जयसिंहपुर शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सिपाह में स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली विद्यालय से सिपाह, कासिमापुर होते हुए नटवा बेलहरी के बाद विद्यालय वापसी हुई। खंड विकास अधिकारी निशा तिवारी और खंड शिक्षा अधिकारी शिवशंकर मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। खंड शिक्षा अधिकारी जयसिंहपुर ने बताया, कि रैली उत्तर प्रदेश के महानिदेशक स्कूल शिक्षा लखनऊ आदेश के क्रम में आयोजित की गई है यह अभियान दो चरणों में संचालित किया जाएगा अभियान का मुख्य उद्देश्य 6 से 14 वर्ष आयु के सभी बच्चे का साथ शत प्रतिशत विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करना है ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए। खंड विकास अधिकारी जयसिंहपुर द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और लोगों से सामुदायिक सहयोग के लिए कहा तथा प्रधान प्रतिनिधि राम केवल यादव से विद्यालय की कायाकल्प के बारे में भी वार्ता की। प्रधानाध्यापक राजेंद्र कुमार को और समस्त स्टाफ को विद्यालय के रख रखाव गुणवत्ता पर शिक्षा के लिए बहुत ही सराहना किया गया तथा ग्राम प्रधान को विद्यालय की मरम्मत हेतु कार्य करने के लिए कहा गया। खंड विकास अधिकारी जयसिंहपुर द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया प्राथमिक विद्यालय सिपाह परिवार की तरफ से खंड विकास अधिकारी जयसिंहपुर और खंड शिक्षा अधिकारी जयसिंहपुर का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर शिक्षिका नीलम यादव, शिक्षक संतोष कुमार, अजय प्रताप सिंह, बालकुमार, प्रीति सिंह, सुरेंद्र सिंह, बृजलाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

हर वर्ग का हो रहा समग्र विकास : विधायक

● मोतिगरपुर ब्लॉक परिसर में आयोजित हुआ सक्रिय सदस्य सम्मेलन

मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। भारतीय जनता पार्टी सदर विधानसभा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन मंगलवार को ब्लॉक परिसर मोतिगरपुर में आयोजित हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने भाजपा के स्थापना से लेकर अब तक के राजनीति इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरूआत पं दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिसमें पूर्व जिलाध्यक्ष करुणाशंकर द्विवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध, समर्थ व स्वावलम्बी भारत के निर्माण के लिए निरंतर सक्रिय है। हम सब राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय एकात्मता, लोकतंत्र की भावना पर विश्वास, सामाजिक-आर्थिक विषय पर गांधीवादी दृष्टीकोण, सकारात्मकता पंथनिरपेक्षता अर्थात सर्वधर्म समभाव, मूल्यों पर आधारित राजनीति जैसे पंच निष्ठाओं पर काम कर रहे है। निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. आर.ए. वर्मा ने कहा भाजपा संगठन में समाज के सभी पिछडे, दलित, आदिवासी, अति दलित एवं महिलाओं को भी प्रतिनिधित्व मिला है। जो दिन प्रतिदिन पार्टी के अभियान को चलाते हैं। संगठन के बल पर लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाकर विपक्ष को कड़ा जवाब दिया। वहीं सदर विधायक राजप्रसाद उपाध्याय (राजबाबू) ने सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि मोदी एवं योगी सरकार में आतंकवाद, गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है। और हर वर्ग का समग्र विकास हो रहा हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला कनेक्शन, निःशुल्क राशन आदि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से सदर (जयसिंहपुर) विधानसभा के विकास कार्य आज रोल मॉडल बन चुका हैं। सड़क, विद्युत, नलकूप सहित कई क्षेत्रों में अव्वल बताया। उन्होंने कहा विकास की धारा हम रुकने नहीं देंगे। इस दौरान पूर्व विधायक अर्जुन सिंह, ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रताप सिंह, कार्यक्रम संयोजक विनोद सिंह, भाजपा नेता शशिकांत पाण्डेय, अवधेश प्रताप सिंह, आशुतोष मोहित सिंह, कृष्ण कुमार गुप्ता, सुभाष सिंह, रत्नेश तिवारी, अंकित मिश्र, मण्डल अध्यक्ष रामजीत पाल, शोभनाथ यादव, राजमणि मौर्य, रोहित पाण्डेय, विनय प्रजापति, लवकुश सैनी, सभाजीत पाण्डेय, नरेंद्र सिंह आदि रहे।

लाठी-डंडे से पीटकर युवक की हत्या

जायस, अमेठी। कोतवाली क्षेत्र के गांव तांबामऊ मे बीती रात परिवारिक रंजिश को लेकर लगभग 30 वर्षीय युवक की पीट पीट हत्या कर दी गयी ! बताते चलें गांव निवासी राम शंकर और पड़ोसी हरिश्चन्द्र से काफी दिनो से पुरानी रंजिश चल रही थी ! राम शंकर का पुत्र सुनील कुमार परिवार का पालन पोषण करने को लेकर सूरत में काम करता था ! तीन दिन पहले सूरत से अपने घर गांव ताबां मऊ आया था ! किसी किसी बात को लेकर दोनो परिवार मे तू तू मैं मैं होने लगा बात बढ़ने पर विरोधी हरिश्चन्द्र पूरे परिवार के साथ राम शंकर के परिवार पर लाठी डंडो से हमला बोल दिया ! जिसमे राम शंकर व पुत्र सुनील कुमार गम्भीर रूप में घायल हो गया ! ग्रामीणों की सूचना स्थानीय कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलो को सीएचसी तिलोई भेजा जहां से हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रेफर किया ! जहां इलाज के दौरान लगभगा 30 वर्षीय सुनील कुमार की मृत्यु हो गई ! मृतक के तीन छोटे बच्चे भी हैं !पिता राम शंकर का जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है ! प्रभारी कोतवाली रवि सिंह ने बताया है तहरीर मिली है मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है।

सड़क दुर्घटना में नौ वर्षीय बच्चे की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

लालगंज, रायबरेली। केसौली लच्छीपुर के सामने लालगंज-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में सरेनी निवासी जीत कुमार (9)पुत्र राम सजीवन पासी की दर्दनाक मौत हो गई है ।वही मलके गांव निवासी सचिन(28) पुत्र रज्जन पासी और सुखरानी (55) पत्नी राम आसरे निवासी शीतला बक्स खेड़ा खीरो भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची खीरो और लालगंज पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए मृतक के शव को कब्जे में लिया और घायलों को जिला अस्पताल रायबरेली में इलाज के लिए भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल में घायलों और मृतक बच्चे के आने की सूचना प्राप्त हुई थी। मृतक जीत अपनी नानी सुखरानी के गांव में रह रहा था। जीत के बुखार आ रहा था जिसके कारण वहीं से इलाज कराने बाइक से तीनों लोग सेमरी गए हुए थे। रास्ते में अज्ञात वाहन से दुर्घटना हो गई जिसके कारण बच्चे की मौत हो गई और बाइक सवार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

एडीएम की अध्यक्षता में सैनिक बंधु की बैठक संपन्न

रायबरेली। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। सभी उपस्थित सदस्यों का जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, रायबरेली कैप्टन (नौसेना) अतुल्य दयाल (अ०प्रा०) द्वारा स्वागत किया गया तथा अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निस्तारण किया गया। सैनिक बन्धु समिति उपाध्यक्ष आनरेरी कैप्टन राजपाल सिंह द्वारा शहीद स्मारक मुंशीगंज के पास वॉर मेमोरियल बनवाए जाने हेतु नगर पालिका से एनओसी दिलाये जाने हेतु एवं सैनिक बंधु सूबेदार एसके बाजपेयी द्वारा शहीद चैक, डिग्री कॉलेज चैराहा के पास साफ सफाई तथा गमलों में पेड़ लगवाने एवं उनकी देखभाल किए जाने हेतु नगर पालिका से अनुरोध किया गया। सैनिक बन्धु कार्पोरल सीबी शुक्ला द्वारा पूर्व सैनिकों की अन्य समस्याओं के शीघ्र निवारण हेतु अनुरोध किया गया। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा पूर्व सैनिकों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, उप महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, प्रतिनिधि कमांडिंग आफिसर एनसीसी, प्रतिनिधि सचिव विकास, प्रतिनिधि वरिष्ठ कोषाधिकारी, प्रतिनिधि पुलिस अधीक्षक व सैनिक बन्धु समिति के सदस्य एवं अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

एम्स रायबरेली में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पहले सप्ताह में चलाये गये कई अभियान

रायबरेली। एम्स रायबरेली में एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक स्वच्छता पखवाड़ा 4.0 मनाया जा रहा है। इसके तत्वाधान में दो अप्रैल को एम्स के निदेशक आवास से मुख्य द्वार तक एक स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना तथा दैनिक जीवन में सफाई और स्वच्छता की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना है। परिवेश को स्वच्छ बनाए रखना हमारी सामुदायिक भागीदारी है। साथ ही पर्यावरण स्वच्छता बढ़ाने के प्रयास में कर्मचारियों छात्रों और स्थानीय निवासियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। स्वच्छता पखवाड़ा 4.0 के तहत, एम्स रायबरेली ने 6 अप्रैल को निर्मल गंगा दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने डलमऊ घाट पर सफाई अभियान चलाया। मंदिर के आसपास के तीर्थयात्रियों को प्रेरित किया गया और कार्यक्रम के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। नोडल अधिकारी डॉ. सुयश और उनकी टीम ने गंगा के पानी से पॉलीथिन बैग उठाए और घाट की सफाई की। एएमएस, डॉ. नीरज कु. श्रीवास्तव ने पर्यावरण को स्वस्थ और स्वच्छ बनाने में आत्म प्रेरणा के महत्व पर प्रकाश डाला। एक अन्य कार्यक्रम में 7 अप्रैल को एम्स रायबरेली की एक टीम ने परिसर के अंदर पौध-रोपण अभियान चलाया। प्रोफेसर भोला नाथ, प्रोफेसर प्रबल जोशी, वित्तीय सलाहकार कर्नल यू एन राय और स्वच्छता समिति की टीम ने पौधे लगाकर मरीजों और कर्मचारियों को हरित प्रेरणा दी। हरित पृथ्वी के उद्देश्य से एम्स रायबरेली की टीम सरकार के स्वच्छ भारत कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग ले रही है।

बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराने में सहयोग करें प्रधान

रायबरेली। अमावां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय हरियावां में स्कूल चलो अभियान के तहत मंगलवार को रैली निकाली गई। रैली को हरी झंडी दिखाकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह ने रवाना किया। इसके साथ बच्चों को उन्होंने परीक्षा फल और पुस्तकें भी वितरित की। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का अधिक से अधिक से नामांकन कराने के उद्देश्य से हरी झंडी दिखाते हुए बीएसए ने अभिभावकों से कहा कि अधिक से अधिक संख्या में नामांकन कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन-जन की सहभागिता से ही शिक्षा की अलख हमेशा जगी रहेगी। उन्होंने ग्राम प्रधान सहित सभी ग्राम वासियों से बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराने की अपील की। उन्होंने माताओं से कहा कि आप लोग बच्चों पर अवश्य ध्यान दें। उन्हें नियमित रूप से विद्यालय में पढ़ने के लिए भेजें।

भाजपा नेता जेपी सिंह ने हींगामऊ पहुंचकर मनाया पार्टी का स्थापना दिवस महोत्सव

लालगंज, रायबरेली। भाजपा के वरिष्ठ नेता जेपी सिंह ने स्थापना दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सरेनी विधानसभा के बूथ संख्या 396 हींगामऊ में पार्टी के स्थापना पखवाड़े को महोत्सव के रूप में मनाया जिसमें कार्यकताओं के घर घर जाकर पार्टी का झंडा, कार्यकताओं का सम्मान और पार्टी की विचारधारा का बोध कराया गया। भाजपा नेता जेपी सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर पूरे देश में पार्टी स्थापना दिवस पखवाड़ा मना रही है जिसमें बूथ पर झंडा फहराने के साथ-साथ घर-घर जाकर पार्टी की उपलब्धियों की जानकारी दी गई है। साथ ही सरकार की जनहित योजनाओं को भी जनता के साथ साझा किया गया है। जनता जनार्दन से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की भी अपील की गई है। खासतौर से नलकूप बिजली माफी योजना, किसान सम्मान योजना, आवास योजना, शौचालय योजना का लाभ लेने के लिए जनता को प्रेरित किया गया।

संक्षेप

मां चामुंडा देवी मंदिर में मेले से पहले फैली रार

आगरा। राजामंडी स्थित प्राचीन मां चामुंडा देवी के वार्षिक मेले से पहले पूर्व महंत और प्रबंध समिति के अध्यक्ष में रार फैल गई। विवाद चढ़ावे की रकम को लेकर हुआ। मामला इस कदर बढ़ गया कि पुलिस बुलानी पड़ गई। आगरा के राजामंडी स्थित प्राचीन मां चामुंडा देवी में सोमवार को वार्षिक मेले के आयोजन से पूर्व महंत और प्रबंध समिति के अध्यक्ष में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि महंत ने पुलिस बुला ली। दोनों पक्षों में काफी देर तक कहासुनी होती रही। बाद में मामला शांत हो सका। इसके बाद प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रबंध एवं सेवा समिति ने मंदिर में वार्षिक मेले के आयोजन से पूर्व सोमवार को प्रेसवार्ता का आयोजन किया था। इसमें मंदिर के महंत वीरेंद्र आनंद ब्रह्मचारी को नहीं बुलाया गया। महंत ने समिति के अध्यक्ष चौधरी दरब सिंह के समक्ष विरोध जताया। इस पर दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। वह मीडिया के सामने ही एक.दूसरे पर मंदिर के चढ़ावे को हड़पने जैसे गंभीर आरोप लगाने लगे। मामला बढ़ता देख महंत के फोन पर पुलिस आ गई। मगरए पुलिस भी कुछ नहीं कर सकी।

महिला की दुर्घटना में मौत

मथुरा। थाना हाईवे क्षेत्र अंतर्गत आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार थाना जैत क्षेत्र अंतर्गत सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका अपने जेठ के साथ बाइक पर केडी हॉस्पिटल दवा लेने जा रही थी। हादसे के बाद हाइवे पर वाहनों की लंबी लाइन लगने से जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना बलदेव के गांव छोली निवासी छोटू की पत्नी सपना उर्फ लाडो जेठ उदयवीर के साथ बाइक से अकबरपुर हाइवे स्थित केडी हॉस्पिटल दवा लेने जा रही थी। थाना जैंत क्षेत्र स्थित चौमुहां फ्लाईओवर पर पहुंचते ही पीछे से आ रहे तेज गति कंटेनर ने टक्कर मार दी। जिसमें महिला उछल कर कंटेनर के नीचे आ गई। महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

डीएम ने ली स्वास्थ्य समिति की बैठक

मथुरा। कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की डीएचएस बैठक /जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की मासिक बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें जिला पंजीयन प्राधिकरण समिति, एनएचएम के अन्तर्गत जिला ऑडिट, पीसीपीएनडीटी, संचारी रोग नियंत्रण, टीकाकरण, जिला अन्धता निवारण एवं अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करे। डॉक्टरों एवं अन्य स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित करे। अस्पतालों में आने वाले मरीजों एवं उनके साथ आने वाले तीमारदारों के बैठने, पंखे, पेयजल आदि के बेहतर से बेहतर प्रबन्ध किए जाए। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों एवं ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देश दिये कि मरीजों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए। इंस्टीट्यूशनल डिलिवरी/ डिलिवरी को हॉस्पिटल में कराने हेतु परिवारजनों को प्रोत्साहित किया जाए। जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों पर मानक के अनुसार चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ, दवाओं, उपकरण इत्यादि का समुचित प्रबंधन रखे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अपने घर के आस-पास ही बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलने लगे।

मथुरा में प्रदर्शनी का हेमा मालिनी ने किया उद्घाटन

भाजपा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

मथुरा। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मथुरा महानगर जिला भाजपा द्वारा सोमवार को भाजपा का इतिहास संघर्ष से वैभव तक विषय पर एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी डैंपियर नगर स्थित जुबली पार्क में भाजपा कार्यालय परिसर में लगाई गई।

प्रदर्शनी का उद्घाटन मथुरा की लोकसभा सांसद हेमा मालिनी, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह और भाजपा महानगर जिला अध्यक्ष हरिशंकर ह्लराजूह्ल यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के दौरान पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों की बड़ी उपस्थिति देखी गई। प्रदर्शनी में भाजपा के स्थापना काल से लेकर अब तक के सफर को चित्रों, दस्तावेजों और मॉडल्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इसमें जनसंघ के दिनों से लेकर वर्तमान समय में केंद्र और विभिन्न राज्यों में भाजपा सरकारों की उपलब्धियों को भी प्रमुखता से दशार्या गया।

सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि भाजपा का इतिहास संघर्ष, सिद्धांत और समर्पण से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की निष्ठा और सेवा भावना ही पार्टी की असली ताकत है। महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू ने पार्टी के संगठनात्मक विस्तार और वैचारिक दृढ़ता पर प्रकाश डाला प्रदर्शनी के बाद सभी अतिथियों ने कार्यकर्ताओं से संवाद भी किया और संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधायक विधायक मेघ श्याम सिंह पूर्व विधायक कारिंदा सिंह डॉ डीपी गोयल पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर पन्नालाल गौतम संजय शर्मा कुंज बिहारी चतुर्वेदी अंकुर अग्रवाल डीपी गोयल मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा विजय शर्मा नंदू पंडित हरिओम शर्मा नितिन चतुर्वेदी ज्ञानेंद्र राणा चंद्रपाल कुंतल हेमंत अग्रवाल नितिन शर्मा मदन मोहन श्रीवास्तव दीपक गोला पूजा चौधरी सोनू गौड़ यज्ञ कौशिक पार्षद तरुण सैनी हनुमान गुर्जर अंकुर गुर्जर विकास दिवाकर शुभम ठकुरस तीश बघेल प्रयागनाथ चतुर्वेदी डीएन गौतम आदि मौजूद थे।

सीएम के आगरा आगमन से पहले जातीय तनाव

आगरा। जपनद में होने जा रहे तीन दिवसीय भीमनगरी महोत्सव का उद्घाटन सीएम योगी करेंगे। इसके लिए केंद्रीय भीमनगरी आयोजन समिति के साथ विधायक डॉ जीएस धर्मेश ने मुख्यमंत्री को आमंत्रण दिया है। वहीं दूसरी ओर जनपद में लगातार जातीय तनाव चरम पर है। एक तो कुछ समय पहले सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर की गई टिप्पणी को लेकर ठाकुर समाज पहले से ही आनंदोलित था ही। वहीं दूसरी ओर यूपी सरकार के मंत्री पुत्र के फेसबुक से ब्राह्मणों के खिलाफ की गई अशोभनिय टिप्पणी ने आग में घी डालने का कार्य कर डाला। इन मामलों को लेकर सर्वण व दलितों के बीच लगातार दुश्मनी की खाई बड़ती जा रही है। करणी सेना व क्षत्रिय समाज 12 अप्रेल को जनपद में आयोजन करने पर अड़ा हुहा है। वहीं ब्राह्मण समाज भी लगातार आनंदोलन कर रहा है। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15 अप्रैल की शाम को आवास विकास कॉलोनी में आयोजित की जा रही तीन दिवसीय भीम नगरी का उद्घाटन करेंगे। सोमवार को लखनऊ में विधायक डॉ जीएस धर्मेश के साथ केंद्रीय भीमनगरी समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया। छावनी के विधायक डॉ जीएस धर्मेश ने बताया कि मुख्यमंत्री से मिलकर तीन दिवसीय भीमनगरी का आमंत्रण दिया गया है। उन्होंने आवास विकास कॉलोनी में 15 अप्रैल को उद्घाटन करने की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री को आमंत्रित करने वालों में डॉ आंबेडकर जयंती केंद्रीय समिति के मुख्य संरक्षक करतार सिंह भारतीय केंद्रीय भीमनगरी समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनीए महामंत्री श्याम जरारीए राजू वर्मा और भीम नगरी स्थानीय कमेटी के अध्यक्ष विजय सिंह कर्दम मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन से पहले आगरा में सपा सांसद रामजीलाल सुमन के बयान के बाद राणा सांगा को लेकर छिड़े विवाद के बीच अब उनकी जयंती मनाने के स्थान को लेकर भी संशय की स्थिति बन गई है। करणी सेना ने जहां कुबेरपुर स्थित गढ़ी रामी में 12 अप्रैल को राणा सांगा की जयंती मनाने का ऐलान किया है वहींए क्षत्रिय सभा ने खंदौली के मुडी चौराहा या आंवलखेड़ा में कार्यक्रम करने के लिए अनुमति मांगी है। जबकि पुलिस प्रशासन किसी एक स्थान पर ही कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति देगा। ऐसे में या तो क्षत्रिय सभा के लोग करणी सेना के कार्यक्रम में शामिल होंगे या फिर करणी सेना के कार्यकर्ता क्षत्रिय सभा के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

शरद पोनियां बने अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के जिलाध्यक्ष

टूंडला। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद-उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मनु चौधरी ने शरद पोनियां को जिला फिरोजाबाद का जिला अध्यक्ष' के पद पर नियुक्त किया है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास हैं कि आप इस पद पर रहते हुए अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद जो कला शिक्षा साहित्य संस्कृति रोजगार सृजन महिला सशक्तिकरण व गौरवशाली जाट इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्यों को लेकर दुनिया भर में ऐतिहासिक कार्य कर रही हैं। इसी मिशन में आप अपना सर्वोच्च योगदान देते हुए उत्तर प्रदेश की जाट सरदारी के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। जिससे विश्व पटल पर पूरी दुनिया जाट समाज को मान सम्मान स्वाभिमान व प्रोग्रेसिव समाज के रूप में देखें। शरद पोनियां के जिला फिरोजाबाद अध्यक्ष नियुक्त होने पर अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद की पूरी टीम व क्षेत्र वासियों ने उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएँ करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

सीएम अभ्युदय योजनांतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन करें

फिरोजाबाद। जिला समाज कल्याण अधिकारी सूर्य कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जनपद में सिविल सेवा परीक्षा पी०सी०एस०,जे०ई०ई०,नीट अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु जनपद के विभिन्न केन्द्रों में निःशुल्क प्रशिक्षण कक्षायें संचालित की जा रही है। उक्त प्रशिक्षण कक्षाओं के शैक्षिक सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु आफलाइन ऑनलाइन पंजीकरण हेतु इच्छुक छात्र एवं छात्राएं दिनांक 08.04.2025 से 05.05. 2025 तक किसी भी कार्य दिवस में जिला समाज कल्याण अधिकारी,विकास भवन दबरई फिरोजाबाद एवं नारायण डिग्री कॉलेज शिकोहाबाद,फिरोजाबाद के कार्यालय में अपने समस्त शैक्षिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों के साथ आवेदन कर सकते है। अभ्यर्थीॅ८४८ि.ड्ढल्ली पोर्टल के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उक्त योजना के अन्तर्गत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियो का चयन प्रवेश परीक्षा काउंसलिंग के आधार पर किया जायेगा। प्रवेश परीक्षा काउंसलिंग का आयोजन माह जून, 2025 के प्रथम सप्ताह में किया जाना प्रस्तावित है। यू०पी०एस०सी०,यू०पी०पीसी०एस० जे०ई०ई०,नीट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रशिक्षण हेतु चयन आयोग परीक्षा एजेन्सियों द्वारा मांगी गयी शैक्षिक योग्यता के अनुसार सभी वर्गों के सभी आय वर्ग के अभ्यर्थी आवेदन हेतु पात्र होगे। जे०ई०ई०,नीट हेतु कक्षा 12 में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण विज्ञान वर्ग के छात्र छात्राऐं, यू०पी०एस०सी० यू०पी०पी०एस०सी० सिविल सेवा के परीक्षा के प्रशिक्षण हेतु स्नातक अन्तिम वर्ष के छात्र छात्राऐं अथवा उत्तीर्ण छात्र पात्र होगें। एस०एस०सी० परीक्षा के प्रशिक्षण हेतु कक्षा 12 में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण छात्र छात्राएँ पात्र होगें।एन०डी०ए० परीक्षा के प्रशिक्षण हेतु कक्षा 12 में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण छात्र छात्राऐं पात्र होगें।सी०डी०एस० परीक्षा प्रशिक्षण हेतु स्नातक वर्ष के छात्र अथवा उत्तीर्ण छात्र छात्राऐं पात्र होगे।अधिक जानकारी के लिये मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत कोर्स कोआर्डिनेटर पुष्पेंद्र कुमार सिंह मोबाईल नम्बर 9452669933, 7217469731 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

डीएम ने राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा 2025 रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

मथुरा। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह एवं सीएमओ मनीष मीना ने कलेक्ट्रेट परिसर से राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा 2025 रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल 2025 तक आयोजित होगा। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा विशाल रैली निकाली गई जिसने पोषण के संबंध में जागरूक किया गया। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत मोटे अनाज, पौष्टिक आहार, स्वास्थ्य, स्वच्छता आदि हेतु जन जागरूक किया जाएगा। राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा में जीवन के प्रथम 1000 दिवस गर्भावस्था से लेकर शिशु के जन्म के प्रथम 2 वर्ष में विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किए जाने, लाभार्थी का लोकप्रियकरण, कुपोषण प्रबंधन के लिये सीएमएएम मॉड्यूल क्रियान्वयन, बच्चों में मोटापे की रोकथाम के लिये स्वस्थ्य जीवनशैली, पोषण एनीमिया, एनीमिया तथा पर्यावरण संरक्षण पर जागरूक किया जाएगा। डीएम ने समस्त आंगनबाड़ी कार्यकताओं को निर्देश दिए की घर घर जाकर लोगो को मोटे अनाज के प्रति जागरूक करें, उन्हें मोटे अनाज के फायदे बताए और सेवन करने के लिए प्रोत्साहित करे। मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। मोटा अनाज कुपोषण की लड़ाई में एक अहम भूमिका निभाता है, हम सभी की थाली में मोटा अनाज जरूर होना चाहिए। डीएम ने कहा कि आप सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दे और कक्षा 1 के अधिकाधिक छात्र छात्राओं का नामांकन करवाना सुनिश्चित करे। आपका प्रयास बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा ने अवगत कराया है कि रैली में बड़ी संख्या में बाल विकास परियोजना शहर एवं मथुरा ग्रामीण की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा आशा मौजूद रहीं। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी अशोक सिंह, सुपरवाइजर वंदना सक्सेना, निर्मल शर्मा, कमलेश कुमारी एवं आईसीडीएस विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। पोषण पखवाड़ा के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रतिदिन कुपोषण से संबंधित विविध प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसका मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को बच्चों में व्याप्त कुपोषण जैसी महत्वपूर्ण समस्या के कारणों एवं दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है।

किराये पर गाड़ी लगाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

मथुर(मधुसूदन शर्मा)। सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर रेन्ट पर कार देने के बदले हजारों रुपए महीने का लालच देकर ठगी करने वाला मास्टरमाइंड साइबर क्राइम पुलिस एवं हाईवे पुलिस ने गोकुल बैराज के पास खाली मैदान से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से सात गाड़ियां बरामद की हैं।

पुलिस लाइन स्थित सभागार में दोपहर एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि 23 मार्च को थाना हाईवे के पन्ना पोखर स्थित गोपाल नगर निवासी आशीष ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि थाना कोतवाली के कृष्णा नगर स्थित गोकुलधाम निवासी वरूण ने इंस्टाग्राम पर ओरी कार नाम का पेज बना रखा है। इसी पेज के माध्यम से उनके चाचा लोकेश की इनोवा क्रिस्टा कार को किराए पर लगाने तथा प्रत्येक महीने 40 हजार रुपये देने का लालच दिया। चाचा अभियुक्त वरुण की बातों में आ गए और अपनी कार दे दी। इसके बाद उसने अपना इंस्टाग्राम पर बना पेज और मोबाइल फोन बंद कर दिया। उनके चाचा को शक हुआ तो उन्होंने बताया। इसके बाद वह चाचा के साथ थाने गए और रिपोर्ट दर्ज कराई। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल ने इसे गंभीरता से लिया और टीम को आरोपी की तलाश में लगा दिया। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी वरुण को गोकुल बैराज के पास खाली मैदान से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर इनोवा क्रिस्टा, ग्रांड विटारा, थार, एसयूवी वेन्यू, अर्टिगा, बोलेरो, आई-10 कार, एक मोबाइल और पेन ड्राइव बरामद की। पूछताछ में उसने अपने साथी का नाम मध्य प्रदेश के ग्वालियर निवासी सुदम बताया। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है। साथ ही आरोपी के सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए किए गए धोखाधड़ी के मामलों को खोजने में जुटी है। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया। यहां से उसे जेल भेज दिया।

एसपी क्राइम अवनीश कुमार ने बताया कि आरोपी लोगों को किराए पर कार लगाने का लालच देने के बाद फरार हो जाता था। कार को दूसरे जिले और प्रदेश में गिरवी रखकर पैसा कमाता था। लाखों रुपये की कार को वह 4 से 5 लाख रुपये में गिरवी रख देता और एक साल बाद धनराशि ब्याज के साथ लौटाने के बाद गाड़ी लेने की कहता। लग्जरी कार 4 से 5 लाख रुपये में एक साल तक चलाने के लालच में लोग फंस जाते और शातिर को धनराशि दे देते। बताया कि इस तरह वह अब तक सैकड़ों गाड़ियों को गिरवी रखकर पैसा कमा चुका है।

25 हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना मटसेना पुलिस टीम व सर्विलांस एसओजी टीम द्वारा 25 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। थाना मटसेना पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थाना मटसेना पर पंजीकृत हत्या के मुकदमे में वांछित अभियुक्त प्रेमबाबू उर्फ भूरा किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में थाना क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर थाना मटसेना पुलिस टीम द्वारा खडेरिया से हरदासपुर जाने वाली सर्विस रोड पर चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को बाइक पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया,पुलिस टीम द्वारा बाइक सवार उक्त संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया तो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर बाइक को वापस मोड़कर भागने लगा लेकिन हड़बड़ाहट में भागते समय उसकी बाइक फिसलकर गिर गई, पुलिस टीम को नजदीक आता हुए तथा खुद को घिरता हुआ देखकर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया, आत्मरक्षार्थ थाना मटसेना पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में उक्त संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान 25 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त प्रेमबाबू उर्फ भूरा पुत्र श्याम बाबू शर्मा निवासी बवाइन थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है जोकि थाना मटसेना पर हत्या के मुकदमे में वांछित अभियुक्त था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उक्त आरोपी प्रेमबाबू उर्फ भूरा द्वारा अपने अन्य साथियों धीरेन्द्र उर्फ मिन्नू पुत्र रवि शर्मा निवासी बवाइन थाना खैरगढ़, रब्बी उर्फ रबजीत पुत्र इन्द्रपाल निवासी रसीदपुर कनैटा थाना मटसैना फिरोजाबाद के साथ मिलकर रविकान्त पुत्र सुखराम निवासी नैपई थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद को घर से काम पर ले जाने के बहाने बुलाकर शराब पिलाकर मारपीट करने के उपरान्त आनन्दीपुर करकौली के जंगल में जाकर एक राय होकर गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कर अन्य विधिक कार्यवाही की है।

भाजपा टूंडला विधानसभा का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

टूंडला। आर बी डिग्री कॉलेज में टूंडला विधानसभा का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि हेमेंद्र शर्मा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ब्रज क्षेत्र राहुल चौधरी क्षेत्रीय मंत्री बृज क्षेत्र एवं भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह रहे। विधानसभा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन में विधानसभा के सभी मंडलों से सक्रिय कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे। सम्मेलन में उपस्थित सभी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए राहुल चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ,समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृत संकल्पित है। हेमेंद्र शर्मा ने कहा कि आज 45 साल बाद पार्टी केंद्र के अलावा 20 से अधिक राज्यों में स्वयं सत्ता में है या अपने सहयोगी दलों के साथ सरकार चला रही है। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व मानता है कि अभी भाजपा का विस्तार होना शेष है। पिछले 8 वर्षों में हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की जोड़ी ने पार्टी को शिखर तक पहुंचाया है। भाजपा के लिए हर चुनाव एक युद्ध की तरह रहता है।जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने नरेंद्र मोदी के साथ 11 वर्षों में विकसित भारत की यात्रा,केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि भारत के गत 11 वर्ष अनेक विशिष्ट परिवर्तन तथा चुनौतियों से भरे गुजरे हैं। कश्मीर की क्यारियों में केसर की जगह बारूद उगाने की जो परंपरा थी, संकट की घड़ी में पश्चिम का दरवाजा खटखटाने जो परंपरा थी, सांस्कृतिक पहचान का जो अभाव भारतवासियों में था,इन सभी प्रश्नों के उत्तर के रूप में वर्ष 2014 को इतिहास में अनेकों अनेक वर्षों तक याद किया जाएगा,जब भारतवर्ष के पटल पर सांस्कृतिक एवं राष्ट्रवादी चेतना ध्वजवाहक एवं एक कुशलतम नेतृत्व के रूप में नरेंद्र मोदी का पदार्पण हुआ और जन-जन के हृदय में राष्ट्रीय तथा सांस्कृतिक पुनर्जागरण की मशाल जलने लगी। आर्थिक समावेशन और प्रत्यक्ष लाभ हुए देश का सशक्तिकरण हुआ है। प्रधानमंत्री के रूप में कार्य जिनका इतिहास सदैव अपने पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में सहेज कर रखेगा,सम्मेलन में पूर्व विधायक मोहन देव शंखवार,जिला उपाध्यक्ष हनुमंत बघेल, जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह सेवला जिला मंत्री शैलेंद्र प्रताप सिंह,जिला कोषाध्यक्ष महिपाल निषाद,टूंडला नगर पालिका अध्यक्ष भंवर सिंह,टूंडला ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सतीश बघेल,पूर्व विधानसभा संयोजक शिव शंकर शर्मा,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजयुमो योगेंद्र सिंह चौहान,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा सीताराम,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सचिन जैन, मंडल प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सिंह टूंडला नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता पचोखरा मंडल अध्यक्ष महावीर सिंह,नारखी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह,नगला बीच मंडल अध्यक्ष विनोद पाल सिंह,मां सीयर देवी मंडल अध्यक्ष पूरन सिंह बीडीसी पुष्पेंद्र पाल सिंह,जयजीव पाराशर द्विजेंद्र विक्रम सिंह परमार,बृजबीर सिंह चौहान शशांक प्रताप सिंह अनंत प्रताप सिंह,राजीव गंगवार, योगेश उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे।

साइबर जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर फिरोजाबाद एवं उपजिलाधिकारी सदर की उपस्थिति में साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को थाना रामगढ क्षेत्रान्तर्गत एसएन पैलेस में क्षेत्राधिकारी प्र0 तेजस त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक रामगढ थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा आमजन को बढ़ते साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साइबर अपराध जागरूकता कार्यशाला में निरीक्षक साइबर क्राइम राजेश सिंह एवं कांस्टेबल हेमेन्द्र द्वारा आमजन को डिजिटल अरेस्ट और साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि पुलिस कभी भी डिजिटल अरेस्ट नहीं करती है,साइबर अपराधी इस प्रकार के फर्जी कॉल कर लोगों को ठगने का प्रयास करते है,अपने मोबाइल या कंप्यूटर में किसी भी अनजान लिंक फर्जी कॉल या संदिग्ध ऐप्स से बचें। कभी भी अपना बैंक खाता संख्या, ओटीपी पिन सीवीवी आदि किसी के साथ साझा न करें।अपनी व्यक्तिगत जानकारी अनजान लोगों के साथ शेयर न करें,फेक न्यूज और साइबर धोखाधड़ी से बचें ,छात्र-छात्राओं को बताया गया कि ऑनलाइन क्लासेज फॉर्म भरने या अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते समय सतर्कता बरतें और किसी भी संदिग्ध वेबसाइट पर अपनी जानकारी न डालें।इसके अलावा,छात्राओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने तथा डिजिटल वारियर के रूप में उत्तर प्रदेश पुलिस के अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने आगे बताया कि यदि आप किसी साइबर अपराध का शिकार होते हैं तो तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या अपने निकटतम थाने की साइबर हेल्प डेस्क से संपर्क करें।

दो सड़क हादसों में एक की मौत, 11 घायल

मथुरा। कोसीकलां क्षेत्र में दिल्ली-मथुरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक ही परिवार के दस लोगों समेत 11 लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो ट्रकों की भिड़ंत में एक का ट्रक चालक का शव केबिन में बुरी तरह से फंस गया जिसे हाइड्रा मशीन से काट कर निकला गया। इससे काफी देर तक यातायात अवरुद्ध रहा। पहली सड़क दुर्घटना कोटवन पॉलीटेक्निक के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। जिसमें ट्रक संख्या एमपी 07 एचडी 5949 ने पीछे से आग चल रहे ट्रक संख्या पीवी 73 बीआर 9855 में टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि टक्कर मारने वाले ट्रक का चालक रवींद्र निवासी होशियारपुर, पंजाब की मौके पर ही मौत हो गई और उसका शव लहूलुहान अवस्था में ट्रक की केबिन में फंस गया जो पूरी तरह दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गई थी। ट्रक का क्लीनर अमनदीप पुत्र जयसिंह निवासी बिलासपुर लुधियाना गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायल क्लीनर को बठेनगेट चैकी क्षेत्र स्थित सागवान हास्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। दोनों ट्रक दिल्ली से मथुरा की ओर आ रहे थे। दूसरी दुर्घटना इसी थाना क्षेत्र में होटल हाइवे किंग के सामने बाईपास पर हुई। जिसमें ईको कार संख्या डीएल 3 सीसीए 3350 में तेज गति से आते अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे कार में सवार नीलम (34) पत्नी विमल मंजू (37) पत्नी राजेश, विमल (40) पुत्र राम प्रकाश उसकी भाई राजेश (36), अन्नू पुत्री विमल (16) आकाश पुत्र राजेश (16), अमन पुत्र राजेश (10), राजू (10), आदित्य (10), अंशिका (7) निवासी गांव शाहपुर थाना झीझक कानपुर देहात घायल हो गए। दुर्घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलो को इलाज के लिए हाइवे के प्राइवेट हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि कार सवार दिल्ली से अपनी रिश्तेदारी में भाग लेकर वापस घर लौट रहे थे तभी यह हादसा हुआ।

जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित

फिरोजाबाद। डीएम की अध्यक्षता में डीएम सभागार कक्ष में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया,बैठक में एडीएम नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता के साथ-साथ अधिशासी अभियंता जल निगम कार्यदाई संस्था एनसीसी एवं लार्सन ऐंड टर्बो के प्रभारी एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे,

जनपद फिरोजाबाद में भूगर्भ जल खारा एवं फ्लोराइडयुक्त होने के कारण भारत सरकार की महत्वपूर्ण परियोजना जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-04 के तहत सतही स्त्रोत आधारित पेयजल योजना पैकेज-01 स्वीकृत लागत 1109.20 करोड़ व सतही स्त्रोत आधारित पेयजल योजना पैकेज-02 स्वीकृत लागत 1467.83 करोड़ कुल स्वीकृत लागत रु. 2577.03 करोड़ क्रमशः मैसर्स एनसीसी लि. एवं मैसर्स लॉर्सन एंड टूब्रो लि. को आवंटित हैं जिसके कार्य प्रारम्भ की तिथि क्रमशः 9.10.2023 व 14.7.2023 प्रदान की गयी है। सतही जल स्त्रोत आधारित पेयजल योजना से जनपद फिरोजाबाद के 9 विकास खंडों के 780 राजस्व ग्रामों की कुल जनसंख्या-19,31,000 वर्ष 2024 के अनुसार एवं जनपद आगरा के समस्त राजस्व ग्रामों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु ग्राम भडेरा,परगना- मरहरा, तहसील व जनपद-एटा के पास लोअर गंगा कैनाल पर इन्टेक वेल 586 डस्क तथा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट 456 डस्क के कार्य निमार्णाधीन है। शोधित जल को पाइप लाइन बिछाकर डस्क-1 क्षमता-12700 कि.ली. रामगढ़ उमरगढ़ विकास खंड-टूण्डला व एमआईबी पीएस-2 क्षमता-2900 कि.ली. इन्दरई, विकास खंड-हाथवंत जिला फिरोजाबाद के माध्यम से जनपद फिरोजाबाद एवं आगरा के समस्त ग्रामों को पेयजल से संतृप्त करते हुये हर घर नल से जल दिया जाना प्रस्तावित है। योजना के समस्त कार्य माह अप्रैल 2025 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। वर्तमान में कार्यों की प्रगति क्रमशः पैकेज-1 मै० एनसीसी लिमिटेड की कुल कार्य प्रगति 49.00 प्रतिशत एवं पैकेज-2 मै० लॉर्सन एण्ड टूब्रो लि. की कुल कार्य प्रगति 54.00 प्रतिशत है। डीएम इस बात पर काफी नाराज दिखें कि अभी तक इस मिशन पर कार्य केवल 50 प्रतिशत हुआ है, जबकि इस प्रोजेक्ट को शुरू हुए 9 महीने से ज्यादा हो गए हैं, डीएम ने एडीएम नमामि गंगे को निर्देशित किया कि, शासन को कार्यदायीं संस्था के खिलाफ पत्र लिखते हुए अवगत कराया जाए की, कार्यदयी संस्था एनसीसी कार्य करने में कोई रुचि नहीं ले रही है, इसलिए इनका कोई डीपीआर स्वीकृत नहीं किया जाए, अगर आगे भी कार्य में प्रगति नहीं देखी गई तो, एनसीसी के नोडल को अन्यत्र स्थानांतरण किया जाए, साथ ही साथ एनसीसी के प्रमुख को भी नोटिस जारी किया जाए, कि उनके द्वारा जिले के इस महत्वपूर्ण योजना को लगातार लम्बित क्यों किया जा रहा है, डीएम ने कहा कि बार-बार निर्देशित करने के बावजूद भी मजदूरों की संख्या बढ़ाई नहीं जा रही है, इस कार्य में जहां 450 मजदूरों की आवश्यकता है, वहीं पर केवल 200 मजदूर कार्य कर रहे हैं, डीएम ने कहा कि इस महत्वपूर्ण योजना को समय से पूरा करने हेतु कम से कम अब 600 मजदूरों को लगाने की आवश्यकता है, कार्य प्रगति निर्धारित करने हेतु बार चार्ट के अनुरूप डीएम ने निर्देश दिये।

संक्षेप

अखिलेश ने संभाला आईआरएफ इंडिया चैप्टर के अध्यक्ष का पदभार

नई दिल्ली। अखिलेश श्रीवास्तव ने अंतर्राष्ट्रीय सड़क महासंघ के भारत चैप्टर के अध्यक्ष का पदभार संभाला है। विश्व स्तर पर सम्मानित टेक्नोक्रेट और सड़क सुरक्षा अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव, इस प्रतिष्ठित पद पर दशकों के समृद्ध अनुभव और गतिशील नेतृत्व को लेकर आए हैं। वह वर्तमान में इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम इंडिया फोरम के अध्यक्ष के रूप में भी काम कर रहे हैं, जहाँ वे अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करके भारत में गतिशीलता को नया रूप देने के लिए परिवर्तनकारी प्रयासों का नेतृत्व कर रहे हैं। ये प्रतिष्ठित पद भारत में सड़क बुनियादी ढांचे और सुरक्षा को आगे बढ़ाने के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

अर्बन क्रूजर हाइराइडर को और शानदार बनाया

बंगलुरू। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने घोषणा की कि उसने अर्बन क्रूजर हाइराइडर की खासियतें बेहतर की हैं। ये खासियतें सुरक्षा, आराम और सुविधा को नये सिरे से परिभाषित करती हैं। नवीनतम बेहतरी ग्राहक-केंद्रित नवाचार के लिए टोयोटा की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। ड्राइविंग अनुभव को शानदार बनाने के लिए इसमें मूल्यवान फीडबैक और उभरते बाजार रुझानों को शामिल किया गया है। भारत की पहली सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक एसयूवी के रूप में व्यापक तौर पर प्रशंसित और लोकप्रिय, अर्बन क्रूजर हाइराइडर ने पहले ही एक लाख गाड़ियों की बिक्री का रिकार्ड छू लिया है। यह अपनी अभिनव तकनीक, ईंधन की असाधारण किफायत, गतिशील प्रदर्शन और प्रीमियम ड्राइविंग अनुभव के साथ दिल जीतना जारी रखता है।

जेडफंड्स ने की 3-सेकंड एसआईपी सेटअप और यूपीआई ऑटोपे शुरू

नई दिल्ली। वेल्थटेक कंपनी जेडफंड्स ने अपनी प्लेटफॉर्म पर सिस्टमेटिक इंवेस्टमेंट प्लान्स के लिए यूपीआई ऑटोपे की कार्यक्षमता की शुरूआत की है। जेडफंड्स जो एमएफडीएस को सशक्त बनाने वाला पहला प्लेटफॉर्म है, अब ग्राहकों को केवल एक यूपीआई पिन के साथ सिस्टमेटिक इंवेस्टमेंट प्लान्स सेटअप करने की सुविधा देता है—इसके लिए कोई कागजी कार्रवाई, डेबिट कार्ड विवरण, या नेट बैंकिंग की आवश्यकता नहीं है। पारंपरिक तरीकों में नेट बैंकिंग और ऑटो डेबिट का उपयोग सीमित रूप से अपनाया गया है, क्योंकि उपयोगकर्ताओं को डेबिट कार्ड नंबर, नेट बैंकिंग लॉगिन आईडी और पासवर्ड जैसी आवश्यकताओं को याद रखने में कठिनाई होती है।

ऑडिबल का हिंदी फुल-कास्ट ऑडियो सीरीज, वन अरेंज्ड मर्डर लॉन्च

नई दिल्ली। ऑडिबल ने हिंदी फुल-कास्ट ऑडियो सीरीज, वन अरेंज्ड मर्डर पेश की है। यह कहानी लोकप्रिय लेखक चेतन भगत द्वारा लिखी गई है। यह सीरीज श्रोताओं को सिनेमैटिक ऑडियो अनुभव के साथ चेतन भगत के अंदाज में रहस्य एवं ड्रामा का बेहतरीन मिश्रण पेश करेगी। ऑडिबल के लिए वन अरेंज्ड मर्डर का ऑडियो बनाने का सफर बहुत अच्छा रहा। कहानी लिखना एक बात है, लेकिन सभी किरदारों के साथ इसे जीवंत रूप में सुनने से गहराई और ज्यादा बढ़ जाती है। मैं और ज्यादा उत्साहित इसलिए हूँ क्योंकि यह हिंदी में उपलब्ध है, इसलिए यह पूरी तरह से नए श्रोताओं तक पहुँचेगी। ऑडिबल में हम सर्वश्रेष्ठ भारतीय क्रिएटर्स और प्रतिभाओं के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि श्रोताओं के लिए ऐसे अनुभवों का निर्माण हो सके, जो उन्हें रोमांचक कहानियों में तल्लीन कर दें। चेतन भगत की वन अरेंज्ड मर्डर एक बहुत दिलचस्प कहानी है।

लखनऊ में स्थापित होगी आईबीएम की सॉफ्टवेयर लैब

लखनऊ। आईबीएम ने आज घोषणा की कि वह उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर लैब की स्थापना करेगा। यह लैब प्लैटिनम मॉल, सुशांत गोल्फ सिटी में बनेगी और जिसका मुख्य उद्देश्य जनरेटिव एआई और एजेंटिक एआई टेक्नोलोजी को विकसित करना होगा। आईबीएम इंडिया सॉफ्टवेयर लैब्स आईबीएम के सबसे बड़े सॉफ्टवेयर विकास केंद्रों में से एक है। आईबीएम इंडिया पहले से ही डेटा और एआई, ऑटोमेशन, साइबर सुरक्षा और सस्टेनेबिलिटी जैसी तकनीकों पर काम कर रहा है। लखनऊ की यह लैब भारत और वैश्विक स्तर पर व्यवसायों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए बड़े और छोटे भाषा मॉडल का उपयोग कर एआई-आधारित समाधान विकसित करेगी। इस लैब में सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, डिजाइन और विकास की वर्ल्ड क्लास बेहतरीन पद्धतियों का उपयोग किया जाएगा।

सेंसेक्स में 1089 अंकों की उछाल

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 1089 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई के निफ्टी में 374 अंक की बढ़त रही। एशिया और यूरोप के बाजारों में मजबूती के बीच निचले स्तर पर चौतरफा लिवाली से बाजार बढ़त में रहा।

एक दिन पहले बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी में 10 महीने की सबसे बड़ी गिरावट आई थी। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स।,089.18 अंक यानी 1.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,227.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह।,721.49 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स के 29 शेयर लाभ में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 374.25 अंक यानी 1.69 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,535.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 535.6 अंक तक चढ़ गया था। अमेरिका के जवाबी शुल्क को लेकर चिंता के बीच सेंसेक्स सोमवार को 2,226.79 अंक यानी 2.95 प्रतिशत लुढ़क गया था जबकि निफ्टी में 742.85 अंक यानी 3.24 प्रतिशत की गिरावट आई थी। यह पिछले 10 महीने में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट थी। वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख से स्थानीय मानक सूचकांकों में अच्छी तेजी आई। अमेरिकी शुल्क को लेकर चिंता कुछ हद तक इस बात से दूर हुई है कि ज्यादातर देश चुनौतियों से पार पाने के लिए उपाय तलाशेंगे। भारत की अर्थव्यवस्था खपत आधारित है, ऐसे में अमेरिकी शुल्क का अन्य देशों की तुलना में भारत की अर्थव्यवस्था पर खास असर नहीं होगा। पावर ग्रिड को छोड़कर सेंसेक्स में शामिल सभी कंपनियों के शेयर बढ़त में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजारों में ज्यादातर में सोमवार को गिरावट रही थी। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 2.18 प्रतिशत उछला जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप 1.87 प्रतिशत की बढ़त में रहा। बीएसई में 3,093 शेयर लाभ में रहे, जबकि 871 में गिरावट रही।

निवेशकों की संपत्ति 7.32 लाख करोड़ बढ़ी

नयी दिल्ली। शेयर बाजार में मंगलवार को आई तेजी से निवेशकों की संपत्ति 7.32 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1089.18 अंक यानी 1.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,227.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1721.49 अंक तक चढ़ गया था।

रुपया 50 पैसे टूटकर 86.26 प्रति डॉलर पर तीन माह में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट

मुंबई। लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 50 पैसे लुढ़ककर 86.26 (अस्थायी) पर बंद हुआ। वैश्विक व्यापार युद्ध के कारण आर्थिक मंदी की आशंका के बीच करीब तीन महीने में यह रुपये में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, कच्चे तेल की कीमतों में कुछ सुधार और विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से भी कारोबारी धारणा प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, अमेरिकी प्रशासन द्वारा अमेरिकी उत्पादों पर चीन के 34 प्रतिशत आयात शुल्क के जवाब में 50 प्रतिशत का दंडात्मक शुल्क लगाने की नई धमकी के बाद वैश्विक बाजार अत्यधिक अस्थिरता का सामना कर रहे हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.89 पर खुला और

डॉलर के मुकाबले 85.82 के उच्चस्तर और 86.29 के निचले स्तर के बीच झूलता रहा। अंत में रुपया 86.26 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 50 पैसे की गिरावट है। इससे पहले इस वर्ष 13 जनवरी को एक सत्र में इतनी बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी, जब इसमें 66 पैसे की गिरावट आई थी। सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 32 पैसे की गिरावट के साथ 85.76 पर बंद हुआ, जबकि शुक्रवार को पिछले सत्र में इसमें 14 पैसे की गिरावट आई थी। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में गिरावट देखी गई, जिसका मुख्य कारण आयातकों की मजबूत डॉलर मांग और भारतीय शेयर बाजारों से विदेशी कोषों की सतत निकासी है। परिणामस्वरूप, रुपया इस महीने अपने एशियाई समकक्षों के बीच सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा के रूप में उभरा है। रुपये के लिए बाजार की धारणा नकारात्मक बनी हुई है, खासकर अमेरिका द्वारा जवाबी शुल्क लगाए जाने के बाद, जिसके कारण 21 मार्च के बाद से भारतीय मुद्रा अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई है। घरेलू वृहद आर्थिक मोर्चे पर, निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक के नीतिगत दर निर्णय की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

स्मार्टफोन निर्यात दो लाख करोड़ से अधिक, आईफोन का वर्चस्व

नयी दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में देश में निर्मित मोबाइल फोन का निर्यात दो लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जिसमें 1.5 लाख करोड़ रुपये का योगदान अकेले आईफोन का है। वैष्णव ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में पिछले वित्त वर्ष में स्मार्टफोन निर्यात में 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वैष्णव ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में स्मार्टफोन निर्यात दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया।

स्मार्टफोन अब भारत से निर्यात किए जाने वाले प्रमुख उत्पादों में से एक हो गया है। इस दौरान करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये के आईफोन का भी निर्यात हुआ। दिग्गज अमेरिकी कंपनी एप्पल ने भारत में अपने लोकप्रिय आईफोन का उत्पादन कुछ साल पहले ही शुरू किया है। भारत आईफोन विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में पांच गुना से अधिक और निर्यात में छह गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार हाल ही में घोषित गैर-सेमीकंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण योजना के लिए एक मसौदा अधिसूचना जारी कर रही है, जो लगभग दो सप्ताह तक परामर्श के लिए खुली रहेगी।

एक राज्य-एक आरआरबी एक मई से प्रभावी 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के एकीकरण को मंजूरी

नयी दिल्ली। एक मई से देश के हर राज्य में एक ही क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) मौजूद होगा। इस प्रस्ताव पर अमल के लिए वित्त मंत्रालय ने 11 राज्यों में 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के एकीकरण से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के एकीकरण का यह चौथा चरण होगा जिसके पूरा होते ही आरआरबी की संख्या मौजूदा के 43 से घटकर 28 रह जाएगी। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के मुताबिक, देश के 11 राज्यों- आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा एवं राजस्थान में मौजूद क्षेत्रीय ग्रामीण

बैंकों का एक इकाई में विलय किया जाएगा। इस तरह एक राज्य-एक आरआरबी के लक्ष्य को साकार किया जा सकेगा। अधिसूचना के मुताबिक, इन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के विलय की प्रभावी तिथि एक मई, 2025 तय की गई है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 की धारा 23ए(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुरूप ये आरआरबी एक एकल इकाई में एकीकृत हो जाएंगे। इसी क्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, इंडियन बैंक और भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रायोजित चैतन्य गोदावरी ग्रामीण बैंक, आंध्र प्रगति ग्रामीण बैंक, सप्तगिरि ग्रामीण बैंक और आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक को आंध्र प्रदेश ग्रामीण बैंक के रूप में मिला दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में मौजूद तीन-तीन आरआरबी का भी एकल इकाई में विलय किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में मौजूद बड़ौदा यू.पी. बैंक, आर्यावर्त बैंक और प्रथमा यू.पी. ग्रामीण बैंक को उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक नाम की इकाई में मिला दिया गया है।

पहली मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करेंगे आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा बुधवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करेंगे।

विशेषज्ञों का मानना है कि मुद्रास्फीति में नरमी और डोनाल्ड ट्रंप शुल्क से वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियों के बीच आर्थिक वृद्धि को गति देने की जरूरत के बीच आरबीआई बुधवार को फिर से नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कमी करेगा। गवर्नर मल्होत्रा की अध्यक्षता में आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सोमवार को मौद्रिक नीति की समीक्षा को लेकर तीन दिवसीय बैठक शुरू की। उल्लेखनीय है कि एमपीसी ने फरवरी में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया था। यह मई, 2020 के बाद पहली कटौती और ढाई साल के बाद पहला संशोधन था। आरबीआई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा सुबह 10:00 बजे (नौ अप्रैल को) मौद्रिक नीति लेकर एमपीसी की बैठक में लिये गये निर्णय के बारे में जानकारी देंगे। एचएसबीसी ग्लोबल रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया, हमें उम्मीद है कि आरबीआई अप्रैल में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगा...हमें यह भी उम्मीद है कि आरबीआई अधिशेष नकदी बनाये रखने के लिए भी कदम उठायेगा।

भारत-यूरोपीय संघ एफटीए पर चरणबद्ध वार्ता की तलाश रहे संभावना

नयी दिल्ली। अमेरिका की तरफ से उच्च शुल्क लगाए जाने से पैदा हुए अनिश्चित वैश्विक व्यापार परिदृश्य के बीच भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) अपने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चरणबद्ध ढंग से बातचीत करने की संभावना तलाश रहे हैं। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

भारत ने पहले ऑस्ट्रेलिया के साथ भी इसी तरह दो चरणों में व्यापार समझौतों पर बातचीत की थी। दो चरणों वाली प्रक्रिया के तहत दोनों पक्षों को उन क्षेत्रों की पहचान करने का अवसर मिलता है जहां आसानी से सहमति बन सकती है। व्यापार से जुड़े जटिल मुद्दों को बाद के चरणों के लिए रख दिया जाता है। अधिकारी ने कहा कि यूरोपीय संघ के साथ प्रस्तावित एफटीए पर चरणों में बातचीत चल रही है। दोनों पक्षों ने पिछले महीने ब्रसेल्स में इस प्रस्तावित समझौते के लिए दसवें दौर की वार्ता पूरी की थी। अगले दौर की बातचीत मई में नयी दिल्ली में होने की उम्मीद है। अधिकारी ने कहा कि यूरोपीय संघ के वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं के साथ हाल ही में भारत दौरे पर

आईं यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लिएन की यात्रा के बाद एफटीए पर वार्ता सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और यह तेजी पकड़ रही है। व्यापार विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दो अप्रैल को उच्च सीमा शुल्क लगाए जाने के बाद भारत और यूरोपीय संघ के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। भारत और 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ ने आठ साल से अधिक के अंतराल के बाद जून, 2022 में एफटीए पर वार्ता फिर से शुरू की थी। बातचीत का सिलसिला बाजारों को खोलने के स्तर को लेकर उभरे मतभेदों के कारण 2013 में रुक गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला ने इस साल के अंत तक बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर सहमति जताई थी। भारत के कुल निर्यात में यूरोपीय संघ का हिस्सा लगभग 17 प्रतिशत है जबकि भारत को यूरोपीय संघ का निर्यात उसके कुल निर्यात का नौ प्रतिशत है। अधिकारी ने भारत और चार देशों के यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच एफटीए को लागू करने की दिशा में हुई प्रगति की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी चार यूरोपीय देशों की संसद ने समझौते को मंजूरी दे दी है। दोनों पक्ष इस साल के अंत तक इस समझौते को लागू करने का लक्ष्य बना रहे हैं। ईएफटीए में आइसलैंड, लीस्टेंशटाइन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। भारत और ईएफटीए ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे।

फियो की नकदी संकट को कम करने के लिए पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान की मांग

नयी दिल्ली। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने ब्याज सब्सिडी योजना को फिर से शुरू करने की मांग करते हुए मंगलवार को कहा कि नौ अप्रैल से लागू 26 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क से अमेरिकी आयातकों का सीमा शुल्क बिल काफी बढ़ जाएगा जिससे भारतीय निर्यातकों को भुगतान में देरी होगी।

संगठन ने सरकार से आग्रह किया कि वह बढ़ते नकदी संकट को कम करने के लिए तुरंत पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान की घोषणा करे। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने पीटीआई-भाषा से कहा, नौ अप्रैल से अमेरिकी आयातकों को 26 प्रतिशत शुल्क अग्रिम रूप से देना होगा। पहले यह शून्य से चार प्रतिशत था। उच्च शुल्क उन पर अतिरिक्त बोझ डालेंगे और इसके लिए उन्हें ऋण लेना होगा तथा हमारे भुगतान में देरी होगी। उन्होंने कहा कि (अमेरिकी) शुल्क हमारे भुगतान चक्र को प्रभावित करने जा रहे हैं। हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि वह सभी निर्यातकों के लिए ब्याज छूट योजना की तत्काल घोषणा करे। भारत में रेपो दर लगभग 6.25 प्रतिशत है तथा निर्यातकों को आठ से 12 प्रतिशत या इससे भी अधिक ब्याज देना पड़ता है जो कि प्राधिकृत डीलर बैंकों द्वारा उधारकर्ता के जोखिम मूल्यांकन तथा प्रसार पर निर्भर करता है। प्रतिस्पर्धी देशों में ब्याज दर बहुत कम है। मिसाल के तौर पर 2025 में चीन में केंद्रीय बैंक की दर 3.1 प्रतिशत, मलेशिया में तीन प्रतिशत, थाइलैंड में दो प्रतिशत और वियतनाम में 4.5 प्रतिशत है। ब्याज सब्सिडी योजना पिछले साल समाप्त हो गई और इस योजना का करीब 11,000 निर्यातक लाभ उठाते थे। वाणिज्य मंत्रालय निर्यात संवर्धन मिशन के तहत इस योजना को फिर से विकसित करने पर काम कर रहा है जिसकी घोषणा बजट में 2,250 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ की गई थी। अमेरिका में खरीदार ऑर्डर की पुष्टि करने और उच्च आयात शुल्क के प्रभाव को कम करने के लिए 12-14 प्रतिशत छूट की मांग कर रहे हैं। वे सभी शुल्कों को वहन करने के लिए तैयार नहीं हैं। हमें उनके साथ बोझ साझा करना होगा। वे हमें खेपों को रोकने के लिए कह रहे हैं।

पेज एक का शेष

भारत-दुबई

भारत यात्रा पर यहां पहुंचे। मोदी ने कहा दुबई के शहजादे शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम से मिलकर खुशी हुई। दुबई ने भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, यह विशेष यात्रा हमारी गहरी मित्रता की पुष्टि करती है तथा भविष्य में और भी मजबूत सहयोग का मार्ग प्रशस्त करती है। वहीं, रक्षा मंत्री सिंह ने अल मकतूम के साथ अपनी बैठक को सार्थक बताया।

उन्होंने कहा, नयी दिल्ली में दुबई के शहजादे, यूएई के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम के साथ एक सार्थक बैठक हुई। यूएई के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी भारत के लिए प्राथमिकता है।

सिंह ने कहा, आने वाले वर्षों में, हम रक्षा सहयोग, सह-उत्पादन और सह-विकास परियोजनाओं, नवाचार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।

उन्होंने कहा कि भारत और यूएई दोनों क्षेत्र में शांति एवं समृद्धि की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी दुबई के शहजादे से मुलाकात की। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, दुबई के शहजादे और यूएई के रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम का भारत की पहली आधिकारिक यात्रा के दौरान स्वागत करते हुए मुझे खुशी हो रही है।

उन्होंने कहा, हमारे व्यापक सहयोग और जीवंत संबंधों के लिए उनके सकारात्मक विचारों की मैं सराहना करता हूं।

देश में लागू हुआ

गए धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों का भी उल्लंघन करता है। अदालत में दी अपनी याचिका में कहा है कि तमिलनाडु के 50 लाख और देशभर के 20 करोड़ मुसलमानों के अधिकारों का उल्लंघन हुआ है। ओवैसी की याचिका में कहा गया है कि अन्य धर्मों के धार्मिक ट्रस्टों को जो संरक्षण मिला हुआ है, वह वक्फ ट्रस्टों से छीना जा रहा है—जो संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 के खिलाफ है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि यह मामला धार्मिक स्वतंत्रता और अल्पसंख्यक समुदायों के संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा है, इसलिए यह सुनवाई अहम साबित हो सकती है।

जयपुर सीरियल

कहा अदालत ने कहा कि यह मामला किसी व्यक्ति विशेष को ही प्रभावित नहीं करता। यह राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता पर हमला है जिसका असर पूरे देश व समाज पर पड़ता है। अदालत ने कहा कि वह ऐसे अपराधियों को कड़ी सजा देना सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पीड़ितों को न्याय मिलना जरूरी है ज्यादा से ज्यादा सजा पीड़ितों व उनके परिवारों की पीड़ा का सम्मान करती है।

उन्होंने बताया कि अदालत ने चार दोषियों को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए), विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और भादंसं की विभिन्न धाराओं के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने बताया कि मामले में कुल 112 गवाहों के बयान दर्ज किए गए।

बचाव पक्ष के वकील मिन्हाज उल हक ने कहा, आरोपी पिछले 15 साल से जेल में सजा काट रहे हैं। उन्हें आठ अन्य मामलों में उच्च न्यायालय से बरी किया जा चुका है। ऐसे में उनकी सजा में छूट मिलनी चाहिए। यह मामला 13 मई, 2008 को चांदपोल में बम बरामदगी से संबंधित है। इस बम को सुरक्षा दस्तों ने निष्क्रिय कर दिया था। उस रात जयपुर शहर में सिलसिलेवार आठ बम विस्फोट हुए थे, नौवां बम चांदपोल बाजार के पास से बरामद कर लिया गया था। इन बम धमाकों में 71 लोगों की जान चली गई थी और 180 अन्य लोग घायल हो गए थे। राजधानी जयपुर के माणक चौक खंदा, चांदपोल गेट, बड़ी चौपड़, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया गेट, जौहरी बाजार और सांगानेरी गेट पर एक के बाद एक बम फटे थे।

इससे पहले धमाकों के मामले में दिसंबर 2019 में निचली अदालत ने सरवर आजमी, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद सलमान और सैफुर्रहमान को मौत की सजा सुनाई थी और पांचवें आरोपी शाहबाज को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया था। निचली अदालत ने जिन लोगों को सजा सुनाई थी, उन्होंने निचली अदालत के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी और उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने 29 मार्च, 2023 को मौत की सजा पाये चारों दोषियों को बरी कर दिया।

उच्च न्यायालय ने इसके अलावा शाहबाज को बरी करने के निचली अदालत के फैसले की पुष्टि भी की थी।

दारोगा समेत

अन्य युवकों का नेतृत्व कर रहा था। मनेंद्र को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। ड्यूटी में लापरवाही बरतने के लिए बहरिया चौकी प्रभारी रवि कटियार, कांस्टेबल अंशु कुमार और कांस्टेबल सुनील कुमार यादव को निलंबित कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि रविवार को रामनवमी पर कुछ युवक बहरिया थाना अंतर्गत सिकंदरा में गाजी मियां की दरगाह के द्वार पर धार्मिक झंडा लहराते हुए नारेबाजी कर रहे थे जिन्हें पुलिस ने ऐसा करने से रोका और उन्हें वहां से हटा दिया था। इस दरगाह में पांच मजारें हैं और इस मजार पर हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग चादर चढ़ाने आते हैं।

कबीर वाणी है

कर सकें। इसे कुछ दे सकें। यही अमरत्व का मार्ग है। उन्होंने संदेश देते हुए कहा कि आत्मशुद्धि से विश्वशुद्धि की ओर हम सबको अग्रसर होना होगा। उन्होंने कहा कि विज्ञान के कारण विकास हुआ और पर्यावरण का विनाश हुआ। सभी चिंता कर रहे हैं। सबको पता है कि भारत ने विकास तो किया मगर कुछ भी कभी बर्बाद नहीं किया। अंग्रेजों के आने के बाद हमने केमिकल से खेती जितनी की वही खराब हुई है। बाकी सब ठीक है। विदेशों को भी पता है कि भारत के पास सारी विद्या है। आत्मा की उपासना करते हुए हम स्वयं को शुद्ध कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी नौकाओं में बैठकर हमारे पूर्वज विदेश गये। उन्होंने सभ्यता का प्रचार किया। सारी चीजों का सम्मान करो। हमारे संतों ने इसे प्रत्यक्ष रूप से प्रयुक्त किया। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के मार्ग पर अग्रसर हों।

सरसंघचालक ने कहा कि हमें स्वयं को भारतीयता का बोध कराना होगा। भारतीय संस्कृति को अपनाना होगा। हमने दुनिया को सबकुछ सिखाया। हमने सबको बहुत कुछ बताया मगर कभी घमंड नहीं किया। हमने कभी कुछ पेटेंट नहीं कराया। यही दान की भावना हमें भारतीय बनाती है। उन्होंने कहा कि भारत का संदेश, प्रेम बांटने का संदेश है। जबसे सृष्टि बनी है, तबसे मनुष्य सुख की खोज में है। परंतु सच्चा सुख आत्मा की शांति में है, न कि भोग की लालसा में। उपभोग जीवन का लक्ष्य नहीं होना चाहिए, बल्कि आत्मकल्याण, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना ही जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ज्ञान, विज्ञान, गुण और अध्यात्म जैसे तत्व भारत की देन हैं और अब समय आ गया है कि भारत विश्व को पुनः देने वाला देश बने, एक बार फिर विश्वगुरु के रूप में प्रतिष्ठित हो। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय संस्कृति को जीवन में उतारने वाले संत ही समाज के सच्चे पथप्रदर्शक हैं। चाहे पंथ हो या सम्प्रदाय , सभी को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। हमारी उपासना ऐसी हो जो सत्य तक पहुँचाए। सबके प्रति मन में भक्ति का भाव हो। अपना अंतर्मन शुचितापूर्ण रहे। यही धर्म है।

जालंधर में

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्यों की साजिश थी। विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने यहां मीडिया को बताया कि अपराध में इस्तेमाल किया गया ई-रिक्शा भी बरामद कर लिया गया है। शुक्ला ने कहा कि पुलिस ने घटना के 12 घंटे के भीतर मामले का खुलासा कर दिया। उन्होंने कहा यह पाकिस्तान की आईएसआई की एक बड़ी साजिश थी। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के सहयोगी जीशान अख्तर और (पाकिस्तानी गैंगस्टर) शहजाद भट्टी ने साजिश रची थी। अधिकारियों ने आरोपियों के पाकिस्तान स्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के सरगना हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा और गैंगस्टर हैप्पी पासिया के साथ संभावित संबंधों से भी इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि घटना से बीकेआई का संबंध होने की संभावना की भी जांच जारी है।

वाराणसी जेल के तीन अधिकारी निलंबित

लखनऊ। यूपी की योगी सरकार ने एक बार फिर अपनी 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। जिला कारागार, वाराणसी में एक बंदी की फर्जी रिहाई के मामले में तत्कालीन जेल अधीक्षक, कारापाल एवं प्रभारी हवालात बंदी रिहाई तत्कालीन उप कारापाल को निलंबित कर दिया गया है। कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले जिला कारागार, वाराणसी में निरूद्ध बंदी सुनील कुमार उर्फ सुनील चौधरी, जो धोखाधड़ी और साइबर अपराधों में जेल में था, को फर्जी अभिलेख तैयार कर गलत तरीके से रिहा कर दिया गया था। उप महानिरीक्षक (डीआईजी) कारागार, वाराणसी की प्रारंभिक जांच में पाया गया कि जेल अधिकारियों ने जेल मैनुअल और विभागीय प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया, जिससे यह गंभीर अनियमितता सामने आई। जांच रिपोर्ट में तत्कालीन जेल अधीक्षक, कारापाल और उप कारापाल की संलिप्तता स्पष्ट हुई, जिसके आधार पर उन्हें निलंबित करते हुए उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई शुरू की गई है।

चारधाम यात्रा

के साथ निरंतर समन्वय बनाया जाए और उनके सुझावों को गंभीरता से लिया जाए। सरकार द्वारा चारधाम यात्रा के लिए की गयी तैयारियों की जानकारी भी हितधारकों के साथ साझा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा के वैकल्पिक मार्गों को भी सुदृढ़ किया जाए। यात्रा मार्गों पर अस्थाई पार्किंग विकसित करने के लिए भुगतान के आधार पर स्थानीय लोगों से भी संपर्क किया जाए।

डीजीपी दीपम सेठ नेबताया कि सुरक्षित और व्यवस्थित यात्रा के लिए 50 थाने, 79 रिपोर्टिंग पुलिस चौकी, 5850 पुलिस बल, 38 सीजनल (अस्थाई) चौकियां रहेगी। ट्रैफिक के बेहतर प्रबंधन के लिए तीन प्लान तैयार किए गए जिन्हें वाहनों के दबाव एवं जाम की स्थिति को देखते हुए लागू किया जाएगा। पुलिस महानिरीक्षक, गढ़वाल रेंज के अधीन चारधाम कंट्रोल रूम की स्थापना की गयी है, जिसके प्रभारी एसपी ट्रैफिक देहरादून लोकजीत सिंह रहेंगे। सम्पूर्ण यात्रा मार्ग को 15 सुपर जोन, 41 जोन और 137 सेक्टर में बांटा गया है। चारधाम यात्रा में 130 चिन्हित पार्किंग स्थलों में 43416 छोटे और 7855 बड़े वाहनों के पार्क की व्यवस्था रहेगी। बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, सचिव शैलेश बगोली, नितेश झा, सचिन कुर्वे, डा. बीवी आर पुरुषोत्तम, डा. पंकज पांडेय, बृजेश कुमार संत, सचिव एवं गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय, एडीजी वी मुरुगेशन, एपी अंशुमन, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, आईजी नीलेश आनंद भरणे और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

सौर ऊर्जा से

मांग के अनुरूप स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने की चुनौती है। एम्बर की एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, अगर भारत को 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य हासिल करना है तो उसे मौजूदा निवेश से हर साल 20 प्रतिशत अधिक धन जुटाना होगा।

संक्षेप

ध्रुव व तनीषा बैडमिंटन एशिया के प्री क्वार्टर फाइनल में

निंगबो (चीन)। ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने मंगलवार को यहां बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के कड़े मुकाबले में मलेशिया के हू पैंग रोन और सु यिन चेंग को हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ध्रुव और तनीषा की भारतीय जोड़ी ने पहले दौर के मुकाबले में मलेशियाई प्रतिद्वंद्वियों को 51 मिनट में 15-21, 21-12, 21-11 से हराया। ध्रुव और तनीषा का अगला मुकाबला चीनी ताइपे के होंग वेई ये और निकोल गोंजालेस चान से होगा। तीन अन्य भारतीय मिश्रित युगल जोड़ियों को हालांकि पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियथ की जोड़ी को सून हुआत गोह और शेवोन जेमी लाइ की तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ 18-21, 19-21 से शिकस्त मिली। असित सूर्या और अमृता प्रमुथेश भी मलेशियाई जोड़ी थुलित पल्लियागुरु और पंचाली अधिकारी के खिलाफ 9-21, 11-21 से हार गए। रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गड्डे की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने रॉय किंग याप और वैलेरी सियो की एक अन्य मलेशियाई जोड़ी को कड़ी टक्कर दी लेकिन 56 मिनट में 21-18, 17-21, 17-21 से हार गई।

सेंडा विश्व कप में भारतीय खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन

जियांगयिन (चीन)। भारतीय वुशु खिलाड़ी मुकेश चौधरी ने 75 किग्रा में स्वर्ण पदक जीता जबकि पांच अन्य खिलाड़ी यहां 10वें सेंडा विश्व कप के फाइनल में पहुंच गए। छह सदस्यीय भारतीय दल ने अब तक टूर्नामेंट में दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ उल्लेखनीय कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया है। भारत के अभियान का अब तक का मुख्य आकर्षण चौधरी रहे हैं जिन्होंने फाइनल में अपने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी पर प्रभावशाली जीत दर्ज करके 75 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। कुशाल ने 48 किग्रा वर्ग में यमन के अपने प्रतिद्वंद्वी को हराकर फाइनल में जगह बनाकर भारत की जीत का सिलसिला जारी रखा। रवि पांचाल ने 65 किग्रा वर्ग में कजाखस्तान के प्रतिद्वंद्वी को हराकर फाइनल में जगह बनाई जबकि 52 किग्रा वर्ग में अनुज कुमार और 85 किग्रा वर्ग में रजत चरक भी स्वर्ण पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे। महिला खिलाड़ियों में 48 किग्रा वर्ग में छवि ने अपनी पुर्तगाल की प्रतिद्वंद्वी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

चैंपियन्स ट्रॉफी से पीसीबी को अनुमान से अधिक कमाई

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने दावा किया है कि आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी की मेजबानी से उसे तीन अरब रुपये की कमाई हुई है जो उसके दो अरब रुपये के लक्ष्य से अधिक है। पीसीबी ने यह दावा नेशनल असेंबली को लिखित जवाब में किया है जिसने पिछले दो वर्षों में राष्ट्रीय टीम के लगातार खराब प्रदर्शन पर चिंता व्यक्त की है। पीसीबी ने अपने लिखित जवाब में यह भी पुष्टि की है कि कराची, लाहौर और रावलपिंडी में स्टेडियमों के नवीनीकरण पर कुल 18 अरब रुपये खर्च किए जा रहे हैं। बोर्ड ने कहा कि नवीनीकरण की प्रक्रिया 2026 तक पूरी हो जाएगी और इसका दूसरा चरण मई में पाकिस्तान सुपर लीग समाप्त होने के बाद शुरू होगा। पीसीबी ने यह भी कहा कि चैंपियन्स ट्रॉफी और अन्य चीजों के कारण अब तक बजट में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। पीसीबी ने पुष्टि की, पीसीबी अपने वित्तीय वर्ष के अंत में सालाना दो ऑडिट से गुजरता है। चालू वित्तीय वर्ष के लिए ऑडिट 30 जून 2025 के बाद होंगे। बोर्ड ने यह भी कहा कि चैंपियन्स ट्रॉफी से मिलने वाली राशि के अंतिम आंकड़े आईसीसी द्वारा अपना वित्तीय ऑडिट पूरा करने के बाद निर्धारित किए जाएंगे। पीसीबी ने जोर देकर कहा कि कोई अधिक खर्च या कुप्रबंधन नहीं हुआ है क्योंकि चैंपियन्स ट्रॉफी पूरी तरह से आईसीसी द्वारा प्रबंधित की गई थी। राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए पीसीबी ने चोटों और खेलने की अलग-अलग परिस्थितियों को जिम्मेदार ठहराया। पीसीबी ने लिखा, महत्वपूर्ण लम्हों में प्रमुख खिलाड़ियों को चोटें लगी जिससे टीम का संतुलन और रणनीति प्रभावित हुई।

लखनऊ ने केकेआर को 4 रन से हराया

आईपीएल : मार्श ने 48 गेंद में 81 रन बनाये, छह चौके और पांच छक्के लगाये, पूरन ने 36 गेंद में सात चौकों और आठ छक्कों के साथ 87 रन की नाबाद पारी

एजेंसी

कोलकाता। मिचेल मार्श के पांच मैचों में चौथे अर्धशतक और निकोलस पूरन के 36 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से लखनऊ सुपर जाइंट्स ने मंगलवार को आईपीएल के रोमांचक मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को चार रन से हरा दिया। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर तीन विकेट पर 238 रन बनाये। जवाब में कप्तान अजिंक्य रहाणे के 35 गेंद में 61 रन की मदद से एक समय जीत की ओर बढती दिख रही मेजबान टीम सात विकेट पर 234 रन ही बना सकी।

इस जीत के बाद लखनऊछह अंक लेकर चौथे स्थान पर है जबकि केकेआर चार अंक लेकर छठे स्थान पर बनी हुई है। इससे पहले करीब 40 डिग्री सेल्सियस तापमान में लखनऊ के सलामी बल्लेबाजों एडेन मार्करम और मार्श ने 62 गेंद में 99 रन की सलामी साझेदारी की। मार्करम ने 28 गेंद में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 47 रन बनाये। वहीं मार्श ने 48 गेंद में 81 रन बनाये जिसमें छह चौके और पांच छक्के शामिल थे। पूरन ने 36 गेंद में सात चौकों और आठ छक्कों के साथ 87 रन की नाबाद पारी खेलकर लखनऊ को आईपीएल में उसके दूसरे सर्वोच्च स्कोर तक पहुंचाया। त्रिनिदाद के इस खब्बू बल्लेबाज ने हर्षित राणा को 17वें ओवर में दो गगनभेदी छक्के जड़े और इस पारी के दम पर आरेंज कैप की दौड़ में मार्श को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गए। दस ओवर के बाद लखनऊका स्कोर बिना किसी नुकसान के 95 रन था। इसके बाद अगले दस ओवर में 143 रन बने।

मार्करम ने मोईन अली की जगह खेल रहे स्पेंसर जॉनसन के दूसरे ओवर में 18 रन निकाले। उन्होंने लगातार तीन गेंदों पर दो चौके और एक छक्का जड़ा। चार ओवर के बाद लखनऊका स्कोर 38 रन था। केकेआर के लिये वैभव अरोड़ा ने पहले दो ओवर में सिर्फ आठ रन दिये लेकिन दूसरे छोर से उन्हें सहयोग नहीं मिला। पांचवें ओवर में केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने वरूण चक्रवर्ती को गेंद सौंपी जिन्होंने पहले तीन ओवर में सिर्फ 16 रन दिये लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी। राणा ने आखिरकार 11वें ओवर में आफ कटर पर मार्करम को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। केकेआर को इससे भी राहत नहीं मिली क्योंकि पूरन आक्रामक तेवर लेकर ही उतरे थे। उन्होंने अपना तीसरा आईपीएल अर्धशतक सिर्फ 21 गेंदों में पूरा किया। मार्श और पूरन ने दूसरे विकेट के लिये सिर्फ 30 गेंद में 71 रन जोड़े। पूरन ने वरूण को 14वें ओवर में एक छक्का और एक चौका लगाया। बीच के ओवरों में 11वें से 15वें ओवर के बीच लखनऊ ने 75 रन बनाये।

केकेआर के गेंदबाजों को पिच से कोई सहायता नहीं मिली। वरूण ने चार ओवरों में 47 रन देकर एक विकेट लिया जबकि जॉनसन ने तीन ओवर में 46 रन दे डाले। सुनील नारायण ने भी तीन ओवर में 33 रन दे दिये और उन्हें कोई विकेट नहीं मिली। अरोड़ा ने चार ओवर में 35 रन दिये। आंद्रे रसेल को 16वें ओवर में गेंद सौंपी गई जबकि वह आम तौर पर साझेदारियां तोड़ने में माहिर हैं। उस समय तक लखनऊने 170 रन बना लिये थे और 200 के पार आसानी से पहुंच गई।

जवाब में रहाणे ने लखनऊके तीनों तेज गेंदबाजों आकाशदीप, शार्दुल ठाकुर और आवेश खान की धुनाई करते हुए केकेआर को 2017 के बाद पावरप्ले में सर्वश्रेष्ठ स्कोर एक विकेट पर 90 रन तक पहुंचाया। रहाणे को शार्दुल ने वाइड गेंद पर ललचाया। एक ओवर में पांच वाइड गेंद खेलने के बाद झल्लाये रहाणे ने वाइड गेंद पर कवर में पूरन को कैच थमा दिया। लखनऊके गेंदबाजों ने 20 वाइड गेंदें डाली। केकेआर ने 13 ओवरों में तीन विकेट पर 162 रन बना लिये थे और रनरेट 12 . 46 चल रहा था। अब उसे 42 गेंद में 77 रन की जरूरत थी लेकिन रहाणे का विकेट गिरने के बाद 15 रन के भीतर चार विकेट गिर गए और स्कोर छह विकेट पर 177 रन हो गया। रवि बिश्नोई ने अगले ओवर में रमनदीप सिंह को आउट किया जिन्हें हैरान करने वाले फैसले के तहत फॉर्म में चल रहे अंगकृष रघुवंशी और रिंकू सिंह से ऊपर भेजा गया था। रघुवंशी भी टिक नहीं सके और आवेश के यॉर्कर पर आउट हुए। रिवर्स स्वीप खेलने के प्रयास में उन्होंने विकेट के पीछे ज षभ पंत को कैच थमाया। लखनऊ के गेंदबाजों ने 18वें और 19वें ओवर में मिलाकर 38 रन दे डाले लेकिन बिश्नोई ने आखिरी ओवर में 24 रन देने के बावजूद केकेआर को लक्ष्य हासिल नहीं करने दिया।

आईसीसी सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर की दौड़ में श्रेयस अय्यर

दुबई। चैम्पियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र और जैकब डफी के साथ मार्च महीने के आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट के पुरस्कार के लिये नामांकन मिला है। चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत की खिताबी जीत के सूत्रधारों में रहे अय्यर ने पांच मैचों में दो अर्धशतकों के साथ 243 रन बनाये थे।

आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में कहा, दाहिने हाथ के बल्लेबाज ने मार्च ने तीन वनडे में 57.33 की औसत से 172 रन बनाये और टूर्नामेंट में भारत के लिये सर्वाधिक रन भी बनाये। इसमें कहा गया भारत के अपराजेय अभियान में अय्यर का योगदान अहम रहा। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप ए के मैच में 79 रन बनाये और आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 45 रन की पारी खेली। इसके अलावा न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 48 रन भी बनाये। विज्ञप्ति में कहा गया पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाने और साझेदारियां बनाने की उसकी क्षमता भारत के लिये महत्वपूर्ण साबित हुई। रविंद्र ने चार मैचों में दो शतक समेत 263 रन बनाये और तीन विकेट भी लिये। वहीं दुनिया के नंबर एक टी20 गेंदबाज डफी ने मार्च में 6 . 17 की इकॉनामी रेट से 13 विकेट चटकाये। आईसीसी मार्च महीने की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर के लिये अमेरिका की चेतना प्रसाद, आस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड और जॉर्जिया वोल दौड़ में हैं।

आरसीबी के कप्तान पाटीदार पर 12 लाख रुपये का जुर्माना

मुंबई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार पर यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आरसीबी ने सोमवार को खेला गया यह मैच 12 रन से जीता था। पाटीदार ने 32 गेंद पर 64 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। आईपीएल की मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है, आईपीएल की आचार संहिता के धीमी ओवर गति से संबंधित अनुच्छेद 2.2 के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था।

सिद्धि सेमीफाइनल में, अभ्युदय क्वार्टर फाइनल में, दोनों ने किया उलटफेर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की सिद्धि ने डा. केएल गर्ग मेमोरियल आइटा सीएस-7 (अंडर-18) टेनिस टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय इक्षिता को हराते हुए उलटफेर भरी जीत के साथ बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश के अभ्युदय ने भी उलटफेर करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं शीर्ष वरीय यूपी के रोहिन राज, दूसरी वरीय मेहर एस.खोसला, चौथी वरीय अग्रिम साहू ने भी अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में यह टूर्नामेंट गोमतीनगर विजयंत खंड स्टेडियम के टेनिस कोर्ट पर डा.केएल गर्ग चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल में गैर वरीय उत्तर प्रदेश की सिद्धि ने उत्तर प्रदेश की ही इक्षिता को सीधे सेट में 6-1, 6-4 से हराया।

सिद्धि ने अपनी तेज सर्विस व चुस्ती के दम पर जीत दर्ज की। इसी के साथ दूसरी वरीय आशी शमसेरी, तीसरी वरीय वनिशा और चौथी वरीय गीतिका भी सेमीफाइनल में पहुंच गई। उत्तर प्रदेश की आशी ने काशवी को आसानी से 6-0, 6-0 से मात दी। वनिशा ने उत्तर प्रदेश की आद्या को 7-6(7-1), 6-2 से हराया। वनिशा ने कड़े संघर्ष के बाद पहला सेट टाईब्रेक में जीता और दूसरे सेट में बेहतर स्ट्रोक खेलते हुए जीत दर्ज की। वहीं उत्तर प्रदेश की चौथी वरीय गीतिका ने प्रदेश की ही ताशी को 6-4, 7-5 से हराकर अंतिम चार में स्थान सुरक्षित किया। बालक वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में अभ्युदय ने तीसरी वरीय यूपी के अनुज कुमार को 6-2, 7-5 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। अभ्युदय ने पहला सेट संघर्ष के बाद जीता जबकि दूसरे सेट के अंतिम क्षणों में नेट पर दमदार सर्विस करते हुए मैच अपने नाम किया।

> केएल गर्ग मेमोरियल आइटा सीएस-7 (अंडर-18) टेनिस टूर्नामेंट

शीर्ष वरीय उत्तर प्रदेश के रोहिन राज ने शानदार कोर्ट कवरेज की बदौलत उत्तर प्रदेश के अयान यादव को 6-2, 6-4 से हराया। दूसरी वरीय मेहर एस.खोसला ने उत्तर प्रदेश के अर्जुन को तीन सेट तक खिंचे रोमांचक मुकाबले में 6-4, 5-7, 6-4 से हराया। पहला सेट जीतने के बाद मेहर ने दूसरा सेट गंवा दिया, लेकिन तीसरे सेट में वापसी करते हुए जीत हासिल की। चौथी वरीय उत्तर प्रदेश के अग्रिम साहू को जीतने में खासी मशक्कत करनी पड़ी, उन्होंने प्रदेश के ही विराट को 6-2, 3-6, 7-6 (8-6) से मात दी।

हॉकी चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों के लिए अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने उत्तर प्रदेश के झांसी में चल रही सीनियर पुरूष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों को चिकित्सा और रिकवरी में सहयोग के लिये अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ भेजा है जिसमें एक फिजियो और एक मालिशिया शामिल है। इस साल चैम्पियनशिप में भारतीय पुरूष हॉकी टीम के 31 खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं जिनमें हार्दिक सिंह, जरमनप्रीत सिंह, कृशन बी पाठक, अभिषेक, अमित रोहिदास, सुमित, गुरजंत सिंह और संजय शामिल हैं। भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने एक विज्ञप्ति में कहा, अधिकांश स्थानीय टीमों के पास फिजियो या मेडिकल स्टाफ नहीं होता लेकिन हमारे राष्ट्रीय खिलाड़ियों को पेशेवर ढांचे की आदत है। हमारा लक्ष्य चोटों से बचाव करना और खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये माहौल देना है। उन्होंने कहा एफआईएच प्रो लीग को देखते हुए यह जरूरी है कि खिलाड़ियों का प्रबंधन सही तरीके से हो। अनावश्यक जोखिम से बचाव हो और रिकवरी जल्दी हो। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा खिलाड़ियों का स्वास्थ्य और कल्याण सर्वोपरि है। इतने सारे राष्ट्रीय खिलाड़ी सीनियर चैम्पियनशिप में खेल रहे हैं लिहाजा उन्हें वह मेडिकल और रिकवरी ढांचा देना हमारा फर्ज था जिसके वे आदी हैं। इससे प्रतिस्पर्धा का स्तर भी बेहतर होगा।

त्रिकोणीय श्रृंखला की कमान संभालेगी हरमनप्रीत

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्टार बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर जनवरी में आयरलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए आराम दिए जाने के बाद इस महीने के अंत में श्रीलंका में शुरू होने वाली एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला में भारत की महिला टीम की कमान संभालेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने 27 अप्रैल से 11 मई तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन किया है जिसमे स्मृति मंधाना को उप कप्तान नियुक्त किया गया है।

भारत और श्रीलंका के अलावा इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका की है। डबल राउंड रोबिन आधार पर होने वाले इस टूर्नामेंट में भारत अपना पहला मैच 27 अप्रैल को श्रीलंका के खिलाफ खेलेगा। प्रत्येक टीम चार-चार मैच खेलेगी तथा शीर्ष पर रहने वाली जो टीमें फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी जो 11 मई को खेला जाएगा। सभी मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले जाएंगे। बीसीसीआई ने विज्ञप्ति में कहा कि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर और टिटास साधु चोटिल है और इसलिए उनके चयन पर विचार नहीं किया गया। टीम में काशवी गौतम, श्री चरणी और शुचि उपाध्याय भी शामिल हैं।

इन तीनों ने अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। हरमनप्रीत को आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला (10-15 जनवरी) के लिए आराम दिया गया था, जिसे भारत ने 3-0 से जीता था। मंधाना ने उस समय टीम का नेतृत्व किया था और दीप्ति शर्मा ने उप कप्तान की भूमिका निभाई थीं। दिसंबर 2024 में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के दौरान हरमनप्रीत के घुटने में चोट लग गई थी।

इससे पहले इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को अक्टूबर 2024 में महिला टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान गर्दन में चोट लग गई थी। हरमनप्रीत ने हालांकि पिछले महीने महिला प्रीमियर लीग में सफल वापसी की थी। मुंबई इंडियंस ने उनकी अगुवाई में खिताब जीता था। तेज गेंदबाज रेणुका को भी आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में विश्राम दिया गया था। वह दिसंबर 2024 में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे में तीन मैचों में 10 विकेट लेकर श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही थी। वह पिछले कुछ समय से पीठ दर्द से परेशान रही है।

आईपीएल में स्थापित होने में लगे तीन-चार साल : पडिक्कल

मुंबई। युवा बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल का मानना है कि लगातार फ्रेंचाइजी टीम बदलना बेहद चुनौती पूर्ण होता है जिसके कारण उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में एक क्रिकेटर के रूप में स्थापित होने में तीन से चार साल लग गए। पडिक्कल ने आईपीएल में अपने करियर की शुरुआत 2020 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की तरफ से की थी। आरसीबी में दो साल बिताने के बाद वह अगले दो साल तक राजस्थान रॉयल्स से जुड़े रहे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को 2024 में लखनऊसुपर जॉइंट्स ने अपनी टीम से जोड़ा था लेकिन मौजूदा सत्र में उनकी अब आरसीबी में वापसी हुई है। पडिक्कल ने सोमवार को आरसीबी की मुंबई इंडियंस के खिलाफ 12 रन से जीत के बाद संवाददाताओं से कहा, जब आप किसी टीम में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाते हो तो निश्चित तौर पर यह चुनौती पूर्ण होता है। मैं जब 21 साल का था तब आरसीबी में था और इसके बाद मुझे अन्य फ्रेंचाइजी टीम से जुड़ना पड़ा।

गुजरात टाइटंस व राजस्थान रॉयल्य का मुकाबला आज

एजेंसी



अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स बुधवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में आमने-सामने होंगे तो उनकी निगाह गेंदबाजी की अपनी कमियां दूर करने पर होगी। टाइटंस के अभी छह अंक है और यहां जीत दर्ज करने से तालिका में उसकी स्थिति और मजबूत हो जाएगी। रॉयल्स के चार अंक हैं और वह भी भविष्य में किसी तरह के अगर मगर की स्थिति से बचने के लिए यहां जीत हासिल करना चाहेगी। इन दोनों टीम के कुछ प्रमुख गेंदबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और अगर इन टीमों को तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करनी है तो उनके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

गुजरात टाइटंस की तरफ से गेंदबाजी में अभी तक तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और स्पिनर आर साई किशोर ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। स्टार स्पिनर राशिद खान और अनुभवी तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा की खराब फॉर्म उसके लिए चिंता का विषय है। टी20 के माहिर खिलाड़ी राशिद ने चार मैचों में सिर्फ एक विकेट लिया है और प्रति ओवर 10 से ज्यादा रन दिए हैं। आईपीएल में यह पहला अवसर है जबकि अफगानिस्तान के इस खिलाड़ी की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने भी तीन मैचों में सिर्फ एक विकेट हासिल किया है, जबकि उन्होंने प्रति ओवर 12 रन लुटाए हैं। गुजरात के पास कोई विकल्प भी नहीं हैं क्योंकि अरशद खान या फजलहक फारूकी जैसे तेज गेंदबाज वास्तव में प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। उनका सामना अब राजस्थान के दमदार बल्लेबाजों से होगा जिसमें संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, रियान पराग और नितीश राणा जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। इन सभी ने 150 से अधिक की स्ट्राइक-रेट से रन बनाए हैं। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भी पंजाब किंग्स के खिलाफ 67 रन बनाकर फॉर्म में वापसी के संकेत दे दिए हैं। गुजरात की तरह राजस्थान की भी सबसे बड़ी चिंता गेंदबाजी है। उसकी तरफ से संदीप शर्मा को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाया है। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने 25 रन देकर तीन विकेट लिए और टीम को उनसे आगे भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अहमदाबाद में अभी तक बल्लेबाजों की तूती बोली है। इस मैदान पर खेली गई चार पूर्ण पारियों में अभी तक 243, 232, 196 और 160 रन बने हैं। गुजरात की बल्लेबाजी भी काफी मजबूत है जिसमें कप्तान शुभमन गिल, जोस बटलर, शेरफेन रदरफोर्ड और बी साई सुदर्शन जैसे धाकड़ बल्लेबाज शामिल हैं। वाशिंगटन सुंदर ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 49 रन बनाकर गुजरात की बल्लेबाजी की गहराई का अच्छा नमूना पेश किया था। मैच शाम 7:30 पर शुरू होगा।

न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने सीमित ओवरों के प्रारूप से इस्तीफा दिया

वेलिंगटन। गैरी स्टीड ने मंगलवार को पुष्टि की कि वह अब टी20 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों में न्यूजीलैंड के कोच नहीं रहेंगे और टेस्ट क्रिकेट में अपने भविष्य पर विचार कर रहे हैं। स्टीड ने कहा कि उन्हें अंतिम निर्णय तक पहुंचने में एक महीने का समय लग सकता है। 53 वर्षीय स्टीड ने 2018 में माइक हेसन की जगह पद संभाला था और वह सभी प्रारूपों में न्यूजीलैंड के कोच थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि वह अगले सप्ताह कोच पद के लिए विज्ञापन जारी करेगा लेकिन उसने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह अलग-अलग प्रारूपों के लिए अलग-अलग कोच नियुक्त करेगा या नहीं।

पंजाब ने चेन्नई को 18 रन से हराया

एजेंसी

मुल्लांपुर। चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल 2025 में लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा है। टीम को पंजाब किंग्स 18 रन से हराया। पंजाब को सीजन में तीसरी जीत मिली है। मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में मंगलवार को 220 रन चेज कर रही चेन्नई की टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 201 रन ही बना सकी। डेवोन कॉन्वे 49 बॉल पर 69 रन बनाकर रिटायर आउट हुए। एमएस धोनी ने 12 बॉल पर 27 रन बनाए। लॉकी फर्ग्यूसन को 2 विकेट मिले। टॉस जीतकर बैटिंग कर रही पंजाब ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 219 रन बनाए। पंजाब की ओर से प्रियांश आर्या ने 42 बॉल पर 103 रन बनाए। उन्होंने 39 बॉल पर शतक पूरा किया। प्रियांश के अलावा, शशांक सिंह 52 और मार्को यानसन 34 रन पर नाबाद रहे।

खलील अहमद और रविचंद्रन अश्विन को 2-2 विकेट मिले। पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 220 रन का टारगेट दिया। मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 219 रन बनाए। शशांक सिंह 52 और मार्को यानसन 34 रन पर नाबाद रहे। प्रियांश आर्या ने 42 बॉल पर 103 रन बनाए। उन्होंने 39 बॉल पर शतक पूरा किया। वे कढछ में सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बने। यूसुफ पठान ने 2009 में 37 बॉल पर शतक बनाया था। खलील अहमद और रविचंद्रन अश्विन को 2-2 विकेट मिले। 20वां ओवर डाल रहे मथीश पथिराना ने 12 रन खर्च किए। इन रनों के सहारे पंजाब ने 20 ओवर में 6 विकेट 219 रन बनाए। शशांक ने पारी की आखिरी बॉल पर दो रन लेकर फिफ्टी पूरी की। 19वें ओवर में पंजाब ने 200 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। खलील अहमद की तीसरी बॉल पर यानसन ने 2 रन लेकर टीम का स्कोर 200 पार पहुंचाया। 17वें ओवर में शशांक सिंह को जीवनदान मिला। नूर अहमद की चौथी बॉल पर रचिन रवींद्र से उनका कैच ड्रॉप हो गया। शशांक ने तीसरी बॉल पर छक्का लगाया था। 14वें ओवर में पंजाब का छठा विकेट गिरा। यहां प्रियांश आर्या 42 बॉल पर 103 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नूर अहमद ने विजय शंकर के हाथों कैच कराया। प्रियांश ने 7 चौके और 9 छक्के लगाए। प्रियांश आर्या ने 13वें ओवर में शतक पूरा कर लिया है। उन्होंने 39 बॉल पर शतक पूरा किया है। प्रियांश आईपीएल में सबसे तेज शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय हैं। उनसे पहले यूसुफ पठान ने 2009 में 37 बॉल पर शतक बनाया था।

सबसे तेज शतक क्रिस गेल के नाम पर हैं। गेल 30 बॉल पर सेंचुरी बना चुके हैं। 12वां ओवर डाल रहे रविचंद्रन अश्विन ने एक ओवर में 20 रन दिए। उनके इस ओवर में 3 छक्के आए। प्रियांश आर्या ने शुरूआती दो बॉल पर दो छक्के मारे, फिर शशांक सिंह ने 5वीं बॉल पर छक्का लगाया। 11वें ओवर में पंजाब ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। शशांक सिंह ने नूर अहमद के ओवर की पहली बॉल पर छक्का लगाते हुए टीम के लिए 100वां रन बनाया। 8वां ओवर डाल रहे रविचंद्रन अश्विन ने एक ओवर में दो विकेट झटके। उन्होंने दूसरी बॉल पर नेहल वाधेरा (9 रन) को विकेटकीपर एमएस धोनी के हाथों कैच कराया। फिर आखिरी बॉल पर ग्लेन मैक्सवेल (एक रन) को अपनी ही बॉल पर कैच किया। टॉस जीतकर बैटिंग कर रही पंजाब की टीम ने तेज शुरूआत की है, हालांकि टीम को 3 झटके भी लगे हैं। शुरूआती 6 ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 75/3 है। प्रियांश आर्या फिफ्टी पूरी कर चुके हैं। उन्होंने 19 बॉल पर फिफ्टी बनाई। पंजाब किंग्स ने पांचवें ओवर में तीसरा विकेट भी गंवा दिया। खलील अहमद ने ओवर की आखिरी बॉल पर मार्कस स्टोयनिस को बैकवर्ड पॉइंट पोजिशन पर कैच कराया। तीसरे ओवर की चौथी बॉल पर खलील अहमद ने श्रेयस अय्यर को बोल्ड किया। श्रेयस 7 गेंद पर 9 ही रन बना सके। उन्होंने अपनी पारी में 1 छक्का लगाया। दूसरे ओवर में मुकेश चौधरी ने प्रभसिमरन सिंह को बोल्ड किया। प्रभसिमरन खाता भी नहीं खोल सके। पंजाब किंग्स से प्रियांश आर्या ने पहली ही बॉल पर सिक्स लगाया।

संविधान में बढ़ा लोगों का भरोसा

जम्मू-कश्मीर के तीन और समूह हुर्रियत से अलग हुए : अमित शाह

श्रीनगर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को घोषणा की कि जम्मू-कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी, जम्मू-कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग और कश्मीर फ्रीडम फ्रंट ने अलगाववादी समूह हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से खुद को अलग कर लिया है।

जम्मू-कश्मीर में अब तक इस प्रकार के 11 संगठन अलगाववाद से किनारा कर चुके हैं। शाह ने कहा कि यह कदम संविधान में लोगों के भरोसे को दर्शाता है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब शाह तीन दिवसीय यात्रा पर जम्मू-कश्मीर में हैं। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, जम्मू-कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी, जम्मू-कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग तथा कश्मीर फ्रीडम फ्रंट नामक तीन और संगठनों ने हुर्रियत से खुद को अलग कर लिया है। यह घाटी के लोगों के भारत के संविधान में भरोसे को दर्शाता है। गृह मंत्री ने कहा कि एकजुट एवं शक्तिशाली भारत को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण आज और भी सुदृढ़ हुआ है तथा अब तक 11 संगठनों ने अलगाववाद को त्यागकर इस दृष्टिकोण के प्रति अटूट समर्थन दर्शाया है। पिछले महीने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के कई घटकों ने अलगाववादी समूह से अलग होने की घोषणा की थी। हुर्रियत से अलग होने की घोषणा करने वाले समूहों में शाहिद सलीम के नेतृत्व वाले जम्मू कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट, वकील शफी रेशी के नेतृत्व वाले जम्मू-कश्मीर डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट और मोहम्मद शरीफ सरताज के नेतृत्व वाले जम्मू-कश्मीर फ्रीडम मूवमेंट जैसे समूह शामिल हैं। जब इन समूहों ने 25 मार्च को यह घोषणा की थी तब शाह ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की एकीकरण नीतियों ने जम्मू-कश्मीर से अलगाववाद को बाहर कर दिया है। इसके दो दिन बाद हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के दो अन्य घटकों गुलाम नबी सोफी के नेतृत्व वाले जम्मू कश्मीर तहरीकी इस्तेकलाल और गुलाम नबी वार के नेतृत्व वाले जम्मू कश्मीर तहरीक-ए-इस्तिकामत ने अलगाववाद त्यागने की घोषणा की थी। जम्मू-कश्मीर में जारी विकास परियोजनाओं की समीक्षा के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां एक उच्च स्तरीय बैठक शुरू हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राजभवन में आयोजित बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के अलावा केंद्रीय गृह मंत्रालय एवं जम्मू कश्मीर सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं। अधिकारी बैठक के दौरान गृह मंत्री को केंद्र शासित प्रदेश में जारी विकास परियोजनाओं की जानकारी देंगे। जम्मू-कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर आए शाह सोमवार शाम घाटी पहुंचे। शाह ने कीर्ति चक्र से सम्मानित पुलिस उपाधीक्षक हुमायूं मुजम्मिल भट की विधवा और उनके 20 महीने के बेटे से सोमवार को मुलाकात की थी।

नाइटक्लब की छत गिरने से पंद्रह लोगों की मौत, 100 से अधिक घायल

सैंटो डोमिंगो। डोमिनिकन गणराज्य की राजधानी सैंटो डोमिंगो में मंगलवार तड़के एक नाइटक्लब की छत गिरने की घटना में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए।

प्राधिकारियों ने बताया कि जेट सेट नाइटक्लब में मलबे के नीचे लोगों की तलाश की जा रही है। आपातकालीन अभियान केंद्र के निदेशक जुआन मैनुअल मेंडेज ने कहा, हमारा अनुमान है कि मलबे के नीचे दबे कई लोग अब भी जिंदा हैं और प्राधिकारी तब तक हार नहीं मानेंगे, जब तक कि प्रत्येक व्यक्ति को बाहर न निकाल लिया जाए। मेंडेज ने बताया कि घायलों में मेरेंग्यू गायिका रूबी पेरेज भी शामिल हैं, जो छत गिरने के दौरान नाइटक्लब में प्रस्तुति दे रही थीं। राष्ट्रपति लुइस अबिनाडर ने एक्स पर पोस्ट किया कि सभी बचाव एजेंसियां प्रभावित लोगों की मदद के लिए अथक प्रयास कर रही हैं। उन्होंने लिखा, हमें जेट सेट नाइटक्लब में हुई त्रासदी पर गहरा दुख है। हादसे के बाद से हम मिनट दर मिनट इससे जुड़ी जानकारी ले रहे हैं। अबिनाडर दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और अपनों को खोज रहे लोगों को गले लगाया। हालांकि, उन्होंने संवाददाताओं के सवालों के जवाब देने से परहेज किया। नाइटक्लब की छत गिरने के पीछे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है।

संक्षेप

युवती ने की कैब चालक की पीटकर हत्या

मुंबई। नवी मुंबई में एक निजी कंपनी में काम करने वाली 19 वर्षीय युवती और उसके प्रेमी ने एक वीडियो के जरिए ब्लैकमेल कर यौन संबंध बनाने की मांग करने वाले कैब चालक की हथौड़े से कथित तौर पर पीटकर हत्या कर दी। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि छह अप्रैल को आरोपी युगल ने अहिल्या नगर जिले के संगमनेर में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद नवी मुंबई पुलिस को हत्या के बारे में सूचित किया गया। अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान सुरेंद्र पांडे (43) के रूप में हुई है, जो आरोपी युवती रिया सरकनीसिंह का कैब चालक था। उन्होंने बताया कि मूल रूप से पंजाब की रहने वाली रिया हाल ही में नवी मुंबई के उल्वे में रहने आई थी। अधिकारी ने बताया कि रिया को एक निजी फर्म में नौकरी मिल गई थी, जहां उसकी मुलाकात विशाल शिंदे (21) से हुई। उन्होंने बताया कि रिया जब रहने के लिए जगह तलाश कर रही थी, तो पांडे ने इसमें उसकी मदद की थी। अधिकारी ने बताया कि दो अप्रैल को शिंदे, रिया से मिलने गया और पांडे ने चुपके से दोनों का एक वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। रिया को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।

पवन कल्याण के काफिले से जेईई परीक्षार्थियों को देरी हुई, जांच का दिया गया आदेश

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने उन आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं कि उनके काफिले के गुजरने के लिए यातायात प्रतिबंधों के कारण कुछ छात्रों को देरी हुई, जो यहां जेईई परीक्षा केंद्र पर जा रहे थे। कल्याण ने विशाखापत्तनम पुलिस को यातायात रोक की सही अवधि, परीक्षा केंद्रों के पास सड़क की स्थिति और सर्विस रोड पर यातायात की स्थिति की जांच करने का निर्देश दिया। सोमवार देर रात जारी प्रेस विज्ञप्ति में पवन कल्याण ने कहा, प्रशासनिक आवाजाही के कारण किसी भी छात्र को परेशानी नहीं होनी चाहिए हमारी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि प्रोटोकॉल के कारण उनका भविष्य बाधित न हो। पुलिस को यह जांच करने के लिए कहा गया है कि क्या यातायात नियमों ने छात्रों की परीक्षा केंद्रों तक पहुंच को प्रभावित किया और क्या उस सुबह वैकल्पिक मार्गों का प्रबंधन ठीक से किया गया था। अभिभावकों के आरोपों के बाद, शहर की पुलिस ने कल्याण के काफिले से किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया, काफिला सुबह 8:41 बजे के बाद गुजरा, जबकि छात्रों को इससे बहुत पहले रिपोर्ट करना था।

अमेरिकी-रूसी दल अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन रवाना

मॉस्को। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का एक तथा रूस के दो अंतरिक्ष यात्री एक रूसी अंतरिक्ष यान पर सवार होकर मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन रवाना हुए।

सोयुज बूस्टर रॉकेट ने कजाकिस्तान स्थित बैकोनूर प्रक्षेपण केंद्र से तय समय पर उड़ान भरी, ताकि नासा के जॉनी किम और रूस के सर्गेई रिझिकोव एवं एलेक्सी जुब्रित्स्की को ले जाने वाले सोयुज एमएस-27 को कक्षा में स्थापित किया जा सके। ये तीनों यात्री अंतरिक्ष स्टेशन में करीब आठ महीने बिताएंगे। नासा ने कहा कि किम भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए चालक दल को तैयार करने और पृथ्वी पर लोगों को लाभ पहुंचाने में मददगार वैज्ञानिक अन्वेषण करेंगे एवं प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन करेंगे। लॉस एंजिलिस के मूल निवासी किम अमेरिकी नौसेना के लेफ्टिनेंट कमांडर हैं। नासा के अंतरिक्ष यात्री डॉन पेटिट, ऐनी मैकक्लेन एवं निकोल एयर्स, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री ताकुया ओनिशी और रूसी अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी ओविचिनिन, इवान वैगनर एवं किरिल पेसकोव पहले से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में मौजूद हैं।

ट्रंप ने की ईरान, शुल्क और गाजा युद्ध विराम वार्ता पर नेतन्याहू के साथ बातचीत

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को वाशिंगटन में मुलाकात कर ईरान, शुल्क और गाजा में युद्ध विराम संबंधी वार्ता को लेकर बातचीत की।

नेतन्याहू ट्रंप द्वारा दुनिया भर के देशों पर शुल्क लगाए जाने के बाद उनसे मिलने जाने वाले पहले विदेशी नेता हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि नेतन्याहू की यात्रा इजराइल पर लगाए गए शुल्क को कम करने या समाप्त करने में सफल होगी या नहीं, लेकिन यह यात्रा किस प्रकार आगे बढ़ती है, उससे इस बात का आधार तैयार हो सकता है कि दुनिया के बाकी नेता शुल्क के मुद्दे से कैसे निपटेंगे।

भाजपा नेता के आवास पर विस्फोट मामले में दो गिरफ्तार

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता मनोरंजन कालिया के जालंधर स्थित आवास पर हुए विस्फोट के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने यहां मीडिया को बताया कि अपराध में इस्तेमाल किया गया ई-रिक्शा भी बरामद कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) ने पंजाब में सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की साजिश रची थी और पुलिस ने मामले में तत्काल कार्रवाई करके इसे नाकाम कर दिया है। शुक्ला ने कहा कि पुलिस ने घटना के 12 घंटे के भीतर मामले का खुलासा कर दिया। उन्होंने कहा, यह पाकिस्तान की आईएसआई की एक बड़ी साजिश थी। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के सहयोगी जीशान अख्तर और (पाकिस्तानी गैंगस्टर) शहजाद भट्टी ने साजिश रची थी। उन्होंने कहा कि बब्बर खालसा इंटरनेशनल का संबंध होने की संभावना की भी जांच जारी है। शुक्ला ने बताया कि इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और ई-रिक्शा भी बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पंजाब पुलिस इस संबंध में केंद्रीय एजेंसियों के संपर्क में भी है। उन्होंने बताया कि पंजाब पुलिस की टीम अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही हैं। आरोपियों के बारे में पूछे जाने पर शुक्ला ने कहा कि हम जल्द ही और जानकारी देंगे। उन्होंने मामले में और जानकारी साझा करने से इनकार करते हुए कहा कि इससे जांच प्रभावित होगी। यह पूछे जाने पर कि क्या जीशान वही व्यक्ति है जो बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में शामिल था, हां, आप सही कह रहे हैं।

अमेरिका ने की खाद्य सहायता कार्यक्रम में वित्तीय मदद बंद

वाशिंगटन। ट्रंप प्रशासन ने अफगानिस्तान, सीरिया, यमन और 11 अन्य गरीब देशों में लाखों लोगों के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम को वित्तीय सहायता देना बंद कर दिया है, जबकि इनमें से कई देश संघर्ष का सामना कर रहे हैं। संगठन और अधिकारियों ने एसोसिएटेड प्रेस को यह जानकारी दी।

विश्व खाद्य कार्यक्रम ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिका से इस फैसले को वापस लेने की अपील की। दो अमेरिकी अधिकारियों और एसोसिएटेड प्रेस के पास मौजूद दस्तावेजों के अनुसार इस सहायता को बंद कर यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट द्वारा संचालित कुछ बचे मानवीय कार्यक्रमों को भी बंद किया जा रहा है। डब्ल्यूएफपी ने एक्स पर कहा, यह कटौती अत्यधिक भूख और भुखमरी का सामना कर रहे लाखों लोगों के लिए मौत की सजा के बराबर हो सकती है। एजेंसी ने कहा कि उसने इस तरह के कार्यक्रमों के लगातार समर्थन का आग्रह करने के लिए ट्रंप प्रशासन से बात की है और पहले के योगदान के लिए अमेरिका और अन्य मददगारों को धन्यवाद दिया। अमेरिका की तरफ से खाद्य सहायता कार्यक्रमों और इसी तरह के अन्य कार्यक्रमों के लिए वित्तीय सहायता में कटौती नहीं होने देंगे।

तेहरान को परमाणु हथियार नहीं मिल सकतेः डोनाल्ड ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि उनका देश ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर उससे सीधी बातचीत करेगा लेकिन उन्होंने साथ ही चेतावनी भी दी कि यदि यह वार्ता सफल नहीं हुई तो ईरान बड़े खतरे में पड़ जाएगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात के बाद पत्रकारों से कहा कि वार्ता शनिवार से शुरू होगी। उन्होंने कहा कि तेहरान परमाणु हथियार हासिल नहीं कर सकता। ट्रंप ने कहा कि हम उनसे सीधे बात कर रहे हैं और शायद कोई समझौता हो जाए। यह पूछे जाने पर कि अगर उनके वार्ताकार ईरान के साथ समझौता नहीं कर पाते हैं तो क्या वह उसके खिलाफ सैन्य कार्वाई करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे, ट्रंप ने कहा कि मुझे यह कहना पसंद नहीं लेकिन (वार्ता असफल रहने पर) ईरान बहुत खतरे में पड़ने वाला है। ट्रंप ने कहा कि अगर वार्ता सफल नहीं होती है तो मुझे लगता है कि यह ईरान के लिए बहुत बुरा होगा। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के प्रशासन द्वारा ईरान के साथ किए गए ऐतिहासिक परमाणु समझौते से ट्रंप ने राष्ट्रपति के तौर पर अपने पहले कार्यकाल में अमेरिका को अलग कर लिया था।

इंटरटेनमेंट...

टॉम क्रूज का एयर प्लेन पर खतरनाक स्टंट

मुंबई। टॉम क्रूज अपनी मच अवेटेड फिल्म मिशन इम्पॉसिबल फ्रेंचाइजी के आठवें पार्ट को लेकर चर्चा में हैं। टॉम क्रूज के स्टारडम का सबसे बड़ा पार्ट है- उनके स्टंट्स। हाल ही में टॉम क्रूज स्टारर फिल्म मिशन इम्पॉसिबल 8- द फाइनल रेकनिंग का ट्रेलर रिलीज हुआ है। टॉम क्रूज ट्रेलर में एयर प्लेन पर स्टंट करते दिखाई दे रहे हैं। टॉम क्रूज एक बार फिर इथन हंट के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म को साल की सबसे बड़ी फिल्म माना जा रहा है। पैरामाउंट पिक्चर्स इंडिया ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है।

फिल्म का ट्रेलर पुराने सभी पार्ट पर आधारित है। इसमें ब्रायन डी पाल्मा के निर्देशन में बनी फिल्म मिशनः इम्पॉसिबल (1996) और फ्रेंचाइजी की बाकी फिल्मों के फुटेज भी शामिल हैं। इस ट्रेलर की शुरूआत टॉम के एयर प्लेन वाले स्टंट से होती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म का बजट लगभग 400 मिलियन डॉलर यानी 3300 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। यह बजट सिनेमा के इतिहास में स्टार वार्सः द फोर्स अवेकेंस (447 मिलियन डॉलर), जुरासिक वर्ल्डः फॉलन किंगडम (432 मिलियन डॉलर) और स्टार वार्सः द राइज ऑफ स्काईवॉकर (416 मिलियन डॉलर) के बाद चौथा सबसे बड़ा बजट माना जा रहा है। इससे पहले साल 2023 में रिलीज हुई मिशन इम्पॉसिबलः डेड रेकनिंग पार्ट वन का बजट लगभग 2400 करोड़ रुपए था और इसने दुनिया भर में लगभग 4800 करोड़ रुपए की कमाई की।

मेट गाला 2025 में डेब्यू करेंगी कियारा आडवाणी

मुंबई। कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। 28 फरवरी को उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था। अब जल्द ही एक्ट्रेस मेगा फैशन इवेंट मेट गाला में डेब्यू करने जा रही हैं। पिछले साल उन्होंने कान्स फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया था, जहां वह रेड सी फिल्म फाउंडेशन की तरफ से कान्स के गाला डिनर में शामिल हुई थीं।

मेट गाला एक चैरिटी इवेंट है, जो हर साल न्यूयॉर्क के मेट्रोपोलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट्स के कॉस्ट्यूम इंस्टीट्यूट में आयोजित किया जाता है। इसकी शुरूआत 1948 में सोसाइटी मिडनाइट डिनर के रूप में हुई थी। इस फैशन शो में देश-विदेश के सितारे एक से बढ़कर एक आउटफिट पहनकर शिरकत करते हैं। मेट गाला का आयोजन और अध्यक्षता वोग मैगजीन की एडिटर-इन-चीफ अन्ना विंटोर 1995 से कर रही हैं। आमतौर पर इसका आयोजन हर साल मई के पहले सोमवार को किया जाता है। इसके अलावा एना विंटोर ही मेट गाला की थीम तय करती हैं। साथ ही मेहमानों का चयन भी एना विंटोर और उनकी टीम करती है।

सैफ ने खरीदे 'ब्लैक रिवर' नॉवेल के राइट्स : हंसल

मुंबई। डायरेक्टर हंसल मेहता और एक्टर सैफ अली खान जल्द ही एक थ्रिलर फिल्म में साथ नजर आएंगे। ये फिल्म नीलांजना एस रॉय के चर्चित नावेल 'ब्लैक रिवर' पर आधारित होगी। खबरों के मुताबिक, इस मर्डर मिस्ट्री की एडेप्टेशन राइट्स खुद सैफ अली खान ने हासिल की हैं। वह इस फिल्म में एक्टिंग करेंगे और हंसल मेहता की प्रोडक्शन कंपनी ट्रू स्टोरी फिल्म्स के साथ इसे को-प्रोड्यूस भी करेंगे। फिल्म की स्क्रिप्ट पर फिलहाल काम चल रहा है। इसकी शूटिंग 2026 के मिड तक शुरू होने की उम्मीद है। तब तक सैफ और हंसल अपने बाकी कमिटमेंट्स पूरे कर लेंगे। 'ब्लैक रिवर' एक छोटे से गांव की कहानी है।

अल्लू अर्जुन की नयी फिल्म का ऐलान

डायरेक्टर एटली के साथ पहली बार करेंगे काम; मूवी में दिखेगा हॉलीवुड के श्रृ स्टूडियो का कमाल?

मुंबई। फिल्म पुष्पा 2 से इतिहास रचने के बाद अल्लू अर्जुन ने अपने फैंस को एक खास तोहफा दिया है। जन्मदिन के मौके पर उन्होंने अपनी अगली फिल्म का ऐलान किया है। इस बार वह डायरेक्टर एटली के साथ पहली बार काम करने जा रहे हैं। सन पिक्चर्स ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें एटली और अल्लू अर्जुन अपने नए प्रोजेक्ट के लिए साथ नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में फिल्म साइन करने से लेकर लॉस एंजिल्स में वीएफएक्स स्टूडियो का उनका दौरा भी दिखाया गया है। सबसे पहले अल्लू अर्जुन को चेन्नई में प्रोडक्शन हाउस के ऑफिस की ओर जाते हुए दिखाया गया है, जहां वह डायरेक्टर एटली और प्रोड्यूसर कलानिधि मारन से मिलते हैं। तीनों मिलकर चर्चा करते हैं और फिर इस प्रोजेक्ट पर साइन करते हैं। इसके बाद अल्लू अर्जुन और एटली लॉस एंजिल्स में वीएफएक्स स्टूडियो जाते हैं। वहां वे दोनों आयरनहेड स्टूडियो के सीईओ और आर्ट डायरेक्टर जोस फर्नांडीज और वीएफएक्स सुपरवाइजर जेम्स मैडिगन से मिलते हैं, जिन्हें स्पाइडर-मैन और कैप्टन अमेरिका जैसी फिल्मों में ग्राफिक्स के लिए जाना जाता है। इस दौरान जेम्स मैडिगन ने कहा कि जब उन्होंने फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी, तो उनका दिमाग घूम गया। इसके बाद से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि फिल्म में हॉलीवुड के स्तर के ग्राफिक्स देखने को मिल सकते हैं।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com